3 राजधानी
बस अड्डों पर उमड़ी भीड़ अधिकारियों के छूटे पसीने

5 अभिमत
संविधान की शुचिता का संरक्षण अनिवार्य

7 राष्ट्रीय
चीनी मिलों में बढ़ा उत्पादन

8 विदेश
डोभाल ने त्रिपक्षीय वार्ता में लिया हिस्सा

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 41
लखनऊ, रविवार, 29 नवंबर, 2020
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर नया संकट
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

www.dailypioneer.com

# ओवैसी के गढ़ में गरजे योगी

## भाजपा के अभियान को दी नई धार, रोड शो में उमड़ा जन समुद्र

**निकाय चुनाव**

● कहा, जब इलाहाबाद और फैजाबाद का नाम बदल सकता है तो हैदराबाद का क्यों नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद

**निकाय** चुनावों को राज्य की सत्ता में पहुंचने का जरिया मानने वाली भाजपा ने हैदराबाद नगर पालिका चुनावों में अपनी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में पार्टी ने अपने स्टार कैंपनेर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी अभियान में उतारा है। अपने रोड शो के दौरान योगी ने बिहार में जीते एआईएमआईएम के विधायक के शपथ ग्रहण का जिक्र करते हुए ओवैसी पर जमकर निशाना साधा। हैदराबाद में रोड शो के दौरान सीएम योगी ने कहा कि बिहार में जीते एआईएमआईएम के विधायक ने अपने शपथ ग्रहण के दौरान हिंदुस्तान का नाम लेने से इनकार कर दिया। योगी ने कहा कि जो लोग हिंदुस्तान में रहते हैं, वह हिंदुस्तान का नाम शपथ में नहीं लेते। ये घटना दिखाती है कि ओवैसी की एआईएमआईएम का असली चेहरा क्या है। इस रोड शो के दौरान सीएम योगी ने कहा कि हमने फैज़ाबाद का नाम अयोध्या किया। हमने इलाहाबाद का नाम प्रयागराज किया। ये हमारे संस्कृति के प्रतीक हैं। तो हैदराबाद का प्राचीन नाम भाग्यनगर क्यों नही हो सकता। योगी कश्मीर से 370 के अंत का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में अब कश्मीर से अनुच्छेद 370 का विशेष दर्जा खत्म हो गया है। हम लोगों ने हैदराबाद के लोगों को यह स्वतंत्रता दे दी है कि वो आसानी से जाकर जम्मू-कश्मीर में जमीन खरीद सकते हैं।

इस रोड शो में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना (दो तेलुगु राज्यों) और केरल, पंजाब, राजस्थान और यूपी की सांस्कृतिक परंपराओं के नर्तक शामिल रहे, ये एक संकेत है कि भाजपा इस चुनाव में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस महीने की शुरुआत में डबका सीट के लिए विधानसभा उपचुनाव में अपनी जीत से उत्साहित भाजपा ने इन हैदराबाद निकाय चुनाव को दक्षिणी राज्य में अपने लिए जगह बनाने के मौके रूप में लिया है। अब तक, पार्टी केवल कर्नाटक में ही बढ़त बनाने में कामयाब रही है, जहां उसने पिछले साल कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन के पतन के बाद सरकार बनाई थी। भाजपा ने इन चुनावों के लिए अपने ए-लिस्ट वाले नेताओं की सेना को उतारा है। इसमें अमित शाह, पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रकाश जावड़ेकर शामिल हैं। शाह यहां कल पहुंचेंगे तथा रोड शो और चुनाव प्रचार करेंगे।


हैदराबाद में रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

बता दें कि बिहार विधानसभा में मिली जीत से उत्साहित भाजपा की नजरें अब तेलंगाना तथा पश्चिम बंगाल पर भी हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मोर्चे पर हैं। आदित्यनाथ के हैदराबाद में चुनाव प्रचार को एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी को सीधी चुनौती देने के रूप में देखा जा रहा है। शनिवार को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में निकाय चुनाव (ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपिल कॉरपोरेशन) में मलकजगिरी इलाके में योगी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में सभा के साथ एक रोड शो किया। जिसमें भारी भीड़ उमड़ी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोड शो के दौरान 'आया आया शेर आया', 'राम लक्ष्मण जानकी, जय बोलो हनुमान की', 'योगी-योगी', जय श्री राम, भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारे लगे। हैदराबाद नगर पालिका का चुनाव भाजपा पहली बार लड़ रही है। यहां चुनाव भाजपा और टीआरएस के बीच माना जा रहा है। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम करीब 24 विधानसभा सीट में फैला है और इसका सालाना बजट करीब साढ़े पांच हजार करोड़ है। तेलंगाना की जीडीपी का बड़ा हिस्सा यहीं से आता है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावों में मांग देश के अलग-अलग राज्यों से आती रही है। वह अभी तक केरल, कर्नाटक, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मणिपुर, मध्य प्रदेश के साथ बिहार और दिल्ली के विधानसभा चुनावों में भी भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कर चुके हैं। ओवैसी ( शेष पेज 7 )

# तीन शहरों का तूफानी दौरा कर मोदी ने जानी वैक्सीन की प्रगति

● एक ही दिन में अहमदाबाद, हैदराबाद और पुणे जाकर लिया टीके की तैयारियों का जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद, हैदराबाद, पुणे

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस के टीके के विकास कार्य की समीक्षा के लिए शनिवार को अहमदाबाद, हैदराबाद और पुणे का दौरा किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि दिन भर के दौरे का उद्देश्य नागरिकों के टीकाकरण में भारत के प्रयासों में आने वाली चुनौतियों, तैयारियों और रोडमैप जैसे पहलुओं की जानकारी हासिल करना था। मोदी ने अपने दौरे की शुरुआत अहमदाबाद के नजदीक दवा कंपनी जाइडस कैडिला के संयंत्र के दौरे के साथ की। मोदी ने ट्वीट किया, अहमदाबाद में जाइडस बायोटेक पार्क का दौरा किया और जाइडस कैडिला द्वारा विकसित किए जा रहे डीएनए आधारित स्वदेशी टीके के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त की। मैंने इस कार्य में लगी टीम के प्रयासों के लिए उसकी सराहना की। भारत सरकार इस यात्रा में उनका सहयोग करने के लिए उनके साथ सक्रियता से काम कर रही है।


पुणे में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का निरीक्षण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### टीके के इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी के लिए मांगेंगे इजाजत: सीआईआई

**पुणे।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के बाद एसआईआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अदार पूनावाला देर शाम कहा कि केंद्र ने उन्हें जुलाई 2021 तक 30 से 40 करोड़ कोवीशील्ड की खुराक तैयार करने को कहा है। हालांकि उन्होंने कहा कि हमारे पास सरकार की ओर से लिखित में कुछ नहीं है कि वह कितनी खुराक खरीदेगी लेकिन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमसे कहा है कि उसे जुलाई 2021 तक 30 से 40 करोड़ खुराक की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने कहा कि एसआईआई की प्राथमिकता भारत है। इसके बाद वह मुख्य रूप से अफ्रीका पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगले दो हफ्ते में कोवीशील्ड के इमरजेंसी इस्तेमाल की इजाजत के लिए हम अनुमति मांगेंगे।

प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद से करीब 20 किमी दूर स्थित जाइडस कैडिला के चांगोदर औद्योगिक क्षेत्र स्थित अनुसंधान केंद्र में टीके के विकास की प्रक्रिया की समीक्षा की। इस दौरान मोदी ने पीपीई किट पहन रखी थी। उल्लेखनीय है कि जाइडस कैडिला ने कोविड-19 के खिलाफ जाइकोव-डी नामक संभावित टीके का विकास किया है जिसके पहले चरण का क्लिनिकल परीक्षण पूरा हो चुका है। कंपनी ने अगस्त में ( शेष पेज 7 )

# गहलोत पर लगे विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोप

● भाजपा ने वीडियो जारी कर कांग्रेस पर साधा निशाना

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** में गहलोत सरकार की स्थिरता को लेकर कांग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच जारी बयानबाजी के बीच भाजपा नेताओं ने कांग्रेस विधायक के ही एक कथित वीडियो को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपनी ही पार्टी के एक विधायक के बयान को देखना चाहिए कि राजस्थान में हार्स ट्रेडिंग किसने की है?पूनियां ने शुक्रवार को एक वीडियो ट्विटर पर साझा किया जिसमें कांग्रेस विधायक महेंद्रजीत मालवीय कथित तौर पर यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के दो विधायकों ने सरकार का समर्थन करने के लिए 10 करोड़ रुपए लिए। मालवीय जनसभा में दिए अपने भाषण में कथित तौर पर कह रहे हैं कि बीटीपी के विधायकों ने राज्यसभा चुनाव और बाद के राजनीतिक संकट के दौरान कांग्रेस सरकार का समर्थन करने के लिए पांच-पांच करोड़ रुपए लिए। पूनियां ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, हम बोलेंगे तो बोलोगे कि बोलता है... मुख्यमंत्री गहलोत जी, घोड़ा खरीद या आपके शब्दों में बकरा मंडी जो भी है, पर कृपया प्रकाश डालेंअ भाषण देने वाले कांग्रेस के शीर्ष नेता आपकी बाडेबंदी के दौरान मेरे द्वारा उठाए गए सवालों की पुष्टि कर रहे हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी इसे लेकर मुख्यमंत्री गहलोत पर निशाना साधा। शेखावत ने शनिवार को ट्वीट किया, गहलोत सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों और जनमत से खिलवाड़ कर रही है और यह किसी से छिपा नहीं है, पर अब पार्टी के ही वरिष्ठ विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय की आम जनता के सामने स्वीकारोक्ति से साफ हो गया है कि मुख्यमंत्री गहलोत को अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। शेखावत ने एक ( शेष पेज 7 )

**अवैध कोयला खनन एवं चोरी**

# सीबीआई ने चार राज्यों में 45 स्थानों पर छापे मारे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने कथित कोयला चोर अनूप मांझी के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद शनिवार को चार राज्यों में 45 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। मांझी पर ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के दो महाप्रबंधकों एवं तीन सुरक्षाकर्मियों के साथ साठगांठ कर चोरी का धंधा करने का संदेह है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई ने बताया कि यह तलाशी पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में हुई। अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी ने शुक्रवार को आरोपी अनूप मांझी और ईसीएल के महाप्रबंधकों--(तब कुनुसटोरिया और अब पांडवेश्वर क्षेत्र के) अमित कुमार धर और (काजोर क्षेत्र के) जएश चंद्र राय, ईसीएल के मुख्य सुरक्षा अधिकारी तन्मय दास, क्षेत्रीय सुरक्षा निरीक्षक धनंजय राय तथा एसएसआई एवं सुरक्षा प्रभारी (काजोर क्षेत्र) ( शेष पेज 7 )

# नौसेना के मार्कोस कमांडो पैंगॉन्ग में तैनात

●लद्दाख में भारत ने की चीन की घेराबंदी

●सेना और भारतीय वायु सेना के कमांडो को पहले ही भेजा जा चुका है वहां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी तनाव को कई दौर की बातचीत के बावजूद खत्म करने में अभी तक सफलता नहीं मिली है। भारत अब वहां सैनिकों की लंबे समय तक की तैनाती के लिए तैयारी कर रहा है और अपनी इसी तैयारी को मजबूत करने के लिए वह नौसेना के कमांडो को कुछ गतिरोध वाले स्थानों भेज रहा है। सेना ने पहले ही वहां अपनी स्पेशल फोर्स तथा पैरा कमांडो को तैनात कर रखा है, एलीट नौसेना कमांडो (मार्कोस) भी पैंगॉन्ग त्सो (झील) पर गश्त करने वाली टीम में शामिल हो गए हैं। पूर्वी लद्दाख में स्थित यह झील चार या पांच गतिरोध वाले स्थानों में शामिल है, जहां पर पिछले सात महीनों से


मार्कोस कमांडो फाइल फोटो

भारतीय और चीनी सेना आमने-सामने खड़ी हैं। सूत्रों ने यहां शनिवार को बताया कि झील पर तैनाती के बाद इन कमांडो को अन्य गतिरोध वाले स्थानों पर भी भेजा जा सकते है। इससे वे यहां के मौसम, भौगोलिक स्थित से परिचित होंगे। साथ ही यहां की भीषण ठंड में खुद को बचाये रखने का अनुभव भी मिलेगा। लद्दाख के कई हिस्सों में फिलहाल तापमान शून्य से 10 डिग्री नीचे चल रहा है और आने वाले कुछ हफ्तों में यह शून्य से 30 डिग्री नीचे तक जा सकता है। सेना ने पहले ही जाड़े के मौसम से निपटने के लिए सैनिकों के लिए पर्याप्त तैयारी कर ली है। लद्दाख में 1,700 किमी लंबे एलएसी पर भारत और चीन के एक लाख से भी ज्यादा सैनिक तैनात हैं। चीन ने भी लंबे जाड़े में तैनाती के लिए अपने सैनिकों के लिए जमीनी मदद की तैयारी तेज कर दी है। मार्कोस कमांडो दुनिया सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षित कमांडो हैं और 2008 में मुंबई हमलों के शुरुआती दौर में इन्होंने कार्रवाई की थी। मार्कोस की कुछ टीम आतंकवाद निरोधी ऑपरेशन के तहत जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना के कमांडो टीम के साथ काम कर रही है। नौसेना के कमांडो कश्मीर में कुछ जलाशयों की निगरानी के काम में लगे हैं। सेना के कमांडो तथा भारतीय वायुसेना के गरुड़ कमांडो के साथ पैंगॉन्ग में मार्कोस की तैनाती के मकसद के बारे में ब्योरा देते हुए सूत्रों ने कहा कि इससे तीनों बलों में आपसी तालमेल बढ़ेगा। चीनी सेना ने पैंगॉन्ग झील में जेट्टी बनाने के अलावा अतिरिक्त हाई पावर नौकाओं को गश्त के लिए तैनात किया है। जबकि भारत ने चीन से जेट्टी हटाने के लिए कहा है क्योंकि वह भारतीय क्षेत्र में है। सुरक्षा एजेंसियों ने कमांडो के लिए अत्याधुनिक नौकाएं भी भेजी है जिससे कि वे प्रभावी ढंग से काम कर सकें। ऑपरेशन में कोई बाधा न पड़े इसके लिए सेना, आईएएफ और नौसेना ने पिछले कुछ महीनों में यहां आईएएफ के गरुड़ कमांडो तथा स्पेशल फ्रंटियर फोर्स (एसएफएफ) को तैनात किया है। ये दोनों इकाइयां पैंगॉन्ग झील के ( शेष पेज 7 )

# 'लव जिहाद' के खिलाफ प्रदेश सरकार के अध्यादेश को राज्यपाल ने दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश की** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने योगी सरकार द्वारा पिछले दिनों लव जिहाद के खिलाफ पास किए गए अवैध धर्मांतरण रोधी कानून के प्रस्ताव उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश 2020 को मंजूरी दे दी है। इस अध्यादेश के राज्यपाल से मंजूरी मिलने के बाद उत्तर प्रदेश में धर्म परिवर्तन करने के लिए अनुमति लेना आवश्यक हो गया है। राज्यपाल के अनुसार चूंकि राज्य में विधानमंडल सत्र में नहीं है और राज्यपाल को यह समाधान हो गया है कि ऐसी परिस्थितियां विद्यमान हैं, जिसके कारण उन्हें तुरंत कार्रवाई करना आवश्यक हो गया है। इसलिए अब भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल इस अध्यादेश को प्रख्यापित करती हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में शादी के लिए धोखाधड़ी कर धर्मांतरण किए जाने की घटनाओं पर रोक लगाने संबंधी कानून के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। कैबिनेट में प्रस्ताव पास होने के बाद 15-50 हजार तक का जुर्माना का प्रावधान है। वहीं शादी के नाम पर धर्म परिवर्तन अवैध घोषित कर दिया गया है। अगर कोई भी ग्रुप धर्म परिवर्तन कराता है तो उसे 3 से 10 साल की सजा होगी

वहीं धर्मगुरु धर्म परिवर्तन कराता है तो उसे डीएम से अनुमति लेनी होगी। कानून के तहत जो धर्म परिवर्तन करेगा उसे भी जिलाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। यदि कोई सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन कराता है तो उसे 10 साल की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना देना होगा। यदि ऐसा करने वाला कोई संगठन है तो उसकी मान्यता रद्द हो सकती है। उसके खिलाफभारतीय दंड संहिता के तहत कार्रवाई हो सकती है। उल्लेखनीय है कि यूपी में विधानसभा उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कथित लव जिहाद के खिलाफकानून बनाने का ऐलान किया था। दरअसल पहले स्टेट लॉ कमीशन ने अपनी भारी भरकम रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी ( शेष पेज 7 )

**बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 44,149 | |
| निफ्टी | 12,968 | |
| सोना | 48,142 | /10g |
| चांदी | 59,250 | /kg |

**क्विक न्यूज**

### पवन बंसल बने कांग्रेस केअंतरिम कोषाध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन कुमार बंसल को पार्टी कोषाध्यक्ष की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। अहमद पटेल का हाल ही में निधन होने जाने के कारण यह पद खाली था। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बंसल को तत्काल प्रभाव से कोषाध्यक्ष की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व रेल मंत्री बंसल फिलहाल पार्टी के प्रशासनिक मामलों के प्रभारी है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार रहे पटेल का 25 नवंबर को गुरुग्राम के एक अस्पताल मे निधन हो गया था। वह कुछ हफ्ते पहले कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे। पटेल 71 साल के थे।

# गतिरोध जारी: हाईवे पर ही डटे किसान

## बुराड़ी के निरंकारी ग्राउंड में प्रदर्शन स्वीकार नहीं, जंतर-मंतर या रामलीला मैदान चाहते हैं जाना

● किसान नेताओं ने कहा- छह माह तक जारी रख सकते हैं विरोध प्रदर्शन, इतनी खाद्य सामग्री है हमारे पास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र नए** कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसान भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी सिंघू और टिकरी बॉर्डर पर डटे रहे। हालांकि, किसानों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए उत्तर दिल्ली बुराड़ी में निरंकारी ग्राउंड जाने की इजाजत दे दी गई थी, लेकिन उन्होंने वहां जाने से इनकार कर दिया। किसानों ने कहा कि रविवार सुबह 11 बजे बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी तब तक वे यहीं रहेंगे। पुलिस ने टिकरी और सिंघू बार्डर को दोबारा पूरी तरह सील कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन कड़िया की जालंधर इकाई के अध्यक्ष बलजीत सिंह महल ने कहा कि षनिवार को किसान प्रतिनिधियों की एक बैठक हुई जिसमें फैसला लिया कि वे अभी सिंघू बार्डर पर ही डटे रहेंगे। रविवार सुबह 11 बजे होने वाली बैठक के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा। सिंघू बॉर्डर पर पहले से मौजूद किसानों के अलावा पंजाब और हरियाणा से और किसान भी यहां पहुंच गए, जिससे एकत्र किसानों की संख्या बहुत बढ़ गई। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के सबसे बड़े मैदानों में से एक संत निरंकारी ग्राउंड की तरफ जाने से इनकार कर दिया। किसानों का कहना है कि पुलिस उन्हें एक ग्राउंड में ले जाकर जेल जैसी स्थिति में डालना चाहती है। जैसा कि वह दिल्ली सरकार से अस्थायी जेल बनाने के लिए नौ स्टेडियम पहले ही मांग रही थी। किसान नेताओं ने कहा कि छह माह तक जारी रख सकते हैं विरोध-प्रदर्शन, इतनी रसद है हमारे पास। हालांकि एक दिन पहले अनुमति मिलने के बाद सैकड़ों किसान निरंकारी ग्राउंड में पहुंच गए थे। वहां उन्होंने नरेंद्र मोदी, किसान विरोधी, इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारे लगाए। अनेक किसान ढोल नगाड़ों पर नाच गा रहे थे और हम होंगे कामयाब गा रहे थे। सिंघू बॉर्डर पर किसानों ने पीएम मोदी का पुतला भी फूंका। भारतीय किसान यूनियन (एकता-उगराहां) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जे सिंह जेठुके ने ( शेष पेज 7 )


अपनी मांगों को लेकर नई दिल्ली में सिंघू बार्डर पर धरना-प्रदर्शन करते किसान


### सरकार किसानों की हर मांग पर विचार करने को तैयार: अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा है कि केंद्र सरकार बातचीत करने के लिए तैयार है, कृषि मंत्री ने 3 दिसंबर को चर्चा के लिए आमंत्रित किया है। किसानों की हर समस्या और मांग पर विचार करेंगे। अमित शाह ने कहा है कि कई स्थानों पर, किसान इस ठंड में अपने ट्रैक्टरों और ट्रालियों में रह रहे हैं। मैं उनसे अपील करता हूं कि दिल्ली पुलिस आपको बड़े मैदान में स्थानांतरित करने के लिए तैयार है, कृपया वहां जाएं. आपको वहां कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पुलिस अनुमति दी जाएगी। अमित शाह ने कहा है कि यदि किसान संगठन 3 दिसंबर से पहले चर्चा करना चाहते हैं, तो मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि जैसे ही आप अपना विरोध प्रदर्शन निर्दिष्ट स्थान पर स्थानांतरित करेंगे, हमारी सरकार अगले दिन आपकी चिंताओं को दूर करने के लिए बातचीत करेगी।

# राज्य सरकार ने सेंट्रल एपिडेमिक एक्ट व महामारी अधिनियम 31 मार्च तक बढ़ाया

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**प्रदेश** में सेंट्रल एपिडेमिक एक्ट 1897 और उत्तर प्रदेश महामारी अधिनियम 2020 के लागू रहने की अवधि अब तीन महीने और बढ़ा दी गई है। पहले इसकी समय सीमा 30 नवम्बर 2020 तक निर्धारित की गई थी। लेकिन कोरोना संक्रमण चलते रहने के कारण महामारी अधिनियम के जो प्रावधान हैं वह प्रदेश में 31 मार्च 2021 तक और जारी रहेंगे। राज्य के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने शनिवार को बताया कि कोरोना संक्रमण के प्रसार को देखते हुए उत्तर प्रदेश महामारी अधिनियम 2020 के प्रावधान के प्रभावी रहने की अवधि को बढ़ाकर हुए मार्च 2021 तक कर दिया गया है। इस ( शेष पेज 7 )




## जाग उठा पुराना प्यार

योगी सरकार के एक मंत्री का पुराना प्यार फिर जाग गया है। पुराने प्यार के जुनून में यह मंत्री इन दिनों अपने गाड फादर की तारीफ के पुल बांधते हर जगह नजर आते हैं। चर्चा तो यह भी है कि पिछले दिनों दीपावली पर मंत्री जी अपने पुराने गाड फादर से मिलने उनके घर भी गये और गिले-शिकवे दूर किये। मंत्री जी के बदले रूख को उनके करीबी घर वापसी की उम्मीदों से जोड़कर देख रहे हैं। खैर जो भी हो लेकिन मंत्री जी इन दिनों राजनीति के दो अखाड़े में चर्चा के केन्द्र बने हुये हैं। दरअसल पिछले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले योगी सरकार के इस मंत्री ने कमल का दामन थामा था। उससे पहले वह हाथी की सवारी कर रहे थे तो बसपा की सोशल इंजीनियरिंग में ब्राह्मणों का चेहरा बने थे और इसी के दम पर राज्यसभा का सुख भी भोगा। इन्हे बसपा में कानूनी मामलों की डोर संभालने वाले पेशे से वकील और ब्राह्मण नेता का करीबी माना जाता रहा है। मंत्री जी इन्हें अपना गाँड फादर मानते है।



## मेहमाननवाज गुरु

शतक पूरा कर चुके अपने मैनेजमेंट गुरु को सेंचुरी पूरा करने को लेकर काफी आशाएं थीं। उन्होंने जाने अनजाने कई ख्वाब देख रखे थे। इसको पूरा करने के लिए उन्होंने न केवल प्रस्ताव बना रखे थे बल्कि यह भी सोच रखा था कि किस मुहूर्त में प्रस्ताव रखा जाय तो काम में कोई अड़चन नहीं आएगी। मगर विधि के विधान को कौन टाल सकता है। हुआ वही जिसका अंदेशा पहले से लोग जता रहे थे। मंच पर अपने सम्बोधन में एमएलसी साहब ने ऐसी घुट्टी पिलाई की मैनेजमेंट गुरु को अपनी असली बात को रखने का प्रस्ताव बेदम नजर आया। हुआ यूं कि एमएलसी साहब ने कहा कि मुझे मालूम है कि आप अपना प्रस्ताव रखेंगे लेकिन मैं यह बताना उचित समझता हूं कि सारी बाते संज्ञान में हैं। समय के अनुसार पूरी होंगी। नेताजी का इतना कहना था कि अपने गुरुजी भी समझ गए और वह प्रस्ताव को फाइलों में डाल मेहमाननवाजी में जुट गए।

## मन का भगवाकरण

लगता है समाज में बड़ा बदलाव हो रहा है। लोग बदल रहे हैं। जो कभी राम के नाम से किनारा किया करते थे आज उन्हीं के हथियार उठाने की बात कर रहे हैं। सही मायने में पक्ष तो पक्ष विपक्ष पर भी भगवाकरण का असर दिखाई पड़ने लगा है। स्थिति यह है कि सब कुछ राम मय होता नजर आ रहा हैं। भगवा धारियों से संघर्ष करने के लिए तीर धनुष और गदा धारण किया जा रहा है। हुंकार भरकर सड़क पर उतरकर संघर्ष करने वाले अब चक्र के साथ तीर,धनुष, गदा धारण करने की बात करने लगे हैं। शायद यह भगवाकरण का ही असर है। पहले अपने संघर्ष के मूल स्वभाव को छोड़कर ट्विटर पर आए और अब तीर धनुष उठाने की बात कर रहे हैं। इससे यह तो साफ हो गया है कि तन भले ही भगवा न हुआ हो लेकिन मन जरूर भगवा हो गया है। जो कभी राम के नाम से दूर भागा करते थे आज उन्हीं के हथियार का प्रयोग कर भगवाधारी खेमे से मोर्चा लेने की बात सोच रहे हैं। सही मायने में इसे बड़ा बदलाव कहा जा सकता है क्योंकि यह वही कुनबा है जो कभी राम भक्तों का दुश्मन कहा जाता था।

## तुम से बढ़कर हम

यूपी में इस समय अपने आप को बेहतर साबित करने की होड़ दो अधिकारियों में मची हुई है। एक अधिकारी हैं जिनके जिम्मे यूपी में एक्सप्रेस-वे के विकास का जिम्मा है जबकि दूसरे अधिकारी पिछली सरकार में एक्सप्रेस-वे का निर्माण करा चुके हैं। मौजूदा साहब एक्सप्रेस-वे को लेकर एक रिकार्ड कायम करना चाहते हैं ताकि उनका नाम भी इतिहास में दर्ज हो जाए। वह इसलिए अभी तक यह रिकार्ड यूपीडा के पूर्व चेयरमैन के पास है। मौजूदा चेयरमैन साहब इस रिकार्ड को तोड़ने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। यहां तक दस दिन में दो बार निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे का स्थलीय निरीक्षण कर चुके हैं। वह इसलिए क्योंकि साहब इस परियोजना के पूरे होने का तोहफा नए साल में यूपी की जनता को देने चाहते है। मामला जो रिकार्ड तोड़ने का ठहरा।

## आपदा में अवसर

पुलिस के साथ कदमताल करने वाले खाकी वाले ही एक अन्य महकमे के आला अफसरान आपदा में भी अवसर तलाशने से नहीं चूक रहे हैं। धनलक्ष्मी की चाहत दिलों में कुछ ऐसी पाल रखी है की उसके लिए सैकड़ों जवानों की जिंदगी को भी दांव पर लगाने में उन्हें कोई गुरेज नहीं है। तभी तो उन्होंने कोरोना के संकट काल में भी महकमे की रैतिक परेड आयोजित कराने का शहंशाही फरमान जारी कर दिया है। परेड की तैयारियों के लिए तीन सैकड़ा से अधिक महिला व पुरुष जवानों को अलग अलग जिलों से लखनऊ बुला लिया गया है। परेड के लिए आए जवान दहशत में है मगर अफसरों पर कोई असर नहीं दिख रहा। इन जवानों को मुख्यालय की जिन बैरकों में ठहराया गया है वहां पर सोशल डिस्टेंसिंग का भी कोई पालन नहीं हो रहा। बावजूद इसके अफसर किसी भी हालत में रैतिक परेड स्थगित करने के मूड में नहीं दिख रहे। महकमे में चर्चा है इसके पीछे मुख्य वजह तीस लाख का वह लंबा चौड़ा बजट है जो परेड के लिए आवंटित हुआ है। इसी बजट की बंदरबांट पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। अगर परेड स्थगित कर दी जाए तो बजट की बंदरबांट से होने वाले मुनाफे से भी तो अफसरों को हाथ धोना पड़ जाएगा।



## नहीं गयी नवाबियत

नगर निगम के बड़े साहब लखनऊ का रंग ढंग देखकर दंग रह गए। नफासत के शहर में अतिक्रमण और गंदगी से उन्हें दो चार होना पड़ रहा है। अब पता चला इसे नवाबों का शहर तो जरूर कहा जाता है लेकिन नवाबियत लोगों में नहीं रही। साहब के कई फरमानों के बाद भी लोग प्लाटों पर गंदगी और कूड़ा डालने वालों की कमी नहीं है। कूड़ा कर्मचारियों को न देकर कोने में ही डालने में नवाबियत समझते हैं। फिर क्या था, साहब को मजबूरन हंटर चलाना पड़ा। साहब ने आनन फानन में जुर्माने कर लोगों की आदत बदलने के भागीरथ प्रयास शुरू कर दिए हैं। लेकिन जल्दी ही पता चला कि राहें आसान नहीं है। कुछ लोग तो कह उठे भगवान ही आशीर्वाद दें तो सफाई और स्वच्छता का कार्य आगे बढ़े और स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर एक स्थान पर आए। अब नये साहब को क्या पता कि कूड़ा उठाने, डालने और सुधारने वालों का गठजोड़ ज्यादा बेहतर और फेवीकोल की तरह पक्का है। कुछ भी हो लखनऊ के नवाब तो चले गए हैं लेकिन नवाबी शौक लोगों के नहीं बदले। नगर निगम में भी इसके छींटे दिख ही जाते हैं भले ही पूरे शहर में सफाई की बीड़ा नगर निगम जरूर उठाए हुए है।

# बचाव व उपचार की व्यवस्था मजबूत बनाए रखें

- लखनऊ और मेरठ पर विशेष ध्यान देकर इन जिलों की चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करें
- वरिष्ठ चिकित्सक कोविड अस्पतालों का नियमित राउन्ड लें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 से बचाव तथा उपचार की व्यवस्था को निरन्तर मजबूत बनाये रखने पर जोर देते हुये कोविड अस्पातलों का वरिष्ठ चिकित्सकों को नियमित राउन्ड लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोरोना में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। हर स्तर पर पूरी सावधानी व सर्तकता बरतना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिक संक्रमण दर वाले जनपदों में कोविड-19 से बचाव तथा उपचार की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। उन्होंने लखनऊ और मेरठ पर विशेष ध्यान देकर इन जिलों की चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने केजीएमयू लखनऊ की चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा नियमित राउण्ड लेकर मरीजों को देखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपदों में इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को पूरी सक्रियता से संचालित किया जाए। जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में प्रतिदिन अनिवार्य रूप से समीक्षा बैठक आहूत की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव कार्यालय तथा मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा इन बैठकों की स्थिति की समीक्षा की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में आईसीयू बेड्स की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। फोकस्ड टेस्टिंग किए जाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि कोविड.19 की मेडिकल टेस्टिंग का कार्य पूरी क्षमता से संचालित करते हुए इसे बढ़ाने का प्रयास किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। इस सम्बन्ध में जागरूकता सृजित करने के लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का व्यापक उपयोग करते हुए आमजन को कोविड.19 से बचाव की जानकारी दी जाए। कोविड.19 के प्रोटोकॉल के पालन के लिए जनता को निरन्तर प्रोत्साहित किया जाए। शादी समारोह में कोई व्यवधान न उत्पन्न किया जाए।

## तबादले के बाद भी जमे पुलिसकर्मियों को तत्काल कार्यमुक्त करें: डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश के** डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने निर्देश दिए हैं कि पूर्व में स्थानांतरित किए गए पुलिस कर्मियों को नियमानुसार कार्यमुक्त कर दिया जाए। डीजीपी ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को जारी किए गए परिपत्र में इस पर गंभीरता से अमल करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने कहा है कि अक्सर देखने में आ रहा है कि पुलिस कर्मी स्थानांतरण के बाद कार्यमुक्त होने के लिए याचिकाएं कर रहे हैं। उच्च न्यायालय द्वारा ऐसे मामलों में विभागीय आदेशों को निरस्त कर दिया जा रहा है। डीजीपी ने कहा है कि कुछ मामले तो ऐसे हैंए जिनमें एक वर्ष से अधिक बीत जाने पर भी वे कार्यमुक्त नहीं किए गए। जहां भी समस्या है वहां स्पष्ट कारण बताते हुए आदेश जारी किया जाए कि किन कारणों से कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा। अगर ऐसी स्थिति है तो समीक्षा कर पुराने तबादला आदेश निरस्त कर दिया जाएं।

**अखिलेश ने दी कल्बे सादिक को श्रद्धांजलि: लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को यूनिटी कालेज जाकर शिया धर्मगुरु कल्बे सादिक को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवारीजनों से मिलकर हार्दिक संवेदना जताई।


### कार्यालय नगर पंचायत ओयल-ढखवा (खीरी)

पत्रांक- 180/न0पं0ओयल/2020-21 दिनांक- 27.11.2020

**ठेका नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण एवं इच्छुक टेकेदारों/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत ओयल ढखवा के निम्न तालाबों के ठेकों की नीलामी दिनांक-10.12.2020 को समय 02:00 बजे दिन कार्यालय नगर पंचायत ओयल ढखवा प्रांगण में सार्वजनिक रूप से की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति एवं ठेकेदार उपरोक्तानुसार नियत तारीख एवं समय पर उपस्थित होकर ठेकों की बोली बोल सकते हैं। तथा नीलामी से सम्बन्धित शर्तों की जानकारी कार्यालय नगर पंचायत ओयल ढखवा में उपस्थित होकर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | नाम ठेका | जमानत राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 01 | भीतरी तालाब | 25000.00 | 01 जनवरी 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक |
| 02 | अन्य तालाब | 5000.00 | 01 जनवरी 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत ओयल-ढखवा, जनपद-खीरी
अध्यक्ष, नगर पंचायत ओयल-ढखवा, जनपद-खीरी


## राजनाथ सिंह आज से लखनऊ के दो दिवसीय दौरे पर

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर 29 नवम्बर को लखनऊ पहुंच रहे हैं। बीजेपी लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 29 नवम्बर को शाम 5 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे, एयरपोर्ट से सीधे दिलकुशा आवास जाएंगे। 30 नवम्बर को प्रात: 11:30 बजे लखनऊ में चल रहे विकास कार्यों किसान पथ, टेढ़ी पुलिया, लालकुआं, मीना बेकरी फ्लाईओवर ब्रिज आदि परियोजनाओं का अवलोकन करेंगे। 1 बजे पुन: दिलकुशा आवास पहुंचेंगे। रात्रि 8 बजे दिलकुशा से लखनऊ एयरपोर्ट और फिर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## प्रसपा ने कांति सिंह को दिया समर्थन

**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा)ने लखनऊ खंड शिक्षक स्नातक सीट के लिए निर्दलीय प्रत्याशी कांति सिंह को अपना समर्थन दे दिया है। इस बात की घोषणा शनिवार को प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय महासचिव आदित्य यादव ने दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है।

## धर्मांतरण की घटनाओं पर कानून स्वागत योग्य: स्वतंत्र देव सिंह



**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन अध्यादेश लागू होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि धोखा देकर विवाह करने के बाद धर्मांतरण की घटनाओं पर कानून बनाकर राज्य की भाजपा सरकार ने स्वागत योग्य कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस कानून को बनाने के साथ भाजपा सरकार ने एक बार फिर यह साफकर दिया है कि राज्य में अराजकता व धोखा धड़ी को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कानून न सिर्फसमाज में शान्ति कायम करने में मददगार होगा बल्कि लोगों के सम्मान की रक्षा भी हो सकेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि न्यायालय के स्तर तक आए कई प्रकरणों, जांचों व रिपोर्ट में यह पाया गया है कि जानबूझकर साजिश के तहत उत्पीड़न के लिए लव जिहाद जैसे कुत्सित प्रयास प्रदेश सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान, गरिमा व उनकी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। विकास योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता देना रहा हो या तीन तलाक जैसी शोषणकारी प्रथाओं का अंत रहा हो भाजपा सरकार ने अभूतपूर्व निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री की अगुवाई में लाए गए निर्णयों से प्रदेश में बल व छलपूवर्क धर्मांतरण, नाम या धर्म परिवर्तित कर प्रलोभन देने व अपराध करने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

## तीन माह तक के बकायेदारों के यहां बिजली न काटें: श्रीकांत

- आगामी गर्मियों में सभी जिले ट्रिपिंग फ्री होंगे: ऊर्जा मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने आगामी गर्मियों में सभी जिले ट्रिपिंग फ्री होंगे, एनसीआर के जिलों को ट्रिपिंग फ्री बनाने पर काम हो रहा है। गांव और तहसील को भी रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली मिलेगी। यूपीपीसीएल अध्यक्ष इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

शनिवार को ऊर्जा मंत्री ने नोएडा के सेक्टर 29 स्थित कैप्टन विजयंत थापर विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने उपकेंद्र के पास स्थित सेक्टर 29 व 30 में उपभोक्ताओं और आरडब्ल्यूए से फीडबैक लिया साथ ही उपभोक्ताओं से समय से बिल जमा करने और अन्य लोगों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। कई उपभोक्ताओं ने इस दौरान बिल जमा किया। ऊर्जा मंत्री ने अपील की कि उपभोक्ता समय पर बिल दें, उपभोक्ताओं की यह कोशिश न केवल घाटे में चल रहे बिजली विभाग को उबारेगी बल्कि ऐसा होने से सस्ती बिजली देने का भी रास्ता साफ होगा। निर्देश दिया कि तीन माह तक के बकायेदारों के यहां डिस्कनेक्शन नहीं किया जाए। ऐसे उपभोक्ताओं का डोर नॉक किया जाए। उन्हें योजनाओं की जानकारी और उनसे फीडबैक भी लिया जाए। ऊर्जा मंत्री ने सेक्टर 29 बिजलीघर का दौरा किया। वहां कमियों को सुधारने के निर्देश के साथ ही अफसरों को नियमित पेट्रोलिंग करने, उपभोक्ताओं से संवाद करने और उनके फ ीडबैक के आधार पर सिस्टम को ठीक करने को कहा। उपभोक्ताओं को मेंटेनेंस, बिलिंग अलर्ट, पेमेंट रिमाइंडर की जानकारी मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक माह के भीतर सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं का फीडबैक जरूर लिया जाए। 1912 के साथ ही अधिकारी व्यक्तिगत उपभोक्ताओं के घर जाएं और उनसे फीडबैक फॉर्म भरवाएं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उपभोक्ता की संतुष्टि ही सरकार की संतुष्टि है। हर एक उपभोक्ता को हम अपनी सेवाओं से संतुष्ट करें यही हमारा मंत्र और काम की सफलता है।


### समन बिनावर करारदाद अमुर तनकीह तलब (आ5कासदा1व5)
### नम्बर मुकदमा-79 सन 2019 कन्नौज मुकाम बअदालत सिविल जज (सी.डि.) जिला कन्नौज

अवधेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 शिवकुमार गुप्ता, निवासी-मो0 गदनपुर बड्डू, मकरन्द नगर, थाना व जिला कन्नौज
— वादीगण

बनाम

1. आम जनता मौजा जिला कन्नौज।
2. सुमित कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 राजेन्द्र कुमार गुप्ता
3. श्रीमती पिन्की गुप्ता पत्नी स्व. प्रदीप कुमार पुत्री स्व. शिव कुमार निवासी माधौगंज, जिला हरदोई हाल, निवासी - मो0 गदनपुर बड्डू मकरन्दनगर परगना तहसील व जनपद कन्नौज
4. उत्तर प्रदेश राज्य तामील जरिए जिलाधिकारी जनपद कन्नौज

— प्रतिवादीगण

हरगाह, वादी ने आपके खिलाफ एक नालिश बावत सिवल डेथ घोषित कराने हेतु दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 17.12.2020 वक्त 10 बजे दिन के असालत व मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरान अहम मुतल्लिक मुकदमाकस जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शक्स हो जो कि जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर आप हाजिन न होगें तो मुकदमा बगैर के फैसला होगा।

बसब्द मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के जारी किया गया।

जज
मुंसरिम
न्यायालय सिविल जज(सी0डि0), कन्नौज



### कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी जनपद-कन्नौज

पत्रांक-C-1012/जि.का.अ./न.परि.-दाल/2020-21, दिनांक-26 नवम्बर, 2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, के पत्र संख्या सी-667/बा0वि0परि0/स्वा0 एवं पो0/2020-2021 दिनांक 03.11.2020 के माध्यम से जनपद कन्नौज की नगरीय बाल विकास परियोजना में संचालित आंगनबाडी/मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दाल के क्रय/वितरण हेतु की गयी व्यवस्था के अनुसार इच्छक/अनुभवी फर्मों से जेम पोर्टल पर बिड आमंत्रित की गयी है, जिसकी बिड संख्या जेम/2020/बी/893257 दिनाक 26.11.2020 हैं दाल की अधिकतम दर 60.00 रुपया प्रति किलोग्राम निर्धारित की गयी हैं। स्थानीय मूल्य के आधार पर 10 प्रतिशत कम या अधिक हो सकती है। जेम पोर्टल बिड में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 07.12.2020 सायं 04.00 बजे तक है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
कन्नौज



### कानपुर नगर निगम
### कैटिल कैचिंग विभाग

**अप्रदूषण कारक पशुओं की नीलामी हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कानपुर द्वारा अपदूषण कारक पशुओं (भैस एवं सुअर) की नीलामी निम्नानुसार की जायेगी :

01. कानपुर नगर निगम सीमान्तर्गत चट्टा संचालकों की भैंसों को पकड़कर कॉजी हाउस, जाजमऊ कानपुर में निरूद्ध किया गया है। जिसकी नीलामी दिनांक 01.12.2020 को सायं 03.00 बजे मीटिंग कक्ष, नगर निगम मुख्यालय, मोतीझील कानपुर की जायेगी।
02. कानपुर नगर निगम सीमान्तर्गत सुअर पालकों के सुअरों को पकड़कर कॉजी हाउस, दर्शनपुरवा, कानपुर में निरुद्ध किया गया है। जिसकी नीलामी दिनांक 01.12.2020 को सायं 03.00 बजे मीटिंग कक्ष, नगर निगम मुख्यालय, मोतीझील कानपुर की जायेगी।

उक्त नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक व्यक्ति धरोहर की धनराशि रू0 50000.00 (रु0 पचास हजार मात्र) नकद अथवा बैंक ड्राफ्ट उक्त तिथि को अपरान्ह 12.00 बजे तक मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, नगर निगम कानपुर के पक्ष में जमा करके नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्ति नीलामी से सम्बन्धित सभी प्रकार की जानकारी डा0 ए0के0 सिंह, प्रभारी अधिकारी (कैटिल कैचिंग) से प्राप्त कर सकते हैं। नगर निगम सीमा के बाहर निवास करने वाले व्यक्ति ही नीलामी में इस शर्त के साथ भाग ले सकते हैं कि नीलामी में प्राप्त किये गये अपदूषण कारक पशुओं को प्रत्येक दशा में नगर निगम सीमा के बाहर ले जायेंगे। उक्त का उल्लंघन करने पर पशुओं को जब्त कर लिया जायेगा तथा सम्बन्धित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।

(डा0 ए0 के0 सिंह)
सहायक नगर आयुक्त

(अरविन्द कुमार राय)
अपर नगर आयुक्त


## किसानों को मिलेगा आधुनिक खेती के लिए निशुल्क प्रशिक्षण: सिन्हा

### कृषि उत्पादन आयुक्त ने किसान जागरूकता अभियान रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कृषि** उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा ने शनिवार को विधान भवन के सामने किसानों को जागरूक करने के लिए भू क्रान्ति प्रोड्यूसर कम्पनी लि. के किसान जागरूकता अभियान रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। किसान जागरूकता अभियान रथ प्रथम चरण में उन्नाव, कानपुर, कन्नौज, फरूर्खबाद, मैनपुरी, एटा, कासगंज, इटावा, फिरोजाबाद, हाथरस, अलीगढ़, खुर्जा, बुलन्दशहर तथा गाजियाबाद जनपद में जाकर किसानों को जागरूक करेंगे।

आलोक सिन्हा ने कहा है कि किसान जागरूकता अभियान रथ के द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, आय में वृद्धि करने के उपाय तथा उत्पादों का प्रसंस्करण कर उचित मूल्य दिलाने के लिए जागरूक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान द्वारा युवा शक्ति कों कृषि उद्यमिता विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने एवं महिला सशक्तीकरण के तहत स्वयं सहायता समूह गठित करने के लिए जागरूक किया जायेगा। महिलाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिलाकर पुष्टाहार तैयार करने में मदद की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को जलवायु एवं वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने, कृषि अवशेषों को न जलाने तथा खेतों के लिए जैविक खाद बनाने की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को पशु बीमा, जैविक खाद, औषधि खेती अपनाकर आय को दुगुनी करने तथा फसल का अधिक उत्पादन पाने के लिए मृदा परीक्षण की जानकारी दी जायेगी।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने बताया कि किसान जागरूकता रथ द्वारा किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा आधुनिक खेती के लिए निशुल्क प्रशिक्षण एवं जल संरक्षण की जानकारी दी जायेगी।


पायनियर वर्गीकृत

आवश्यकता

H.L.Y. DEGREE COLLEGE
UTTARGAON BISENDI MOHANLALGANJ, LUCKNOW
Required
Principal/ HOD-1, Asst. Prof. For B.ed-15, Pedagogy-10 (Science, Maths, Hindi, English, Home Science) Foundation Course -02, Art & Carft- 01, Music - 01 (Vocal/ Instrumental), Physical Education- 01 Apply to the manager within 08 days from first insertion of this advt. Education Qualification & Salary as per norms of U.G.C.,N.C.T.E & first statute of Lucknow University
9454140180
office.hlydc@gmail.com



### नोटिस बजह आम

न्यायालय सिविल जज जू० डि० कन्नौज जिला कन्नौज मुकाम सरायमीरा
नम्वर इजराय वाद 05 सन 2016 ई० जिला कन्नौज
श्री हफीजर्रहमान पुत्र श्री अजीजुर्रहमान खां निवासी सरायमीरा परगना तहसील व जिला कन्नौज आदि
........ डिक्रीदारान

बनाम

श्री जमीलुर्रहमान मृतक वादहू श्री मुजीव खाँ आदि-निर्णीत ऋणीगण

बनाम

1- श्री मुजीव खाँ पुत्र स्व० श्री जमीलुर्रहमान निवासी निकट पोस्ट आफिस सरायमीरां परगना तहसील व जिला कन्नौज। 2- श्रीमती खालदा सुल्ताना पुत्री स्व० श्री जमीलुर्रहमान पत्नी श्री मो० अरसद निवासिनी मोहल्ला राजो टोला शमशाबाद जिला फर्रूखाबाद। 3- श्रीमती साहिना बेगम पत्नी श्री हफीजुर्रहमान निवासिनी सरायमीरां परगना तहसील व जिला कन्नौज। 4/1- श्री नासिर हुसैन पुत्र श्री जाफर हुसैन खाँ, 4/2- श्री ताहिर हुसैन पुत्र श्री जाफर हुसैन खाँ, 4/3-श्री रासिद हुसैन पुत्र श्री जाफर हुसैन खाँ तीनों निवासीगण गोदनी पहवापुर कानपुर नगर। 5/1- श्री मोहम्मद कमर पुत्र मोहम्मद फारूख खाँ, 5/2- श्री शमशुल पुत्र श्री मोहम्मद फारूख खाँ दोनों निवासीगण गोला बाजार मैनपुरी जनपद मैनपुरी। 6-श्रीमती शायदा बेगम उर्फ मुन्नी जीजा ऐजाज अली खाँ अध्यापक मुस्लिम इण्टर कालेज सिकन्दराराऊ जिला अलीगढ़। 7-श्री इबादुर्रहमान खाँ पुत्र श्री फजलुर्रहमान निवासी सरायमीरां परगना तहसील व जिला कन्नौज।, 8- श्री हबीबुर्रहमान खाँ पुत्र श्री फजलुर्रहमान खाँ निवासी सरायमीरां परगना तहसील व जिला कन्नौज।
....... निर्णीतऋणीगण

हरगाह डिक्रीदारान ने एक दरखास्त इस अदालत में बावतडिक्री निष्पादन पेश की है लिहाजा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 3-12-2020 ई0 समय १० बजे दिन को हाजिर अदालत होकर दरखास्त के खिलाफ वजह दिखावें वरना आपकी गैर हाजिरी में दरखास्त एकतरफा समायत होगी।
आज दिनांक 06 मास 11 सन 2020 ई० को जारी किया गया।

सिविल जज जू0डि0, कन्नौज


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# दूसरे के शैक्षिक दस्तावेज पर नौकरी करने वाला प्रधानाध्यापक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**दूसरे** व्यक्ति के शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे प्राथमिक विद्यालय कमियार बाराबंकी के प्रधानाध्यापक सुभाष पांडे को एसटीएफ ने बीएसए कार्यालय से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के मुताबिक सुभाष पांडे महाराजगंज के एक सहायक अध्यापक सूरज कुमार उपाध्याय के नाम से बाराबंकी में नौकरी कर रहा था।

एसटीएफ मुख्यालय को फर्जी शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी तरीके से शिक्षक नियुक्त होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। जिसके क्रम में मानव संपदा पोर्टल उप्र में फीड डाटा का अनुश्रवण करने पर विभिन्न जनपदों से दूसरे व्यक्ति के शैक्षिक दस्तावेज के आधार पर अथवा कूटरचित अंकपत्र के आधार पर 76 फर्जी शिक्षकों के बारे में जानकारी हासिल हुई । बीते शुक्रवार को एसटीएफ की टीम ने खण्ड शिक्षा अधिकारी पूरेडलई, जनपद बाराबंकी के कार्यालय में जाकर सूची में अंकित सूरज कुमार उपाध्याय, प्रधानाध्यापक प्रावि कमियार जनपद बाराबंकी के बारे में खण्ड शिक्षा अधिकारी पूरेडलई से जानकारी प्राप्त की गई व सूरज कुमार उपाध्याय को तलब कराया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी पूरेडलई से अभिलेख प्राप्त कर एसटीएफ की टीम सूरज कुमार उपाध्याय को साथ लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी के कार्यालय आ गई और बीएसए को पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया। जांच के दौरान अभिलेखों के अनुसार डीएवी नारंग इण्टर कालेज घुघुली जनपद महराजगंज के कार्यालय अभिलेख सूरज कुमार उपाध्याय पुत्र मदन गोपाल उपाध्याय के मूल निवास का पता ग्राम व पोस्ट चौमुखा जनपद महराजगंज अंकित पाया गया। जो वर्तमान में सहायक अध्यापक के पद पर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरखी घुघली महराजगंज में नियुक्त है । सूरज कुमार उपाध्याय व प्राथमिक विद्यालय कमियार बाराबंकी में प्रधानाध्यापक के पद पर नियुक्त सूरज कुमार उपाध्याय के शैक्षिक दस्तावेज एक ही पाए गए। एसटीएफ द्वारा उपलब्ध दस्तावेजों व वास्तविक सूरज कुमार उपाध्याय के फोटो को दिखाते हुए मौके पर उपस्थित सूरज कुमार उपाध्याय, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कमियार बाराबंकी से इस विषय में सख्ती से पूछताछ की गई तब बताया कि उसका असली नाम सुभाष पाण्डेय पुत्र राम सूरत पाण्डेय निवासी ग्राम रीठा मड़पौना थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर है । उसकी जन्मतिथि 2.7.1962 है । हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 1977 में कृषक औद्योगिक पाल इण्टर कालेज, हरिहरपुर संतकबीरनगर से इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 1979 में भोला राम मसकरा इण्टर कालेज , सहजनवा , गोरखपुर से व स्नातक परीक्षा वर्ष 1982 में एपीएन महाविद्यालय जनपद बस्ती से उत्तीर्ण किया है लेकिन उसे नौकरी नहीं मिल रही थी । वर्ष 2011 में उसकी मुलाकात बाराबंकी में नियुक्त सहायक अध्यापक गिरिजेश कुमार त्रिपाठी पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम गोपालपुर झगहा, गोरखपुर से हुई, जिसने उससे एक लाख रुपया लेकर सूरज कुमार उपाध्याय के नाम से सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी में लगवाया था। बीएसए बाराबंकी कार्यालय द्वारा सूरज कुमार उपाध्याय के नियुक्ति से संबंधित अभिलेख व शैक्षिक दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां उपलब्ध करायी गयी जिससे सुभाष पाण्डेय पुत्र राम सूरत पाण्डेय निवासी ग्राम रीठा मड़पौना थाना धनघटा के विरुद्ध फर्जी नियुक्ति व कूटरचना के संबंध में साक्ष्य मौजूद पाये गये। एसटीएफ ने उसे जुर्म धारा 409, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया ।

# मिली गंदगी, संस्था पर 50 हजार का जुर्माना

## नगर आयुक्त ने किया निशातगंज , न्यू हैदराबाद क्षेत्र का निरीक्षण, सफाई सुपरवाइजर, कर निरीक्षक और अवर अभियंता को कारण बताओ नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर की** सफाई व्यवस्था का नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। निशातगंज, न्यू हैदराबाद, पॉलिटेक्निक चौराहे के भ्रमण के दौरान नगर आयुक्त को कई कमियां दिखीं, जिसमें सफाई सुपर वाइजर, संस्थाओं को कारण बताओ नोटिस, वेतन काटने की कार्रवाई के आदेश दिए। वहीं इंदिरा ब्रिज पर गंदगी और कूड़ा मिलने पर लायन्स सिक्योरिटी पर पचास हजार रुपए का जुर्माने ठोंका।

शनिवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने निशातगंज, न्यू हैदराबाद, पॉलिटेक्निक चौराहा और इंदिरानगर नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निशातगंज की गली नंबर एक में आर्य कन्या इंटर कालेज के पास गंदगी पायी गयी। कैनरा बैंक के पास फुटपाथ पर जेनरेटर रखा पाया गया, नालियों में मिट्टी धंसी होने से पानी का निकास बाधित हो रहा था। गंदगी व अव्यवस्था से नाराज नगर आयुक्त ने सफाई सुपरवाइजर राजेश के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की। सुपरवाइजर को सेवा से पृथक करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। क्षेत्र में सड़क पर कूड़ा और नाली भरी होने से पानी सड़क पर आ रहा था, जिसे नगर आयुक्त ने गंभीरता से लिया। नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारी को सुपरवाजर की लापरवाही पर एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। इसी गली में शुभ इंटर प्राइजेज द्वारा सफाई में लापरवाही बरतने पर अपर नगर आयुक्त को सफाई कार्यों से अलग करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निशातगंज की गलीनंबर एक के बाल्दा मार्ग पर गिट्टी और सड़क पर पेड़ पड़े मिले। फुटपाथ पर भवन सामग्री पड़ी पाई गयी, जिससे नाराज नगर आयुक्त ने अवर अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। गली नंबर एक व दो में गुमटी और टट्टर पाए गए, जिस पर प्रवर्तन विभाग के कर अधीक्षक राजेन्द्र पाल, राजस्व निरीक्षक नुपुर को कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है। यही नहीं निरीक्षण के दौरान इंदिरा ब्रिज और पॉलिटेक्निक चौराहे पर गंदगी पाई गयी। साथ ही नियमित सफाई न होने से कई जगह कूड़ा भी पाया गया। यहां की सफाई करने वाले संस्था लॉयन सिक्योरिटी पर लापरवाही बरतने पर नगर आयुक्त ने 50 हजार का जुर्माना ठोका है। साथ ही अधिकारियों को क्षेत्रीय दुकानदारों द्वारा डस्टबिन न रखने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# हेड कॉन्स्टेबल की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत



## पुलिस कमिश्नर ने दिया अर्थी को कंधा, पुलिस लाइन में दिया गया गॉर्ड ऑफ ऑनर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने एक बुजुर्ग हेड कांस्टेबल को टक्कर मारकर मौत की नींद सुला दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है जबकि चालक भागने में सफल रहा। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस कर्मी के निधन के बाद पूरा पुलिस महकमा शोक में डूब गया। पुलिस कमिश्नर लखनऊ डीके ठाकुर ने थाना काकोरी में नियुक्त मुख्य आरक्षी की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट करते हुए पार्थिव शरीर को कंधा दिया। कमिश्नर ने कंधा देकर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान तमाम पुलिसकर्मियों की आँखें नम दिखीं। पुलिस के मुताबिक बमबहादुर सिंह पुत्र दयाराम सिंह निवासी ग्राम नायब पूर्वा परसपुर गोंडा ने सूचना दी कि उनके बड़े भाई हेड कांस्टेबल इकबाल बहादुर सिंह काकोरी चौकी गुलगुली तालाब में नियुक्त थे। शुक्रवार को रात करीब 10 बजे उनके भाई इकबाल बहादुर ड्यूटी पर मौजूद रहकर मोटरसाइकिल से गश्त कर रहे थे तभी लोकरिया खेड़ा मोड ग्राम सिवरी मोहान रोड पर सामने से आ रहे ट्रक यूपी 78 बीटी 5204 के चालक ने तेजी से चलाते उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर अवस्था में उन्हें पुलिस ने ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। यहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# सुरेन्द्र आठवीं बार अध्यक्ष अरुण महामंत्री निर्वाचित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विद्युत** सुरक्षा निदेशालय मिनिस्टीरियल एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ कार्यालय में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन में एक बार फिर सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को प्रान्तीय अध्यक्ष और अरूण कुमार वाजपेयी को महामंत्री चुना गया। अध्यक्ष और महामंत्री पद पर क्रमशः सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव और अरूण कुमार वाजपेयी का आठवीं बार निर्वाचन हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार बच्चा महामंत्री जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ और पर्यवेक्षक रामराज दुबे अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंज्ञ की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ। सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के उपरान्त सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष, अरूण कुमार वाजपेयी महामंत्री, अमित कुमार श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, समीर त्रिपाठी संयुक्त मंत्री, सुनील कपूर कोषाध्यक्ष, सिराज मोहम्मद सिद्धकी सप्रेक्षक और सावन कुमार, सुजीत कुमार, सुशीला परिहार, संजीव कुमार श्रीवास्तव, रवीन्द्र नाथ दीक्षित और पवन कुमार गौड़ को प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। निर्वाचन प्रक्रिया के उपरान्त सर्व सम्मति से जया चौहान को प्रान्तीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। चुनाव के उपरान्त जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जल्द ही प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर प्रान्तीय कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा और निदेशालय तथा शासन स्तर पर लम्बित मांगों के लिए संघर्ष कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

# राजधानी में 290, सूबे में मिले कोरोना के 2170 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में अब कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ रही है। शनिवार को राजधानी में कोरोना के 290 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 2170 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 25243 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3704 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7718 मरीजों की और राजधानी में 984 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 532181 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2527 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 506,938 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 10876 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 28, गोमती नगर 29, रायबरेली रोड 16, आलमबाग 10, चौक 18, आशियाना 16, महानगर 10, जानकीपुरम 24, विकास नगर 17 , तालकटोरा 10, इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। वही दूसरी तरफ आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 115 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से सभी 115 रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया।

स्नातक मतदाता गुमराह न हों!

दिनांक 1.12.2020 दिन मंगलवार को होने वाले विधान परिषद् के लखनऊ खण्ड स्नातक निर्वाचन में आप लोगों को भ्रमित करने के लिए कान्ति सिंह नाम से मिलते जुलते दो प्रत्याशियों ने भी नामांकन किया है। इसलिए भ्रम खत्म करने के लिए कान्ति सिंह पत्नी एस0पी0 सिंह कर दिया गया है। अतः आपसे अनुरोध है कि मतदान करते समय मतपत्र के **बायें भाग में सबसे नीचे क्रम संख्या 12 पर स्थित कान्ति सिंह पत्नी एस0पी0 सिंह के नाम व फोटो के सामने वाले खाने में बूथ पर दिये गये पेन से 1 लिखकर अपना अमूल्य मत देने का कष्ट करें। जिससे आपके चिरपरिचित एवं योग्य प्रत्याशी कान्ति सिंह पत्नी एस0पी0 सिंह** को ही वोट मिले।

वोट देने की विधि– नाम एवं फोटो के सामने वाले खाने में । लिखें

| अभ्यर्थी की क्र.सं. | अभ्यर्थी का नाम और दलीय संबद्धता यदि कोई हो | अभ्यर्थी की फोटो | अधिमान का क्रम चिन्हित करें |
|---|---|---|---|
| 12. | कान्ति सिंह पत्नी एस0 पी0 सिंह निर्दलीय |  | । |

ADVT.

# एक साल से बिना बताए नौकरी से गायब सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को बर्खास्त करने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बिना** बताए एक साल से नौकरी से गायब रोडवेज अफसर को अब नौकरी बर्खास्त करने की तैयारी है। कई बार नोटिस दी गई, पर जवाब किसी का नहीं आया। ऐसे में परिवहन निगम प्रशासन मेरठ डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर तैनात मो. अजीम की लापरवाही की एक रिपोर्ट तैयार कर रहा है। जिसे शासन भेजकर उनकी बर्खास्तगी की सिफारिश करेगा।

मेरठ में तैनानी के दौरान 21 फरवरी को 2019 को मो. अजीम मेडिकल छुट्टी पर चले गए। अक्तूबर 2019 छुट्टी पूरी हो गई। इस दौरान इनका तबादला मेरठ से परिवहन निगम मुख्यालय कर दिया गया। पर एक साल गुजर गया लेकिन उन्होंने मुख्यालय पर आकर चार्ज नहीं संभाला। परिवहन निगम के मुख्य प्रधान प्रबंधक प्रशासन एसके दूबे बताते है कि दो बार भेजी गई नोटिस का कोई जवाब अभी तक नहीं आया। ऐसे में मान लिया गया कि अब मो. अजीम परिवहन निगम की सेवा नहीं करना चाहते। जिसे सेवा नियमावली का उल्लंघन करने पर नौकरी से बर्खास्त करने की कार्रवाई होगी।

परिवहन निगम में वर्ष 2015 में 30 पदों पर एआरएम की भर्ती हुई थी। जिसमें 23 एआरएम ने चार्ज संभाला था। मो अजीम की पहली तैनाती बांदा क्षेत्र में हुई थी। मूलत: मुरादाबाद क्षेत्र के रहने वाले थे। सूत्र बताते हैं कि अजीम विदेश में 16 लाख के पैकेज पर नौकरी कर रहा है। जबकि रोडवेज में इसके आधे पैकज पर काम कर रहा था।

## बस अड्डों पर उमड़ी भीड़, अधिकारियों के छूटे पसीने





**लखनऊ।** चारबाग बस अड्डे पर शनिवार सुबह नौ बजे अचानक बस पकड़ने वाले यात्रियों की भीड़ पहुंच गई। अचानक बढ़ती भीड़ को देखते ही डिपो से बसें मंगानी शुरू दी गई है। समूचे बस अड्डे पर परिवार संग यात्री बस के इंतजार में बैठे रहे। इनमें अधिकांश यात्री शादी ब्याह में आए थे। जिन्हे वापस जाना था। वहीं ट्रेन से आने वाले यात्री भी शामिल रहे। यात्रियों की भीड़ में गोरखपुर, सुलतानपुर, प्रतापगढ़, गोंडा, बस्ती, रायबरेली जाने वाले सबसे ज्यादा रही रहे। मौके पर पहुंचे चारबाग बस अड्डे पर हैदरगढ़ बस डिपो के एआरएम काशी प्रसाद ने बसों का कटेलमेंट करके यात्रियों की मांग पर बसों को गंतव्य स्थान की ओर रवाना किया। अनुबंधित बस ऑपरेटर राकेश बाजपेई ने अन्य रूटों पर अनुबंधित बसें उपलब्ध कराकर सैकड़ों यात्रियों को रवाना किया। इस दौरान दो घंटे तक बसों के इंतजाम और यात्री भेजने की व्यवस्था में अधिकारी और कर्मचारियों के पसीने छूट गए। तब जाकर बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ कम हुई।

**गंगा स्नान के लिए अतिरिक्त बसें:** सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा का गंगा स्नान होगा। इस दौरान श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ जाता है। इसी के मद्देनजर चारबाग, आलमबाग, कैसरबाग व कमता स्थित अवध बस स्टेशन से अतिरिक्त बसें वाराणसी और प्रयागराज के बीच चलाई जाएंगी।

# आज शाम से मतदान समाप्त होने तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जिला** प्रशासन द्वारा विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 के मतदान के दिन एक दिसंबर को सभी शराब, बियर की दुकानें बंद करने क आदेश दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि मतदान के दिन से 28 घंटे पहले शराब, देसी मदिरा, बियर, भांग की फुटकर बिक्री और मांडल शॉप बंद रहेगी। इसके साथ ही मतगणना के दिन भी दुकानें बंद रहेंगी। शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने बताया कि लखनऊ में विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 के लिए मतदान एक दिसंबबर को है, जिसे स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और निर्विघ्न कराया जाएगा। इसके लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 के प्रावधानों के परिपेक्ष में शराब की दुकानें बंद रहेंगी, जिसमें देसी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग की फुटकर बिक्री की दुकानों एवं मॉडल शॉप भी शामिल हैं।

सभी थोक, फुटकर अनुज्ञापन 29 नवंबर के सायंकाल 5 बजे से एक को मतदान समाप्त होने तक बंद रहेंगे। इसके साथ ही मतगणना 3 दिसंबर को मादक पदार्थों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित ( ड्राई डे) रहेगी। वहीं सरकार के समस्त विभागों के कर्मचारियों, जो विश्वविद्यालय स्नातक हैं उन्हें विशेष अवकाश दिया गया है।

कार्यालय नगर पंचायत डलमऊ-रायबरेली

पत्रांक-मेमो / अधि0अधि0 / न0पं0ड0 / 2020 दिनांक-29.11.2020

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपवद रायबरेली के डलमऊ में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले को कोरोना वायरस महामारी के दृष्टिगत स्थगित किया गया है।

अपील वैश्यिक महामारी कोविड-19 के दृष्टिगत कार्तिक पूर्णिमा मेला 2020 का आयोजन उ0प्र0 शासन द्वारा स्थगित कर दिया गया है जिला प्रशासन व स्थानी प्रशासन डलमऊ सभी श्रद्धालुओ से अपील करता है सभी श्रद्धालुगण शासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्गत कोविड-19 दिशा निर्देशो का पूर्णतया पालन करे और कार्तिक पूर्णिमा 29 / 30 नवम्बर 2020 को डलमऊ पतित पावनी माँ गंगा में सामूहिक स्नान से परहेज करते हुये अपने घरो पर कार्तिक पूर्णिमा पर्व मनाये स्थानीय प्रशासन के कोविड-19 के दिशा निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध होगा। जिसमें आप सभी लोगों का सहयोग वांछनीय है।

कोरोना वायरस से सुरक्षा के उपाय क्या करें और क्या न करें

क्या करें -
1. अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दें।
2. छींकने और खाँसने के दौरान अपने मुख पर कपड़ा / रुमाल रखें।
3. अपने हाथों को नियमित अन्तराल कर एल्कोहल आधारित हैण्डवाश सेनेटाइजर व साबुन से हाथों को साफ करें।
4. अस्वस्थ्य महसूस होने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

क्या न करें -
1. यदि किसी व्यक्ति को सर्दी, खांसी या फ्लू जैसे लक्षण दिखें तो उससे सम्पर्क न बनायें।
2. सार्वजनिक स्थानो पर न थूकें।
3. चिकित्सक कि सलाह के बिना दवा का सेवन न करें।
4. भीड़ भाड़ वाले स्थानो पर जाने से बचें, किसी से हाँथ न मिलायें।

नोवल कोरोना वायरस कोविड-19 सही जानकारी ही संक्रमण से सबसे बड़ा बचाव है, जागरुकता फैलायें, अफवाह नही कोरोना वायरस से न घबरायें, खुद बचें, दूसरों को बचायें।


(अमित कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत डलमऊ, रायबरेली


(शुभम गौड़)
प्रतिनिधि
नगर पंचायत डलमऊ, रायबरेली


(पं. बृजेश दत्त गौड़)
अध्यक्ष
नगर पंचायत डलमऊ, रायबरेली

सम्मानित सदस्यगण - नीलू सोनकर, माधवेन्द्र मिश्र, सन्तलाल, विनोद निषाद, शकुन्तला मौर्या, शिवपसाद साहू, रेशमा, मो0 जावेद, अन्जनी जायसवाल, विजयलक्ष्मी जायसवाल, नामित सभासद सुधीर जायसवाल, अमरेश निर्मल, महेन्द्र पटेल अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम गौड़, शोहराब अली (लिपिक), सतीश जायसवाल एवं समस्त कर्मचारीगण।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 29 नवंबर 2020



## किसानों के साथ खड़े हों युवा: रामगोविन्द चौधरी

**लखनऊ।** नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा किअपनी पीड़ा कहने के लिए दिल्ली आ रहे किसानों के साथ सरकार का पशुवत व्यवहार लोकतन्त्र को शर्मसार करने वाला है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, कवियों, छात्रों, नवजवानों, कर्मचारियों, मजदूरों, बेरोजगारों और गैर कारपोरेट व्यवसासियों से कहा है कि वह इस लड़ाई में किसानों की मदद करने के लिए आगे आएं, नहीं तो यह सरकार खेती बारी के साथ ही देश को भी निगल जाएगी। शनिवार को दिल्ली आ रहे किसानों के साथ हो रहे निर्दयी व्यवहार से दुखी होकर मिलने आए छात्रों और नवजवानों से नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार धीरे धीरे देश का सर्वस्य अडानी, अम्बानी जैसे कारपोरेट घरानों को सौंप रही है। इसी क्रम में वह एक काला कानून बनाकर खेती को भी देशी विदेशी कारपोरेट घरानों को देने पर आमादा है। सरकार के इस काले कानून से खेती बारी को बचाने की गुहार करने के लिए किसान दिल्ली आ रहा है और चीन के प्रधानमंत्री को बुलाकर झूला झुलाने वाली अडानी और अम्बानी जैसों की सरकार उनके साथ दुश्मन जैसा व्यवहार कर रही है। इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि यह लड़ाई केवल किसानों की नहीं है। यह लड़ाई पूरे देश की है। इस लड़ाई में किसान कमजोर पड़ा तो देश कमजोर होगा।

# किसानों का हित सबसे ऊपर

**● धान खरीद प्रक्रिया पूरी सक्रियता से संचालित की जाए, किसान की उपज का भुगतान 72 घण्टे के अन्दर सुनिश्चित करें**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य सरकार के लिए किसानों का हित सर्वापरि है। इसे ध्यान में रखकर मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद प्रक्रिया पूरी सक्रियता से संचालित की जाए। उन्होंने सभी क्रय केन्द्रों के नियमित व सुचारु संचालन पर बल देते हुए कहा कि किसान की उपज का भुगतान 72 घण्टे के अन्दर सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्य की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रारम्भ से ही किसानों के कल्याण एवं हित के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार ने कार्यभार ग्रहण करते ही किसानों के 36 हजार करोड़ रुपए के ऋण माफी का निर्णय लिया। कोरोना काल में भी प्रदेश की सभी 119 चीनी मिलों का संचालन कराया गया। सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए दशकों से लम्बित सिंचाई परियोजनाओं को प्राथमिकता पर पूर्ण कराया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यालयों में समय से अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इसके सत्यापन के लिए समय समय पर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी अधिकारी सीयूजी मोबाइल फोन पर रिस्पॉण्ड करें। अपरिहार्य कारणों से यदि काल अटेण्ड नहीं कर पा रहे तो बाद में कॉल बैक करें।

बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दिनेश शर्मा ने मांगे शिक्षक व स्नातक प्रत्याशियों के लिये वोट



संवाददाता। बीकेटी लखनऊ

**स्नातक** क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एसआर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन में शिक्षक क्षेत्र से विधान परिषद के लिए भाजपा प्रत्याशी उमेश द्विवेदी और स्नातक क्षेत्र के उम्मीदवार अवनीश कुमार के समर्थन में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा द्वारा स्नातक और शिक्षक मतदाताओं और पार्टी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से उम्मीदवारों को जिताने की अपील की गयी। इस दौरान ज़िलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी, बीकेटी विधायक अविनाश त्रिवेदी, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री दिनेश तिवारी, विधानसभा चुनाव प्रभारी संजय सिंह, एसआर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान, बीकेटी नगर पंचायत के चेयरमैन अरुण सिंह गप्पू, जिला सह मीडिया प्रभारी विवेक सिंह विधानसभा संयोजक केकेअवस्थी बीकेटी मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह चौहान इटौंजा मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद रावत डॉ प्रेम वर्मा जिला व मंडल के पदाधिकारी एवं शिक्षक मतदाता और स्नातक मतदाता उपस्थित रहे।

## प्रत्याशियों की जीत के लिए घर घर संपर्क करें कार्यकर्ता: तिवारी



संवाददाता। निगोहां

**शिक्षक** विधान परिषद के प्रत्याशियों के समर्थन में शनिवार को यूपीसीएलडीएफ के चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने आज लखनऊ खंड भाजपा स्नातक एवं शिक्षक चुनाव हेतु मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के गोसाईगंज में सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय परिसर मोहनलालगंज में श्री महेश प्रसाद डिग्री कालेज के हाल में तथा सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में बनी के होटल आराध्या हाल में भाजपा स्नातक विधान परिषद प्रत्याशी अवनीश कुमार सिंह एवं शिक्षक विधान परिषद प्रत्याशी उमेश द्विवेदी के समर्थन में आयोजित किये गये मतदाता सम्मेलन में आह्वान किया कि प्रदेश में हो रहे शिक्षक, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए घरघर मतदाताओं से संपर्क व संवाद हम सभी कार्यकर्ताओं को स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जन लोककल्याण कार्यो, देव तुल्य कार्यकर्ताओं के निश्वार्थ परिश्रम तथा मतदाताओं से मिल रहे जन समर्थन के बल पर भाजपा शिक्षक व स्नातक क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित है।

## साल्वर बैठाकर धांधली करने वाले एक दर्जन गिरफ्तार


**लखनऊ।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) मध्य क्षेत्र द्वारा आयोजित दिल्ली पुलिस में कान्स्टेबल (कार्यकारी) पुरुष और महिला भर्ती परीक्षा 2020 में साल्वरों के जरिए धांधली करने वाले 12 अभियुक्तों को एसटीएफ ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। छानबीन के दौरान एसटीएफ को जानकारी मिली की कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) मध्य क्षेत्र द्वारा आयोजित दिल्ली पुलिस में कान्स्टेबल (कार्यकारी) पुरूष और महिला भर्ती परीक्षा .2020 में साल्वरों के जरिये धांधली करने वाले गिरोह के सदस्य सक्रिय हैं। जिनका सरगना महेन्द्र सिंह है जो अपने साथियों के साथ अन्य जनपदों से साल्वर बुलाकर आन लाइन सेन्टर पर सेटिंग कर अभ्यर्थी की जगह बैठाकर परीक्षा दिलवाएगें। बीते शुक्रवार को पता चला कि साल्वर गैंग के सदस्य पैडलेगंज चौराहे पर एकत्रित हैं। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसटीएफ की टीम ने 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जबकि एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में साल्वर बैठाकर अभ्यर्थियो को चयनित कराते हैं। हम सभी लोग अलग-अलग जगह से अभ्यर्थियों को खोज कर लाते हैं।

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड संशोधन (प्रथम)** क्रम सं0-1 इस कार्यालय की अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 03/2020-21 द्वारा आमंत्रित निविदा की बिक्री एवं खुलने की तिथि 28.11.2020 निर्धारित थी, अब अपरिहार्य कारणों से पूर्व समयानुसार बिक्री एवं खुलने की तिथि 04.12.2020 निर्धारित की जाती हैं। शेष अन्य नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, पो0 डी0एल0डब्लू0 भिखारीपुर वाराणसी** पत्रांक-515 दिनांक- 27.11.2020 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

**उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपारेशन लिमिटेड अल्पकालिक ई-निविदा सं0 18/2020-21 आमंत्रण सूचना** अनुभवी एवं ई-निविदा हेतु पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/कार्यदायी संस्थाओं से 220 के0वी0 उपकेन्द्र मिर्जापुर का एक वर्ष हेतु नियमित परिचालन हेतु ई-निविदा दो भागो में आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/तिथि विस्तार इत्यादि हेतु निविदा खुलने की तिथि तक उक्त बेबसाईट पर लॉग-ऑन करें। समस्त निविदा प्रपत्र केवल उक्त बेबसाईट के माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/अस्वीकार करने का अधिकार अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल, मिर्जापुर के पास सुरक्षित रहेगा। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल, पथरिया रोड-मिर्जापुर (उ0प्र0)-231001** पत्रांक-2966/ वि0प्रे0मं0(मि0)/टी-टेण्डर दिनांक-28/11/2020 "राष्ट्र हित में बिजली"

## काले कानून के खिलाफ सपा किसानों के साथ: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि काले कानून के खिलाफ समाजवादी पार्टी किसानों की मांग का पूरा समर्थन करते हुए उनके साथ है। इसके साथ ही अखिलेश ने लव जिहाद कानून का भी खुलकर विरोध किया उन्होंने कहा कि हम इस कानून का विरोध करेंगे। अखिलेश ने कहा कि यदि भाजपा सरकार कानून बनाना चाहती है तो वह किसानों के धान क्रय व गन्ना मूल्य दिलवाने के लिए कानून बनाए। अखिलेश ने यह बात शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। अखिलेश ने कहा कि किसानों पर इतना अन्याय कभी नहीं हुआ। अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर आंसू गैस छोड़ना, वाटर कैनन से पानी की बौछार करना और लाठियां बरसाना कहां की सभ्यता है, यह तो सरकार का आतंकी हमला है। भाजपा ने इन्हीं किसानों से वादा किया था कि उनकी आय दुगनी करेंगे। लागत का ड्योढ़ा मूल्य देंगे। इन वादों का क्या हुआ। भाजपा राज में धान की लूट हुई, किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिला। जेवर एयरपोर्ट में अधिग्रहीत जमीन को ऊसर बंजर बताकर किसानों को मुआवजा नहीं बंट रहा है। पंजाब, हरियाणा ही नहीं उत्तर प्रदेश के किसान भी भाजपा की कुनीतियों से आंदोलित और आक्रोशित है। वहीं तहसील महमूदाबाद सीतापुर में किसानों के साथ धरना दे रहे पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए वार्ता की। और कहा कि समाजवादी पार्टी उनके संघर्ष में साथ रहेगी। श्री वर्मा ने कहा कि किसानों की भाजपा सरकार में बड़ी दुर्दशा है।

## पूर्व सांसद विजेंद्र सिंह समेत बसपा कांग्रेस के कई नेता सपा में शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी की नीतियों और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए शनिवार को बसपा और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद, विधायक एवं ग्राम प्रधन समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। सपा में शामिल हुए नेताओं का स्वागत करते हुए अखिलेश यादव ने आशा जताई कि आने वाले समय में वे समाजवादी पार्टी की बड़ी ताकत बनेंगे और भाजपा को हराने में सहयोगी की भूमिका में होंगे। सपा में शामिल होने वाले लोगों में अलीगढ़ के पूर्व सांसद विजेन्द्र सिंह (कांग्रेस), बसपा के पूर्व विधायक जमीरउल्ला, सहारनपुर के पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी लियाकत अली के अतिरिक्त सगीर अहमद, लोधी, राकेश राजपूत एटा, रामदुलारे भार्गव पूर्व ब्लाक प्रमुख सिधौली, अब्दुल रशीद खां पूर्व ब्लाक प्रमुख बलहा नानपारा, दीपू यादव प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक संघ, विष्णु जाटव, कृष्ण कुमार एडवोकेट जेवर, सुनील राजवंशी, जोनल इंचार्ज बसपा, मजाहिर राणा, सहारनपुर, कपिल शर्मा, मोहित बंसल, इंद्रदेव चौहान, अलीगढ़, लोकेश चैधरी तथा बृजेश गौतम, गोरखपुर अपने सैकड़ों समर्थक साथियों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।

### मोबाइल के विवाद में छात्र पर किया था फायर, गिरफ्तार

**मोहनलालगंज।** मोबाइल के विवाद में सिसेण्डी निवासी राजवीर ने शुक्रवार शाम गांव के ही शिवम पाण्डेय पर फायर किया था। कमर में गोली लगने से जख्मी शिवम का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर पुलिस ने आरोपी राजवीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उधर पुलिस को शिवम के मोबाइल फोन से मामले का पर्दाफाश होने की उम्मीद है। लिहाजा सर्विलांस टीम की मदद से मोबाइल से जुड़े रहस्यों का पता लगाया जा रहा है। शिवम की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने .315 बोर तमंचे और दो जिन्दा कारतूस व खोखा समेत आरोपी राजवीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक फिलहाल पूछताछ में मोबाइल के विवाद में फायरिंग की बात सामने आई है।

### धूमधाम से मनाया गया विधायक का जन्मदिन

**मोहनलालगंज।** विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर का जन्मदिन शुक्रवार को मोहनलालगंज के पतौना ,निगोहां, बिन्दौवा, गोशाईगंज ,नगराम समेत क्षेत्र में कई जगह केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयन्त ,ब्लाक अध्यक्ष अरुण यादव ,विधायक प्रतिनिधि रमेश राही ,पीआरओ हरीशंकर समेत अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### महापौर ने किया फिटनेस क्लब का उद्घाटन




**लखनऊ।** महापौर संयुक्ता भाटिया ने नैना स्पोर्ट्स क्लब व फिटनेस क्लब का 27 नवंबर को उद्घाटन किया। इस मौके पर सुरेश चंद तिवारी विधायक लखनऊ कैंट, राजीव मिश्रा उपाध्यक्ष लखनऊ भारतीय जनता पार्टी, पार्षद ममता चौधरी मालवीय नगर, पार्षद शिवपाल सांवरिया राजाजीपुरम, पार्षद मनोज अवस्थी इंदिरा नगर, यूजीन पाल सचिव उत्तर प्रदेश तलवारबाजी संघ, ओएन पुरी लखनऊ डिस्ट्रिक्ट फुटबाल एसोसिएशन, आशिया खातून सचिव लखनऊ तलवारबाजी संघ, वीपी सिंह ज्वाइंट सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश वालीबाल एसोसिएशन, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राधेश्याम सिंह और अंजय दास, राष्ट्रीय खिलाड़ी पवन वर्मा, मोहम्मद अलीम, प्रीति कनौजिया मौजूद रहे। यह जानकारी नैना क्लब व फिटनेस क्लब के फाउंडर कोच अभिशेक सिंह कौशिक ने दी।

### शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, तीन मोटरसाइकिल बरामद

**लखनऊ।** कृष्णा नगर पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अभियुक्त राहुल कनौजिया पुत्र राम शंकर कनौजिया निवासी मानस नगर कृष्णा नगर को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि वह गाड़ी का मेन स्विच काट कर दूसरा तार आपस में तार जोड़कर स्टार्ट करके चोरी करके भाग जाता था और गाड़ी के नंबर प्लेट के कुछ अंक बदलकर सुनसान स्थानों पर खड़ा कर देता था। फिर मौका मिलते ही उन्हें बेच देता था।

### युवक ने लगाई फांसी

**लखनऊ ।** गोसाईंगंज के रकीबाबाद गांव में एक युवक ने अपनी रिसेप्शन पार्टी खत्म होने के बाद सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की भनक लगते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव कोकब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की बीते दो दिन पहले ही शादी हुई थी। रकीबाबाद गांव निवासी 26 वर्षीय महेंद्र कनौजिया अपने परिवार संग रहते थे। पुलिस के मुताबिक बीती 26 नवंबर को महेंद्र की मोहनलालगंज के मदाखेड़ा गांव में शादी हुई थी। वहीं 27 नवंबर शुक्रवार को उसके घर में शादी की रिसेप्शन पार्टी थी। देर रात तक चली पार्टी खत्म होने के बाद सभी रिश्तेदार खाना खा कर अपने.अपने घर चले गए थे। वहीं महेंद्र समेत उसके परिवार वाले भी कमरे में सोने चले गए। बताया जा रहा है कि सुबह महेंद्र शौच के बहाने घर से निकला और गांव के बाहर स्थित एक बाग में लगे आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बाद में गांव के लोग वहां से निकले तो उन्होंने शव लटका देख सूचना मृतक के परिजनों व पुलिस को दी।

### निर्माणाधीन मकान से गिरकर मजदूर की मौत

**लखनऊ ।** इन्दिरानगर इलाके में शनिवार सुबह निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरकर एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की भनक लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने व अन्य लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मूल रूप से हरदोई निवासी 55 वर्षीय मजदूर रामऔतार वर्तमान समय में अपने दो बेटे निखिल व नितिन के साथ इन्दिरा नगर के सेक्टर.12 इलाके में किराए के मकान में रहते थे। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह इलाके में रहने वाले कुंवर राजीव के निर्माणाधीन मकान में रामऔतार मजदूरी करने गए थे। पुलिस के मुताबिक रामऔतार जब मकान की दूसरी मंजिल में लगी बांस की बाड़ खोलने लगे तभी अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गए।

### कार ने मारी बाइक में टक्कर, जीजा-साली घायल

**लखनऊ ।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक चौराहे के पास स्थित ओवरब्रिज पर शनिवार दोपहर एक कार ने बाइक से जा रहे जीजा साली को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गाड़ी समेत सड़क पर गिर गए। वहीं अचानक इस दौरान बाइक में आग लग गई जिससे साली तो बाल बाल बच गई लेकिन जीजा मामूली रूप से झुलस गए। हालांकि नगदी व अन्य कीमती सामान बाइक समेत जलकर खाक हो गया। दमकल विभाग ने किसी तरह आग पर काबू पाया। पुलिस के मुताबिक घायलों की हालत खतरे से बाहर है। इंस्पेक्टर गाजीपुर बृजेश कुमार सिंह के मुताबिक बख्शी का तालाब स्थित इंदौरा बाद गांव निवासी विनोद सिंह नगर पंचायत महोना बाद में तैनात हैं। शनिवार को वह बाइक से अपनी साली अंशिका सिंह को लेकर सुल्तानपुर जा रहे थे। इसी दौरान पॉलिटेक्निक ओवर ब्रिज पर तेज रफ्तार कार ने विनोद की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विनोद और अंशिका घायल हो गए। वहीं बाइक डिवाइडर से टकराकर पलट गई और उसमें अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने विनोद और अंशिका को लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया और दमकल विभाग ने बाइक में लगी आग पर काबू पाया।

### भ्रमण कर अवैध खनन का पता लगाने का आदेश

**लखनऊ।** जिला प्रशासन ने जिले में ईट भट्टे, ईट.भट्टा संचालन आवेदन पत्र पर खनन संबंधी विवरण भरकर आवेदन शुल्क के अनुसार रॉयल्टी व पथाई शुल्क जमा कराते हुए खनन कार्यालय में देने का आदेश दिया है। अधिकारियों को अपने अपने तहसीलों में भ्रमण कर अवैध खनन का पता लगाने का आदेश दिया है। शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने जिले में कार्यरत सभी ईट-भट्टे, ईट-भट्टा संचालन आवेदन पत्र पर खनन स्थल का समस्त विवरण भरकर आवेदन शुल्क व पाये अनुसार रॉयल्टी व पथाई शुल्क जमा कराते हुए खनन कार्यालय में देने का आदेश दिया है ।उसके बाद ही ईट भट्टों के लिये मिट्टी खनन कर पथाई कार्य करेगा।

# नए कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेश भर में प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दिल्ली** में चल रहे किसान आन्दोलन के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर आज सभी जिला शहर इकाइयों ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। लल्लू ने कहा कि आज अन्नदाता किसान भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों से त्रस्त होकर सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने को विवश है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा किसानों की जमीन छीनकर, मंडी छीनकर, समर्थन मूल्य छीनकर, किसान को उसके खेत पर ही मजदूर बना देने और देश की खेती कार्पोरेट घरानों के हाथ में देने के लिए भाजपा सरकार द्वारा लाये गये तीन काले कृषि कानूनों के विरूद्ध अन्नदाता किसान शांतिपूर्वक तरीके से इन काले कृषि कानूनों का विरोध कर रहे हैं। किसानों की जायज मांगों को मानने के बजाए भाजपा सरकारें किसानों पर बर्बर लाठीचार्ज आंसू गैस और पानी की बौछारें डालकर उनका उत्पीड़न कर रही हैं और हठधर्मिता अपनाकर लाठी, डण्डे के बल पर उनकी आवाज दबा रही है जिसे कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा सरकार किसानों का उत्पीड़न कर उनकी आवाज दबाना चाहती हैं। शांतिपूर्ण तरीके से अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत दिल्ली पहुंचकर हाल ही में पारित तीन कृषि कानूनों के विरोध एवं विशेषकर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी की मांग को लेकर आन्दोलनरत किसान इस भीषण ठण्ड में सड़कों पर संघर्ष करने को विवश हैं किन्तु सरकार अपने दमनात्मक रवैये को अपनाते हुए उनकी मांगों को अनसुना कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आज पूरे प्रदेश में किसानों के समर्थन में प्रदर्शन कर किसानों की मांगों को तत्काल मानने की मांग करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही किसानों के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और किसानों के हितों के लिए सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर आज पूरे प्रदेश में जिला एवं शहर इकाइयों द्वारा किये गये प्रदर्शन के क्रम में लखनऊ में जिला एवं शहर अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी एवं मुकेश सिंह चौहान के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इसी प्रकार जनपद फिरोजाबाद, गोण्डा, गाजियाबाद, झांसी, गोरखपुर, कुशीनगर, बाराबंकी, बहराइच, फैजाबाद, अम्बेडकरनगर, सहित प्रदेश के सभी जनपदों में जिला एवं शहर इकाइयों द्वारा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

## वाद-विवाद व मॉडल मेकिंग में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा


**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा ऑनलाइन आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड 'ई-कोफास-2020' के दूसरे दिन आज रूस, जार्डन, बांग्लादेश, ओमान, कतर एवं भारत के विभिन्न राज्यो के प्रतिष्ठित विद्यालयों की प्रतिभागी छात्र टीमों ने विभिन्न रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं में न सिर्फ अपने ज्ञान-विज्ञान का लोहा मनवाया अपितु एक-दूसरे के साथ अपने विचारों को भी साझा करते हुए विभिन्न देशों की संस्कृति व सभ्यता से भी रूबरू हुए। इस अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड के दूसरे दिन आज देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने वाद-विवाद, लोगो डिजाइनिंग एवं मॉडल मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने ज्ञान का अभूतपूर्व प्रदर्शन कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। विदित हो कि इस अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड में विश्व के 6 देशों की 50 से अधिक छात्र टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिताओं का सिलसिला आज सर्वप्रथम जूनियर वर्ग की कॉन्फैबुलर (वाद-विवाद) प्रतियोगिता से प्रारम्भ हुआ, जिसका विषय था 'कम्प्यूटर टुडे विल लीड टु पेपरलेस क्लासरूम टुमारो'। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश की 20 छात्र टीमों ने अपने ज्ञान व रचनात्मक सोच का आलोक बिखेरा और अपने सारगर्भित विचारों से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। प्रतिभागी छात्र टीमों ने 3 मिनट के समय में विषय के पक्ष अथवा विपक्ष में अपने विचार रखे। विषय के पक्ष में बोलते हुए एक प्रतिभागी छात्र ने कहा कि तकनीक से सिर्फवर्चुअल वर्ल्ड में ही नहीं अपितु वास्तविक दुनिया में भी चमत्कार होते हैं। अब आपको अपने आस-पास के अलावा पूरी दुनिया की जानकारी घर बैठे ही मिल जाती है। विषय के विपक्ष में बोलते हुए तकनीक से क्राइम में बहुत बढ़ोत्तरी हो गई है और इससे क्रिमिनल्स को बहुत अवसर मिल रहे हैं अपराध करने में, साथ ही लोगों में बेरोजगारी व असुरक्षा की भावना भी बहुत बढ़ गई है।

**पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 ई-निविदा सूचना** अनुभवी फर्मो/ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य हेतु दो भागो में मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें ई-टेण्डर के माध्यम से निम्न विवरणानुसार आमन्त्रित की जाती है। दिनांक 14.12.2020 को 13.00 बजे तक आनलाइन निविदा जमा की जायेगी जो दिनांक 14.12.2020 को सायं काल 16.00 बजे खोली जायेगी कृपया पूर्ण निविदा का विवरण / डाउन लोडिंग एवं संशोधन/शुद्धिकरण एवं नियम व शर्ते सबंधी सूचनाओं हेतु वेबसाइट http//:etender.up.nic.in को देखें। **क्र0सं0 1, निविदा विशिष्टि संख्या-173/वि0का0शा0मं0(वा0)/20-21 कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड आजमगढ़ के अन्तर्गत विभिन्न कार्यशाला के अन्तर्गत रखे अग्नि-शमन यंत्र की रीफीलिंग का कार्य। **धरोहर धनराशि** रु0 3600.00, **निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित** 1180.00 **क्र0सं0 2, निविदा विशिष्टि संख्या 174/वि0का0शा0म0(वा0)/20-21 कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, गोरखपुर के अन्तर्गत कार्यशाला केन्द्र महराजगंज में 10, 25, 63 एवं 100 के0वी0ए0 क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत सम्बन्धी कार्य। **धरोहर धनराशि रु0** 50000.00, **निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित** 3540.00 **क्र0सं0 3, निविदा विशिष्टि संख्या 175/वि0काशा0मं0(वा)/20-21 कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड गोरखपुर के अन्तर्गत कार्य-शाला केन्द्र पडरौना में 10, 25, 63 एवं 100 के0वी0ए0 क्षमता के क्षति-ग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत सम्बन्धी कार्य। **धरोहर धनराशि** रु0 50000.00 **निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित** 3540.00, **क्र0सं0 4, निविदा विशिष्टि संख्या-176/वि0का0शा0मं0(वा0)/20-21 कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, गोरखपुर के अन्तर्गत कार्यशाला केन्द्र गोरखपुर में 10, 25, 63 एवं 100 के0वी0ए0 क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत सम्बन्धी कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 72000.00, **निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित** 3540.00 **क्र0सं0** 5, **निविदा विशिष्टि संख्या 177/वि0का0शा0मं0(वा0)/20-21 कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड गोरखपुर के अन्तर्गत कार्यशाला केन्द्र गोरखपुर में 250, 400 एवं 630 के0वी0ए0 क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत सम्बन्धी कार्य। **धरोहर धनराशि रु0** 93000.00 **निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित** 3540.00, **क्र0सं0** 6, **निविदा विशिष्टि संख्या 178/वि0का0शा0मं0(वा0)/20-21 कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, आजमगढ़ के अन्तर्गत कार्यशाला केन्द्र आजमगढ़ में 250, 400 एवं 630 के0वी0ए0 क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत सम्बन्धी कार्य। **धरोहर धनराशि रु0** 50000.00, **निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित** 3540.00 **क्र0सं0** 7, **निविदा विशिष्टि संख्या 179/वि0का0शा0मं0(वा0)/20-21 कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, आजमगढ़ के अन्तर्गत कार्य-शाला केन्द्र आजमगढ़ में 160 एवं 250 के0वी0ए0 क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत सम्बन्धी कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 26500.00, **निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित** 3540.00, **क्र0सं0** 8, **निविदा विशिष्टि संख्या-180/वि0काशा0मं0(वा)/20-21, कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, प्रयागराज के अन्तर्गत कार्यशाला केन्द्र मंझनपुर कौशाम्बी एवं चिलबिला प्रतापगढ़ में 25, 63 एवं 100 केवीए क्षमता के परिवर्तकों पर टॉपकवर प्लेट, फ्लेन्ज एवं नट बोल्ट लगाने आदि का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 28500.00 **निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित** 3540.00 **क्र0सं0** 9, **निविदा विशिष्टि संख्या-181/वि0का0शा0म0(वा0)/20-21 कार्य का नाम** विद्युत कार्य-शाला खण्ड प्रयागराज के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता फतेहपुर के लिए एक अदद डीजल वाहन किराये पर लिए जाने का कार्य। **धरोहर धनराशि रु0** 2650.00 **निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित** 1180.00 **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला मण्डल, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी।** पत्रांक-2027, दिनांक-28.11.2020 **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**

# तहसील परिसर में स्वच्छ शौचालय तक के लिए भटक रहीं महिलाएं

संवाददाता। मोहनलालगंज

**हेल्पडेस्क** खोलकर महिलाओं को न्याय दिलाने का खोखला दावा कर रहे मोहनलालगंज तहसील अधिकारी महिलाओं को स्वच्छ शौचालय तक की सुविधा मुहैया नहीं करा पा रहे हैं। आलम यह है कि अफसरों की चौखट के समीप बने शौचालय का टैंक भरा तो उसकी सफाई कराने के बजाए प्लाईबोर्ड लगाकर लोगों से शौचालय की सुविधा ही छीन ली गई। लिहाजा तहसील आने वाली महिलाएं प्रसाधन के लिए भटकने को विवश रहती हैं। मोहनलालगंज तहसील परिसर में इन दिनों महिलाओं के लिए स्वच्छ शौचालय तक की सुविधा मयस्सर नही है। भूतल पर मौजूद इकलौते शौचालय को स्टाफ के लिए आरक्षित कर रखा गया है। पहले और दूसरे तल पर मौजूद शौचालयों में नियमित साफ-सफाई के अभाव में कर्मचारियों ने



अपना ताला डाल रखा है। लिहाजा तहसील में बैनामे और राजस्व विभाग से जुड़े कामकाज व फरियाद लेकर आने वाली महिलाओं को प्रसाधन के लिए भटकना न पड़े इसके लिए कुछ वर्ष पहले ही प्रशासन ने तहसीलदार और एसडीएम दफ्तर के समीप ही महिला और पुरुष के अलग अलग शौचालय का निर्माण कराया था। लेकिन हाल ही में शौचालय का टैंक भरने से गन्दगी बाहर बहने लगी तो अधिकारियों ने टैंक की सफाई कराने के बजाए शौचालय में ताला डलवाकर प्लाईबोर्ड लगवाकर वादकारियों से शौचालय की सुविधा ही छीन ली। महीना बीतने को है लेकिन अफसरों को अब तक शौचालय की सुविधा फिर से बहाल कराने की फुरसत नहीं मिल सकी है। ऐसे में पुरुष तो किसी तरह बाहर निकलकर काम चला रहे हैं लेकिन शौचालय के अभाव में महिलाओं को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है।

**सामुदायिक शौचालय भी बदहाल:** तहसील परिसर के पिछले हिस्से में तकरीबन दस वर्ष पहले पंचायतराज विभाग की ओर से निर्मित कराया गया सामुदायिक शौचालय भी देखरेख और बिजली कनेक्शन के अभाव में बदहाल है। नियमित साफ-सफाई और जलापूर्ति की सुविधा के अभाव में सामुदायिक शौचालय गन्दगी से पटा पड़ा है। वहीं तहसील परिसर में बना एक अन्य सुलभ शौचालय भी सालों से पुरसाहाल नहीं लिए जाने से जर्जर और निष्प्रयोज्य हालत में पहुंच चुका है।

# संविधान की शुचिता का संरक्षण अनिवार्य

उन लोगों की विफलता के लिए संविधान की आलोचना करके, जिन पर उसकी शुचिता बनाए रखने की जिम्मेदारी है, हम संविधान के संस्थापकों एवं इबारत दोनों के प्रति अन्याय करते हैं।

**अनुराग तिवारी**
(लेखक राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय विशाखापत्तनम से संबद्ध हैं।





नवंबर का महीना इतिहास में एक महत्वपूर्ण महीना रहा है। 26 नवंबर 1940 को नाज़ी जर्मनी ने वॉरसा में यहूदी समुदाय के लोगों को दीवारों में कैद करने की शुरुआत की थी। नवंबर 1941 में, जापानी प्रथम हवाई बेड़े ने, जिसे किदो बुताई के नाम से भी जाना जाता है, एक अचम्भित करने वाली सैन्य कार्रवाई में, कुरील द्वीप समूहों को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पर्ल हार्बर पर हमला करने के लिए छोड़ दिया था। नवंबर 1944 में, एक जर्मन राकेट लंदन में वूलवर्थ की दूकान पर आकर गिरा जिसमें 186 लोग मारे गए थे। साथ ही साथ, उसी दिन, एक अग्रणी नाज़ी सैनिक, हिमलर, ने आसविज-बिरकेनू श्मशान को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। विश्व की राजनीति में उथल-पुथल की सिथति थी। लोकप्रियतावादी नेता, जो नौकरशाही से पैदा हुए थे, और विस्तारवाद के उनके जुनून की गंभीर आलोचना हो रही थी और वैश्विक रूप से जवाबदेह ठहराए जा रहे थे।

भारत में, हिन्दू-मुस्लिम तनाव और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग के बीच मतभेद खतरनाक ढंग से बढ़ रहे थे। कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग के बीच शिमला सम्मेलन में किए गए विफल प्रयास के बाद, यूके में लेबर पार्टी की अगुवाई में सत्तासीन सरकार द्वारा स्वतंत्र भारत का भविष्य तय करने के लिए तीन सदस्यीय समिति द्वारा कैबिनेट मिशन योजना निर्धारित की गई थी। चुकि कैबिनेट मिशन ने मुस्लिम लीग की मांगें खारिज कर दी थीं, लीग ने नाराज़ होकर कुख्यात ''प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस'' मनाने की घोषणा कर दी जिसके कारण देशभर में बड़े पैमाने पर हिंसा का तांडव मचा था।

इस अशांति के बीच, 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने एक स्वतंत्र एवं लोकतांत्रिक भारत के लिए औपचारिक रूप से संविधान को आत्मसात किया। कई घंटों के वाद-विवाद, चर्चाओं एवं विमर्शों के उपरांत, जो लगभग तीन वर्ष तक जारी रहे, जिसमें अपार विश्वसनीयता वाले 350 से अधिक पुरुषों व महिलाओं ने भाग लिया, संविधान को अपनाया गया था।

यह भारत के सामाजिक-राजनीतिक एवं संवैधानिक इतिहास में कोई साधारण पल नहीं था। बहुसंख्य भारतीयों के लिए, यह अतीत से अलग हटकर एक पल था। हालांकि, संस्थापकों के लिए, एक संविधान बनाने का कार्य कहीं ज्यादा संवेदनशील प्रकृति का था। उनकी दोहरी भूमिका थी। एक तरफ, उन्हें दुनिया व इबारत को पढ़ने वाली भावी पीढ़ियों के समक्ष यह सही ठहराना था कि भारत दोनों देशों में बेहतर था (दूसरा पाकिस्तान है) जिनका निर्माण विभाजन के फलस्वरूप हुआ था और दूसरी ओर, उन्हें ऐसा संविधान प्रारूपित करना था जो संस्थापकों के संघर्ष को परिलक्षित करता हो। इस दूसरी भूमिका, जिसका उल्लेख अभिनव चंद्रचूड़ ने अपनी पुस्तक, रिपब्लिक आफ रिहटोरिक, में किया है, कि इसके दो प्रतिस्पर्धी लक्ष्य थे, एक था भारत का रूपांतरण करना और दूसरा चीजों को बनाए रखना। निरंतरता और परिवर्तन दो महत्वपूर्ण पहलू थे जिन्होंने संविधान सभा के संविधान निर्माण जनादेश को तर्कसंगत रूप दिया। ग्रवेनाइल ऑस्टिन, उल्लेख करते हैं कि संविधान एक सामाजिक क्रांति लाने का प्रयास करता है और साथ ही साथ राष्ट्रीय एकता व स्थिरता को संरक्षित करने का प्रयास भी करता है।

संस्थापक निष्पक्ष रूप से आशावादी भारतीय जन थे। उन्होंने एक ऐसा संविधान बनाया जो न केवल समय से आगे था बल्कि भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक सकारात्मक एवं उग्र हस्तक्षेप था। उदाहरण के लिए, इसने छुआछूत का अंत किया, किसी का भी उपाधि ग्रहण करना असंवैधानिक करार दिया और उन लोगों के लिए एक सकारात्मक कार्रवाई का प्रावधान किया जिन्हें समाज द्वारा ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रखा गया था। इसने सार्वभौमिक मताधिकार सुनिश्चित किया, धर्म, जाति, श्रेणी, लिंग अथवा प्रजाति से परे देश के सभी नागरिकों के लिए समानता एवं मूल अधिकार सुनिश्चित किए।

यह सब कुछ ऐसे समय पर हुआ जब विश्व इन बदलावों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं था। उदाहरण के लिए, अमेरिका में, उसके दुनिया में सबसे पुराना संवैधानिक गणतंत्र होने के बावजूद, 1954 में कहीं जाकर ब्राउन बनाम बोर्ड आफ एजुकेशन वाद में, जब ''पृथक मगर समान'' उपखंड को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक करार दिया गया था। अश्वेत महिलाओं को 1965 में मतदान अधिकार कानून के अंतर्गत मत देने का अधिकार मिला और अश्वेतों व भूरों के लिए सकारात्मक कदम को 2003 में ग्रटर बनाम बोलिंगर वाद के अंतर्गत संवैधानिक करार दिया गया। अमेरिकी सर्वोच्च

**संस्थापक निष्पक्ष रूप से आशावादी भारतीय जन थे। उन्होंने एक ऐसा संविधान बनाया जो न केवल समय से आगे था बल्कि भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक सकारात्मक एवं उग्र हस्तक्षेप था। उदाहरण के लिए, इसने छुआछूत का अंत किया, किसी का भी उपाधि ग्रहण करना असंवैधानिक करार दिया और उन लोगों के लिए एक सकारात्मक कार्रवाई का प्रावधान किया जिन्हें समाज द्वारा ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रखा गया था।**

न्यायालय ने 1967 में अंतर-प्रजातीय विवाहों को संवैधानिक रूप से अनुमन्य करार दिया और छात्रों को 1969 में टिंकर बनाम डेस मोइनी वाद के अंतर्गत मुक्त अभिव्यक्ति का अधिकार प्रदान किया गया। जबकि गौरवान्वित भारत ने 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया, शायद ही हमें पता होगा कि संविधान सभा ने सर्वाधिक समतावादी एवं आगे की ओर देखने वाला संविधान ऐसे समय पर बनाया था जिसकी कई कोनों पर आलोचना हुई थी। दो तरह की आलोचनाएं की जाती थीं जो संस्थापकों के विरुद्ध थीं, एक नैतिक और दूसरी विधिक। नैतिक आलोचना यह थी कि संविधान सभा गांधी विरोधी थी और लोकतांत्रिक नहीं थी। महात्मा गांधी ने ग्राम गणतंत्रों का नारा दिया था और कहा था कि शक्ति पंचायतों में निहित होनी चाहिए जबकि संविधान ने शीर्ष से निम्न पादान तक अत्यधिक केंद्रीयकृत शासन का दृष्टिकोण अपनाया था।

संविधान सभा को गैर-प्रतिनिधिमूलक भी बताया गया क्योंकि उसके अधिसंख्य सदस्य हिन्दू थे और कांग्रेस के सदस्य नहीं थे। यह भी तर्क दिया गया था कि सभा में औपनिवेशिक मानसिकता प्रभावी थी जहां उसने संविधान प्रारूपण में अनुकरण आधारित मॉडल को अपनाया। विधिक कमियां इस दलील पर आधारित हैं कि संविधान सभा की कार्य प्रणाली राज्य प्रपत्र एवं भार स्वतंत्रता अधिकनियम 1947 के अवरुद्ध थी। बहुतों को यह भी लगा कि सभा ने गैर पंथनिरपेक्ष भारत की नींव रखी थी। हालांकि, इसमें कोई संदेह नहीं है कि इन आलोचनाओं का दस्तावेज की पवित्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। दुनिया भर में आधे से अधिक संविधान 20 वर्ष तक भी नहीं चल पाए। कम से कम, ये आलोचनाएं दर्शाती हैं कि विरोध भी संविधान निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा था और सदन में लगभग प्रत्येक नेता के पास समय के एक बिंदु पर विविध मुद्दों पर जताने के लिए चिंताएं भी थीं। संविधान निश्चित रूप से जन समर्थन व उस संप्रभुता पर आधारित था जो संविधान सभा को समाज के प्रत्येक स्तर पर प्राप्त हुई थी। आज इस दस्तावेज को उन सभी की निगाह में पवित्र ग्रंथ का दर्जा प्राप्त है जो महान देश के इसके सपने में विश्वास रखते हैं। कहने का अर्थ यह नहीं है कि हम भारत में भेदभाव, असमानता एवं धार्मिक असहिष्णुता जैसी समस्याओं को पूरी तरह कुचलने में सफल रहे हैं। कहा जाए, तो हो सकता है हम विफल हुए हों, और संस्थापक आज विद्यमान स्थितियों से ज्यादा प्रसन्न नहीं होंगे। लैंगिक असमानता, जाति आधारित भेदभाव, धार्मिक कट्टरतावाद, गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक शिक्षा का अभाव, राजनीति का अपराधीकरण, भ्रष्टाचार, नीलवसन एवं श्वेतवसन अपराधों का बढ़ना, भूख, गरीबी, लोकरंजकता, बेरोजगारी, जलवायु परिवर्तन, असंतोष का दमन एवं राजनीति में लोकरंजकतावाद ऐसी चिंताएं हैं हमे व हमारे संवैधानिक कार्यतंत्र को लगातार आहत करती रहती हैं।

लेकिन इससे पहले कि हम  हमारे सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में विद्यमान चीजों के लिए संविधान को जिम्मेदार ठहराएं, चलिए एक कदम पीछे हटकर उस भूमिका को समझते हैं जो इस इबारत में निहित है और जिसे हमारे देश में अस्तित्वमान लोकतंत्र सरीखी व्यवस्थाओं में भूमिका निभाने के लिए अपेक्षा का विषय मना जाता है। संविधान अंतरनिहित रूप से प्रतीकात्मक दस्तावेज होते हैं और वे लोगों के मस्तिष्क एवं हृदयों को परिलक्षित करते हैं। कहने का अर्थ यह नहीं कि उनमें वो सब शामिल होता है जो नैतिक रूप से अनुमन्य होता है। संविधान में लिखी इबारत उस सपनों को दोहराती व उन पर जोर दती है जो राष्ट्र ने स्वयं के लिए देखा हो।

71 वर्ष पूर्व, हमारे संस्थापकों ने ऐसे राष्ट्र का सपना देखा था जो सभी प्रकार के पूर्वाग्रहों, घृणा व कलंकों से मुक्त हो। हम उस लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाए हैं। लेकिन मानी गई विफलता के लिए इबारत की आलोचना करते समय हम भूल जाते हैं कि हमारा आक्रोश गलत दिशा में जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय संविधान उन पर बहुत बड़ा भरोसा करता है जिन पर यह लागू होता है, और वे हैं इस देश के नागरिक। लोगों की विफलता के लिए संविधान को जिम्मेदार ठहराकर, हम उस इबारत के प्रति अन्याय करते हैं जो केवल तभी बेहतर काम करती है जब, ''हम, जनता जनार्दन'' पूर्ण ईमानदारी से काम करें और संवैधानिक आदर्शवाद के सिद्धंतों को अक्षुण्ण रखें।

संविधान दिवस क्यों महत्वपूर्ण है इसका कारण बहुत सी सरल सा है, यह आपको कहानी सुनाता है। भारत की संवैधानिक यात्रा में उगजे सूरज की कहानी। यह आपको बताता है कि संविधान असंतोष व विरोध को ध्यान में रखकर व बौद्धिक विमर्श के साथ चलकर प्रारूपित किया गया था। यह आपको बताता है कि इस दस्तावेज का निर्माण ऐसे समय पर हुआ था जब वैश्विक राजनीति की गतिशीलता पर पुनर्विचार किया जा रहा था। यह आपको बताता है कि आलोचना के समक्ष, संविधान सभा एक ऐसा दस्तावेज बनाने में सफल रही जो अग्रगामी, आशावादी था और अब तक कई लोकरंजक सरकारों एवं स्वेच्छाचारी नेताओं के प्रकोप को झेलकर भी मजबूती से विद्यमान है। यह आपको बताता है कि, अधिक महत्वपूर्ण रूप से, संविधान की आलोचना दिग्भ्रमित है और जो लोग इसकी पवित्रता को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं उनकी विफलता का अर्थ संविधान की विफलता नहीं है।

भारत का संविधान एक जीवंत दस्तावेज है और उत्तरजीवी रहेगा तथा उन लोगों के लिए खड़ा रहेगा जो कमजोर, वंचित हैं और ऐतिहासिक रूप से शोर शराबे से भरी संसद द्वारा दरकिनार किए जाते रहे हैं। चलिए ऐसे देश के निर्माण का वादा करें जिसका उद्देश्य वहां से निर्माण करना है जहां पर संस्थापकों ने इसे छोड़ा था।

# ध्वनि प्रदूषण का निरंतर बढ़ता खतरा

भारत को पटाखों पर प्रतिबंध के लिए जनान्दोलन करने की आवश्यकता है। जिसे मनोरंजन माना जाता है वह ध्वनि प्रदूषण बढ़ा कर हमारी सामूहिक आत्महत्या बन सकता है।

**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)





**चूंकि सरकार द्वारा पटाखों पर प्रतिबंध या नियंत्रण लगाने का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, इसलिए केन्द्र व राज्य सरकारों को इनके उत्पादन को कठोरता से अत्यधिक सीमित करने के कदम उठाने चाहिए। यदि उद्योग को पूरी तरह बंद न किया जाए तो पटाखों के उत्पादन पर नियंत्रण से खाली कामगारों को अन्य कामों में लगाया जा सकता है। इससे भारी मात्रा में वह पैसा भी बचेगा जो अब पटाखे दगाने में बरबाद हो जाता है। यह ऐसा उद्योग है जिसने समाज को गंभीर नुकसान पहुंचाया है।**

भारत वर्तमान समय में कोविड-19 वैश्विक महामारी का शिकार है जो निर्मम रूप से बढ़ रही है। रोज संक्रमित व मृत लोगों के आंकड़े चिन्ता पैदा करते हैं। अनेक स्थानों, खासकर दिल्ली में वायु प्रदूषण चिन्ताजनक है। इसके कारण लोगों का कोरोनावायरस से खतरा बढ़ रहा है। इससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को स्थाई नुकसान हो रहा है। उम्मीद थी कि इस संकट के आर्थिक प्रभाव दीपावली पर दिखाई देंगे। बड़ी संख्या में भारतीय इसे दीपोत्सव के नाम से मनाते तथा एक दूसरे को मुबारकवाद देते हैं। विदेशों में रहने वाले अनिवासी भारतीय तथा भारतीय मूल के लोग भी इसे मनाते हैं। न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर में भी दीपावली मनाई जाती है। उम्मीद थी कि भारत में लोग दीपावली मनाते समय पटाखों से परहेज करेंगे क्योंकि देश के अनेक भागों में इन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था तथा कुछ हिस्सों में अत्यधिक सीमित किया गया था। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इनके प्रयोग में ज्यादा कमी नहीं आई और 14 नवंबर को दीपावली के दिन तथा कई स्थानों पर एक सप्ताह तक पटाखे दगे।

इससे पैदा भयानक शोर से वृद्ध, दिव्यांग व बीमार लोग प्रभावित हुए। शोर से जानवरों, खासकर कुत्तों को बहुत तकलीफ उठानी पड़ी जिनमें से कुछ तो भय के मारे पागल हो गए। पटाखों से निकलने वाले धुंए ने पहले से गंभीर वायु प्रदूषण को और खतरनाक बना दिया। नियंत्रणों व प्रतिबंधों के बावजूद पटाखे दगाने को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। हालांकि, सिविल सोसाइटी तत्वों, पर्यावरणविदों और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने जनता से इनका प्रयोग न करने का अनुरोध किया था। स्कूली बच्चों ने अनुरोध किया था कि उनका भविष्य खतरे में न डाला जाए। पिछले अनेक वर्षों से पटाखे दगाने के खिलाफ आंदोलन विकसित हो रहा है जो ज्यादा तेज आवाज करने व भारी मात्रा में प्रदूषण बढ़ाने वाले पटाखों पर प्रतिबंध की मांग कर रहा है, लेकिन इसका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है।

आखिर बड़ी संख्या में भारतीय प्रकाश के गरिमामय त्योहार को भयानक शोर पैदा करने वाले मौके में क्यों बदल रहे हैं? वे इस बात से अनजान नहीं हैं कि इसका असर बच्चों और उनके बच्चों पर पड़ेगा। इससे न केवल उनका स्वास्थ्य, बल्कि चरित्र भी प्रभावित हो सकता है। इससे बच्चों में कानून तोड़ने की भावना पैदा होती है। इससे सामाजिक सद्भाव तथा कानून व्यवस्था की समस्या भी पैदा हो सकती है। इससे कानून तोड़ने की भावना खतरनाक रूप से बढ़ सकती है जिसका नतीजा बाद में गंभीर अपराधों के रूप में सामने आ सकता है। पटाखे दगाने में लगे अनेक लोग इसके नतीजे नहीं समझते हैं। उनकी चेतना कम से कम पिछले दो दशकों से मर गई है।

हमें पटाखे दगाने के पीछे छिपी भावना समझनी होगी। व्यक्ति की किसी क्रिया का जन्म उसकी सहज प्रवृत्ति से होता है। कोई भी अपना जीवन बचाने के लिए तेजी आ रहे वाहन से दूर भागता है। पटाखे दगाना एक श्रृंखला का हिस्सा है जिसमें पहले इसे खरीदने का निर्णय किया जाता है। इसके बाद इसके भंडारण व फिर दगाने का नंबर आता है। इनमें से प्रत्येक कृत्य आत्माभिव्यक्ति का माध्यम है। एक फ्रांसीसी दार्शनिक रेने देकार्त ने कहा है कि हम जो सोचते हैं, वैसे बन जाते हैं। इसी प्रक्रिया का विस्तार पटाखे दगाने वाले की इच्छा में दिखता है। उसे लगता हे कि पटाखे दगाना उसके अस्तित्व का अंग है। कभी-कभी पटाखे दगाने में काफी चोट भी लगती है जिसे व्यक्ति के साहस के प्रमाण की तरह पेश किया जा सकता है। इसे प्रतिबंध या नियंत्रण का उल्लंघन करने की इच्छा की तरह भी देखा जा सकता है। इस प्रवृत्ति से विद्रोह की भावना बढ़ती है।

आत्माभिव्यक्ति के अनेक साधन हैं जिनमें कला के अनेक रूप, पेंटिग व फोटोग्राफी, फिल्में बनाना, नाटकों में अभियन करना, लेखन, गायन, नृत्य, वास्तुकला, डिजाइनिंग, आदि हैं। इनमें शामिल होने के लिए प्रशिक्षण, कौशल, प्रयास ओर प्रतिभा तथा काफी समय लगाने की आवश्यकता होती है। लेकिन पटाखे दगाने में इनकी जरूरत नहीं पड़ती है। हालांकि, यह सवाल पूछा जा सकता है कि क्या पटाखे दगाने वाले रचनात्मक गतिविधि में हिस्सा नहीं लेते हैं? कुछ लोग ऐसे हो सकते हैं, हालांकि इस बारे में कोई सर्वेक्षण शायद नहीं है। पटाखे दगाना एक अलग किस्म का व्यवहार है। इस लेखक को ऐसे किसी उपन्यासकार, कवि, नाटककार, पेंटर, फिल्मकार या प्रतिबद्ध फोटोग्राफर की जानकारी नहीं है जिसे पटाखे दगाने में मजा आता हो।

तर्क दिया जा सकता है कि लोग पटाखे इसलिए दगाते आ रहे हैं कि उनको इसमें मजा आता है। क्या समाज के अन्य लोगों को लेखकों, पेंटरों, फिल्म निर्माताओं या फोटोग्राफरों की तरह अपनी मर्जी से आनन्द मनाने या दूसरे शब्दों में पटाखे दगाने का अधिकार नहीं है और क्या उनके काम रचनात्मक नहीं हैं? इनमें बिजनेसमैन, प्रशासक, प्रबंधक, क्लर्क, वकील, डाक्टर, इंजीनियर, आदि शामिल हैं। निश्चित रूप से वे रचनात्मक काम करते हैं, लेकिन पटाखे दगा कर वे सार्वजनिक स्वास्थ्य व पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसी स्थिति में मनोरंजन का अर्थ सामूहिक आत्महत्या के लिए स्वेच्छा से प्रवृत्त होना हो सकता है। सवाल यह उठता है कि क्या हम ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देना चाहते हैं? ऐतिहासिक रूप से अनेक संस्कृतियों ने आत्माभिव्यक्ति के रूप में जायकेदार भोजन तथा नशीले पेयों को बढ़ावा दिया है। एक सीमा के भीतर ऐसा करने में कुछ गलत नहीं है। इससे मांग पैदा होती है जिसकी संतुष्टि से अर्थव्यवस्था की प्रगति में योगदान होता है तथा रचनात्मक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलता है। वर्तमान मामले में पटाखा उद्योग ने हजारों लोगों को रोजगार दिया है जो इसके निर्माण व उत्पाद के वितरण में लगे हैं।

लेकिन यह ऐसा उद्योग है जिसने समाज को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। साल दर साल दीपावली के समय तथा इसके कुछ दिन पहले व बाद में पटाखों के प्रयोग में भारी कमी की बात की जाती है। लेकिन इससे अब तक लगभग कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। हर साल पटाखों की सप्लाई बेरोकटोक जारी रहती है और इसका आयाम लगातार बढ़ रहा है।

चूंकि सरकार द्वारा पटाखों पर प्रतिबंध या नियंत्रण लगाने का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, इसलिए केन्द्र व राज्य सरकारों को इनके उत्पादन को कठोरता से अत्यधिक सीमित करने के कदम उठाने चाहिए। यदि उद्योग को पूरी तरह बंद न किया जाए तो पटाखों के उत्पादन पर नियंत्रण से खाली कामगारों को अन्य कामों में लगाया जा सकता है। इससे भारी मात्रा में वह पैसा भी बचेगा जो अब पटाखे दगाने में बरबाद हो जाता है।

इस बीच पटाखों के प्रयोग पर कठोर नियंत्रणों की मांग करने वाले सिविल सोसाइटी संगठनों, व्यक्तियों तथा स्कूली बच्चों को अपने प्रयासों में अनवरत रूप से तेजी लानी चाहिए। उनका लक्ष्य एक राष्ट्रव्यापी नागरिक आंदोलन खड़ा करना होना चाहिए। यह आंदोलन इतना सशक्त होना चाहिए कि उसे केन्द्र व राज्य सरकारें तथा पटाखों के निर्माता, वितरक व पटाखे दगाने वाले अनदेखा न कर सकें।

# मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान पत्नी संग पहुंचे प्रयागराज

● ससुर घनश्याम दास मसानी की अस्थियों को संगम में किया विसर्जित



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को अपने ससुर की अस्थियां लेकर संगम नगरी पहुंचे। गोंदिया महाराष्ट्र से विशेष विमान से सुबह बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे सीएम शिवराज सिंह चौहान कार से सीधे संगम गए। जहां उन्होंने प्रयागराज के गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती संगम में परिवार वालों के साथ विधि विधान से ससुर घनश्याम दास मसानी की अस्थियों को संगम में विसर्जित किया। सीएम के साथ उनकी पत्नी भी प्रयागराज आयीं थीं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के ससुर घनश्याम दास मसानी का 19 नवंबर को निधन हो गया था। वह 88 वर्ष के थे। ससुर के अस्थि कलश को लेकर सीएम शिवराज सिंह चौहान चार्टर्ड प्लेन से शनिवार को यहां प्रयागराज पहुंचे थे।एयरपोर्ट पर उनकी अगवानी कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने गुलदस्ता भेंट कर किया। बता दें कि मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान के ससुर घनश्याम दास मसानी संघ के सक्रिय स्वयंसेवक भी रहे हैं। उधर प्रयागराज आगमन पर भाजपाइयों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत किया।भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में बमरौली एयरपोर्ट पर भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विभव नाथ भारती राजेश केसरवानी राजू पाठक विवेक अग्रवाल रमेश पासी वरुण केसरवानी विश्वास श्रीवास्तव ज्ञान बाबू केसरवानी दीनानाथ कुशवाहा आदि रहे।

# पीएम के आगमन से पूर्व अधिकारियों संग एसपीजी ने लिया तैयारियों का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● खजुरी में हैलिकॉप्टर की लैंडिग करा अधिकारियों ने जांची तैयारी



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की मिर्जामुराद के खजुरी में प्रस्तावित सभा व देव दीपावली के अवसर पर दीपदान की तैयारियों अंतिम दौर में है। शनिवार को आला अधिकारियों के ने खजुरी में हैलिकॉप्टर की लैंडिंग कराकर तैयारियों की जांच पड़ताल किया। अधिकारियों ने तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए हैं। एसपीजी के अधिकारी भी वाराणसी पहुंच गए हैं। एसपीजी के अधिकारियों ने शनिवार दोपहर आयोजन स्थल का दौरा कर तैयारियों के बारे में जानकारी हासिल किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा की तैयारियों का जायजा स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने लिया है। पीएम के कार्यक्रम के दौरान शहर में चप्पे-चप्पे पर एसपीजी की नजर रहेगी। जिला प्रशासन एसपीजी के अधिकारियों ने खजुरी में आयोजित होने वाले पीएम कार्यक्रम स्थल सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से जांचा परखा। डीएम कौशल राज शर्मा व एसएसपी अमित पाठक से जानकारी हासिल की। एसपीजी के 50 सदस्यीय अधिकारियों का दल विशेष विमान से काशी पहुंच चुका है। एसपीजी ने एयरपोर्ट के मुख्य टर्मिनल भवन सहित महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण करने के बाद कान्फ्रेंस हाल में टीम ने स्थानीय अधिकारियों के साथ एडवांस सिक्योरिटी लाइजनिंग (एएसएल) बैठक की। अधिकारियों ने सारनाथ में प्रस्तावित स्थल पुरातात्विक खंडहर परिसर का निरीक्षण किया। आईजी ने धमेख स्तूप के उत्तर दिशा में ग्रीन हाउस, पीएमओ हाउस व शेफहाउस बनाने की बात कही है। एसपीजी की टीम ने मालवीय पुल के करीब डुमरी में बन रहे हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। पीएम मोदी मिर्जामुराद की खजुरी में जनसभा को सम्बोधित करने के बाद पीएम हेलीकाप्टर से डोमरी गांव पहुंचेंगे। यहां बाबा अवधूत भगवान राम घाट से नाव पर सवार होकर राजघाट जाएंगे। देव दीपावली पर काशी आ रहे पीएम मोदी प्रयागराज-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग देश को समर्पित करेंगे। खजुरी में आयोजित होने वाली पीएम मोदी की जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा की ओर से भी तैयारी की जा रही है। जिला प्रशासन पीएम की आगवानी आयोजन स्थल पर फुल प्रुफसुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय किए हैं। प्रकाश पर्व देव दीपावली के अवसर पर पीएम नरेन्द्र मोदी 30 नवंबर को काशी आ रहे हैं। पीएम मोदी राजघाट पर पहला दीप जलाएंगे इसके बाद गंगा तट के घाटों पर करीब 15 लाख दीपों की रोशनी से जगमग होंगे। कार्तिक पूर्णिमा को बुध पूर्णिमा भी कहा जाता है। दीस दीन देव दीपावली पर गंगा तट के अलौकिक दृश्य को देखने देश विदेश सैलानी काशी आते हैं लेकिन इस बाद कोरोना के चलते घाटों पर अतिरिक्त सुरक्षा की जाएगी। देव दीपावली के मौके पर गंगा घाटों पर दीपदान की मान्यता है। देव दीपावली के अवसर पर दीयों की रोशनी से नहाए घाट स्वर्ग की अनुकृति लगते हैं। पीएम मोदी के दौरे के स्थानों को सजाया संवारा जा रहा है। सड़क के डिवाइडर की रंगाई पुताई का कार्य पहले ही पुरा किया जा चुका है। सड़कों के डिवाइडर पर गमलों में पौधे सजाए गए है। नगर निगम के कर्मचारी घाटों के अलावा सारनाथ से लेकर राजघाट तक सजाने सवांरने में जुटे हैं। इस देव दीपावली पीएम मोदी तीन लोकों से न्यासी काशी के गंगा तट पर दीपदान करेंगे। पीएम की खजुरी में जनसभा अभुतपूर्व होगी। पीएम की जनसभा में सोशल डिस्टेंसिंग का पलान कराया जाएगा। गंगा नदी में पानी की लहरों पर लेजर शो के माध्यम से काशी में शिव महिमा व गंगा अवतरण का प्रदर्शन किया किया जाएगा।

## ड्रोन कैमरे उड़ाने पर डीएम ने लगाई पाबन्दी

**वाराणसी।** जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने जिले में ड्रोन उड़ाने पर पाबन्दी लगा दी है। जिला सूचना अधिकारी ने डीएम के हवाले से प्रेस नोट जारी कर बताया है कि जनपद में 30 नवम्बर को मनाये जाने वाले देव.दीपावली पर्व पर गंगा घाटों पर काफी अधिक मात्रा में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है साथ ही जनपद वाराणसी में बाहर से भी कई पर्यटक श्रद्धालु इस पर्व पर वाराणसी में आते हैं को दृष्टिगत दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 का प्रयोग करते हुए जनपद वाराणसी की संवेदनशीलता एवं जन.सामान्य की सुरक्षा के दृष्टिगत पूरे जनपद में 28 नवम्बर से एक दिसम्बर तक ड्रोन कैमरे को उड़ाने इसके संचालन को पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया है।

# अधेड़ की हत्या कर शव नदी किनारे फेंका

● जनपद न्यायालय का अमीन बताया जा रहा मृतक

**मालीपुर, अम्बेडकरनगर।** थाना क्षेत्र के नेंपुर घाट पर मझुई नदी में एक अंज्ञात युवक का प्लास्टिक में लिपटा शव पानी में उतराता पाए जाने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी बाहर निकाला। गले मिले चोट के निशान हत्या की ओर इशारा कर रहे थे। साथ ऐसा प्रतीत होता है कि हत्या अन्यत्र कहीं की गई और शव को चलते वाहन से नदी के पानी में फेंक दिया होगा ताकि पानी के बहाव के साथ शव दूर निकल जाय किंतु नदी में पानी की कमी के कारण शव फेके गए स्थान पर ही पड़ा रहा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी एसडीएम जलालपुर एमपी सिंह, कोतवाल अकबरपुर अमिय प्रताप सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्यवाही करने का यस ओ विवेक वर्मा को निर्देश दिया। मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार सुबह नेमपुर घाट पर मझुई नदी में प्लास्टिक में लिपटा हुआ एक युवक का शव पानी में उतराता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से निकाल कर शिनाख्त करने का प्रयास किया किन्तु शव की पहचान नहीं हो सकी। जिसपर अज्ञात में पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। मालीपुर पुलिस द्वारा मृतक की फोटो वाइरल किए जाने पर उसकी शिनाख्त आशीष शुक्ल जनपद न्यायालय के अमीन क्लार्क के रूप में हुई। जो अकबरपुर के मुरादा मुहल्ले में रहते थे, बताया जा रहा है कि मृतक सुक्रवार की रात्रि 11 बजे अपनी निजी वाहन से घर से निकला था और शनिवार सुबह उसका शव यहां पया गया।ये तथ्य मृतक की पत्नी सोनू शुक्ला द्वारा अकबरपुर कोतवाली में अशीष के गायब होने के संदर्भ में दी गई तहरीर में आया है। एस ओ विवेक वर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है और मौत की वजह का पता लगाया जा रहा है।

# विभिन्न धर्म के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने की बैठक

**अयोध्या।** शासन के निर्देश के क्रम में आज जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कोविड.19 प्रोटोकाल का पालन करने एवं कराने हेतु समाज के विभिन्न लोगो के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। इसमें सरकारी विभागो के अलावा व्यापार मंडल, सन्त समाज, विभिन्न धर्मो के धर्मगुरूओ, रेलवे, आईएमए, जिला बार एशोसिएन आदि विभाग के मुख्य रूप से विभिन्न धर्म के प्रतिनिधियो के साथ बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि हम लोग विगत 23 मार्च से कोविड.19 महामारी से बचने के लिए कार्य कर रहे है इसमें सभी का सहयोग मिला है लेकिन हमे और सहयोग की आवश्यकता है। जिसमें मास्क पहननेए सेनेटाइजर प्रयोग करने और सोशल दो गज की दूरी मेनटेन करने में अपनी अहम भूमिका निभाये। धर्मगुरू अपने अपने अनुवाईयो से बिना मास्क मंदिर एवं मस्जिद न आने की अपील करे तथा उसका अनुपालन कराये। हमारी सरकार एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा चिन्ता व्यक्त की जा चुकी है। सरकारी एवं निजी आस्पतालो में आने वालो लोगो मे जिसमें कोविड के लक्षण मिलते है उसका शत.प्रतिशत जॉच कराये। कोविड हेल्प डेस्क पर सेनेटाइजर मास्क आदि की भी व्यवस्था की जाये। हमारे तरफ से ऐसी व्यवस्था की जाए कि मास्क पहननेए दो गज की दूरी मेनटेन करने सेनेटाइजर प्रयोग करने में कोई लापरवाही न हो। दिल्ली सहित अन्य प्रदेशो से आने वाले यात्रियो की रेलवे स्टेशनए रोडवेज पर भी चेकिंग की जाये जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पुलिस कर्मचारी भी होंगे। वकील साहेबान न्यायालय में आने वाले वादाकारियो को मास्क लगाकर आने, दुकान पर सामान क्रय हेतु आने वाले ग्राहको, बाजार में आने.जाने वाले व्यक्तियो को अनिवार्य रूप से मास्क लगाकर निकलने के लिए प्रेरित करे। मास्क लगाने से ही हम ज्यादातर बीमारी को भगा देते है। इस अवसर पर डीआईजीध्वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार ने कहा कि अयोध्या जी को कोरोना मुक्त करने की जिम्मेदारी आप सभी अयोध्या वासियो की है हम अधिकारी लोग आप के फैसीलेटर है। हमारा मुख्य उद्देश्य आपके सहयोग में आपको बेहतर शासन देना। कानून का राज्य स्थापित करनाए तथा महामारी से लड़ने के लिए और ताकत देना है। हम सभी को एर्लट रहने की जरूरत है हमे मास्क पहनना और 06 फिट की दूरी मेनटेन करना आवश्यक है इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही न बरती जाये। व्यापारी वर्ग अनिवार्य रूप से मास्क पहने हुए ग्राहको को सामान देए तथा वकील सहबानए डाक्टर सहबान तथा धर्म गुरू महानुभाव अपने लोगो से मास्क पहनकर ही बाहर निकलनेए संवाद करने या कोई कार्य करने का अह्वान किया। शासन से जो निर्देश प्राप्त हुए है जिसमें हमे कोविड प्रोटोकाल का पालन कराना है। पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से 29 नवम्बर 2020 से इम्फोर्समेन्ट लागू करेगा इसके बीच हमे आप सभी लोगो से आवश्यक सम्वाद स्थापित कर कार्य करना चाहिए तथा कोविड मुक्त के लिए संकल्प लेना चाहिए। इस बैठक में कोविड के सम्बन्ध में जो जिला कन्ट्रोल रूम के प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रथमेश कुमार ने विभिन्न बिन्दुओ पर जानकारी दी तथा कहा कि प्रदेश के अन्य जनपदो के अपेक्षा इस जनपद की स्थिति बेहतर है जहॉ पहले प्रत्येक दिन में 100 से अधिक मरीज आते थे पर आज 10 के आस.पास आते है। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 घनश्याम सिंह ने कहा कि आस्पतालो, पीएचसी, सीएचसी, यूपीएचसी, जिला चिकित्सालय, मेडिकल कालेज आदि में चिकित्सा की पर्याप्त व्यवस्था है, कोई भी जाकर अपना कोविड टेस्ट करा सकता है तथा पूरी सुविधा दी जायेगी।

## क्विक न्यूज

### एलएलबी प्रवेश में 104 अभ्यर्थियों ने कराई काउंसिलिंग

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में एलएलबी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश की काउंसिलिंग में आज 28 नवम्बरए 2020 को 104 अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए काउंसिलिंग कराई। काउंसिलिंग में 151 से लेकर 300 रैंक तक अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। कोविड.19 के अनुपालन में संत कबीर सभागार में प्रातः 11 बजे काउंसिलिंग शुरू हुई। प्रवेश समन्वयक प्रो0 विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में एलएलबी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग में आज 104 अभ्यर्थियों ने विभिन्न कालेजों के लिए काउंसिलिंग कराई। दिनांक 01 दिसम्बर 2020 को 301 से 500 रैंक तक अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। इसकी सूचना अभ्यर्थियों को एसएमएस के माध्यम से प्रदान कर दी गई है। काउंसिलिंग में विधि संकायाध्यक्ष डॉ0 अशोक कुमार रायए प्रो0 शैलेन्द्र कुमारए डॉ0 डीएन वर्मा, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 शशि सिंह, डॉ0 नीलम सिंह, डॉ0 अजय कुमार सिंह, सुभाष चन्द्र विश्वकर्मा, विवेक कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### वध के लिए ले जाये जा रहे 22 गोवंश बरामद, दो गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** टाण्डा पुलिस ने ट्रक में लादकर ले जाये जा रहे 22 गोवंशो को बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद गोवंशो को वध के लिए बिहार ले जाया जा रहा था। वरिष्ठ उपनिरीक्षक सर्वेन्द्र स्थाना व उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने मुखबिर की सूचना पर घेराबन्दी कर नगर में प्रवेश कर रहे एक ट्रक को रोकवाया। तलाशी में ट्रक में 22 गोवंश लादे गये पाये गये। ट्रक चालक उमेश चन्द्र यादव निवासी सरपतहा जिला जौनपुर व क्लीनर सादिक अली निवासी पटरंगा जनपद अयोध्या ने बताया कि वे गोवंशो को फतेहपुर से खरीद कर बिहार पंहुचाते हैं। पुलिस ने दोनों को पशु क्रूरता अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया। गोवंशो को निकट की गौशाला में भेज दिया गया है।

### नदी में मिला शव

**आलापुर अम्बेडकरनगर।** सरयू नदी में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मामला जिले के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के बिड़हरघाट सेतु का है।जहां शनिवार को सरयू नदी में एक व्यक्ति का शव उतराता हुआ देखा गया। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।शव की शिनाख्त आलापुर थाना क्षेत्र के रामनगर महुवर गांव निवासी राजबहादुर पुत्र श्यामबली के रूप में हुई है।

### ट्रेन की टक्कर से सीआरपीएफ जवान की मौत

**अम्बेडकरनगर।** साथी की हुई मौत के मामले में जाँच के लिए आये सी आर पी एफके जवान की ट्रेन की टक्कर से मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। इस घटना को लेकर पत्नी व परिवार के लोगो का रो - रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार भीटी थाना क्षेत्र के महापारा निवासी 36 वर्षीय विश्वनाथ दुबे पुत्र सियाराम दुबे केंद्रीय रिजर्ब पुलिस फोर्स में कार्यरत थे, वर्तमान में उनकी तैनाती काश्मीर में थी। पांच दिन पूर्व विश्वनाथ एक जवान की हुई मौत के मामले में जांच के लिए आया हुआ था। शुक्रवार की रात में वह ट्रेन से उसी सिलसिले में कही जा रहा था , अकबरपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिम बनगांव रेलवे क्रॉसिंग के निकट ट्रेन की टक्कर लग गई जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। आसपास के लोगो की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के जेब में मिली मोबाइल से घर वालो की इसकी जानकारी दी थी। अचानक हुई इस घटना से घर वालो का रो-रो कर बुरा हाल था।

### राज्यसभा सदस्य शिव प्रताप आज आयेंगे

**गोरखपुर।** राज्यसभा सदस्य व पूर्व वित्त राज्य मंत्री भाजपा के मुख्य सचेतक शिव प्रताप शुक्ला अपने आठ दिवसीय दौरे पर गोरखपुर रविवार को पहुंचेंगे। आठ दिवसीय दौरे के दौरान विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। 29 नवंबर को सुबह 9:15 पर दिल्ली से प्रस्थान करने के बाद 11 बजे गोरखपुर आगमन होगा। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को 2 बजे स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात और 4 बजे व्यक्तिगत मांगलिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इनके मुख्य कार्यक्रमों में 2 दिसंबर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स का निरीक्षण है। 3 दिसंबर को आकाशवाणी गोरखपुर का भी निरीक्षण करेंगे। श्री शुक्ला द्वारा प्रतिदिन स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में वह कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनेंगे और उसके समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही भी करेंगे।

### मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

**गोरखपुर।** मंडलायुक्त जंयत नार्लीकर ने एमएलसी चुनाव को लेकर चरगावां विकास खण्ड पर बने बूथ का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यहां बूथ पर किसी भी तरह कोई समस्या नहीं रहना चाहिए । सभी वोटरों को सोशल डिस्टेंस और मास्क का पालन करने के लिए ध्यान देने के लिए कहा। चरगावां विकास खण्ड के ब्लाक प्रमुख सुनील पासवान ने कहा कि इस बूथ पर किसी तरह कोई समस्या नहीं होगी। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. संजीव दीक्षित, कानूनगो घनश्याम शुक्ला, खण्ड विकास अधिकारी कृतिका अवस्थी, एडीओ पंचायत श्रीकृष्ण वर्मा, बृजेश राय आदि उपस्थित रहें।

### टैंकर पलटा, पेट्रोल लूटने की होड़

**गोरखपुर।** जनपद में कौवाबाग रेलवे पुलिस चौकी के पास पेट्रोल से भरा एक टैंकर सामने से आ रहे एक ट्रक को बचाने की कोशिश में अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना के बाद टैंकर क्षतिग्रस्त हो गया और सड़क पर पेट्रोल बहने लगा। वहां आस-पास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोग घरों से खाली बोतल, गैलन वगैरह ले आए और पेट्रोल लूटने लगे। उनमें में पेट्रोल लूटने की होड़ मच गई। मौके पर पुलिस पहुंची ने ट्रैफिक को रुकवाया और फायर बिग्रेड को सूचना दी। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैंकर मुगलसराय से सोनौली ले जाया जा रहा था। टैंकर, मोहद्दीपुर की तरफसे असुरन की ओर जा रहा था कि कौवाबाग चौकी के सामने अचानक एक ट्रक आ गया। उसे बचाने के चक्कर में टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ड्राइवर उमेश कहार को हल्की चोट भी आई है। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त टैंकर से पेट्रोल तेजी से बहने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल ड्राइवर की मरहम पट्टी कराई और फायर बिग्रेड को सूचना दी। उधर, सड़क पर बह रहे पेट्रोल को भरने के लिए लोगों में होड़ मच गई। बोतल, गैलन, बाल्टी, डिब्बा जिसे जो मिला उसी में पेट्रोल भरने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।

### शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन सम्पन्न

**बागरमऊ उन्नाव।** मिशन प्रेरणा के अन्तर्गत शिक्षक संकुल केंद्र उच्च प्राथमिक विद्यालय धन्नापुरवा सकरौली में आज मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मिशन प्रेरणा लक्ष्य 31 मार्च 2022 तक प्राप्त करने हेतु चर्चा की गई। शिक्षक संकुल देवेन्द्र सिंह ने सभी शिक्षको को बताया कि अधिक से अधिक संख्या में दीक्षा ऐप, रीड एलांग ऐप, व्हाट्स ऐप के माध्यम से बच्चो को शिक्षित करे। कोरोना काल को देखते हुए ई पाठशाला में अभिभावकों के द्वारा बच्चो को गृहकार्य दिया जा रहा है। बैठक में देवेन्द्र सिंह, कोमल यादव, संतोष कुमार, अनुज रावत, आशीष यादव, शिखा सिंह, राजिया खातून, मंजू सिंह, सुशील कुमार, स्वेता त्रिवेदी, अरुण कुमार उपस्थित रहे।

## प्रदेश में किसानों के लिए पुर्नसंरचित आधारित फसल बीमा योजना

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुर्नसंरचित मौमस आधारित फसल बीमा योजना को लागू करने के लिये अधिकृत किया है। यह योजना रबी सीजन के लिये गाजीपुर वाराणसी मिर्जापुर और सोनभद्र में ऋणी और गैर ऋणी किसानों के लिये है। पुर्नसंरचित मौसम आधारित फसल बीमा योजना आर ड्ब्ल्यू बीसी आइ एस के अंतर्गत सभी उत्पादों को डिपार्टमेंट ऑफ हॉर्टीकल्चर एवं फॉर्म फॉरेस्ट्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है। एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी जो कि निजी क्षेत्र में भारत की तीन सबसे बड़ी गैर जीवन बीमा सेवा प्रदाता है। उल्लेखित जिलों में इस स्कीम के अंतर्गत कवर की गई फसलों में हरा मटर टमाटर और आम शामिल है। आरड्ब्ल्यूबीसीआइएस द्वारा मौसमी आपदाओं में कवर जैसे कि कम या भारी बारिश कवर कंजीक्यूटिव ड्राई डे कवर रिलेटिव ह्यूमिडिटी कवर की पेशकश की जाती है। जिसे कृषि विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है।

# देवरिया गांव में हुए हत्याकांड का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**जनपद में** अपराध एवं अपराधियो पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश में व पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी खजनी के निर्देशन में थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार सिंह सिंह मय पुलिस फोर्स के मु.अ.सं. 475/20/20 धारा 147/148/ 149/452/ 323/ 504/ 302/308/34 भादवि. से सम्बन्धित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु कुआवल पुल पर मौजूद थे, कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर विरेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र लालबिहारी विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा पुत्र स्व. श्लोक विश्वकर्मा, दयाराम विश्वकर्मा पुत्र स्व. श्लोक विश्वकर्मा निवासीगण देवरिया थाना हरपुर बुदहट को भीटी तिराहे से गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर को देवरिया गांव में आरकेस्ट्रा में हुई बच्चों के विवाद को लेकर प्रतिवादी गण द्वारा एक राय होकर लाठी, डण्डा, छड़ व असलहे से लैश होकर घर में घूसकर गाली गुप्ता देते हुए बुरी तरह से मारने पीटने लगे पिता विजय प्रताप की मृत्यु हो गई व अन्य तीन को गम्भीर चोट लगी। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर वादी आभाष सिंह की तहरीर के आधार पर रामअचल यादव उपरोक्त आदि 11 नफर व 2 व 3 तीन व्यक्ति और नाम पता अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ था। उक्त घटना में नामजद 3 अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. प्रहलाद गौड़, का. इसराफिल अहमद, अंशुमान यादव, सद्दाम हुसैन शामिल रहें।

## बीएचयू में शोध प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होगा ओबीसी शिक्षक प्रतिनिधि

**वाराणसी।** बीएचयू में शोध प्रवेश प्रक्रिया के साक्षात्कार बोर्ड में अब ओबीसी का शिक्षक प्रतिनिधि शामिल होगा। काशी हिन्दू विवि प्रशासन ने पीएचडी प्रवेश के बाबत संकायाध्यक्षों को पत्र भेजा है। बीएचयू के प्रो. एमपी अहिरवार के मुताबिक में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में मौखिक परीक्षा के नाम पर अभ्यर्थियों से भेदभाव की शिकायत होती हे। इसके विरुद्ध बीएचयू के बहुजन छात्रों की ओर से लगातार संघर्ष कर रहे थे। इस संदर्भ में उपकुलसचिव (शिक्षण) पुष्यमित्र द्विवेदी ने सभी संकाय प्रमुखों को पत्र भेजा है। पत्र में पीएचडी प्रवेश में साक्षात्कार खत्म करने और विश्वविद्यालय स्तर पर संयुक्त शोध प्रवेश परीक्षा कराने पर विभिन्न विभागों से राय मांगी गयी है ताकि निर्णय लिया जा सके। बीएचयू के प्रोफेसर महेश प्रसाद अहिरवार ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि बीएचयू प्रशासन द्वारा शोध प्रवेश प्रक्रिया में ओबीसी वर्ग का शिक्षक प्रतिनिधि रखे जाने का फैसला स्वागत योग्य है।

# अल्पसंख्यकों ने थामा भाजपा का दामन

**अयोध्या।** अयोध्या विधानसभा के खुर्दमहल मोहल्ले में अल्पसंख्यक समुदाय के तीन दर्जन लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रति समर्पित होकर सदस्यता ग्रहण की। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व अयोध्या जिला अध्यक्ष महानगर अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में इन सभी ने भाजपा का झण्डा थाम कर पार्टी में आस्था व्यक्त की। इस मौके पर उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुये अभिषेक मिश्रा ने कहा कि आप सभी लोगों के हक व हकूक के लिए हम सभी लोग लगातार प्रयास करते रहेगें और पार्टी में आप सभी को उचित सम्मान मिलेगा। अयोध्या विधायक वेद गुप्ता ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रभावशाली क्षमता की कद्र करते हुये जो अल्पसंख्यक समुदाय के लोग आज शामिल हुये उन सभी के सम्मान की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। मीडिया प्रभारी देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि आज भाजपा अयोध्या महानगर के जिला अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के एक वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम रखा गया है। शहर अदीब एसएस हैदर साहब व मो0 आजम साहब के साथ शामिल हुये सभी साथियों का भाजपा परिवार स्वागत करता है। शामिल होने वाले लोग रजी हुसैन, नर्हम भाई, मो0 डावर, मो0 मुस्ताक, नबाव हुसैन, नसीम खां, साहबे आलम, रजी मुन्ना, मिनी कमर, रजी हैदर, उस्मान अली, सैय्यद जुलफिकार, असलम, अनस हुसैन, सर्हद आलम, पप्पू हुसैन, गुड्डू हुसैन, उवेद आलम, अनीस जाफरी आदि लोग शामिल रहे। इस कार्यक्रम में देवकाली मण्डल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष हरभजन गोंड, उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री मोनू मिर्जा, चंदन कसेरा, हेमन्त जायसवाल व सुनीता उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## कार्तिक पूर्णिमा के मद्देनजर डीएम एसपी पहुंचे बक्सर घाट, किया स्थलीय निरीक्षण

**उन्नाव।** कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा किनारे लगने वाले मेले के मद्देनजर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक आनंद कुलकर्णी ने तहसील पाटन अंतर्गत बक्सर स्थित चंद्रिका घाट का स्थलीय निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को निद्रेश दिए कि कोविड-19 के चलते इस वर्ष मेले का आयोजन स्थगित किया गया है। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कहा कि कोरोना संक्रमण को नियन्त्रण करने हेतु यह आवश्यक कदम साबित होगा। चंद्रिका देवी गंगा नदी के किनारे कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालुस्नानार्थी गंगा स्नान हेतु पहुंचते रहे है। इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कोरोना वैश्विक महामारी को दृष्टिगत रखते हुए लगने वाला कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन स्थगित कर दिया गया है। मेले में दुकान लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु कोविड-19 का पालन करते हुए स्नान दान कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने गंगा घाट में मेले की साफसफाई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि भारी मात्रा में पुलिस बल लगाकर कोविड-19 का पालन कराया जाय।

# कर्मचारियों को पेंशन नहीं तो विधायकों की पेंशन भी हो खत्मः डॉ. हरि प्रकाश यादव

● अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं झांसी खंड स्नातक चुनाव के प्रत्याशी ने कहा किसी भी कीमत पर बहाल कराएंगे पेंशन



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**पिछले चार** सालों से निरंतर पुरानी पेंशन को बहाल किए जाने की मांग को लेकर संघर्षरत अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक चुनाव के प्रत्याशी डा हरि प्रकाश यादव ने शनिवार को कहा कि इस चुनाव में राजनैतिक दलों का पूरी तरह से स्नातकों को बहिष्कार करना चाहिए। जातिवाद परिवारवाद को छोड़कर सिर्फ और सिर्फ मुद्दों को ध्यान देना चाहिए। आज मीडिया से मुखातिब डा हरि प्रकाश यादव ने कहा कि सरकार को विधायकों की पेंशन भी पूरी तरह खत्म करनी चाहिए। डा हरि प्रकाश ने केंद्र सरकार के निजीकरण के निर्णय का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि निजीकरण करना है तो मंत्रियों और नेताओं के साथ चलने वाले सुरक्षा कर्मियों तथा सरकारी तंत्र का निजीकरण किया जाना चाहिए। इस फिजूल खर्ची को कम किया जाना चाहिए। यह भी कहा कि स्नातक चुनाव का प्रत्याशी स्नातक होना चाहिए जो स्नातकों के दर्द को समझ सकें न कि कोई नेता हो जो स्नातक बेरोजगारों और शिक्षक कर्मचारियों का ध्यान रख सकें। उन्होंने कहा कि अटेवा सभी आठ सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। अगर वह विजयी होते हैं तो वह इन सभी मुद्दों और समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाएंगे। यह चुनाव अब सत्ता बनाम मुद्दा हो गया है। प्रेसवार्ता में कौशल्यानंद गिरि उर्फटीना मां पूर्व अपर आयुक्त आबकारी कृष्ण चंद्रा निदेशक मानव शोध संस्थान राजीव मिश्र पूर्व अपर आयुक्त जितेंद्र कुमार पूर्व कमिश्नर आर एस वर्मा डा ज्ञान प्रकाश सिंह वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति के संरक्षक श्याम सुंदर सिंह पटेल मनोज पांडेय पूर्व उपाध्यक्ष शिक्षा निदेशालय कर्मचारी संघ प्रदीप सिंह आशीष गुप्ता राजेन्द्र त्रिपाठी जवाहर लाल विश्वकर्मा आदि रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में महिला की मौत, पांच घायल


**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर ग्राम महराजपुर के निकट दो बाइकों में जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि किशोरी समेत आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महरजापुर निवासी झम्मन लाल पुत्र सुखलाल अपनी पत्नी रीता व पुत्री राखी तथा रिश्तेदार सुनील के साथ बाइक से बांगरमऊ की बाजार आया था। घर लौटते समय सर्विस लेन पर गाँव के लिए मुड़ते समय पीछे से आ रही दूसरी बाइक से जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार रीता 32 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मृतका के पति झम्मन लाल, पुत्री राखी, रिश्तेदार सुनील को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार नत्थू, नत्थू का पुत्र रामू व माँ रामदेवी निवासी ग्राम पाठक पुरवा मल्लावां, भी घायल हो गये। घायलो में रामदेवी की हालत नाजुक देख उन्हें भी जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं मामूली रूप से घायल नत्थू व रामू को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# कोरोना के 41,322 नए मामले, 485 की मौत

## ● देश में कोविड 19 से मृतक संख्या बढ़कर 1,36,200 हो गई

**भाषा।** नई दिल्ली



**देश** में एक दिन में कोरोना वायरस के 41,322 नए मामले सामने आने के साथ संक्रमण के मामले 93.51 लाख के पार चले गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक अब तक 87,59,969 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं तथा ठीक होने वाले लोगों की राष्ट्रीय दर बढ़कर 93.68 फीसदी हो गई।

आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण के कुल मामले 93,51,109 हैं जबकि 485 और संक्रमितों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 1,36,200 हो गई। कोरोना वायरस से संक्रमित 4,54,940 लोगों का इलाज चल रहा है। लगातार 18वें दिन उपचाराधीन मामलों की संख्या पांच लाख से कम बनी हुई है। इलाज करवा रहे मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 4.87 फीसदी है। कोरोना वायरस के कारण मरने वालों की दर 1.46 फीसदी है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी। वहीं, कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईसीएमआर) के मुताबिक 27 नवंबर तक 13.82 करोड़ नमूनों की जांच की जा चुकी है जिनमें से 11,57,605 नमूनों की जांच शुक्रवार को की गई। पिछले एक दिन में संक्रमण से मौत के 485 नए मामलों में 98 दिल्ली से, 85 महाराष्ट्र से, 46 पश्चिम बंगाल से, 29 हरियाणा से, 27 पंजाब से और उत्तर प्रदेश तथा केरल से 23-23 मामले सामने आए हैं। देश में अब तक मौत के कुल ।,36,200 मामलों में 46,898 महाराष्ट्र से, 11,738 कर्नाटक से, 11,681 तमिलनाडु से, 8,909 दिल्ली से, 8,270 पश्चिम बंगाल से, 7,697 उत्तर प्रदेश से, 6,976 आंध्र प्रदेश से, 4,737 पंजाब से, 3,938 गुजरात से और 3,224 मध्य प्रदेश से आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

## मिग-29 के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद लापता पायलट की तलाश जारी

**मुंबई।** भारतीय नौसेना के मिग-29के लड़ाकू विमान के अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से लापता पायलट निशांत सिंह की तलाश जारी है। पश्चिमी नौसेना कमान के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि पायलट कमांडर निशांत सिंह की खोज में और अधिक जमीनी यंत्र और विमान लापता लगाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा था कि रूसी मूल के लड़ाकू विमान ने विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य से उड़ान भरी थी और बृहस्पतिवार शाम करीब 5 बजे नीचे गिर गया। भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा था कि विमान के एक पायलट को बचा लिया गया, जबकि कमांडर निशांत सिंह के लिए तलाशी अभियान जारी है। आईएनएस विक्रमादित्य मालाबार अभ्यास के दूसरे चरण का हिस्सा था जिसमें भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं शामिल थीं।



अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के 551 जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित नगर कीर्तन में शामिल लोग

# इथेनॉल की सरकारी मांग से चीनी मिलों में उत्पादन बढ़ा

**भाषा।** मुंबई

**इथेनॉल** पर केंद्र के जोर से ऐसा प्रतीत होता है कि चीनी मिलों ने गन्ना पेराई का काम बढ़ा दिया है क्योंकि महाराष्ट्र की 149 मिलों में इस साल पेराई की शुरुआत के एक पखवाड़े के भीतर एक करोड़ नौ लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्र ने 2018 में चीनी मिलों को गन्ने के रस से सीधे इथेनॉल के उत्पादन की अनुमति दी थी। उसके पहले इसके लिए शीरा के इस्तेमाल पर प्रतिबंध था। हाल ही में केंद्र सरकार ने इथेनॉल उत्पादन के लिए गेहूं और चावल के पुराने भंडार के इस्तेमाल की अनुमति देने का फैसला किया था जिसे पेट्रोल और डीजल के साथ मिश्रित किया जा सकता है। महाराष्ट्र के चीनी आयुक्त शेखर गायकवाड़ ने कहा, इस साल मिलों ने घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले इथेनॉल के कुछ हिस्सों का उत्पादन करने का फैसला किया है। इसका मतलब है कि बाजार में चीनी की भरमार नहीं होगी। इस साल इसका सीमित अतिरिक्त स्टॉक बचेगा। केंद्र ने वाहन ईंधन के साथ मिश्रित किए जाने वाले 350 करोड़ लीटर इथेनॉल की आपूर्ति की मांग करते हुए निविदाएं जारी की हैं। अब तक देशभर की चीनी मिलों ने 322 करोड़ लीटर इथेनॉल उत्पादन की इच्छा जताई है। वेस्ट इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष बी बी थोम्बरे ने कहा कि यह इथेनॉल उत्पादन के प्रति चीनी मिलों के संचालकों के उत्साह को दर्शाता है। उनके कार्यालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों से पता चला है कि महाराष्ट्र की 149 मिलों ने अब तक 131 लाख टन गन्ने की पेराई कर 109 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया है। पेराई आम तौर पर मध्य नवंबर में शुरू होती है और अगले साल मार्च तक की जाती है।

## आर्मी गार्ड बटालियन के बदलाव समारोह के गवाह बने राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में तैनात आर्मी गार्ड बटालियन के बदलाव समारोह को देखा। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। प्रथम गोरखा राइफल्स की पांचवें बटालियन ने रस्मी आर्मी गार्ड बटालियन के तौर पर साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद सिख रेजिमेंट की छठी बटालियन को प्रभार सौंपा। सेना की विभिन्न इकाइयां राष्ट्रपति भवन में बारी-बारी से रस्मी आर्मी गार्ड के तौर पर काम करती हैं।

राष्ट्रपति भवन ने बयान जारी कर कहा, आर्मी गार्ड बटालियन विभिन्न महत्वपूर्ण समारोहों जैसे हस्तियों को गार्ड ऑफ ऑनर देना, गणतंत्र दिवस परेड, स्वतंत्रता दिवस परेड, बीटिंग रिट्रीट समोराह आदि में रस्मी कर्तव्य निभाते हैं। इसके अलावा वे राष्ट्रपति भवन में रस्मी गार्ड के कर्तव्य भी निभाते हैं। इसमें बताया गया है कि प्रथम गोरखा राइफल्स की पांचवी बटालियन और सिख रेजिमेंट की छठी बटालियन के कमांडिंग अधिकारी बाद में राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे।

# नायडू ने कोविड के बाद के काल में शहरों में साइकिल की सवारी को बढ़ावा देने की पुरजोर वकालत की

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने शहरों में साइकिल की सवारी की संस्कृति को बढ़ावा देने एवं उसके वास्ते विशिष्ट ट्रैक बनाने का शनिवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि साइकिल की सवारी स्वास्थ्यवर्धक तथा बिल्कुल प्रदूषण नहीं फैलने समेत इसके कई फायदे हैं। वीडियो लिंक के माध्यम से कोविड के बाद की दुनिया में साइकिल की सवारी विषयक वेबिनार में अपने भाषण में नायडू ने कहा कि व्यापक जनजागरूकता अभियानों एवं नियमित प्रचार कार्यक्रमों के जरिए साइकिल की सवारी को बढ़ावा देने के लिए एक जनांदोलन चलाने की जरूरत है।



वेबिनार के विषय को महत्वपूर्ण करार देते हुए उन्होंने इस ग्रह को हराभरा एवं सुरक्षित बनाने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने खासकर विश्वविद्यालय के युवकों से साइकिल की सवारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ज्यादातर विश्वविद्यालयों में विशाल जगह होती है, जहां विद्यार्थी आसानी से साइकिल चला सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस महामारी ने लोगों के रहन-सहन, खरीदारी, समय बिताने और यात्रा करने के तौर तरीके बदल दिए हैं, पाबंदियों से मोटर आधारित यातायात घट गया एवं साइकिलों के इस्तेमाल में वृद्धि हुई तथा लोग पैदल भी चलने लगे। उन्होंने कहा कि साइकिल की सवारी बैठकर काम करने की जीवनशैली से जुड़े जोखिम को घटाने का सबसे अच्छा तरीका है और यह ऊर्जा स्रोतों पर शून्य निर्भरता, शून्य प्रदूषण एवं स्वास्थ्य में सुधार जैसे कई फायदे पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि इस महामारी ने साइकिल की सवारी को शहरी परिवहन प्रणाली में बढ़ावा देने एवं उनके समेकन का एक दुर्लभ मौका प्रदान किया है, ऐसे में शहरी नियोजकों तथा नीति-निर्माताओं को अपनी योजना एवं नीतियों पर पुनर्विचार करना चाहिए और विशिष्ट साइकिल ट्रैकों को चिह्नित करना चाहिए।

# भाजपा ने एआईएमआईएम पर हमला तेज किया

## ● हैदराबाद नगर निगम चुनाव

**भाषा।** हैदराबाद

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता संबित पात्रा ने शनिवार को कहा कि हैदराबाद के लोगों को एक दिसंबर को हो रहे नगर निगम के चुनाव में यह तय करना होगा कि वे विकासोन्मुखी भाजपा का महापौर चाहते हैं या विभाजनकारी राजनीत करने वाली एआईएमआईएम का महापौर। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हैदराबाद के लोगों को यह चुनना होगा कि किसका महापौर बनने जा रहा है? यह भाजपा का महापौर होगा या एमआईएम (आईएमआईएम) का ? भाजपा का विकासोन्मुखी महापौर या एमआईएम का सांप्रदायिक राजनीति, विभाजनकारी राजनीति वाला महापौर, क्योंकि यह पार्टी बहिष्कार की राजनीति करती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को वोट देने का मतलब टीआरएस के लिए मतदान करना है जबकि टीआरए के लिए वोट का मतलब एआईएमआईएम के लिए मतदान है। वृहद हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के चुनाव के सिलसिले में अपनी पार्टी की ओर से यहां संवाददाता सम्मेलन में पात्रा ने कहा कि भाजपा वृहद हैदराबाद नगर निगम का चुनाव लड़ रही है जबकि परिवार एवं मित्र (उनका इशारा टीआरएस और एआईएमआईएम की ओर था) एफएफएमसी प्राइवेट लिमिटेड यानी परिवार, मित्र प्राइवेट लिमिटेड के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। टीआरएस और एआईएमआईएम के बीच कोई गठबंधन नहीं होने के टीआरएस ने नेताओं की टिप्पणी पर उन्होंने याद दिलाया कि टीआरएस ने 2019 में लोकसभा के चुनाव में 17 में से 16 सीट रखी थी और हैदराबाद की सीट एआईएमआई के लिए छोड़ी थी।

# स्टेन स्वामी के लिए तलोजा जेल में सिपर भेजेगा एनपीआरडी

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिव्यांगों** के अधिकारों के लिए काम करने वाले एक संगठन ने कहा है कि जेल में बंद आदिवासी कार्यकर्ता स्टेन स्वामी का सिपर के लिए पीड़ादाई इंतजार अब और नहीं सहा जा सकता तथा संस्था पार्किन्सन्स बीमारी से जूझ रहे 83 वर्षीय स्वामी को सिपर भेजने की योजना बना रही है। एल्गार परिषद मामले में कथित रूप से शामिल रहने के सिलसिले में आठ अक्टूबर को रांची स्थित अपने आवास से गिरफ्तार किए गए स्वामी इस समय मुंबई की तलोजा जेल में बंद हैं। मुंबई में एक विशेष अदालत ने बृहस्पतिवार को स्वामी की स्ट्रॉ और सिपर मुहैया कराने की याचिका को एक बार फिर खारिज कर दिया और उनके अनुरोध पर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जवाब मांगा। इसके बाद नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर द राइट्स ऑफ द डिसेबल्ड (एनपीआरडी) की उक्त प्रतिक्रिया आई है। अदालत इस मामले में चार दिसंबर को सुनवाई करेगी। एजेंसी ने इस महीने की शुरुआत में स्ट्रॉ और सिपर मुहैया कराने के स्वामी के अनुरोध पर जवाब देने के लिए 20 दिन का वक्त मांगा था और कहा था कि उसने स्वामी की गिरफ्तारी के दौरान उनसे ए चीजें नहीं ली हैं जैसा कि वह दावा कर रहे हैं। एनपीआरडी ने एक बयान में कहा, सिपर के लिए स्वामी को पीड़ादाई तरीके से इंतजार करना पड़ रहा है जिसे अब और नहीं सहा जा सकता। यह अदालत आगे सुनवाई चार दिसंबर को करेगी जिसमें अभी सात दिन है।

# चार केंद्रीय पुलिस संगठनों में नियमित प्रमुख नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** चार केंद्रीय पुलिस संगठन अलग-अलग समय से बिना नियमित प्रमुख के काम कर रहे हैं क्योंकि सरकार ने इनमें पूर्णकालिक प्रमुखों की नियुक्ति नहीं की है। इस श्रेणी में आने वाला हालिया संगठन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) है क्योंकि इसके प्रमुख राजेश रंजन इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त होने वाले हैं और केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस पद का अतिरिक्त प्रभार एसएसबी के महानिदेशक राजेश चंद्रा को सीआईएसएफ के डीजी की नियमित नियुक्ति होने या अगले आदेश तक के लिए दिया है। यह जानकारी 26 नवंबर को जारी आदेश में दी गई। इसी तरह आतंकवाद निरोधक बल एनएसजी, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और केंद्रीय पुलिस के थिंक टैंक -- ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (बीपीआरडी) का प्रभार भी विभिन्न आईपीएस अधिकारियों के पास है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के प्रमुख एस एस देसवाल के पास राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड का अतिरिक्त प्रभार भी है। सीमा सुरक्षा बल के प्रमुख राकेश अस्थाना पिछले वर्ष जुलाई से ही एनसीबी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) वी एस के कौमुदी के पास अगस्त से ही बीपीआरडी का अतिरिक्त प्रभार है। मंत्रालय के आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि इन पदों पर नियमित नियुक्तियां एसीसी की बैठक के बाद होगी, जिसके जल्द होने की उम्मीद है।

## मेरठ में गोतस्करों से पुलिस की मुठभेड़

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नौचंदी थाना क्षेत्र में पुलिस की कथित गो तस्करों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि अन्य तीन को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ हापुड़ अड्डे के पास शनिवार सुबह हुई। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से पुलिस ने 10 कुंतल मांस, एक गाड़ी, तमंचा और कारतूस बरामद किए।

## बेलगावी लोकसभा उपचुनाव में भाजपा मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारेगी : ईश्वरप्पा

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के ग्रामीण विकास मंत्री के. एस. ईश्वरप्पा ने शनिवार को कहा कि बेलगावी लोकसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव में भाजपा किसी मुस्लिम को टिकट नहीं देगी। उन्होंने कहा कि बेलगावी हिंदुत्व का केंद्र है और टिकट इसके समर्थकों में से किसी को दिया जाएगा। ईश्वरप्पा ने कहा, भाजपा में कुरूबा, लिंगायत, वोक्किलगा या ब्राह्मण समुदाय का सवाल नहीं है, हम सब बैठेंगे और चर्चा करेंगे, यह व्यवस्था है और लोकतांत्रिक तरीका है। उन्होंने कहा, भाजपा को छोड़कर किसी भी पार्टी में लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं है। बेलगावी में भाजपा के वरिष्ठ नेता ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य और राष्ट्रीय नेता एक उम्मीदवार चुनेंगे जो लोगों का विश्वास हासिल कर जीत हासिल कर सकता है। ईश्वरप्पा ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम टिकट चाहे कुरूबा या लिंगायत या वोक्किलगा या ब्राह्मण को दें लेकिन हम मुस्लिम को टिकट नहीं देंगे। उन्होंने कहा, बेलगावी हिंदुत्व का केंद्र है, इसलिए यहां किसी मुस्लिम को टिकट देने का सवाल ही नहीं है।

## पेज एक का शेष

### ओवैसी के गढ़ ...

ने यहां पर चुनाव में 51 प्रत्याशी उतारे हैं। हैदराबाद नगर निगम चुनाव में भी असदुद्दीन ओवैसी ने पुराने हैदराबाद के इलाके की सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशी उतारे हैं, जिनमें से पांच टिकट हिंदुओं को दिए गए हैं। ओवैसी के 10 फीसदी प्रत्याशी हिंदू समुदाय के हैं। ओवैसी की पार्टी के हिंदू समुदाय के प्रत्याशी उन सीटों पर हैं, जहां पर हिंदू-मुस्लिम आबादी करीब-करीब बराबर यानी 50-50 फीसदी है और यहां विधानसभा सीट पर भी ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के विधायकों का कब्जा है।

### तीन शहरों का ...

दूसरे चरण का परीक्षण शुरू किया है। जाइडस कैडिला के अध्यक्ष पंकज पटेल ने हाल ही में कहा था कि कंपनी का उद्देश्य मार्च 2021 तक टीके का परीक्षण पूरा करना है और वह एक साल में 10 करोड़ तक खुराक का उत्पादन कर सकती है। मोदी करीब एक घंटे तक संयंत्र में रहे। इसके बाद वह हवाईअड्डे के लिए निकले और वहां से 11.40 बजे हैदराबाद रवाना हो गए। मोदी हैदराबाद के नजदीक हकीमपेट वायु सेना हवाई अड्डे पर दोपहर करीब एक बजे पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री वायु सेना हवाई अड्डे से करीब 20 किलोमीटर दूर जीनोम वैली स्थित भारत बायोटेक की इकाई गए। भारत बायोटेक कोविड-19 की रोकथाम के लिए संभावित टीके कोवैक्सिन का विकास भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और राष्ट्रीय विषाणुविज्ञान संस्थान के साथ मिलकर कर रहा है, जिसके तीसरे चरण का परीक्षण चल रहा है। घंटे भर के दौरे के बाद मोदी ने ट्वीट किया, हैदराबाद में भारत बायोटेक कंपनी में कोविड-19 के स्वदेशी टीके के बारे में जानकारी मिली। वैज्ञानिकों को अभी तक किए गए परीक्षण में प्रगति के लिए बधाई। मोदी तीन बजकर 30 मिनट पर पुणे के लिए रवाना हो गए और वहां वह साढ़े चार बजे पहुंचे। हैदराबाद से पुणे हवाई अड्डे पर शाम करीब साढ़े चार बजे पहुंचने के बाद मोदी हेलीकॉप्टर से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के लिए रवाना हुए। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया में मोदी ने वैज्ञानिकों से बातचीत की और वहां टीका विकास पर चल रहे कामकाज का जायजा लिया। वह दिल्ली जाने के लिए शाम छह बजे पुणे हवाई अड्डे रवाना हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि मोदी के एसआईआई दौरे का उद्देश्य कोरोना वायरस के लिए टीके की प्रगति की समीक्षा करना है और इसके लांच के समय, उत्पादन और वितरण व्यवस्था का जायजा लेना है। टीके के विकास के लिए सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने वैश्विक दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ भागीदारी की है।

### गहलोत पर लगे...

और ट्वीट में लिखा, राज्य सरकार द्वारा विधायकों की खरीद-फरोख्त कर विधानसभा में हासिल किया गया विश्वास मत वास्तव में जनता से किया गया छल था, इसी प्रकार राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत भी संदेहास्पद है। इस कथित वीडियो और मालवीय के बयान के बारे में मालवीय तथा बीटीपी के विधायकों से अभी तक संपर्क नहीं हो सका है।

### सीबीआई ने चार ...

देबाशीष मुखर्जी के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। अधिकारियों के अनुसार आरोप है कि मांझी उर्फ लाला कुनुसटोरिया और कोजरा इलाकों में लीज होल्ड खदानों से कोयले के अवैध खनन एवं उसकी चोरी के धंधे में कथित रूप से लगा हुआ था। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान एजेंसी को 40 लाख रुपए नकद, दस्तावेज, इलेक्ट्रोनिक उपकरण एवं वित्तीय लेन-देन के कागजात मिले। सीबीआई ने भरोसेमंद सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की। उसे इन सूत्रों से सूचना मिली थी कि ईसीएल, सीआईएसएफ और रेलवे के अधिकारियों की मिलीभगत से ईसीएल के लीजहोल्ड क्षेत्र में कोयले का अवैध खनन एवं उसकी चोरी हो रही है। ईसीएल के सतर्कता विभाग और उसके कार्यबल को भी बड़ी उत्खनन मशीनों की मदद से मई 2020 से अवैध खनन और कोयले की ढुलाई किए जाने का पता चला था और गाड़ियों को टीम ने जब्त किया था। सीबीआई ने प्राथमिकी में आरोप लगाया, ... अवैध धर्मकांटा (तराजू) लगाने की कई घटनाओं का भी पता चला जो ईसीएल क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर संगठित तरीके से अवैध कोयला खनन एवं ढुलाई की पुष्टि करती है। उसने आरोप लगाया, सूत्र ने यह भी खुलासा किया कि कुनुसटोरिया इलाके में टोपसी गांव के पीछे लीजहोल्ड क्षेत्र में और कजोरा क्षेत्र में कोयला माफियाओं द्वारा ईसीएल और सीआईएसएफ के अधिकारियों के साथ मिलीभगत से अवैध खनन चल रहा है।

### नौसेना के मार्कोस ...

उत्तरी और दक्षिणी किनारों पर पहले से ही कुछ महत्वपूर्ण चोटियों की निगरानी कर रही हैं। इसके चलते चीन को रक्षात्मक रुख अपनाना पड़ा और कोर कमांडर स्तर की बैठक में इन कमांडो को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चोटियों से हटाने की मांग की। लेकिन भारत ने इसे पूरी तरह से नकार दिया तथा जोर देकर चीन से पहले सभी गतिरोध वाले स्थानों से पीछे हटने के लिए कहा। फिलहाल दोनों पक्षों के बीच आठ दौर की सैन्य बातचीत हो चुके हैं और आने वाले दिनों में अगले दौर की बातचीत होगी।

### 'लव जिहाद' के ...

थी, जिसके बाद यूपी के गृह विभाग ने बाकायदा इसकी रूपरेखा तैयार कर न्याय एवं विधि विभाग से अनुमति ली। कैबिनेट से पास होने के बाद इसे राज्यपाल से भी मंजूरी मिल गई है।

### गतिरोध जारी: हाईवे ...

कहा कि हम केंद्र सरकार से आंदोलन के लिए जंतर-मंतर पर जगह देने का आग्रह करते हैं। हम किसी भी कीमत पर बुराड़ी मैदान नहीं जाएंगे। शुक्रवार शाम से टिकरी सीमा पर डेरा डाले बैठे सुखविंदर सिंह ने कहा कि हम अपना प्रदर्शन यहीं पर जारी रखेंगे। हम यहां से नहीं हटेंगे। हरियाणा से अभी और भी किसान यहां आने वाले हैं, वे रास्ते में हैं। इस बीच, पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हरियाणा पंजाब के किसानों को समर्थन देने आए किसान गाजियाबाद के यूपी गेट पर रोक लिए गए। पुलिस ने उन्हें सड़क से अलग हटकर पार्किंग उपलब्ध करा दी। किसानों ने वहां अपने वाहन खड़े किए और गाजीपुर ब्रिज के नीचे प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालांकि उन्होंने यातायात अवरुद्ध नहीं किया। फिर भी भीड़ और हंगामे के चलते आसपास की सड़कों पर जाम लग गया। इसी तरह टिकरी और सिंघू बार्डर बंद होने से आसपास के इलाकों में लोगों को भारी जाम से जूझना पड़ा। दिल्ली यातायात पुलिस ने ट्वीट किया कि आजादपुर और बाहरी रिंगरोड से सिंघू बार्डर के लिए यातायात की अनुमति नहीं है। टिकरी बॉर्डर को बंद कर दिया गया है। हरियाणा जाने के लिए झड़ौदा, दौराला, झटीकरा, बदुसारी, कापसहेड़ा, राजोकरी एनएच 8, बिजवासन/बाजघेरा, पालम विहार और डूडाहेड़ा बॉर्डर खुले हैं। संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) मीनू चौधरी ने यात्रियों से सिंघू बॉर्डर एवं टिकरी बॉर्डर, मुकरबा चौक, एनएच 44, जीटी करनाल रोड और बाहरी रिंगरोड की ओर जाने से बचने की अपील की।

### राज्य सरकार ने ...

सम्बंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। प्रसाद ने बताया कि सभी जनपदों को निर्देश दिये गये हैं कि मैपिंग के आधार पर जिस इलाके में ज्यादा संक्रमण के केस मिल रहे हैं वहीं पर सर्विलांस तथा फोकस टेस्टिंग की गतिविधि को तेज किया जाए और उस इलाके से अधिक से अधिक सैंपल लेकर उनकी जांच करवाई जाए। ऐसे इलाके के सैम्पलों की आरटीपीसीआर माध्यम से जांच करवाया जाए ताकि संक्रमण को जितना जल्दी हो सके, संक्रमित व्यक्ति को खोजा जा सके और उनकी श्रृंखला को तोड़ा जा सके। बचाव से ही कोविड 19 सेकेन्ड वेव से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि विशेषकर बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं तथा बीमार व्यक्तियों को संक्रमण से दूर रखकर कोविड 19 की सेकेन्ड वेव से बचाया सकता है।

# पूर्व आईएएस की 27 करोड़ से अधिक की संपत्तियां कुर्क

## ● ईडी की कार्रवाई

**भाषा। नई दिल्ली**

छत्तीसगढ़ के पूर्व आईएएस अधिकारी बाबूलाल अग्रवाल की 27 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुर्क की हैं। ईडी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय कथित भ्रष्टाचार और आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति से जुड़े धन शोधन के मामले के सिलसिले में अग्रवाल, उनके परिवार के सदस्यों एवं अन्य की जांच कर रहा है। उसने एक बयान में कहा, कुर्क संपत्तियों में संयंत्र एवं मशीनरी, बाबूलाल अग्रवाल एवं उनके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में जमा रकम और अचल संपत्तियां शामिल हैं। उसने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियां 27.86 करोड़ रुपए मूल्य की हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के अधिकारी अग्रवाल को ईडी ने नौ नवंबर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में उनके निवास से गिरफ्तार किया था। वह पांच दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में हैं। अग्रवाल छत्तीसगढ़ सरकार में प्रधान सचिव के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। उन्हें भ्रष्टाचार के आरोप में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भी गिरफ्तार कर चुका है। अग्रवाल को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद राज्य सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। आरोप है कि अग्रवाल जब राज्य सरकार में स्वास्थ्य सचिव थे, तब वह अपने विरूद्ध चल रही सीबीआई जांच रफा-दफा कराना चाहते थे, जो 2010 में दर्ज की गई थी। जब ईडी ने इस महीने के प्रारंभ में उन्हें गिरफ्तार किया तब उसने कहा था कि अपराध से कमाई गई रकम का मुखौटा कंपनियों के जरिए धनशोधन करने और उसे अपने परिवार के कारोबार में लगाने को लेकर उनके खिलाफ कार्वाई की गई। ईडी ने कहा था कि अग्रवाल, उनके चार्टर्ड एकाउंटेंट सुनील अग्रवाल और अन्य के खिलाफ आपराधिक मामला छत्तीसगढ़ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और सीबीआई की 2010 की प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद दर्ज किया गया। जिन संपत्तियों को अंतरिम रूप से कुर्क किया गया है, उनमें 26.16 करोड़ रुपए के संयंत्र और मशीनरी, 291 बैंक खातों में जमा 20.43 लाख रुपए की धनराशि, एक कंपनी के नाम पर 39.52 लाख रुपए के आवासीय भूखंड, एक्सप्रेस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड, जिसके मालिक बाबूलाल अग्रवाल का परिवार है, और 15 लाख रुपए नकद हैं।

## बजरंग पूनिया को अभ्यास शिविर के लिए मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ ने तोक्यो ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीद पहलवान बजरंग पूनिया को अमेरिका में एक महीने के अभ्यास शिविर में भाग लेने की अनुमति दे दी है। एक विज्ञप्ति के अनुसार गुरुवार को मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ की बैठक में यह फैसला लिया गया।

## राष्ट्रीय कुश्ती स्थगित

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने अगले महीने होने वाली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप कोरोना महामारी के कारण जनवरी 2021 तक स्थगित कर दी है। महासंघ के सहायक सचिव विनोद तोमर ने बताया कि मौजूदा हालात को देखते हुए यह फैसला लेना पड़ा।

## लक्ष्मण ने खिताब जीता

**चेन्नई।** पीएसपीबी के लक्ष्मण रावत ने अजय रस्तोगी स्मारक अखिल भारतीय ओपन स्नूकर चैम्पियनशिप 2020 के फाइनल में कर्नाटक के एम योगेश कुमार को 6-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। रावत ने योगेश को 71-41, 45-55, 02-63, 73-24, 56-24, 97-21, 34-52, 57-41, 65-57 से शिकस्त दी। योगेश ने पहला फ्रेम गंवाने के बाद दो फ्रेम जीतकर बढ़त बनाई लेकिन रावत ने वापसी कर ट्राफी जीत ली।

## अब ऑनलाइन निशानेबाजी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन निशानेबाजी चैम्पियनशिप की लोकप्रियता को देखते हुए इंडोनेशिया और मिस्र जैसे देश भी अब वर्चुअल प्रतियोगिताओं की मेजबानी को तैयार हैं। पूर्व भारतीय निशानेबाज शिमोन शरीफ अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन निशानेबाजी चैम्पियनशिप (आईओएससी) के आयोजक थे, उन्हें इंडोनेशियाई निशानेबाजी संघ ने अपनी चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस प्रतियोगिता के लिए जोड़ा है जो रविवार को प्रेसिडेंट ऑफ इंडोनेशिया ओपन टूर्नामेंट के अंतर्गत कराई जाएगी।

## ओडिशा, जमशेदपुर की निगाहें पहली जीत पर

**वास्को।** ओडिशा एफसी और जमशेदपुर एफसी का अभियान इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सातवें चरण में निराशाजनक तरीके से शुरू हुआ और दोनों टीमें अब रविवार को एक दूसरे से होने वाली भिड़ंत में सत्र की पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब होंगी। ओडिशा एफसी को टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में हैदराबाद एफसी से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा जबकि ओवर्न कोएल की जमशेदपुर एफसी को चेन्नईयिन एफसी ने 2-1 से हरा दिया।

## चेन्नईयिन की निगाहें ब्लास्टर्स को हराकर दूसरी जीत दर्ज करने पर

**बेम्बोलिम (गोवा)।** दो बार की चैम्पियन चेन्नईयिन एफसी रविवार को यहां होने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में केरल ब्लास्टर्स के खिलाफ लगातार दूसरी जीत दर्ज करना चाहेगी।

# गलतियों से सबक लेकर उतरेगी टीम इंडिया

### ● दूसरा वनडे आज, श्रृंखला बचाने के लिए करनी होगी जुगत

**भाषा।** सिडनी



पहले मैच में लय पाने के लिए जूझते रहे भारतीय गेंदबाजों को बिना समय गंवाए अपनी गलतियों में सुधार करके आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला बचाने के लिए रविवार को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।


भारत को पहले मैच में 66 रन से पराजय का सामना करना पड़ा। आस्ट्रेलिया ने जिस तरह से भारत की कमजोरियों का फायदा उठाया, वह कप्तान विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री के लिए चिंता का सबब है। हार्दिक पंड्या ने 76 गेंद में 90 रन बनाए लेकिन 2017 चैम्पियंस ट्राफी फाइनल की तरह सिर्फ एक शानदार पारी से मैच नहीं जीता जा सकता। पंड्या ने खुद स्वीकार किया है कि वह फिलहाल गेंदबाजी करने की स्थिति में नहीं हैं और टी20 विश्व कप से पहले गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। इससे कोहली के पास ऐसे गेंदबाज रह गए हैं जो बल्लेबाजी नहीं कर सकते और शीर्षक्रम का कोई बल्लेबाज गेंदबाजी नहीं कर सकता। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच, स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर जबर्दस्त फार्म में हैं जिससे जसप्रीत बुमराह और बाकी गेंदबाज असरदार साबित नहीं हुए। भारतीय टीम के गेंदबाजी संयोजन में किसी बदलाव की संभावना भी नहीं है बशर्ते युजवेंद्र चहल और नवदीप सैनी दोनों अनफिट घोषित न हों। चहल और सैनी दोनों ने मिलकर 20 ओवरों में 172 रन दे डाले। चहल चोट के कारण अपना स्पैल पूरा करने के बाद मैदान छोड़कर चले गए। वहीं सैनी की कमर में खिंचाव आ गया है। उनके कवर के तौर पर टी नटराजन को टीम में रखा गया है। उनके बाहर होने पर शारदुल ठाकुर को सैनी की जगह और कुलदीप यादव को चहल की जगह उतारा जा सकता है।

आस्ट्रेलियाई टीम में उभरते सितारे कैमरन ग्रीन को मौका मिल सकता है क्योंकि पहले मैच में मार्कस स्टोइनिस की बाजू में खिंचाव आ गया था। फिंच और स्मिथ दोनों ने संकेत दिया कि ग्रीन वनडे क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। भारत के शीर्ष क्रम के कुछ बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर अपने विकेट गंवाए। खासकर श्रेयस अय्यर ने जोश हेजलवुड की गेंद पर जो शॉट लगाया, वह गैर जरूरी था। मयंक अग्रवाल भी अतिरिक्त उछाल का सामना नहीं कर पा रहे। कप्तान विराट कोहली पर आस्ट्रेलियाई टीम , मीडिया और क्रिकेटप्रेमियों की नजरें हैं और वह भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली ने पहले मैच के बाद कहा था , हमने मैच के बाद बल्लेबाजी को लेकर बात की। हम सकारात्मक सोच के साथ उतरे और सभी ने उसी तरीके से खेलने की कोशिश की। छठे गेंदबाज की कमी से बुमराह पर काफी दबाव आ गया है जो वनडे क्रिकेट में अपने चिर परिचित फार्म में भी नहीं दिख रहे। आईपीएल का शानदार फार्म वह पहले वनडे में दोहरा नहीं सके।

### धीमी ओवर गति के लिए भारतीय टीम पर जुर्माना

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम पर सिडनी में श्रृंखला के शुरूआती वनडे में आस्ट्रेलिया के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। भारत ने पहले वनडे में अपने 50 ओवर पूरे करने के लिए चार घंटे और छह मिनट के लिए जिसमें उसे 66 रन से हार का सामना करना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मैच रैफरी डेविड बून ने यह जुर्माना लगाया। आईसीसी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा, आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए न्यूनतम ओवर गति उल्लघंन की आचार संहिता के अनुसार खिलाड़ियो पर निर्धारित समय मे गेंदबाजी नही कर पाने की स्थिति मे प्रत्एक ओवर से उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। कप्तान विराट कोहली ने उल्लघंन और प्रस्तावित जुर्माना स्वीकार लिया है इसलिए अधिकारिक सुनवाई की जरूरत नही पड़ी। मैदानी अंपायर रॉड टकर और सैम नोगाजस्की, टीवी अंपायर पॉल रेफेल और चौथे अंपायर गेरार्ड एबोड ने यह उल्लंघन तय किया।

## हार्दिक के अनफिट होने पर विजय है लेकिन उतना असरदार नहीं : गंभीर



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि आधे फिट हार्दिक पंड्या का सही विकल्प नहीं मिलने पर भारतीय टीम में संतुलन नहीं बन सकेगा क्योंकि पंड्या के विकल्प विजय शंकर उतने असरदार नहीं है। पंड्या इस समय सिर्फ बल्लेबाज के तौर पर टीम में है और गेंदबाजी करने की स्थिति में नहीं हैं। भारत को आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में छठे गेंदबाज की कमी खली जिसमें भारत को 66 रन से पराजय झेलनी पड़ी। दो बार विश्व कप में भारत की जीत के नायक रहे गंभीर ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा , पिछले विश्व कप से ही संतुलन की समस्या देखने को मिल रही है। हार्दिक गेंदबाजी नहीं कर पा रहा है तो आपका छठा गेंदबाज कौन है। विजय शंकर है लेकिन पांचवें या छठे नंबर पर वह उस तरह से असरदार नहीं है। क्या वह सात या आठ ओवर डाल सकता है। मुझे नहीं लगता। गंभीर ने कहा कि रोहित शर्मा जैसे सलामी बल्लेबाज की वापसी पर भी यह समस्या नहीं सुलझने वाली। आप मनीष पांडे को शामिल करने की बात कर सकते हैं।या रोहित के लौटने पर भी यह समस्या तो रहेगी ही। शीर्ष छह बल्लेबाजों में से कोई भी गेंदबाजी नहीं कर सकता। आस्ट्रेलियाई टीम को देखो। मोइजेस हेनरिक्स कुछ ओवर डाल सकता है। सीन एबोट गेंदबाज हरफनमौला है और डेनियल सैम्स भी।


### लय हासिल कर ली है लेकिन ज्यादा दबाव नहीं था : स्मिथ

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ पहले वनडे में शतक जड़कर खोई लय हासिल कर ली लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उन पर ज्यादा दबाव नहीं था। स्मिथ ने पहले वनडे में 66 गेंद में 105 रन बनाए। आस्ट्रेलिया ने यह मैच 66 रन से जीता। मैंने फिर से लय हासिल कर ली। आरोन फिंच और डेविड वार्नर ने इतनी अच्छी शुरूआत दी थी कि मैं खुलकर खेल सका। मैंने चुन लिया था कि किन गेंदबाजों को कहां मारना है। मैंने अपनी ताकत के अनुसार अच्छे शॉट्स खेले। मुझ पर ज्यादा दबाव नहीं था जैसा पहले हुआ करता था। इससे पहले जब मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है तो टीम संकट में होती थी और मुझ पर पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने की जिम्मेदारी होती थी लेकिन इस बार ऐसा नहीं था। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले मैचों में भी वह यह लय बरकरार रख सकेंगे।

# जेहान ने शूमाकर को पछाड़ा

### ● फार्मूला टू में पहला पोडियम स्थान हासिल किया

**भाषा।** बहरीन



उभरते हुए भारतीय रेसर जेहान दारूवाला ने यहां बहरीन ग्रां प्री सपोर्ट रेस में तीसरे स्थान के लिए रोमाचंक मुकाबले में चैम्पियनशिप के शीर्ष ड्राइवर मिक शूमाकर को पछाड़ते हुए पहला फार्मूला टू पोडियम स्थान हासिल किया। ग्रिड में आठवें स्थान से शुरूआत करते हुए जेहान दो स्थान आगे हो गए और कुछ लैप्स तक छठे स्थान पर बरकरार रहे। हालांकि पांचवें लैप में वह दो स्थान गंवा बैठे और सर्किट से दूर हो गए। इससे उनकी रफ्तार में कमी आई जिससे वह और स्थान गंवा बैठे। वह कुछ लैप्स तक 10वें स्थान पर रहे और टायर बदलने के लिए पिट में आए। भारत के 22 साल के जेहान ने पिट से 18वें स्थान से जुड़े लेकिन जल्द ही वह आगे बढ़ने लगे और 32 लैप की रेस में वह 19वीं लैप में छठे स्थान पर पहुंच गए। जेहान ने जल्द ही कई रेस के विजेता रोबर्ट श्वार्टजमैन को पीछे छोड़ा और पांचवें स्थान पर पहुंच गए। शूमाकर ने फिर अपना अनिवार्य पिट स्टॉप लिया। शूमाकर जब पिट से निकले तो वह इस भारतीय के पीछे थे जो अब तीसरे स्थान पर था। शूमाकर और जेहान छह लैप्स तक बिलकुल बराबरी पर रहे। इसके बाद शूमाकर और जेहान के बीच अंतर दो, 1.5 और 0.7 सेकेंड का हो गया। अब पांच लैप्स बचे थे। शूमाकर के पास अपना डीआरएस (ड्रैग रिडक्शन सिस्टम) इस्तेमाल करने का भी मौका था जिससे उनकी रफ्तार तेज हो जाती। वह जेहान को पछाड़ देते लेकिन कुछ लैप्स के दिलचस्प मुकाबले में जेहान डीआरएस विकल्प के बिना ही सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल करने में सफल रहे। जेहान ने खुद पर काबू रखते हुए अपनी कार्लिन कार को सही स्थान पर रखा और शूमाकर को आगे जाने से रोक दिया।

## बेयरस्टॉ ने पहले टी20 में इंग्लैंड को दिलाई जीत

**भाषा।** केपटाउन

जॉनी बेयरस्टॉ ने 48 गेंद में नाबाद 86 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 179 रन बनाए जिसके जवाब में इंग्लैंड ने चार गेंद बाकी रहते पांच विकेट पर 183 रन बनाए। बेयरस्टॉ ने एक चौका और एक छक्का लगाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका ने मैच पर दबदबा बनाए रखा था लेकिन बूरान हेंडरिक्स के डाले 17वें ओवर में बेयरस्टॉ और कप्तान इयोन मोर्गन ने 28 रन बना डाले। इसी ओवर से मैच का नक्शा बदल गया। इंग्लैंड को इस ओवर से पहले 24 गेंद में 51 रन चाहिए थे लेकिन इसके बाद 18 गेंद में 23 रन की जरूरत थी। मोर्गन अगले ओवर में लुंगी एंगिडि की गेंद पर मिडविकेट में कैच दे बैठे। इसके बावजूद बेयरस्टॉ ने संयम बनाए रखकर फिनिशर की भूमिका निभाई। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके और चार छक्के जड़े। इससे पहले इंग्लैंड के लिए गेंदबाजी में सैम कुरेन ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए।

# निश्चित रूप से मैं ओलंपिक की दौड़ में शामिल हूं: साइना

**भाषा।** कोलकाता



भारतीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल ने शनिवार को कहा कि वह निश्चित रूप से तोक्यो ओलंपिक की दौड़ में शामिल हैं लेकिन इससे पहले उन्हें लय में वापसी करनी होगी और टूर्नामेंट जीतने होंगे। वर्ष 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना बैडमिंटन विश्व महासंघ की तोक्यो ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग में 22वें स्थान पर खिसक गईं। हाल में वह चोटों से जूझ रही थीं और उनके अगले साल एशियाई टूर से वापसी की उम्मीद है। साइना ने इंडियन चैम्बर ऑफ कामर्स द्वारा आयोजित वर्चुअल सत्र में कहा, मैं जानती हूं कि हर किसी के दिमाग में ओलंपिक ही है। यह बहुत बड़ा है, लेकिन इससे पहले आपको इतने सारे टूर्नामेंट के बारे में सोचना होता है। मुझे लय में वापसी करनी होगी और शीर्ष 20 में शामिल खिलाड़ियों के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। इससे पहले दो-तीन महीने की ट्रेनिंग है। आपको पूरी तरह से फिट होना होगा और सात-आठ टूर्नामेंट खेलने होंगे, इसके बाद ही मैं ओलंपिक के बारे में सोचूंगी। लेकिन हां, मैं निश्चित रूप से दौड़ में शामिल हूं।

### नरसिंह मैट पर वापसी में कोविड-19 जांच में पॉजिटिव

**सोनीपत।** डोपिंग के कारण चार साल का प्रतिबंध पूरा करने के बाद अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की तैयारियों में जुटे पहलवान नरसिंह यादव को शनिवार को ग्रीको रोमन पहलवान गुरप्रीत सिंह के साथ कोरोना वायरस की जांच में पॉजिटिव पाया गया। नरसिंह को चार साल बाद अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए 12 से 18 दिसंबर तक बेलग्रेड में व्यक्तिगत विश्व कप में भाग लेना था जिसमें उन्हें जितेंदर किन्हा की जगह 74 किग्रा वर्ग में शामिल किया गया था। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने एक बयान में कहा कि नरसिंह (74 किग्रा वजन वर्ग) इस साल अगस्त में फिर से प्रतिस्पर्धा में भाग लेने योग्य हो गए थे।

### धोनी के कौशल और रवैए की कमी खल रही है : होल्डिंग



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज माइकल होल्डिंग का मानना है कि सितारों से सजे बल्लेबाजी क्रम के बावजूद भारतीय टीम को महेंद्र सिंह धोनी के कौशल और रवैए की कमी खल रही है जो बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए काफी काम आते थे। आस्ट्रेलिया ने पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में भारत को 66 रन से हराया। होल्डिंग ने यूट्यूब चैट शो होल्डिंग नथिंग बैक में कहा , भारत के लिए लक्ष्य का पीछा करना कठिन था। भारत को महेंद्र सिंह धोनी की कमी खली। धोनी आम तौर पर बल्लेबाजी क्रम में निचले हाफ में उतरते हैं और लक्ष्य का पीछा करते हुए नियंत्रण बना लेते हैं। उनके टीम में रहते भारत ने अतीत में लक्ष्य का बखूबी पीछा किया है। भारत के पास काफी प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं जो स्ट्रोक्स खेलने में माहिर है। हार्दिक ने शानदार पारी खेली लेकिन फिर भी भारत को धोनी जैसे खिलाड़ी की जरूरत थी।

### वेस्टइंडीज की दो सदस्ईय टीम मुआयना करने ढाका पहुंची

**ढाका।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) की दो सदस्ईय टीम जनवरी में होने वाली श्रृंखला के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा किए गए कोविड-19 प्रबंधन इंतजामों का जायजा लेने शनिवार को यहां पहुंची। सीडब्ल्यूआई निदेशक डा अक्षय मानसिंह और बोर्ड के सुरक्षा मैनेजर पॉल स्लोवविल बीसीबी के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल की योजना और स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का मुआयना करने पहुंचे जिनके चटगांव जाने की भी उम्मीद है। दोनों तीन दिसंबर तक यहां रहेंगे।

### पाकिस्तानी टीम का सातवां सदस्य कोरोना पॉजिटिव

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड दौरे पर गई पाकिस्तानी क्रिकेट टीम का एक और सदस्य कोरोना पॉजिटिव हो गया है और उसे अपने बाकी छह साथियों के साथ पृथकवास में रहना होगा। पाकिस्तान की 53 सदस्ईय टीम के छह सदस्य मंगलवार को पॉजिटिव पाए गए थे जब टीम पाकिस्तान से न्यूजीलैंड पहुंची।

# डोभाल ने समुद्री सुरक्षा को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता में सहमति बनाई



### ● भारत, श्रीलंका और मालदीव समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए

**भाषा।** कोलंबो

भारत, श्रीलंका और मालदीव के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने सहयोग को और मजबूत बनाने तथा आम हितों के लिए शांति का माहौल सुनिश्चित करने पर शनिवार को सहमति व्यक्त की। उन्होंने एक उच्च स्तरीय त्रिपक्षीय वार्ता में क्षेत्र की वर्तमान समुद्री सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने श्रीलंका के रक्षा सचिव मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) कमल गुणारत्ने और मालदीव की रक्षा मंत्री मारिया दीदी के साथ वार्ता में हिस्सा लिया। श्रीलंका, भारत और मालदीव के साथ समुद्री सुरक्षा सहयोग पर चौथी त्रिपक्षीय बैठक का आयोजन कर रहा है। छह साल बाद यह बैठक हो रही है। इससे पहले यह बैठक 2014 में नई दिल्ली में हुई थी। श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार समुद्री सुरक्षा से संबंधित आम मुद्दों पर हिंद महासागर क्षेत्र में सार्थक सहयोग को बढ़ावा देने के इच्छुक तीन देशों ने क्षेत्र में वर्तमान समुद्री सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया।

बयान में कहा गया है कि उन्होंने समुद्री क्षेत्र जागरूकता, मानवीय सहायता और आपदा राहत, संयुक्त अभ्यास, क्षमता निर्माण, समुद्री सुरक्षा और खतरे, समुद्री प्रदूषण आदि क्षेत्रों में आपसी सहयोग पर चर्चा की। संयुक्त बयान में कहा गया है कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चुनौतियों से निपटने में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी। इसमें कहा गया है कि तीन देशों ने साझा सुरक्षा खतरों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और खुफिया जानकारी को साझा करने के लिए व्यापक सहयोग को बढ़ाने तथा आतंकवाद, कट्टरता, मादक पदार्थ, हथियार और मानव तस्करी, धन शोधन, साइबर सुरक्षा और समुद्री पर्यावरण पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव जैसे मुद्दों को शामिल करने पर सहमत हुए। यह बैठक हिंद प्रशांत क्षेत्र और हिंद महासागर में अपने प्रभाव को बढ़ाने के चीन के प्रयासों के बीच हुई।

चीन हिंद महासागर में अपनी समुद्री सिल्क रोड परियोजना के लिए मालदीव और श्रीलंका को महत्वपूर्ण मानता है। बयान के अनुसार प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने सूचनाओं के आदान-प्रदान और चर्चा के लिए नियमित मुलाकात करने और बैठक में लिए गए फैसलों का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने पर सहमति जताई। उन्होंने परिचालन स्तर पर सहयोग के लिए उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार स्तर के कार्य समूह की बैठकों को द्विवार्षिक रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया।

### मालदीव की रक्षामंत्री से बात की

**भाषा। कोलंबो। राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने हिंद महासागर के अहम द्वीपीय देश मालदीव की रक्षामंत्री मारिया दीदी के साथ द्विपक्षीय साझेदारी पर सौहार्द्रपूर्ण और विस्तृत चर्चा की। डोभाल ने कोलंबो में भारत, श्रीलंका और मालदीव के साथ हुई त्रिपक्षीय वार्ता के तहत दीदी से बातचीत की। उल्लेखनीय है कि भारत और मालदीव के साथ समुद्री सुरक्षा सहयोग पर श्रीलंका राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार स्तर की चौथी वार्ता की मेजबानी कर रहा है। वर्ष 2014 में नई दिल्ली में हुई बैठक के छह साल बाद तीनों देशों के बीच एनएसए स्तर की वार्ता हो रही है। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, एनएसए अजित डोभाल और मालदीव की रक्षामंत्री मारिया दीदी ने रक्षा क्षेत्र में भारत और मालदीव के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को गहरा करने के लिए सौहार्द्रपूर्ण और विस्तृत चर्चा की। उल्लेखनीय है कि त्रिपक्षीय वार्ता के लिए डोभाल शुक्रवार को कोलंबो पहुंचे थे।



श्यामा, टोकियो के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में एफ 3 ईजे लड़ाकू विमान पर बैठे जापान के प्रधानमंत्री योशिदा सुगा

## दक्षिण कोरिया में लगातार तीसरे दिन संक्रमण के 500 से अधिक मामले

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में लगातार तीसरे दिन कोरोना वायरस संक्रमण के 500 से ज्यादा मामले सामने आए हैं।कोरिया डिजीज कंट्रोल ऐंड प्रिवेंशन के अनुसार शनिवार को 504 मामले सामने आए जिससे देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 33,375 हो गए। संक्रमण से 522 लोगों की मौत हो चुकी है। संक्रमण के नए मामलों में से 330 मामले घनी आबादी वाले सियोल मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र से सामने आए है। इस इलाके में देश की आधी आबादी रहती है। इसके अलावा संक्रमण के मामले दाएगू सहित अन्य प्रमुख शहरों से भी सामने आए हैं। गौरतलब है कि देश की गिरती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए सरकार ने आर्थिक गतिविधियों को शुरू करने की मंजूरी दी और सामाजिक दूरी के नियम में अक्टूबर माह में काफी ढील दी, जिसके बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़े हैं।

# कोरोना वायरस संक्रमण के टीके की आपूर्ति के संबंध में सलाहकारों की बैठक मंगलवार को

### ● विशेषज्ञों ने पहले स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाने का प्रस्ताव दिया है

**एपी।** मियामी


**अमेरिकी** सलाहकारों की एक समिति मंगलवार को बैठक करके इस बात पर विचार-विमर्श करेगी कि कोविड-19 के टीके को मंजूरी मिलने के बाद इसकी प्रारंभिक आपूर्ति किस प्रकार से की जानी चाहिए। विशेषज्ञों ने पहले स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाने का प्रस्ताव दिया है। आवश्यक सेवाओं के कर्मचारियों, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों और 65 अथवा उससे अधिक आयु के लोगों को भी उच्च प्राथमिकता दी जा सकती है।सीडीसी द्वारा गठित एडवाइजरी कमेटी ऑन इम्यूनाइजेशन प्रैक्टिसेज नामक समूह की यह बैठक मंगलवार को होनी है।फाइजर और जर्मनी के उसके साझेदार बायोएनटेक ने एफडीए से कहा है कि वह उसके कोविड-19 के संभावित टीके के आपात इस्तेमाल की इजाजत दे। मॉडर्ना इंक भी जल्द ही अपने टीके के आपात इस्तेमाल की मांग कर सकता है।

### चीन के रक्षा मंत्री रविवार को नेपाल की यात्रा पर आएंगे



**काठमांडू।** चीन के रक्षा मंत्री जनरल वेई फेंगही रविवार को नेपाल की यात्रा पर आएंगे और देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी।अपनी एक दिन की यात्रा के दौरान स्टेट काउंसलर वेई राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से शिष्टाचार के नाते मुलाकात करेंगे।मंत्रालय ने एक बयान में कहा, चीनी रक्षा मंत्री नेपाली सेना के प्रमुख जनरल पूर्ण चन्द्र थापा से भी मुलाकात करेंगे। वेई उसी शाम बीजिंग वापस लौट जाएंगे। भारत के विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला की नेपाल की दो दिवसीय यात्रा के बाद मंत्रालय ने यह घोषणा की। इस वर्ष अगस्त में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा था कि उन्होंने चीन-नेपाल संबंधों को मजबूत बनाने पर बहुत जोर दिया और वह अपनी नेपाली समकक्ष भंडारी के साथ द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है।

## अश्वेत व्यक्ति को पीटती पुलिस के वीडियो हमें शर्मसार करते हैं: मैक्रों



**भाषा।** पेरिस

**फ्रांस के राष्ट्रपति** एमैनुएल मैक्रों ने कहा कि एक अश्वेत व्यक्ति को पीटते हुए पुलिस के जो वीडियो सामने आए हैं वे हमें शर्मसार करते हैं, साथ ही उन्होंने पुलिस के द्वारा और पुलिस के खिलाफ दोनों की तरीकों की हिंसा की निंदा की। मैक्रों ने सरकार से फ्रांस और उसकी रक्षा करने वालों के बीच भरोसे की उस कड़ी को मजबूत करने, जो उनके बीच स्वाभाविक तरीके से होनी चाहिए, के लिए सरकार से तत्काल प्रस्ताव पेश करने की मांग की। बृहस्पतिवार को एक वीडियो सामने आया जिसमें काफी दिन पहले संगीत निर्देशक माइकल ज़ेस्लर के साथ मारपीट होती दिखाई दे रही है। इसमें मंगलवार को पेरिस प्लाजा से पुलिस आव्रजकों को बेरहमी से निकालती हुई भी दिखाई दे रही है। ये घटनाएं नए सुरक्षा कानून को ले कर उठे विवाद के बीच सामने आई हैं। कानून का एक अनुच्छेद पुलिस अधिकारियों की तस्वीरें उन्हें नुकसान पहुंचाने के इरादे के साथ प्रकाशित करने को जुर्म की श्रेणी में लाता है।

### थाईलैंड में लोकतंत्र समर्थकों ने तख्तापलट की आशंका जताई

**बैंकाक।** थाईलैंड में लोकतंत्र समर्थकों ने गिरफ्तारी वारंट जारी होने और हिंसक हमलो के खतरे के बावजूद एक और रैली निकाली तथा सैन्य तख्तापलट की आशंका भी जताई।इससे पहले बुधवार को हुई रैली मे दो व्यक्तियो को कथित तौर पर गोली मारी गई थी जिसमें वे बहुत बुरी तरह घायल हो गए थे। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री प्रयुत चान ओचा के पद से हटने और इस सरकार के शासन को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा वे संविधान में संशोधन कर इसे और लोकतांत्रिक बनाने और राजशाही में सुधार करने के साथ-साथ उसे और जवाबदेह बनाने की भी मांग कर रहे हैं।इसमें राजवंश से जुड़ा मुद्दा सबसे विवादित है क्योंकि शाही संस्थान की ओर उंगली उठाना कानूनन गलत माना जाता है। वैसे भी सेना घोषणा कर चुकी है कि राजवंश की रक्षा उसके लिए सर्वोपरि है।

स्नातक एमएलसी चुनाव...

# चुनाव की तैयारियों में जुटी सरकारी मशीनरी

संवाददाता। सीतापुर




**कोरोना काल** में पहली दफा हो रहे उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड शिक्षक एवं स्नातक चुनाव के लिए पहली दिसंबर को मतदान होगा। इस चुनाव में सीतापुर, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, प्रतापगढ़, लखीमपुर, बाराबंकी आदि जिलों के मतदाता वोट डालेंगे। इसके लिए सीतापुर में सरकारी मशीनरी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं। जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज के मुताबिक स्नातक- शिक्षक चुनाव में पहली दिसंबर को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। इस चुनाव में मतदान केंद्रों पर मतदाता मॉस्क लगाकर तो पहुंचेंगे ही, साथ ही सैनिटाइजर के साथ ही दो गज की दूरी का पालन होगा।

**मतदाताओं को मिलेगा अवकाश**-लखनऊ खंड के स्नातक-शिक्षक चुनाव में पहली दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। मतदान को लेकर समूचे जिले में 67 बूथ बनाए गए हैं। मतदान दिवस को मतदाताओं को विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जाएगा। जिससे कि वो अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

**बूथों पर रहेंगी माइक्रो आब्जर्वर की नजर**-शिक्षक- स्नातक चुनाव में मतदान को पारदर्शी बनाने को प्रत्येक बूथ पर एक-एक माइक्रो आब्जर्वर व वीडियोग्राफी कैमरामैन तैनात किए जाएंगे। ये अफसर सभी मतदेय स्थलों पर मतदान के दौरान होने वाली गतिविधियों पर नजर आएंगे। साथ ही उसे वीडियो कैमरा में कैप्चर भी करेंगे।

**74 पोलिंग पार्टियां होंगी तैनात**-लखनऊ खंड के स्नातक-शिक्षक चुनाव में मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए रिजर्व समेत 74 पोलिंग पार्टियां गठित की गई है। जिलाधिकारी के मुताबिक इस चुनाव में 67 पीठासीन अधिकारियों के साथ 7 आरक्षित पीठासीन अधिकारी तैनात किए गए हैं। जबकि 222 मतदान अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान के समय समस्त मतदान कार्मिक एवं सुरक्षा कर्मी दस्ताने एवं मास्क लगा कर अपनी ड्यूटी करेंगे। प्रत्येक मतदाता को अनिवार्य रूप से डिस्पोजल दस्ताने देकर ही मतदान कराया जायेगा।

**मतदान केंद्र पर कोविड हेल्प डेस्क भी**-प्रत्येक मतदान केन्द्र पर कोविड-19 हेल्प डेस्क की स्थापना की जायेगी जिस पर आशा बहू एवं एक सहायक की नियुक्ति मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा की जाएगी। हेल्प डेस्क पर थर्मल स्कैनर अनिवार्य रूप से रहेगा। कोविड-19 हेल्प डेस्क का कार्य होगा कि थर्मल स्कैनिंग के उपरान्त ही मतदान के लिए मतदान कक्ष में जाने को प्रवेश दिया जाये। यदि थर्मल स्कैनिंग की समय किसी मतदाता के शरीर का तापमान 100.4 डिग्री फारेनहाइट या उससे अधिक आता है तो उसे आईसोलेशन कक्ष में बैठाया जाएगा और उससे अंतिम घंटे में मतदान कराया जाएगा।

**बनेंगे 14 सेक्टर व 8 जोनल**-शिक्षक-स्नातक चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए सेक्टर- जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जिले में चौदह सेक्टर मजिस्ट्रेट व आठ जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी को कार्यों की ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

**कलेक्ट्रेट में बना कंट्रोल रूम**-लखनऊ खंड के शिक्षक-स्नातक चुनाव में निर्वाचन से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान को जिला निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका नंबर 05862-242333 है। इस नंबर पर कोई भी व्यक्ति मतदान से संबंधित सूचनाएं दे सकता है।

**चुनाव में लगेंगे 36 वाहन**-चुनाव में जिले में 36 वाहन लगेंगे। ये वाहन पोलिंग पार्टियों, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को लाने-ले जाने का कार्य करेंगे। यातायात प्रभारी के मुताबिक चुनाव में पोलिंग पार्टियों के लिए 14 बसें लगाई गई हैं। इनमें सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए 14 एवं जोनल मजिस्ट्रेट को 8 हल्के वाहनों का प्रबंध किया गया है।

**बनेगा अस्थाई स्ट्रांग रूम**-शहर के आरएमपी डिग्री कॉलेज में अस्थाई स्ट्रांग रूम बनेगा। शिक्षक- स्नातक चुनाव में मतदान के बाद सील्ड मतपेटियों को बूथों से अस्थाई स्ट्रांग रूम लाया जाएगा, जहां पर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों के बीच रखा जाएगा।

**मतदान को ये पहचान पत्र जरूरी**-लखनऊ खंड के शिक्षक-स्नातक चुनाव में मतदाताओं को वोट देने को पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।अगर उनके पास ये पहचान पत्र नहीं है तो उनके लिए विकल्प की व्यवस्था की गई है। उनमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्यध्केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक घरानो द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान-पत्र, सांसदों,विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान-पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपाधिध्डिप्लोमा का प्रमाण-पत्र मूल रूप में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता सम्बन्धी प्रमाण-पत्र मूल रूप में वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई दस्तावेज मतदान स्टाफ को प्रस्तुत करना होगा।

**दो दूरी को बूथों पर बनेंगे गोले**-मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में किसी उम्मीदवार द्वारा टेण्ट, पण्डाल आदि न तो लगेगा और न ही कोई प्रचार-प्रसार करेगा। कोविड सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध होंगे। सोशल डिस्टेंसिंग को प्रत्येक मतदान स्थल पर 2 गज की दूरी पर मतदान को गोले बनाए जाएंगे। सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान, मतदान सामग्री प्राप्त, जमा करते समय प्रत्येक दशा में 2 गज की सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जायेगा।

### लखनऊ खण्ड स्नातक चुनाव में

| | |
|---|---|
| मतदान केन्द्र- | 14 |
| मतदेय स्थल- | 50 |
| मतदाता- | 39851 |
| उम्मीदवार- | 24 |

### लखनऊ खंड शिक्षक चुनाव में

| | |
|---|---|
| मतदान केंद्र- | 14 |
| मतदेय स्थल- | 17 |
| मतदाता- | 2607 |
| उम्मीदवार- | 11 |

# नये इलेक्ट्रिक ट्रैक पर इंजन दौड़ने से चमके चेहरे

● पहली दफा दौड़ा नये इलेक्ट्रिक ट्रैक पर ट्रॉयल इंजन

संवाददाता। सीतापुर




सीतापुर-लखीमपुर के लिए जाता इलेक्ट्रिक इंजन

**सीतापुर-लखीमपुर** के नए इलेक्ट्रिक ट्रैक पर इंजन के दौड़ते लोगों के चेहरे पर चमक दिखाई दी। हर कोई यह जानने को उत्सुक दिखा था, कि नए इलेक्ट्रिक पर कब से ट्रेनें फर्राटा भरेंगी और उन्हें कब से इलेक्ट्रिक ट्रेन में सफर करने को मिलेगा। शनिवार की शाम को सीतापुर जंक्शन से लखीमपुर तक दौड़ाए गए बतौर ट्रॉयल इंजन ने नई इलेक्ट्रिक लाइन चेक की। कहीं भी कोई फॉल्ट नहीं आई। सब कुछ ठीक-ठाक मिला। रेलवे जानकारों की मानें तो ट्रॉयल इंजन ने सीतापुर-लखीमपुर तक महज 40 मिनट में दूरी तय की। ऐशबाग वाया सीतापुर- लखीमपुर-बरेली मीटर गेज से ब्रॉडगेज में तब्दीली के बाद इस रूट पर ट्रेनें दौड़ाई गई, हालांकि इस रूट पर ट्रेनों की संख्या काफी कम है। आमान परिवर्तन के बाद रेलवे ने समूचे ट्रैक का विद्युतीकरण करने का फैसला किया। चार फेज में पूरे का विद्युतीकरण कराने का खाका खींचा। पहले चरण में रेल विकास निगम लिमिटेड ने ऐशबाग-सीतापुर जंक्शन तक इलेक्ट्रिक लाइन खींचने का कार्य पूरा किया। बाद में फरवरी माह में नए इलेक्ट्रिक ट्रैक का संचालन शुरू किया। ये कार्य पूरा होते ही आरवीएनएल ने द्वितीय चरण में सीतापुर-लखीमपुर तक विद्युतीकरण कार्य चालू किया, लेकिन तभी मार्च में दुनिया-देश में फैले वैश्विक कोरोना वायरस के चलते इस रूट के विद्युतीकरण कार्य ठप गया। कोरोना महामारी थमने के बाद जुलाई माह में दोबारा काम शुरू किया। फाउंडेशन व विद्युत पोल कार्य पूरा होने के बाद आरवीएनएल ने तीस सितंबर से तार खींचने का कार्य किया। करीब दो महीने में कार्यदायी संस्था ने समूचे ट्रैक का विद्युतीकरण कार्य पूरा कर लिया। पिछले दो दिन से 25 हजार वोल्ट का विद्युत प्रवाह कर सीतापुर लखीमपुर तक नई लाइन चार्ज की गई। लाइन के चार्ज होने के बाद शनिवार की शाम को सीतापुरजंक्शन स्टेशन पर इलेक्ट्रिक इंजन पहुंचा। यहां पर फूलों से सजाए गए इंजन पर रेल विकास निगम लखनऊ के मुख्य परियोजना अधिकारी निश्चल श्रीवास्तव नेतृत्व में आरवीएनएल के प्रबंधक-सेक्टर प्रभारी जगन्नाथ मिश्र, अवर अभियंता अशोक कुमार, अभयकांत झा, वीरेंद्र कुमार, आशीश सिंह, श्री निवास जेना आदि सवार हुए।बतौर ट्रॉयल इंजन को पांच बजकर पैंतीस मिनट लोको पायलट दिनेश कुमार, सहायक पायलट महेंद्र कुमार यहां पर लखीमपुर के लिए रवाना हुए। 90 किमी की स्पीड से फर्राटा भरते हुए ट्रॉयल इंजन ने करीब 40 मिनट में लखीमपुर तक सफर तय किया।

# डीएम-एसपी ने किया जेल का औचक निरीक्षण

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-जेल का निरीक्षण करके वापस आते डीएम विशाल भारद्वाज, एसपी आरपपी सिंह

**जल निगम** भर्ती घोटाले में पूर्व मंत्री, रामपुर से सपा सांसद आजम खां एसआईटी की जांच में दोषी क्या ठहराए गए, उससे उनकी मुश्किल बढ़ गई हैं। सीतापुर जिला कारागार में पिछले नौ माह से आजम फैमिली बंद हैं। शनिवार को जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक के संयुक्त औचक मुआयने से कारागार में हड़कंप मच गया है। निरीक्षण में अफसरों ने परखीं बैरिक की सुरक्षा व्यवस्था, हालांकि कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है। पिछले 27 फरवरी से पूर्व मंत्री, रामपुर से सपा सांसद आजम खां, विधायक पत्नी तंजिम फातिमा, पूर्व विधायक-बेटा अब्दुल्ला सीतापुर जिला कारागार में निरूद्ध हैं। इनके ऊपर विभिन्न मामलों में केस दर्ज हैं। इसके अलावा जल निगम में तत्कालीन सपा कार्यकाल में अपनाई गई भर्ती प्रक्रिया की भी जांच चल रही थी। ये जांच एसआईटी द्वारा की जा रही थी। एसआईटी की जांच में पूर्व मंत्री आजम खां दोषी ठहराए गए हैं। साथ ही एसआईटी ने सीतापुर जेल में आजम के लिए वारंट भी दाखिल किया था। जांच में दोषी करार दिए जाने के बाद जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह शनिवार को अचानक जेल पहुंच गए। दोनों अफसरों ने जिला कारागार में आजम खां की बैरिक को खंगाला, मगर उन्हें कोई आपत्ति जनक वस्तु नहीं मिली।

आरएमपी डिग्री कॉलेज में...

# 'जस्ट फॉर फिट जिम' ने बांटे फ्रेम मास्क

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-गोष्ठी को सम्बोधित करते प्रो. रजनीकान्त

**कोरोना से** बचाव के लिए शनिवार को शहर के आरएमपी डिग्री कॉलेज में जस्ट फर फिट जिम व यस फाउंडेशन के संयुक्त बैनर तले फेस शील्ड बांटी गईं। इस दौरान प्रचार्य जयवीर सिंह ने कहा कि जब तक दवाई नही तब तक ढिलाई नहीं ही कोरोना बचाव का सर्वोत्म तरीका है, सेनेटाइजन, मास्क, फेस शील्ड आदि उपयोग में कोताही नहीं बरतनी है।

इस अवसर पर यस फाउंडेशन के मोहम्मद समीर जीशान, डिग्री कालेज के डॉक्टर सुनील सिंह, रजनीकांत, पवन यादव, डॉक्टर यमानी शुक्ला, जयदीप सिंह, हरिकेश गौतम, डॉक्टर शैलेन्द्र वर्मा, अरुण यादव, डॉक्टर अनूप सिंह, डॉक्टर दिनेश मौर्य, शिवपाल बघेल, अजय राठौर आदि मौजद रहे।

## क्विक न्यूज

### 10 गैंगेस्टर अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** अलग-अलग थानों की पुलिस कि सतत पैरवी से शनिवार को 10 गैंगस्टर अभियुक्तों को सजा सुना दी गई। अपर सत्र न्यायाधीश 6 ने अभियुक्तों को 5-5 हजार जुर्माने के साथ 2-2 वर्ष की सजा सुनाई है। सजा पाए अभियुक्तों में थाना हरगांव पुलिस द्वारा थाना रामकोट के रामनगर खटखरी निवासी नरेंद्र रावत, खीरी के सिकंदराबाद निवासी मुन्ने व विष्णु की, मिश्रित पुलिस द्वारा सूरज कहार व पप्पू रैदास की, अटरिया पुलिस द्वारा मनवा के रामे की, सिधौली पुलिस द्वारा जखरावा के परशुराम व बमनगजोटा के खुनखुन रैदास की, संदना पुलिस द्वारा गुजरेटां के स्वराज की और शहर कोतवाली पुलिस द्वारा थाना इमलिया सुल्तानपुर के तेंदवार निवासी संजय सिंह की पैरवी की गई है।

### नकबजनी में लिप्त सात अभियुक्त धरे गये

**सीतापुर।** अवैध शस्त्र निर्माण, चोरी व नकबजनी मामलों में लिप्त सात अभियुक्तों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की है। कोतवाली महोली पुलिस ने चौपटा के रविंद्र सिंह, अंदापुर के छोटे लाल, गद्दी के अजय, राकेश व नीरज पर चोरी व नकबजनी के मामलों में कार्रवाई की है। सभी अभियुक्तों पर पहले से 3-3 मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा थाना मछरेहटा पुलिस ने पक्की मढ़िया के जगन्नाथ व बिजुआमऊ के रामचंद्र पर अवैध तमंचा बनाने के मामले में कार्यवाही की है। पहले से ही जगन्नाथ पर 5 व रामचंद्र पर 4 मुकदमे दर्ज हैं।

### किसान मंच ने किया प्रदर्शन

**सीतापुर।** किसान मंच ने बिसवां मंडी स्थित धान क्रय केंद्र पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मांगे पूरी न होने तक धरना पर डटे रहने का ऐलान किया। मंच के जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिसवां क्षेत्र क्रय केन्द्रों पर मनमाने ढंग से खरीद हो रही है, बिचौलियों का बोलबाला है, किसान परेषान हैं। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब अहमद, प्रदेश प्रवक्ता सचेंद्र दीक्षित अवध क्षेत्र प्रभारी सरदार निर्भय सिंह, अवध क्षेत्र महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अल्पना सिंह, मासूम अली, आमोद श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, नितिन श्रीवास्तव, शिवपूजन यादव, दिवाकर राजपूत आदि मौजूद रहे।

### रेउसा कस्बे में किराना की दुकान का शटर तोड़कर नगदी व लाखों का माल चोरी

**सीतापुर।** रेउसा कस्बे मे पुलिस की गस्त को धता बताते हुये चोरो ने किराने की दुकान का सटर तोड़ कर लाखों का माल पार कर दिया। लकड़ी मंडी पेट्रोल पंप के पास स्थित इसरारा पुत्र साबिर की किराने की दुकान को चोरो ने निशाना बनाया। घर मे सो रहे लोगों को बाहर से कुंडी बंद कर दुकान के सटर को तोड़ दिया। अंदर घुसे चोरो ने रेक मे रखे 90 हजार की नगदी व फुटकर रेजगारी समेत गुटखा, काजू, सीक्रेट, डली, इलायची आदि समान चोरी कर ले गये। किराना व्यवसाई इसरारा ने रेउसा थाने मे प्रार्थना पत्र दे कर घटना की सूचना दे दी है।

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

**रेउसा सीतापुर।** थाना रेउसा क्षेत्र के रेउसा तम्बौर मार्ग पर खुरवलिया चौराहे पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार नानपारा बहराइच निवासी 27 वर्षीया माला देवी की मौत हो गई। वहीं मृतका के भाई मोहित कुमार और भतीजी सीमा बाल-बाल बच गए। बता दें माला देवी की ससुराल तम्बौर क्षेत्र में थी।

### ट्रक की चपेट में आने से अधड़े की गई जान

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां के बड़े चौराहे पर शुक्रवार रात सवारी के इंतजार में खड़ा युवक ट्रक की चपेट में आया। हादसे में उसकी मौत हो गई। वहीं उसका भाई बालबाल बच गया। मृतक की पहचान गोंडा के गांव देवरीकलां दौदापुर निवासी 47 वर्षीय सुशील कुमार शुक्ल के तौर पर की गई। मृतक अपने भाई सुभाष के साथ बिसवां में इंटरव्यू देने आया था। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

### कोरोना के मिले 12 नए मरीज

**सीतापुर।** लापरवाही मत करिए, वरना मंहगा पड़ जाएगा। सीतापुर में पिछले 24 घंटे में 12 नए मरीजों की पहचान की गई है जो कि शुक्रवार को आई रिपोर्ट से 7 ज्यादा हैं। षहर के बट्सगंज में 2 और जिला महिला चिकित्सालय में 1 मरीज मिला है। बिसवां शुगर मिल में आज 3 और हरगांव, लहरपुर व मछरेहटा व सिधौली क्षेत्र में 1-1 मरीज मिला है। इसी के साथ जिले में कोरोना मरीजों की संख्या 4,593 हो गई है।

### एक को नहीं, सात को बंटेगा अनाज, पीएम गरीब कल्याण योजना

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में अनाज वितरण की तारीख बढ़ा दी गई। अबकी दफा पहली दिसंबर के बजाए सात दिसंबर को अनाज का वितरण होगा। ये बदलाव पॉस मशीनों में तकनीकी बदलाव के चलते किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद के मुताबिक जिले में नवंबर माह के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में द्वितीय चक्र के वितरण की अंतिम तारीख तीस नवंबर है। पर पॉस मशीनों की तकनीकी तैयारियों के मददेनजर वितरण नहीं किया जा सका है। ऐसे में खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ के अपर आयुक्त ने नवंबर माह में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर सात दिसंबर कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना में एक दिसंबर से छह दिसंबर तक आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से वितरण किया जाएगा। मोबाइल ओटीपी वैरीफिकेशन की तिथि वितरण की अंतिम तारीख सात दिसंबर होगी।

# ...जब किसान धरने से जुड़े अखिलेश



महमूदाबाद-विधायक नरेन्द्र वर्मा से वर्चुअल वार्ता करते पूर्व सीएम अखिलेश यादव

● वर्चुअल धरने पर बैठे महमूदाबाद के एमएलए नरेंद्र वर्मा

● सपा मुखिया बोले, जरूरत पड़ी तो वो धरने में होंगे शामिल

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**किसानों के** मुददों को लेकर सीतापुर के महमूदाबाद में समाजवादी पार्टी ने मंडी परिसर में अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया। धरने की अगुवाई कर रहे क्षेत्रीय विधायक, पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा से वर्चुअल रूप में धरना स्थल से सपा मुखिया, पूर्व सीएम अखिलेश यादव भी जुड़े। विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को अवगत कराया कि 2017 में दस रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का मूल्य बढ़ा था, लेकिन इस बार न तो मूल्य बढ़ा और न ही पुराना बकाया गन्ने का भुगतान किया गया। आवारा पशुओं से परेशान किसानों की समस्याओं से भी अवगत कराया। सपा मुखिया ने किसानों के संग मंडी में धरना दे रहे नरेंद्र सिंह वर्मा की तारीफ की। कहा कि जरूरत पड़ी तो वो खुद धरने में शामिल होने को आएंगे। तो आप भी सुनें, वर्चुअल धरने में विधायक नरेंद्र वर्मा ने पूर्व सीएम के समक्ष क्या-क्या समस्याएं रखीं। छात्र सभा के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने भी संबोधित किया।

तथाकथित ट्रक ऑपरेटर यूनियन द्वारा माल गोदाम पर...

# ट्रक मालिकों से अवैध वसूली का भंडाफोड़

● व्यापारियों की शिकायत पर प्रशासन की कार्रवाई, दो गिरफ्तार, एफआईआर दर्ज

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-यूनियन द्वारा काटी गई लोडिंग पर्ची

**शहर के** मालगोदाम पर तथाकथित ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों के अवैध वसूली का भंडाफेड़ हुआ है, व्यापारियों की शिकायत पर प्रशासन व पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई की गई जिसमें यूनियन के दो पदाधिकारियों को पकड़ा गया है। व्यापारियों का आरोप है कि जिनके पास एक भी ट्रक नहीं, वो ट्रक यूनियन का कथित अध्यक्ष बन बैठा और वाहनों की हड़ताल करवा दी। हड़ताल की वजह से मालगोदाम पर वाहन नहीं आ रहे हैं। इससे माल डंप हो गया। क्या व्यापारी, क्या रेलवे अधिकारी, सभी परेशान होने लगे। और जिम्मेदार आंख बंद किए रहे। मामला दिल्ली तक जा पहुंचा। उसके बाद व्यापारियों ने माल गोदाम पर दिनदहाड़े की जा रही अवैध वसूली से हो रही दिक्कतों से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मिलकर जब उन्हें अवगत कराया तब प्रशासनिक मशीनरी हरकत में आई और आनन फानन मालगोदाम पर पहुंचकर अवैध वसूली कर रहे दो लोगों को हिरासत में लिया, जिनके कब्जे से कुछ रसीदें भी बरामद हुई हैं, हालांकि सरगना अभी भी पकड़ से दूर है। अब उस पर गैंगेस्टर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, फिलहाल पूरे मामले में आरपीएफ भी सवालों के घेरे में है। डीएम विशाल भारद्धाज और एसपी आरपी सिंह से मुलाकात के बाद व्यापारियों ने बताया कि नियाज नाम का व्यक्ति मालगोदाम पर अवैध रूप से ट्रकों से वसूली करता है और ओवरलोडिंग बंद करवाए जाने, माल भाड़ा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर ट्रकों की हड़ताल करवा देता है। जिससे माल डंप है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों में मुसीम खां व अमजद खां शामिल है। देर रात परिवहन विभाग की यात्रीकर अधिकारी शैहपर किदवई की ओर से शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है, इस बावत एआरटीओ प्रशासन प्रवीन कुमार सिंह ने बताया कि मालगोदाम पर ट्रकों से अवैध वसूली की शिकायतें मिली थीं। जिला पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की है।

**ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप:** जिस यूनियन के बैनर तले हड़ताल का ऐलान किया गया, जिसका ऑफिस भी तैयार कर लिया गया था, उसे अवैध बताया जा रहा है। यूनियन की ओर से नगर मजिस्टेव्ट को लेटर हेड पर हड़ताल की जानकारी भी दी गई थी, लेकिन वैध या अवैध इसकी जांच करना प्रशासन व परिवहन के अधिकारियों ने मुनासिब नहीं समझा। बतातें है कि यूनियन में अध्यक्ष बने नियाज हुसैन के पास कोई भी वाहन नहीं है, वहीं गिरधर गुप्ता, मनोज गुप्ता, कृपाशंकर गौर, अमजत खां, बहार, मो. इरफान, कलाम मिर्जा, रिंकू त्रिपाठी, पप्पू खच्चर, बबलू, मन्ना, विजय, जावेद मिर्जा, अंकुर वर्मा, सानू, जयसिंह, मुसीम खां, शिशिर पांडेय, ललित गुप्ता, महेश शुक्ला, राजा, दानिश, इसरत अली, अल्ला-बल्ली, सगीर समेत मीडिया प्रभारी के रूप में माहिर रिजवी शामिल थे, लेकिन आपसी विवाद के चलते रिंकू त्रिपाठी, पप्पू खंजर, अंकुर वर्मा, गिरधर गुप्ता आदि ने पहले ही यूनियन से नाता तोड़ लिया था वहीं प्रशासन की कार्रवाई के बाद तथा-कथित अध्यक्ष ने सोशल मीडिया के जरिए षडयंत्र करिए प्रशासन से झूठी शिकायत करने का आरोप लगाते हुए पदाधिकारियों को बदनाम करने की बात कही।

> **शिकायत** पर कार्रवाई की गई है, दो लोगो को हिरासत में लिया गया है, कुछ पर्चियां मिली है, मामले की जांच की जा रही है।
>
> अमित भट्ट एसडीएम सदर।

# एमएलसी चुनाव में भाजपा ने झोंकी ताकत

● सहगल सिटी में हुआ मतदाता सम्मेलन

● गुरु कृपा गेस्ट हाउस में हुआ बूथ सम्मेलन

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-कार्यक्रम में मौजूद विधायक ज्ञान तिवारी, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, व अन्य

**एमएलसी** चुनाव को लेकर भाजपा पूरी ताकत लागए दे रही है। शनिवार को पूर्व एमएलसी राकेश सिंह के संयोजन में सहगल सिटी मांटेसरी स्कूल पर मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें विधायक ज्ञान तिवारी, गोविंद भारती, डीसीडीएफ चेयरमैन सत्यप्रकाश मिश्र, विद्यालय के प्रबंधक मोनू सहगल ने स्नातक उम्मीदवार इंजीनियर अवनीश सिंह पटेल और शिक्षक उम्मीदवार उमेश द्विवेदी के लिए समर्थन मांगा। शहर के गुरूकृपा गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी नगर 2 के कार्यकर्ताओं का बूथ सम्मेलन हुआ। सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, सदर विधान सभा क्षेत्र प्रभारी जया सिंह, स्नातक चुनाव प्रभारी भवर सिंह, अवनेन्द्र विक्रम सिंह, डीसीडीएफ अध्यक्ष सत्य प्रकाश मिश्रा, जिला महामंत्री विश्राम राठौर व ललित श्रीवास्तव कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अन्य दलों से सुमन मिश्रा, अंजनी मिश्रा, पंकज शुक्ला, प्रणवेश पांडेय, मिथिलेश वैश्य, भावना वैश्य, अग्निवेश पांडेय, विकाश गौड़, आशीष शुक्ल, मनीष गौड़ व कमलेश तिवारी ने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर पंकज अवस्थी, आशुतोष दीक्षित, आकाश राय, लक्ष्मी सागर, शशिकांति तिवारी, अविनाश कुमार, चाँद मोहमम्द, पवन तिवारी, अमित गुप्ता, मनीष द्विवेदी, बुद्धि लाल वर्मा, सर्वेश राठौर, रोहित सिंह, प्रशांत कुमार रावत, ओम प्रकाश मिश्रा, अमरीश अवस्थी, अतुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# किसानों को खत्म करने पर तुली है केंद्र सरकार

- केंद्र सरकार के अध्यादेशों के खिलाफ कांग्रेस का धरना
- राज्यपाल को भेजा गया ज्ञापन



**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**शीर्ष कमेटी** के निर्देशानुसार केन्द्र सरकार के तीनों अध्यादेशों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विलोबी मैदान में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार पूंजीपतियों के लिये अन्नदाता किसान को खत्म कर देना चाहती है। किसानों के खिलाफ ऐसा काला कृषि बिल लाकर उनका शोषण करने पर उतारू है। आज किसान पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। न तो उसके अनाज का उचित दाम मिल रहा है, न तो सरकारी केंद्रों पर बिक रहा है और न ही उसकी फसलों का समय से भुगतान हो रहा है। सरकार की मंशा पूरी तरह से किसानों को बर्बाद करने की नजर आ रही है। वरिष्ठ नेता रामकुमार मिश्रा ने समर्थन देते हुए कहा कि जब किसान शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली अपनी बात को कहने जा रहे थे तो मोदी सरकार उन पर लाठीचार्ज कर उनकी आवाज को दबा रही है। ऐसी कड़ाके की ठंड में किसानों पर वाटर कैनन से मार की जा रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता व नेता शिव सहाय सिंह ने कहा कि देशभर के किसान आज आंदोलित हैं। सरकार की इस जनविरोधी एवं किसान विरोधी नीति का विरोध कर रहे हैं।

सुजीता कुमारी ने कहा कि एक तरफ हम ट्रेनों में बसों में लिखा देखते हैं कि यह देश की सम्पत्ति है। इसको नुकसान न पहुंचाएं। नुकसान करते पकड़े जाने पर जुर्माना अदा करना पड़ेगा किन्तु खुद सरकारी प्रशासन किसानों को दिल्ली आने से रोकने के लिये सड़कों में गड्ढे खुदवाए दे रही है। मीडिया किसानों को खालिस्तानी बता रही है। क्या सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना देशद्रोह हो जायेगा? सहजनदे दीक्षित ने कहा कि किसानों का गन्ना भुगतान आज तक नहीं हुआ है। धान बेंचने पर समर्थन मूल्य पर भुगतान आज तक नहीं हुआ है। किसानों को अपने बच्चों की शादी करनी है। पढ़ाई की फीस देनी है जबकि इस डबल इंजन की सरकार ने 14 दिनों के भीतर गन्ना भुगतान करने की बात अपने घोषणापत्र में कही थी।

आज सरकार को किसानों की यह महत्वपूर्ण समस्या दिखाई नहीं दे रही है। वरिष्ठ नेता दीपक बाजपेई समेत शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर त्रिवेदी व जिला महासचिव संजय गोस्वामी ने भी सभा को संबोधित किया। इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से राजेंद्र गुप्ता, सुजीता कुमारी, रामगुनी, चंद्र अवस्थी, आफताब अहमद, पंकज दीक्षित, रवि गोस्वामी, लतीफ, अरफात उस्मानी, राजीव अग्निहोत्री, आशीष सिंह, शत्रोहन लाल वर्मा, कमलजीत सिंह, अब्दुल कयूम, सतीश मिश्रा, इरफान बेग, रामकुमार वर्मा, केके दीक्षित, मोहन चंद्र उप्रेती, सरोजनी अवस्थी, राजेश प्रधान, ललित मिश्रा लवी, विवेक कुमार, मनोज यादव, प्रदीप यादव, रामपाल शाक्य, प्रेम कुमार वर्मा, धीरेंद्र बहादुर, सूरज कुमार, कैलाश चंद्र वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, अंकित शुक्ला व दुर्गेश अवस्थी सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो बाइक चोरों को पुलिस ने दबोचा

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ खीरी

**थाना कोतवाली** पुलिस के उपनिरीक्षक विजय कुमार शुक्ल ने दो बाइक चोरों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर उनके पास से दो बाइकें भी बरामद की है। जानकारी के मुताबिक उपनिरीक्षक विजय कुमार शुक्ल के अनुसार मुखबिर की सूचना पर उन्होने कोटवारा मार्ग पर घेराबंदी की जिसमें दो बाइक सवार आते दिखाई दिये रोकने पर वह वापस फरार होने का प्रयास करने लगे पर पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हे दबोच लिया। पूछने पर उन्होने अपना नाम सचित राठौर पुत्र रामपाल निवासी पश्चिमी दीक्षितानाए दूसरे ने अपना नाम घनश्याम राठौर पुत्र श्री पाल निवासी लाम्बा नगर गोला बताया कि उनके पास से दो बिना नम्बर प्लेट की बाइके बरामद हुई है जिसमें एक स्पलेण्डर व दूसरी डीलक्स है। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष भेजा है।

## रतीराम लोधी बने राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा के जिलाध्यक्ष



**निघासन-खीरी।** क्षेत्र के ग्राम देवीदीन पुरवा निवासी युवा समाजसेवी रतीराम लोधी को सामाजिक संगठन राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर उनके तमाम शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपमा सिंह लोधी के निर्देशन में प्रदेश प्रभारी डा. ऋचा राजपूत व राजेश राजपूत प्रभारी कानपुर बुंदेलखंड के द्वारा रतीराम लोधी को राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। रतीराम लोधी पहले से ही एक जर्नलिस्ट के साथ-साथ एक समाज सेवी भी हैं और भारतीय जनता पार्टी के निघासन मंडल उपाध्यक्ष के साथ मीडिया प्रभारी के दायित्व का भी पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन कर रहे हैं। इस जिम्मेदारी के साथ-साथ वह सामाजिक कार्यों में भी बराबर सक्रिय रहते हैं। सामाजिक बैठकों में हमेशा शिक्षा और नशामुक्त अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया करते हैं। सामाजिक उत्थान के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर जनहित कार्यों में रूचि रखते हैं। लोधी समाज का जिलाध्यक्ष बनने पर योगेंद्र प्रताप सिंह, सतीश लोधी, राजेश राजपूत, रमेश लोधी, संतोष लोधी, मनोज व कमलेश लोधी सहित उनके तमाम शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# बकरी बांधने को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे चले, अधेड़ की मौत

- दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज

**संवाददाता।** बेहजम-खीरी



**नीमगांव** कोतवाली क्षेत्र के कस्बे से सटे लोनपुरवा गांव में बकरी बांधने को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे से हुई मारपीट के दौरान एक अधेड़ गम्भीर रुप से घायल को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर पड़ोसी दो लोगों को नामजद करते हुए आधा दर्जन से ज्यादा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात नीमगांव थाने से नजदीक ही बसे गांव लोनपुरवा में मृतक हरिराम उम्र करीब 55 वर्ष और उसके पड़ोसी लवकुश के परिवार से बकरी को बांधने को लेकर हुई जमकर मारपीट हुई। इसमें लाठी-डंडे की पिटाई से गंभीर रूप से हरिराम घायल हो गया। इसे परिजनों ने ईलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां इलाज के दौरान ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर नीमगांव पुलिस ने घटना के बारे में जांच पड़ताल कर परिजनों की तहरीर पर गांव के विजय पुत्र हीरालाल, मुकेश कुमार, लवकुश व छोटेलाल समेत चार आरोपियों को नामजद करते हुए तीन अज्ञात के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं नीमगांव इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडे, हमराही दलजीत सिंह, अंचल वर्मा के द्वारा आला कत्ल समेत दो आरोपियों को लवकुश, छोटेलाल पुत्रगण विजय कुमार निवासी लोनपुरवा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया कि शेष अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# बीजेपी के मतदाता सम्मेलन में स्नातक चुनाव के पार्टी प्रत्याशी को जिताने की अपील



**संवाददाता।** बिंदकी (फतेहपुर)

**इलाहाबाद झांसी** स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातक मतदाताओं को जागरूक किया गया। उनसे कहा कि हर हाल में अपने साथ के स्नातक मतदाताओं के बीच जाकर उनसे बात करें ताकि प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से जिताया जा सके।

नगर के मोहल्ला कुंवरपुर रोड स्थित गार्डन में भाजपा द्वारा मतदाता का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री विजय लक्ष्मी साहू ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों के चलते पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास बहुत अधिक बड़ा है। निश्चित रूप से इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी यज्ञदत्त शर्मा को स्नातक मतदाता अधिक से अधिक मतों से जिताने का काम करेंगे। पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि प्रत्याशी पिछले कई बार से लगातार इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं और निश्चित रूप से उनकी साफ-सुथरी और ईमानदार छवि के चलते एक बार फिर वह भारी मतों से विजई होंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेई ने केंद्र और राज्य सरकार के उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताया। इस मौके पर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, पार्टी जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, पार्टी जिला उपाध्यक्ष अर्पणा सिंह गौतम, खजुहा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व सुतीक्षण सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल द्विवेदी आदि लोगों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी को अधिक से अधिक मत से जिताने की बात कही।

## रजाई भराने जा रहे युवक की ट्रक से कुचलकर मौत

**खागा (फतेहपुर)।** खखरेरू थाना क्षेत्र के कनपुरवा मोड़ के पास अपने साथी के साथ रजाई भराने जा रहे बाइक सवार को ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक की ट्रक से कचुलकर मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए खखरेरू पीएचसी भिजवाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार खखरेरू थाना क्षेत्र के गहबरपुर गांव निवासी मिलन पुत्र रज्जन लाल 25 वर्ष दोपहर लगभग 2 बजे रजाई भराने खखरेरू जा रहे थे। कनपुरवा मोड़ जगदलपुर रोड के पास खखरेरू की ओर से आ रहे अनियंत्रित अज्ञात ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल सवार मिलन ट्रक के पहिए के नीचे आ गया। पीछे बैठे अरविंद कुमार पुत्र हीरालाल लगभग 22 वर्ष के भी गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष जय प्रकाश उपाध्याय एवं एसएसआई नाहर सिंह हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को 108 नंबर एंबुलेंस बुलाकर पीएचसी खखरेरू इलाज के लिए भिजवाया।

## भारत विकास परिषद मतदाताओं को करेगा जागरूक



- घर- घर पहुंचाएगा मतदाता पर्ची

**फतेहपुर।** भारत विकास परिषद की बैठक कार्यालय आईटीआई में आयोजित हुई। जिसमें तय हुआ कि पदाधिकारी मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे ताकि शत-प्रतिशत मतदान हो सके। अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुयी बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्नातक भाजपा प्रत्याशी डॉ0 यज्ञदत्त शर्मा का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि स्नातक प्रत्याशी साफ व स्वच्छ छवि के व्यक्ति हैं इसलिए सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि उनको प्रथम वरीयता का मत देकर विजई बनाएंगे। यह भी तय हुआ कि मतदाताओं के घर-घर जाकर प्रेरित करते हुए मत डलवाएंगे।

मुख्य रूप से परिषद के संजीव अग्रवाल, छवि दुबे, केशव राम त्रिपाठी, अजय गुप्ता, ज्योति प्रवीण पटेल, सुनिधि तिवारी, अंजू त्रिपाठी, राधेश्याम हयारण, चंद्र प्रकाश गुप्ता, अमृत लाल गुप्ता, सुरेंद्र पाठक, शैलेंद्र शरण सिंपल आदि मौजूद रहे।

## सपा की सरकार बनेगी तो शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाल होगी: तनवीर खां



**शाहजहांपुर।** शिक्षक एमएलसी चुनाव के संबंध में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर विशेष बैठक हुई। बैठक में मतदान के दिन बूथ पर एजेंट तैनात किए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि बरेली मुरादाबाद मंडल शिक्षक निर्वाचन खंड के सपा प्रत्याशी को शाहजहांपुर से जीत दिलाने के लिए 1 दिसंबर को होने वाले मतदान के लिए सभी 13 पोलिंग बूथों पर एजेंटों एवं सभी 10 दस पोलिंग स्टेशनों पर पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मतदान स्थलों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे पोलिंग बंद होने तक ठहरे रहे। उन्होंने चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश भी दिए। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने अपनी टीम के साथ नगर क्षेत्र के कॉलेजों में शिक्षक मतदाताओं से संपर्क कर सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। तनवीर खान ने कहा कि सपा प्रत्याशी के जीतने से पार्टी कार्यकर्ताओं को एक नई ऊर्जा मिलेगी और अखिलेश यादव के हाथ मजबूत होंगे। उन्होंने शिक्षकगणों को विश्वास दिलाया कि जब 2022 में सपा की सरकार बनेगी तो शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाल होगी और वित्त विहीन शिक्षकों को सम्मान जनक मानदेय मिलेगा।

इस मौके पर रणंजय यादव, अशोक यादव, प्रदीप तिवारी पिंटू, अजय प्रताप सिंह, सौरभ गांधी, इमरान खान, श्याम जी शुक्ला, हफीज अंसारी, सय्यद इबादुल हक, बगलू, अंकित कश्यप, संजीव वर्मा, जितेंद्र बाजपेयी, आरिफ देवेश प्रजापति, शिवा राठौर आदि मौजूद रहे।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 18 जोड़ों की शादी की रस्म मुकम्मल हुई



**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**मुख्यमंत्री सामूहिक** विवाह योजना के अन्तर्गत ओ.सी.एफ रामलीला मैदान में कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह तथा पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द व मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा शर्मा ने संयुक्त रूप से 18 नव दाम्पत्य जोड़ों को कुषल जीवन हेतु दिया शुभ आषीर्वाद दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जनपद में 65 जोड़ों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विवाह करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि कोविड-19 के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो इसको ध्यान में रखते हुए तहसील के ब्लाक मुख्यालय पर भी सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। तहसील के ब्लाक मुख्यालय तिलहर में 18 तथा जलालाबाद में 13 एवं पुवायां में 16 तथा सदर ओ.सी.एफ रामलीला मैदान में 18 जोड़े कुल 65 जोड़े योजना में शामिल है। श्री खन्ना ने बताया कि कन्या के दाम्पत्य जीवन की खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु राशि 35,000 रुपये उनके बैंक खाते में अंतरित करने के साथ ही अन्य जरूरी सामान दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी सतीष पाठक, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुमन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी वरूण सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

## मिशन शक्ति: विजयी छात्राओं को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया

**शाहजहांपुर।** मिशन शक्ति के अंतर्गत शनिवार को मदरसा नूरूलहुदा बिजलीपुरा में चल रहे जागरूकता कार्यक्रम में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों ने छात्राओं को जागरूक रहने पर जोर दिया। अतिथियों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की विजयी छात्राओं को पुरूस्कार देकर पुरूस्कृत किया। मदरसा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि व्यापारी नेता किशोर कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज के उत्थान में महिलाओं का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। जिस समाज में महिलाओं का मान व सम्मान नही होता है। वह समाज कभी प्रगति नही कर पाता है। उन्होने कहा कि छात्राओं को मिशन शक्ति से जोड़कर इस अभियान को सफल बनाया जा रहा है। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने कहा कि शासन की मिशन शक्ति योजना को महिलाओं और छात्राओं तक पहुचाने के लिए मदरसा शिक्षक पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## क्विक न्यूज

### आबकारी महकमे ने नौ पर दर्ज कराया मुकदमा

**लखीमपुर-खीरी।** शुक्रवार को जिले भर में विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के कुशल नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक सदर पंकज विवेक मय स्टाफ व पुलिस टीम द्वारा चिमनी, भीखनापुर व सैधरी में दबिश दी गई। दबिश के दौरान सभी संदिग्ध स्थलों व घरों की नियमानुसार सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान लगभग 50 लीटर अवैध कच्ची शराब को बरामद किया गया। छह व्यक्तियो को गिरफ्तार करके आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी निरीक्षक निघासन गिरीश आनंद मय स्टाफव संपूर्णानगर पुलिस टीम द्वारा विभिन्न ग्रामों में संयुक्त दबिश दी गई। दबिश के दौरान सभी संदिग्ध स्थलों व घरों की नियमानुसार सघन तलासी ली गई। तलाशी के दौरान लगभग 70 ली0 अवैध कच्ची शराब व लगभग 20000 किग्रा लहन बरामद किया गया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है। 03 व्यक्तियो के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करके 2 वयक्तियों को जेल भेजा गया है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि पूरे जिले में आबकारी महकमे की टीमों को अलर्ट करते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना एवं उपलब्ध फीडबैक के आधार पर अवैध शराब के अड्डों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी कर कार्रवाई की जा रही है।

### डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्यायें



**मैगलगंज-खीरी।** मैगलगंज कोतवाली परिसर में समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक विजय ढुल के द्वारा जनता के बीच रहकर जनसमस्याओं को सुना गया। उनकी शिकायतों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस पर अनेक शिकायतें आयीं। जिसमें मैगलगंज के मुकेश सक्सेना द्वारा तालाबों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण के विषय में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गयी। वहीं मैगलगंज के व्यापारियों के द्वारा सोमवार को होने वाली साप्ताहिक बंदी के अनुपालन कराये जाने हेतु भी जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया। इसके अतिरिक्त 9 शिकायतें राजस्व विभाग व 2 शिकायतें पुलिस विभाग की प्राप्त हुईं। इस मौके पर तहसीलदार मितौली, थाना प्रभारी चंद्रकांत सिंह, औरंगाबाद चौकी प्रभारी नीतीश भारद्वाज व कोतवाली स्टाफ के साथ-साथ पत्रकार व तमाम फरियादी मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार एक युवक को तेजी से आ रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भोजीपुरा थाने के गांव अटापट्टी निवासी सनी सिरोही पुत्र तेजपाल सिरोही की बीती रात भोजीपुरा के टोल प्लाजा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि सनी एच डी एफनाम की एक कंपनी में एफआई का काम देखता था। वह रात में अपने कार्यालय से मोटरसाइकिल से घर वापस लौट रहा था। लेकिन रास्ते में जब वह भोजीपुरा टोल प्लाजा के पास पहुंचा तभी उसकी बाइक को पीछे से आ रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस उसे इलाज के लिए भोजीपुरा के अस्पताल ले गई जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने लाश की शिनाख्त कर ली।

### पति के डांटने पर पत्नी ने जहर खाया

**बिथरी।** चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव बालीपुर अहमदपुर निवासी 26 वर्षीय गायत्री को आज सुबह उसके पति रामकिशोर ने बेहोशी हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसके पति ने बताया कि आज उसके छोटे भाई की चौथी की रस्म है। जिसके लिए घर में पूड़ी बनाई जानी थी। उसमें सुबह तड़के पत्नी गायत्री से पूरी बनाने के लिए कहा। लेकिन वह पूड़ी बनाने नहीं गई। जिससे गुस्साए रामकिशोर ने उसकी डांट लगा दी। इसी के चलते गायत्री ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। पति नेजब उससे पूछा तो उसने कीट नाशक खाने की बात बताई। तब पति उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले आया।

### ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**बरेली।** एक अधेड़ ने आज सुबह ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने लाश को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में धनेटा और भाखड़ा गांव के बीच एक 43 वर्षीय अधेड़ ने आज सुबह ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर धनेटा रेलवे फाटक की गेटमैन गोलू कुमार ने पुलिस को सूचना दे दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की। लेकिन कोई भी लाश की शिनाख्त नहीं कर सका। तब पुलिस ने लाश को अज्ञात के रूप में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अपने ऊपर कोविड़ 19 वैक्सीन के परीक्षण के लिए आगे आये प्रमोद, सरकार को भेजा प्रस्ताव



**फतेहपुर।** जनपद के वरिष्ठ पत्रकार एवं फतेहपुर प्रेस क्लब के महामंत्री प्रमोद श्रीवास्तव ने आज देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री को पत्र भेजकर व ट्वीट करके बताया कि कोविड-19 कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए वैज्ञानिकों जारी वैक्सीन की खोज में वैक्सीन की टेस्टिंग के लिए आवश्यक मानव शरीर के रूप में आवश्यकता पड़ने पर अपना शरीर उपलब्ध होने की बात कही हैं। उन्होंने कहा कि वह पूर्ण स्वस्थ है, बावजूद इसके मानव हित में अगर उनके शरीर का उपयोग हो पाए तो वह अपने आप को गौरवशाली समझेंगे। उनका यह भी कहना है कि कोविड-19 वैक्सीन की टेस्टिंग के दौरान अगर उनको किसी प्रकार की हानि होती है तो वह या उनका परिवार सरकार से किसी प्रकार का क्लेम नहीं करेगा।

### एसपी व सीडीओ द्वारा सुनी गयी जनसमस्यायें

**फतेहपुर।** थाना गाजीपुर में आज समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी सत्यप्रकाश द्वारा जनसमस्याओं को सुना गया। उन्होंने समाधान दिवस में आए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आए हुए प्रार्थना पत्रों का तुरन्त समाधान किया जाए।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दूधिए की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा बाईपास पेट्रोल पम्प के समीप शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 45 वर्षीय दूध विक्रेता की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के साहबगंज निवासी जगरूप का पुत्र महिपाल दूध विक्रेता था। बताते हैं कि कल सुबह वह मोटरसाइकिल से दूध लेकर शहर में बिक्री करने के बाद रात लगभग साढ़े आठ बजे गांव वापस जा रहा था। जैसे ही वह शहर क्षेत्र के भिटौरा बाईपास रिलायंस पेट्रोल पम्प के समीप पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहा अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे दूध विक्रेता की घटनास्थल पर मौत हो गयी।

### पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण



- मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा: इन्द्र विक्रम सिंह

**शाहजहांपुर।** बरेली-मुरादाबाद खण्ड षिक्षा निर्वाचन-2020 के तहत गांधी भवन प्रेक्षागृह में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी आदि का प्रषिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में कराया गया। प्रषिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया है कि 01 दिसम्बर, 2020 को होने वाले मतदान में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी किये गये हैं, मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मत देने से पूर्व अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बरेली-मुरादाबाद खण्ड षिक्षा निर्वाचन-2020 का मतदान दिनांक 01.12. को होना है। उन्होंने बताया है कि उक्त मतदान हेतु दिनांक 30 नवम्बर को मतदान कराने हेतु पोलिंग बूथ के लिए निर्वाचन कार्यालय से फोर्स के साथ पार्टियां रवाना की जाएंगी। बरेली-मुरादाबाद खण्ड षिक्षा निर्वाचन हेतु 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 06 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 20 कर्मिकों की टीमें बनाई गयी है। इसके साथ ही उपरोक्त चुनाव हेतु केन्द्र सरकार द्वारा 10 माइक्रो ऑब्जर्वर भी लगाए गये है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एस आनन्द, अपर जिलाधिकारी प्रषास राम सेवक द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सतीष मिश्रा, जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी राकेष कुमार, उपजिलाधिकारी तिलहर वेदपाल सिंह चौहान आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

# एक करोड़ कीमत के कछुओं सहित अंतर्जनपदीय तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। सैफई

**अपराध,** अपराधियों एवं प्रतिबंधित वस्तुओं के तस्कारी की रोकथाम के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना सैफई पुलिस द्वारा अन्तर्जनपदीय कछुआ तस्करी गिरोह के 05 सदस्यों को 2583 कछुए, 30 किग्रा कछुआ कैल्पी, 01 ट्रक, 01 ओमनी वेन अनुमानित कीमत 01 करोड़ रूपये एवं अवैध असलाहसें सहित गिरफ्तार किया गया। रात्रि को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा आकाश तोमर द्वारा अपराध एवं अपराधियों गतिविधियों की रोकथाम तथा तथा प्रतिबन्धित वस्तुओं की तस्कारी की रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया था जिसमें समस्त क्षेत्राधिकारी तथा समस्त थाना प्रभारियों द्वारा क्षेत्र में निकलकर सम्पूर्ण जनपद में सघनता से चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान थाना सैफई पुलिस टीम को सूचना दी गयी कि कुछ अज्ञात बदमाश करहल की ओर से एक ट्रक में भारी संख्या में अवैध कछुओं को लोड करके जसवन्तनगर की ओर जाएगें। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए करहल से जसवन्तनगर की ओर जाने वाले रास्ते दुमीला बॉर्डरष्पर सघनता से चेकिंग प्रारम्भ की गयी जिसमें करहल की ओर से आने वाले सभी वाहनों को सघनता से चेक किया जा रहा था। इसी दौरान देर रात्रि पुलिस टीम को करहल की ओर से एक ट्रक तथा मारूति वेन एक साथ आते हुए दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी दिखाकर रोकने का प्रयास किया गया। जिसपर ट्रक चालक द्वारा ट्रक रोक लिया गया तथा उतकर भागने लगा जिसपर पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी करके ट्रक से 01 तथा मारूति वेन से 04 लोगों को पकडा गया तथा ट्रक चालक रात्रि के अधेरें में भागने में सफ्ल रहा। पकडे गये ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक से भारी मात्रा में कछुएं तथा कछुएं की कैल्पी बरामद हुई तथा पकडे गये अभियुक्तों की तलाशी लेने पर अभियुक्तों के कब्जे से अवैध असलाह तथा अवैध चाकू भी बरामद हुए। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों से की गयी पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम सभी लोग समायन पक्षी बिहार मैनपुरी व अन्य जगहों से कछुए पकड़ने का कार्य करते है तथा पकड़ने के बाद डिमाण्ड के अनुसार विभिन्न स्थानों पर कछुओं की तस्करी का काम करते है तथा आज भी हम लोग इस ट्रक में कछुएं लौड करके जनपद बरेली की ओर जा रहे थे। अभियुक्तों द्वारा किये गये कृत्य तथा उनके कब्जे से बरामद हुए कछुएं एवं अवैध असलहों के सम्बन्ध में थाना सैफई पर निम्न अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा जा रहा है पुलिस द्वारा बरामदगी 2581 कछएं जिन्दा, 2 कछुआ मृत्य, 30 किग्रा कछुआ कैल्पी 01 ट्रक यूपी 78 डीटी 0779, 1 ओमनी वैन यूपी 80 ईएम 6405, 1 अवैध तमंचा पकड़े गए अभियुक्त कप्तान सिंह पुत्र रामभरोसे कंजर नि. कोकपुरा थाना फ्रेण्ड्स कालोनी, सुरेश चन्द्र पुत्र गयादीन कंजर नि. गिहार कालोनी थाना कोतवाली कालीचरण पुत्र कल्लू कंजर नि0 गिहार कालोनी थाना कोतवाली, सुमित कुमार पुत्र बलवीर नि0 महादेवा थाना कुरावली मैनपुरी, जगदीश पुत्र बंशीलाल कंजर नि0 कोकपुरा थाना फ्रेण्ड्स कालोनी को गिरफ्तार किया गया।





## सीडीओ के औचक निरीक्षण से ब्लॉक कर्मचारियों में मची खलबली, दिए सख्त निर्देश

**जसवंतनगर।** सीडीओ द्वारा ब्लाक कार्यालय का औचक निरीक्षण किए जाने से अफसरों में खलबली मच गई। उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद वह फाइलों को सुरक्षित तरीके से रखने को कहा। उन्होंने बीडीओ से शौचालय निर्माण सहित अन्य योजनाओं में हो रहे विकास कार्यो की प्रगति जानी। सीडीओ के निरीक्षण कर वापस होने के बाद ही राहत की सांस ली।

मुख्य विकास अधिकारी राजा गणपति आर ने जसवंतनगर ब्लाक का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ ने ब्लाक मे आवासीय योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने योजना मे किसी भी प्रकार की लापरवाही पर बीडीओ बृजमोहन अम्बेड समेत मातहतों को कार्रवाई के लिए आगाह भी किया। इसके बाद सीडीओ ने मनरेगाए आवासए शौचालय व रिबोर हैंडपंप से जुड़े अभिलेख को भी देखा। निरीक्षण के समय मौजूद बीडीओ ब्रजमोहन अम्बेड ने सीडीओ को विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। सीडीओ ने गांव में निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं का भी औचक निरीक्षण की चेतावनी देते हुए किसी भी प्रकार की अनियमितता पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी बात कही। इस दौरान एडीओ गुरु प्रसाद मनरेगा सहायक लिपिक धीरेंद्र कुमार सहित जेई यदुनाथ जेशवाल को रजिस्टर आदि अधूरे होने पर जमकर लताड़ व फ्टकार लगाई। सीडीओ के औचक निरीक्षण से ब्लाक परिसर में खलबली का माहौल दिखा और ग्राम सचिव भी घबराहट से फील्ड में होने का बहाना बनाकर निकल गए। सीडीओ ने बताया कि ब्लाक के रूटीन निरीक्षण में फाइलों का रखरखावए मनरेगा रजिस्टरों में पूर्ण जानकारी नहीं दी गई काफी कमियों को देखकर आगामी 15 तक दुरुस्ती के आदेश दिए हैं। इसके अलावा अन्य अधूरे कार्यो को पूरे करने लिए बीडीओ को कहा गया।

## समाधान दिवस पर थाने में समस्याओं का मौके पर किया निस्तारण

**बकेवर।** थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस पर क्षेत्राधिकारी चन्द्रपाल सिंह व तहसीलदार भरथना गजराज सिंह द्वारा थाना में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना। कुछ फरियादियों की समस्या का मौके पर ही निस्तारण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन शनिवार को थाना परिषर में समाधान दिवस के मौकेपर क्षेत्राधिकारी भरथना चन्द्र पाल सिंह व तहसीलदार भरथना गजराज सिंह की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादियों की समस्याओं को शान्तिपूर्ण रुप से सुना गया। वहीं क्षेत्राधिकारी भरथना चन्द्र पाल सिंह ने बताया कि थाना परिषर में आने वाले प्रत्येक फरियादियों को समस्याओं को सुना जायेगा साथ ही जल्द से जल्द निस्तारण भी किया जायेगा। वहीं समाधान दिवस पर आज कई शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण भी किया गया तथा कुछ को जल्द से जल्द निस्तारण करने हेतु निर्देशित भी किया गया है। वहीं थाना परिषर में कुल दस शिकायती प्रार्थना पत्र आये थे जिसमें ज्यादातर राजस्व सम्बंधी प्रार्थना पत्र थे। वहीं मौके पर कुल पांच शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया है तथा पांच के लिऐ सम्बंधित अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

## अंतर्जनपदीय आधा दर्जन गो तस्कर 21 गायों सहित गिरफ्तार

**बकेवर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए गये अभियान के दौरान पुलिस ने अंतरप्रांतीय आधा दर्जन गौ वंशीय पशु तस्करों सहित उनके पास से 21 गाय बरामद की गयी । यह पशु तस्कर सड़क पर खुल्ला विचरण कर रही गायो को पकड़ कर तस्करी के लिए लेकर जा रहे थे।

शुक्रवार की रात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देश पर प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाऐ गये अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक अंजन कुमार सिंह को मुखबिर ने सूचना दी कि अहेरीपुर निवाड़ी मार्ग पर बंबा के नजदीक पशु तस्कर गौ वंशीय पशुओं को एकत्रित कर कही ले जाने की फिराक मे है । जिस पर प्रभारी निरीक्षक मुखबिर के बताए स्थान पर पंहुचे जहां कि पशु तस्कर गायो को वाहन पर लोड करके ले जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। इन पशु तस्करों ने जैसे ही पुलिस को देखा तो वह भागने लगे जिस पर पुलिस ने बलपूर्वक दौड़ाकर उनको पकड़ लिया। पकड़े गये लोगों से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम विजय सिंह पुत्र हजारी ए सोनू पुत्र विजय सिंह के अलावा नारु पुत्र फोजी लाल निवासी



कलम का कुंआ थाना आनंतपुरा जिला कोटा राजस्थान के अलावा अमर सिंह पुत्र दुर्गा सिंह ए नर सिंह पुत्र बिहारी निवासी पटेलनगर थाना प्रतापनगर भीलवाड़ा राजस्थान व मोहम्मद अशरफ पुत्र बन्ने निवासी कोट थाना नखासा सम्भल बताया। पकड़े गये आरोपितों के पास से पुलिस ने 21 जिन्दा गायो को भी बरामद किया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग यह गाय राजस्थान से लेकर यहां आये है तथा हम लोगों ने कुछ गाय यहीं से पकडकर अपनी गायों में मिला ली है। जिन सभी को हम लोग रात में किसी वाहन आदि में लौड करके अन्य स्थान में ले जाना चाहते थे तथा हम लोग विभिन्न स्थानों से गाय एकत्रित करके जनपद मुरादाबादए सम्भल आदि में ले जाकर गौवध करकर बिक्री कर धन अर्जित करने का काम करते है।

## शादी समारोहों में पुलिस की दखलंदाजी खत्म होने से लोगों को मिली राहत

**रूरा कानपुर देहात।** देव एकादशी 25 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच तक शादियां चरम पर हैं। इसके बाद सूर्य धनु राशि में आ जाने पर शादियां मार्च तक नहीं होंगी क्योंकि शुक्र अस्त हो जाएंगे। और गुरु भी अस्त हो जाएंगे जो अप्रैल में उदय होंगे वहीं उत्तर प्रदेश सरकार ने कोरोना के अंतर्गत स्थानीय प्रशासन व पुलिस से शादी विवाह में अनुमति लेने का फरमान जारी किया था। जिसे वापस लेने और किसी कामकाज में पुलिस से दखलंदाजी न करने के आदेश से आम जनमानस बहुत खुश है। यहां तक की प्रशासन से कोविड.19 गाइडलाइन का पालन कराने के लिए समारोहों में निर्धारित संख्या डिस्टेंस सैनिटाइजर मास्क आदि पर निगाह रखने की सलाह दी है। बैंड और डीजे बजाए जाने पर पाबंदी न लगाने पर जनता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री की भूर भूर प्रशंसा करते हुए बधाई दी है। लोगों का मानना है कि अनुमति लेने के लिए स्थानीय प्रशासन व पुलिस जनता को इतना परेशान करती कि शादी में कम लेकिन परमीशन लेने में लोहे के चने शायद चबाने पड़ते। सरकार की मेहरबानी के लिए मुक्त कंठ से समारोह आयोजकों ने प्रशंसा की है।

## रायनगर के इंटर कालेज में 10 छात्राओं समेत 17 कोरोना पॉजिटिव निकले

- चार दिनों के लिए कालेज बन्द
- अब स्कूल-कालेजों में टेस्टिंग अभियान

**जसवंतनगर ( इटावा )।** क्षेत्र के रायनगर स्थित श्री मुलायम सिंह यादव इंटर कालेज में 13 वर्ष से 17 वर्ष उम्र की 10 छात्राएं एक साथ कोरोना पोजिटिब निकलने से हड़कम्प कट गया। इस कॉलेज में अब तक दो दिनों में कुल 17 छात्र छात्राएं कोरोना पॉजिटिव निकली है।

कालेज को 4 दिन के लिए बन्द कर दिया गया है। बुधवार को हालांकि कालेज खुलेगा और यदि स्थित में सुधार न हुआ तो आगे भी कालेज बन्द किया जाएगा। कालेज के प्रधानाचार्य अनुज प्रताप सिंह यादव ने बताया है कि कॉलेज में कक्षा 9, 10, 11 और 12 की ही कक्षाएं संचालित हो रही थीं। गुरुवार को रेपिड एंटीजिंन टेस्ट में 7 छात्राएं और एक छात्र पोजिटिब पाया गया थाए जबकि शुक्रवार को किये गए टेस्ट में 8 और बच्चे पोजिटिब मिले। इनमे भी 3 छात्राएं थीं। इस तरह कुल 150 छात्र छात्राओं में 10 छात्राएं और 7 छात्र कालेज में पढ़ने वाले कोविड ग्रस्त निकले। हालांकि कोई शिक्षक या कर्मचारी कोरोना ग्रस्त नही मिला। कालेज में स्वास्थ्य विभाग की टीम छात्र छात्राओं की रेंडम टेस्ट के लिए पहुंची हुई थी। उन्होंने जानकारी दी कि जो विद्यार्थी कोरोना संक्रमित निकले हैंए ये सभी विभिन्न गांवों के निवासी हैं। इनमे 3 छिमारा, 3 बनामई, 4 रायनगर और 1-1 रूपपुरा, कुइया, नगला हरे और नगला भवानी गांव के निवासी है। दरअसल इस स्कूल में एकदम से 12 प्रतिशत बच्चे, वह भी ग्रामीण क्षेत्र के निवासी, संक्रमण की चपेट में निकलना चिंताजनक है। हिन्दू विद्यालय इंटर कालेज जसवंतनगर में 495 में 3 छात्र ही संक्रमित पाए गए थे। स्कूल प्रशासन ने बताया कि उनके यहां कक्षा 9, 10, 11 और 12 के लगभग 2000 विद्यार्थी पंजिकृत हैं मगर एक दिन छोड़कर अलग अलग कक्षाएं चलने और स्वेच्छा से बच्चों के पढ़ने आने के कारण मात्र उपस्थित 495 का ही टेस्ट हुआ था। एक बार फिर टीम आने पर स्थिति स्पष्ट होगी। जसवंतनगर के रायपुर और नजीबपुर गांव में भी एक एक व्यक्ति कोरोना ग्रस्त पाया गया है। दोनों की उम्र 49 बताई गई है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि स्कूल कॉलेजों में अब सघन रेपिड टेस्ट करवाना शुरू किया जा रहा है, ताकि कोविड के फैलाव पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण पाया जा सके।



## गूंज उठी शहनाई थिरक उठे कदम

- डीजे और बैंडबाजे से मांगलिक उत्सवों में लौटी रौनक

**नवाबगंज उन्नाव।** शादी विवाह मतलब उत्सव गीत संगीत नाचना गाना डीजे बैंडबाजा लेकिन कोरोना काल मे जहां यह सब लोग भूल बैठे थे। वही शादी विवाह के मंडप भी सूने लगने लगे थे। कोरोना कॉल ने लोगो के अरमानों पर पानी फेर रखा था। इधर अनलॉक के बाद जब फिर से लोगों ने खुशी में तैयारियां शुरू की तो सोशल मीडिया में तरह तरह की अफवाहों ने लोगों में फिर से डर पैदा कर दिया था। लेकिन जैसे ही सोशल मीडिया पर शासन और प्रशासन की ओर से रोंक न होने की बात सार्वजनिक हुई उसके बाद से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मांगलिक उत्सवों पर बैंड बाजों और डीजे की आवाज सुनाई देने लगी है। कोरोना संक्रमण ने जहां लोगो की जीवन शैली बदलने के साथ जिंदगी थाम के रख दी थी। वही मांगलिक उत्सवों पर भी इसका ब्यापक असर पड़ा था। कोरोना कॉल में डीजे और बैंड बाजों के साथ शादी विवाह से जुडें रोजगार पर भी संकट गहरा गया था। बीते दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मांगलिक कार्यो पर डीजे व बैंडबाजे के प्रतिबंध न होने की स्थित को स्पष्ट करते ही दुबारा बारात घरों सहित मांगलिक उत्सवों में फिर रौनक लौटी दिखाई देती है। सरकार द्वारा यह रियायत मिलने पर लोगो मे खुशी की लहर तो दौड़

## क्विक न्यूज

### छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जानवरों के लिए भूसा लेने गई किशोरी को गांव के ही एक युवक ने बुरी नियत से दबोच लिया। किशोरी के शोर मचाने पर शोहदा धमकी देकर भाग खड़ा हुआ। किशोरी के पिता ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया। किशोरी के पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि गत दिवस उसकी 13 वर्षीय पुत्री बाग में स्थित बंगले से पशुओं के लिए भूसा लेने गई थी। इसी बीच गांव निवासी बउआ पुत्र संतोष आ धमका और बुरी नीयत से पुत्री को दबोच कर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। पुत्री के शोर मचाने पर बउवा जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़ा हुआ। घर आकर पुत्री ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। किशोरी के परिजन युवक के घर शिकायत लेकर गए तो युवक व उसके परिजनों ने गाली गलौज कर भगा दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### बिजली चोरी रोकने को निकला विभाग, कहीं काटा कनेक्शन तो कहीं से की वसूली

**नवाबगंज उन्नाव।** विद्युत विभाग ने बिजली चोरी रोंकने के इरादे से गांव में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बकाया वसूलने के साथ ही एक दर्जन बकायेदारों के कनेक्शन काटने की कार्यवाही करी। बिभाग ने रसूलपुर व नोखेलाल खेडा गांव मे शनिवार को चेकिंग अभियान चलाकर पचास हजार का राजस्व जमा कराने के साथ ही दस बडे बकायदारो के कनेक्शन काटे तथा कटिया डाल कर बिजली जला रहे एक दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज कराने की कार्यवाही करी। चेकिंग टीम में जेई बीएन चौधरी के साथ धर्मेन्द दीक्षित, सुरेन्द आदि रहे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत

**भरथना।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम टड़ा मार्ग पर बीती रात बाइक सबार शिक्षक उमाकान्त यादव उर्फटिंकिल 36 बर्ष पुत्र मानसिंह यादव निबासी आलमपुरा की अज्ञात किसी वाहन की टक्कर के बाद घटना स्थल पर रात भर पड़े रहने के कारण व पूरी रात इलाज नही मिलने से उसकी मौत हो गई। परिजनों को घटना की जानकारी प्रातः तब हुई जब अन्य ग्रामीणों व राहगीरों ने बाइक समेत सड़क किनारे शव पड़ा देखा। घटना की सूचना से शिक्षक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की मानें तो शिक्षक बीती रात घर से इटावा एक निमंत्रण में जाने की कहकर निकला था। निमंत्रण के बाद देर रात्रि शिक्षक अपने पैतृक गांव के रास्ते पर कैसे पहुँचा इस बात को लेकर परिजन अभी चिंतित है। घटना की सूचना पर भरथना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। आपको बतादें भरथना के ऊसराहार मार्ग स्थित मोहल्ला कल्पना नगर में रह रहे मृतक शिक्षक उमाकान्त यादव उर्फटिंकिल ताखा विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरावा स्थित ग्राम नगला प्रीत प्रार्थमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत थे। वे अपने पीछे अपनी पत्नि नीरज देवी व दो बच्चे पुत्र शिवाकांत 12 बर्ष व पुत्री कु0हरप्रिया 10 बर्ष समेत परिजनों को रोता विलखता छोड़ गया है।

### दरभंगा एक्सप्रेस के पहिये में लगी आग, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

**इटावा।** इटावा रेलवे स्टेशन आ रही नई दिल्ली से दरभंगा जा रही दरभंगा एक्सप्रेस के पहिए में आग की सूचना आने पर गाड़ी को रोक दिया गया स्टेशन के आउटर में गाड़ी रोकी गई जिसके पहिए में आग लगने की सूचना पर टेक्निकल स्टाफमें जाकर आग को बुझाया उसके बाद गाड़ी को रवाना किया गया। दरभंगा एक्सप्रेस (02570) के 4 कोच के नार्थ साइड में आग की सूचना पर एक्सप्रेस गाड़ी यात्रियों की सूचना पर 1158 किलोमीटर नम्बर के खंबा नम्बर 3 पर रोकी गई। यह जगह स्टेशन से लगभग एक किलोमीटर दूर आउटर पर लगभग 50 मिनिट गाड़ी खड़ी रही। यात्रियों ने आग लगने के साथ धुएं की जानकारी दी थी। आग कोच के नार्थ साइड पहिये में ब्रेक एक्सेल की वजह से लगी थी। जिसके बाद सूचना पर गाड़ी को खड़ा किया गया। रेलवे टेक्निकल स्टाफने गाड़ी पर पहुंचकर आग को बुझायाए लगभग शाम 5 बजकर 45 मिनट पर गाड़ी को रवाना किया गया।

### सीडीओ ने पंचायतीराज विभाग का किया निरीक्षण विभागीय कार्यो की समीक्षा कर दिए निर्देश



**कनपुर देहात।** मुख्यविकास अधिकारी सुश्री सौम्या पांडे जी ने पंचायतीराज विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया। महोदया द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारीएसमस्त जिला कंसल्टेंट एवम जिला परियोजना प्रबन्धक के साथ विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक की गयी। स्वच्छ भारत मिशन;ग्रा0द्ध योजना अंतर्गत ठोस एवम तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु व्यापक कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए गए। जनपद के प्रत्येक विकासखंड में ग्राम पंचायतो में ठोस एवम तरल अपशिष्ट हेतु मनरेगा कन्वर्जेन्स के माध्यम से कार्ययोजना बनाकर सम्पूर्ण स्वच्छता के संकल्प को साकार किया जाना है। बैठक में चौदवें/पंद्रहवे वित्त में प्रत्येक ग्राम पंचायतो में ऑनलाइन भुगतान प्रारम्भ न होने पर नाराजगी जताई गयी। पंचायत भवनध्सामुदायिक शौचालयों में रूचि न लेने वाले सचिवो के खिलाफकार्यवाही के निर्देश दिए गए। सामुदायिक शौचालयों के रख.रखाव हेतु स्वयं सहायता समूहों के महिला सदस्यों के चयन को वरीयता देते हुए शीघ्र ही चयन पत्र उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीसी मनरेगा एवम अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे

### एसपी ने रसूलाबाद समाधान दिवस में सुनी शिकायतें



**कनपुर देहात।** एसपी केशव कुमार चौधरी ने शनिवार को रसूलाबाद थाने पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना। एसपी ने शासन की मॅशा के मुताबिक पुलिस व राजस्व विभाग की टीमों को तत्काल मौके पर जाकर शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को रसूलाबाद के सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस पर एसपी केशव कुमार चौधरी पहुँचे तथा फरियादियों की समस्याओं को सुना, करीब डेढ घॅटे तक थाने पर मौजूद रह स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली को भी एसपी ने देखा उसके बाद एसपी अकबरपुर के रूरा रोड पर बीआरसी परिसर में सरस्वती मॉ के चित्र पर माल्र्यापण कर छात्राओं को स्वेटर वितरित किये। अकबरपुर थाने की महिला डेस्क का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश मातहतों को एसपी ने दिये। शिवली थाने के निरीक्षण के दौरान महिला डेस्क का निरीक्षण कर कोरोना गाडइलाइन का पालन कर सोशल डिस्टेसिंग व मास्क के उपयोग को अपनाने पर बल दिया।

## पूर्व प्रत्याशी ने विधानसभा क्षेत्र में मृतक के परिजनों को दी सांत्वना

**कानपुर देहात।** पूर्व अकबरपुर रनियॉ प्रत्याशी नीरज सिंह गौर ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के दुर्गापुरवा गॉव में पिछले दिनों मार्ग दुर्घटना में दिवॅगत हुये व इसी गॉव में लम्बी बीमारी के चलते मृतक हुये लोगों के परिजनों के घर पर पहुॅच कर शोक सॅवेदना व्यक्त की। आपको बताते चलें कि दुर्गापुरवा गॉव में विगत दिनों मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त होने पर मेवालाल सविता की मौत हो गयी थी। इससी गॉव में ही प्रकाश नारायण दीक्षित की लम्बी बीमारी के चलते मौत हो गयी थी। शनिवार को अकबरपुर रनियॉ विस से पिछला चुनाव सपा की टिकट पर लड चुके नीरज सिंह गौर ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की तथा इस दु:ख की घडी में हरसॅभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान लक्ष्मीनारायण शुक्ला पूर्व प्रधान, मनोज यादव प्रधान, राजू सविता, राहुल सविता, धीरेन्द्र दीक्षित, शालू भदौरिया, सॅजय सेंगर सभासद, धीरेन्द्र सेंगर कल्लू पूर्व सभासद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



दुर्गापुरवा गॉव में मृतक के परिजनों के साथ संवेदना व्यक्त करते पूर्व अकबरपुर रनियां प्रत्याशी नीरज सिंह गौर

## डीएम व एसपी ने बच्चों को बांटे निशुल्क स्वेटर

**कानपुर देहात।** शासन के मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने बीआरसी अकबरपुर में नि:शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता की। स्वेटर वितरण कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

स्वेटर वितरण कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: कालीन प्रार्थना के साथ नि:शुल्क स्वेटर वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चों को मिठाई बांटी, मिठाई पाकर बच्चे प्रसन्न दिखे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के साथ मिलकर अपनेपन का एहसास कराया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में बच्चों को मिठाई दे कर सबका मन मोह लिया। मिठाई वितरण के पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के कर कमलों द्वारा नि:शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने अपने हाथों से बच्चों को स्वयं ही स्वेटर पहनाया जिससे उन्होंने समाज को एक संदेश भी दिया कि बच्चे हमारे लिए कितने महत्वपूर्ण है। नि:शुल्क स्वेटर वितरण के क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह व जिला समन्वयक सामुदायिक सहायक ने भी बच्चों को स्वेटर पहनाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित बच्चों को स्वेटर वितरण कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए पीटी व योग जरूरी है साथ ही कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चे हमारे भविष्य हैं हमें इनका विशेष ध्यान देकर एक अच्छा इंसान बनाना है। वहीं जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सर्दी का मौसम चल रहा है तथा सभी विद्यालयों में बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण करा दे तथा कहीं किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, जिला समन्वयक मुस्ताक अहमद व खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह वर्मा व अभिषेक रस्तोगी द्वारा प्राथमिक विद्यालय नरिहा में भी बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण किया गया।



## मनरेगा रोजगार दिवस जनपद में एक दिसंबर को मनाया जायेगा

**कानपुर देहात।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत काम करने वाले परिवारों को ग्राम पंचायत में ही श्रम रोजगार उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से जनपद की ग्राम पंचायतों में 1 दिसम्बर 2020 को समय 11 बजे से 3 बजे अपरान्ह तक कोविड-19 कोरोना वायरस के दृष्टिगत सामाजिक दूरी एवं निर्देशों का पालन करते हुए मनरेगा रोजगार दिवस का आयोजन किया जायेगा।

उपरोक्त जानकारी मुख्य विकास अधिकारी/अति0 जिला कार्यक्रम समन्वयक-मनरेगा सौम्या पाण्डेय ने बताया कि मनरेगा रोजगार दिवस के मुख्य उद्देश्य कार्य की मांग को पंजीकृत करना, जांब कार्ड की मांग को पंजीकृत करना, कार्य का आवंटन, दिनांक 1 अप्रैल 2020 से बढ़ी हुई मजदूरी रू. 201/- प्रतिदिन की जानकारी देना, कार्य से संबंधित सूचना की जानकारी देना, मनरेगा से संबंधित शिकायतों को दर्ज करना, योजना के संबंध में ग्राम वासियों को जागरूक कराना, मनरेगा श्रमिका के आधार कार्ड एकत्र करने का अभियान, मनरेगा अभिलेखों को पूर्ण कराना तथा श्रमिकों के जाबकार्ड पर अंकित करना, ग्राम पंचायत मनरेगा लेबर बजट तैयार करने में जागरूक करना एवं अनुमन्य कार्यो से अवगत कराना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के लाभार्थियों को मनरेगा अन्तर्गत 90 मानव दिवस के रोजगार दिये जाने के संबंध में जानकारी देना एवं उनकी मांग को एकत्र करना। मनरेगा-7 रजिस्ट्ररों को अध्यावधिक रूप से पूर्ण करना, मनरेगा पत्रावलियों को चेक लिस्ट के अनुसार अध्यावधिक रूप से पूर्ण करना, महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत चिन्हित तालाबों के जीर्णोद्वार श्रंखला के क्रम में ग्राम पंचायतों द्वारा तालाबों का कार्य पूर्ण करना।

मुख्य विकास अधिकारी ने उक्त के संबंध में समस्त खंड विकास अधिकारियों/कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे अपने विकास खंड की समस्त ग्राम पंचायतों में उक्त तिथि को मनरेगा रोजगार दिवस का आयोजन सुनिश्चित करने के साथ ही साथ पांच ग्राम पंचायतों में स्वयं भ्रमण कर व्हाट्एपस पर बना ''मनरेगामाती'' नामक ग्रुप में अपनी उपस्थिति के साथ फोटोग्राफ भेजेंगे तथा यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सचिव के पास एक से अधिक ग्राम पंचायत होने की दशा में रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, सचिव, सहायक विकास अधिकारी एवं अवर अभियंताओं के मध्य इस प्रकार ग्राम पंचायतों का बटवारा किया जाये कि जनपद, विकास खंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में निर्धारित तिथि व समय पर एक साथ मनरेगा रोजगार दिवस का आयोजन हो सके। आयोजन में प्रतिभागी श्रमिकों के माध्यम सामाजिक दूरी एवं हैण्ड सैनीटाइजर का निश्चित रूप से पालन किया जाये।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया हाईवे का चक्का जाम

## ● प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**भारतीय किसान** यूनियन टिकैत गुट के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर किसान विरोधी तीन बिल के विरोध में भाकियू कार्यकर्ताओं ने हाईवे जाम कर धरना प्रदर्शन करते हुए हरियाणा और पंजाब में किसानों को गिरफ्तार किए जाने का जमकर विरोध किया साथ ही पराली जलाने पर दर्ज किए गए किसानों के मुकदमों को तत्काल वापस लिए जाने की मांग उठाई

शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर में भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में सैकडों कार्यकर्ताओं ने जीटी रोड पर केंद्र सरकार के द्वारा लागू किए गए तीन बिल को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जीटी रोड पर चक्का जाम कर दिया जिससे दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ सीओ सदर शिव प्रताप सिंह, कोतवाल जितेंद्र पाल सिंह, सराय प्रयाग चौकी प्रभारी मुकेश राणा सहित कई थानों की पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर पहुंच गये। जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी देवेश कुमार गुप्ता को सौंपा। अधिकारियों नें आग्रह कर धरना प्रदर्शन को समाप्त कराया और किसानों की समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 05 जून को लागू किए गए अध्यादेश का देश के किसान विरोध कर रहे हैं। देश का किसान कृषि क्षेत्र में एक कंपनी राज के रूप में देख रहे हैं। किसानों को इस कानून से कंपनी की बंधुआ बनाए जाने का खतरा सता रहा है उन्होंने कहा कि कृषि है कानून नियंत्रण भंडारण आयात निर्यात किसान हित में नहीं है इसका खामियाजा देश के किसान विश्व व्यापार संगठन के रूप में भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली जा रहे किसानों पर लाठीचार्ज व गिरफ्तारी का जमकर विरोध किया जाएगा सरकार तत्काल किसानों को रिहा करें और पराली जलाने पर मुकदमा वापस ले। धरना प्रदर्शन के दौरान महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, साजिद हुसैन, सुधाकर दुबे, महेंद्र सिंह, इरशाद हुसैन, सुरेश सिंह, अशोक बाथम, दिनेश दिवाकर, हरपाल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



चक्का जाम करते व ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व अन्य।

### किसान विरोधी बिल तत्काल सरकार ले वापसः कुशल

**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में राष्ट्रपति सम्बोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। केंद्र सरकार के तीन किसान विरोधी बिलों को लेकर किसान संगठन आंदोलित है। शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में किसानों की मांगों को अनदेखा करने तथा किसानों पर लाठीचार्ज व पानी की बौछारें तथा आंसू गैस के गोले दागने की कार्रवाई की कांग्रेस कमेटी ने निंदा की। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार ने तीन किसान विरोधी बिल किसानों के हितों में नहीं है। तत्काल वापस लिये जाए। किसानों पर हुए अत्याचार की जांच कराई जाये। इस मौके पर अवधेश करवरिया, जितेन सोनकर, विनय कुमार पाल, विजयमणि त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, यमुना प्रसाद शुक्ल, कुलदीप द्विवेदी, डॉ राकेश वर्मा, महेंद्र सिंह, पंकज त्रिपाठी, सविता पाल आदि कांग्रेसीजन मौजूद रहे।

## झांसी-कानपुर हाइवे पर भाकियू ने सड़क जाम कर दिया धरना

**उरई ( जालौन )।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में किसानों के हितों में तीन बिल संसद में पेश कर उन्हें कानूनी मान्यता दिये जाने के विरोध में किसान संगठनों द्वारा किये जा रहे विरोध के क्रम में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन द्वारा बड़ागांव के समीप पहुंचकर हाइवे पर कब्जा कर जाम लगाकर धरना देना शुरू ही किया था कि उसकी जानकारी मिलते ही उप जिलाधिकारी पुलिस बल के साथ पहुंचे जहां उन्होंने हाइवे पर जाम लगाये किसानों से वार्ता कर हटवाया।

शुक्रवार को भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लंबरदार व प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह जादौन की अगुवाई में अनेकों किसान हाइवे पर पहुंचे जहां पर उन्होंने जाम लगाकर धरना सभा कर केंद्र द्वारा लाये गये तीन बिलों की खिलाफत शुरू कर दी। इस दौरान भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लंबरदार ने किसान बिलों का विरोध करते हुये इसे किसानों के हितों पर कुठाराघात बताया। प्रदेशाध्यक्ष राजवीर सिंह जादौन ने कहा कि आज जब किसानी करना घाटे का सौदा हो गया ऐसी स्थिति किसानों को खाद, बीज व पानी सरकार को फ्री देने की व्यवस्था करनी चाहिये ताकि हर खेत को पानी व हर किसान का उत्थान संभव हो सके। लेकिन सरकारें ऐसा नहीं कर रही है। यदि समय रहते किसानों की समस्याओं को अनदेखा किया गया तो किसान सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने को विवश होते रहेंगे। उधर जैसे ही उप जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को हाइवे पर भाकियू द्वारा जाम लगाये जाने की जानकारी मिली तो वह शहर कोतवाल सुधाकर मिश्रा के साथ मौके पर पहुंचे जहां पर उन्होंने जाम लगाये किसानों से वार्ता कर जाम हटाने को तैयार कर लिया। इस दौरान वन साइड वाहनों का आवागमन जारी रहा।

## कोरोना महामारी के चलते तीन सौ साल बाद नहीं लगा दरगाह शरीफ में मेला



**राठ ( हमीरपुर )।** हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक बड़े पीर साहब का सालाना उर्स गुरूवार को सेहरा बंदी के साथ शुरू हो गया था। रात्रि में गुस्ल कर बड़े पीर साहब का सेहरा बांधा गया था। ग्यारह दिवसीय उर्स में आज लगने वाले मेले में उस समय सभी श्रद्धालु निराश हो गये जब कोरोना के कारण मेला आयोजन करने को मना कर दिया गया।शनिवार को हजरत गौसुल आजम पीराने पीर दस्तगीर रह.अलैह बड़े पीर साहब की दरगाह सैकड़ों की तदात में अकीदतमंदों ने फातिहा पढ़ दुआएं मांगी। वहीं कोरोना महामारी के चलते इस बार दरगाह शरीफमें मेले का आयोजन नहीं किया गया। बड़े पीर साहब उर्फ अब्दुल कादिर जिलानी उर्फ मुहीउददीन का जन्म 1075 ई. को ईराक देश के गिलानी नामक स्थान पर हुआ था। बताया जाता है कि करीब 300 साल पहले ईराक से बड़े पीर साहब की मजार से एक ईंट उठाकर लाये थे। जिसे उरई बस स्टैंड के पास रख पीर साहब की दरगाह बनाई गई। बुंदेलखंड के महशूर शायर डा.जमील राठवी ने बताया कि ब्रिटिश कार्यकाल में अंग्रेजों द्वारा किए गए सर्वे वाली किताब गजेरियर में जिले से मात्र बड़े पीर साहब के उर्स की बात लिखी है। बड़े पीर साहब कमिटी के अध्यक्ष सभासद इनायत खां ने रविवार की सुबह करीब 8 बजे कुल की फातिहा के साथ मेले का समापन होगा।

## मौदहा के सफाई कर्मियों से एडीओ पंचायत करा रहे निजी कार्य

### ● गांवों में लगा है गंदगी का अंबार, जिले में कभी भी फैल सकती है महामारी

**मौदहा ( हमीरपुर )।** मौदहा विकास खंड के गांवों में सफाई कर्मियों की तैनाती के बावजूद यहां गंदगी के अंबार लगे हैं। अधिकांश गांवों के सफाई कर्मी नदारद रहते हैं। इनकी हाजिरी गाँव की गलियों में न होकर केवल रजिस्टरों तक सिमट गई है। इतना ही नहीं इन गांवों की साफसफाई व्यवस्था को दरकिनार करते हुए विकास खंड के अधिकारी अपनी व्यक्तिगत सेवाओं के लिए इनकी ड्यूटी विकास खंड कार्यालय में लगाये हुए हैं।

शासन द्वारा गांवों की सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए करोड़ों रुपए का बजट पानी की तरह बहाया जा रहा है।शासन ने इस कार्य के लिए गाँव गाँव में सफाई कर्मचारियों को नियुक्त किया है लेकिन तमाम अधिकारियों की गलत नीतियों के चलते गाँव के सफाई कर्मी घर बैठे वेतन पा रहे हैं।अथवा किसी न किसी अधिकारी की व्यक्तिगत सेवा में लगाए गए हैं।मौदहा विकास खंड के ज्यादातर गांवों की सफाई व्यवस्था को देखकर यहाँ तैनात सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी का अंदाजा लगाया जा सकता है। गांवों में जगह जगह पर गंदगी के अंबार दिखाई देते हैं नालियाँ बजबजा रही हैं गलियों में कूड़े के ढेर लगे हैं इसके बावजूद यहाँ तैनात सफाई कर्मचारियों के खातों में लगातार वेतन भेजा जा रहा है।और इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि विकास खंड कार्यालय में बैठे इनके आका इनसे सुविधा शुल्क लेकर अभय वरदान दिये हुए हैं। इतना ही नहीं कई गांवों के सफाई कर्मचारियों को ये अधिकारी अपनी निजी ड्यूटी में लगाये हुए हैं। गांवों में सफाई व्यवस्था एवं यहां तैनात सफाई कर्मचारियों की हकीकत जानने के लिए आज विकास खंड के गांव रोहारी,रतौली, मदारपुर, छिमौली तथा रीवन ग्राम पंचायतों में पहुंच कर यहाँ के ग्रामीणों से जानकारी ली गई तो लोगों ने यहाँ की हकीकत को बयां करते हुए सफाई कर्मचारियों तथा ब्लाक के अधिकारियों की सांठगांठ की पोल खोल कर रख दी है।रोहारी के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में तैनात सफाई कर्मचारी ध्रुव कुमार कभी भी गांव की सफाई करने नहीं आता है।रतौली के ग्रामीणों ने बताया कि छोटा गांव होने के बावजूद यहां पर दो सफाई कर्मचारियों की तैनाती है जिनमें मंगल नाम का सफाई कर्मचारी कभी नहीं आता है।मदारपुर के लोगों ने बताया कि उनके गांव में तैनात सफाई कर्मचारी रमेश कुमार कभी नहीं आता है।छिमौली के ग्रामीणों ने बताया है कि यहाँ तैनात सफाई कर्मचारी अनिल कुमार घर बैठकर वेतन पाता है।इसी तरह से बड़ी आबादी के गांव रीवन के लोगों ने बताया कि उनके गांव में तैनात सफाई कर्मचारी राजेंद्र कुमार कभी नहीं आता है। इन गांवों से नदारद रहने वाले सफाई कर्मचारियों की पड़ताल करने पर मालूम हुआ कि ध्रुव कुमार, मंगल, रमेश कुमार तथा अनिल कुमार को विकास खंड कार्यालय के एडीओ पंचायत ने अपने निजी कार्यों के लिए ब्लॉक में तैनात कर रखा है।और इन सफाई कर्मियों से यह अधिकार अपनी निजी गाड़ी की ड्राइविंग सहित तमाम व्यक्तिगत कार्य करवाते हैं।

## थर्मल स्क्रीनिंग के बाद ही मतदाता जा पाएंगे वोट डालने

### ● स्नातक निर्वाचन को लेकर बैठक सम्पन्न

संबाददाता। हमीरपुर

**इलाहाबाद-झांसी** खण्ड स्नातक निर्वाचन के अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों सहित समस्त मतदान अधिकारियों को आज मीटिंग हाल में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी विनय प्रकाश श्रीवास्तव की मौजूदगी में द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीपी श्रीवास्तव ने बताया कि मतदान के दिन बैलट पेपर में केवल बैगनी रंग के पेन के द्वारा ही वोट दिया जा सकेगा । उन्होंने कहा कि मतदान संपन्न कराए जाने हेतु दिए जा रहे सभी प्रपत्रों को ठीक ढंग से पढ़ कर उसको भरा जाए । इसमे किसी तरह की गलती न की जाय। मतदान सम्पन्न कराए जाने हेतु प्राप्त होने वाली सभी सामग्री का सूची से मिलान अवश्य कर लिया जाए। किसी भी स्टेशनरी, सामग्री की कमी होने पर तत्काल उसको प्राप्त कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारियों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर मतदान को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाए। इस मौके पर पीठासीन अधिकारियों तथा समस्त मतदान अधिकारियों को बैलेट बॉक्स को खोलने बंद करने उसको सील करने आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक पीडी चित्रसेन सिंह ने मौजूद सभी चुनाव कार्मिकों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि पोलिंग पार्टी मतदान केन्द्र पर पहुंचने के बाद सभी व्यवस्थायें देख लें। आचार संहिता का पालन करें, किसी का आतिथ्य स्वीकार न करें, मतदान अधिकारी प्रथम निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति से मतदाता का नाम जोर से पढ़कर पुकारेगा ताकि वहां उपस्थित एजेण्ट को साफ- साफ सुनाई दे सके। द्वितीय मतदान अधिकारी मत प्रभारी,अमिट स्याही का प्रभारी होगा जो स्नातक मतदाताओ के बाये हाथ की तर्जनी में, अमिट स्याही लगायी जायेगी। तृतीय मतदान अधिकारी मतदान हेतु आने वाले मतदाता का मतपत्र पतपेटी में डलवाने का कार्य होगा। यह प्रक्रिया अनवरत चलती रहेगी जब तक मतदान समाप्त न हो जाये।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मतदान केन्द्र के अन्दर पीठासीन अधिकारी को छोड़कर किसी भी मतदान अधिकारी, मतदान एजेण्ट को मोबाइल फोन अपने साथ ले जाने की अनुमति नहीं है। मीडिया द्वारा मतदान केन्द्र के अन्दर की फोटोग्राफी नहीं की जायेगी, बाहर लाइन में लगे मतदाताओं की फोटोग्राफी कर सकेगे, मतदान केन्द्र के अन्दर जाने की अनुमति नहीं होगी।

### समझौता न करने पर दबंगों ने की मारपीट

**जालौन ( उरई )।** रंजिश के चलते मारपीट व गाली, गलौज करने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी नारायण सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही समरजीत सिंह ने रंगबाजी को लेकर उनके साथ गाली, गलौज व मारपीट कर दी थी। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की थी। इस बात से वह रंजिश मान बैठे। शुक्रवार की सुबह जब वह गांव में जा रहे थे तभी समरजीत रास्ते में मिल गए और उसे जबरन रोककर पुलिस से शिकायत करने को लेकर गाली, गलौज करने लगे और समझौता का दबाव बनाने लगे। जब उसने समझौता करने से इंकार किया तो उन्होंने लाठी, डंडों से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

## भाजपा नेताओं ने जनसंपर्क कर स्नातक मतदाताओं को गिनाई उपलब्धियां



**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** आगरा खंड स्नातक चुनाव की सफलता के लिए सहकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता नें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर के प्रमुख मोहल्लों में सघन जनसंपर्क कर स्नातक मतदाताओं को पार्टी की उपलब्धियां व नीतियां गिनाकर जागरूक किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि वैश्विक आपदा कोरोना से उबारनें के लिए भाजपा सरकार ने जरूरी कदम उठाये हैं। शुक्रवार को सहकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता नें कार्यकर्ताओं के साथ नगर के मोहल्ला शास्त्रीनगर सहित अन्य मोहल्लों में पहुंच कर भाजपा की नीतियों से स्नातक मतदाताओं को अवगत कराते हुये भाजपा प्रत्याशी डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह गुरूजी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होनें कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें युवाओं को तरजीह देकर आगे बढानें का कार्य किया जाता है। कहा कि भाजपा सरकार नें विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गो के लोगों को लाभान्वित करनें का कार्य किया है। इस अवसर पर संजय तिवारी, अनिल गुप्ता, संदेश गुप्ता हीरो, विकास गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री की अगुवाई में देश विश्व गुरु बनने को तैयारः सांसद



**चित्रकूट।** भाजपा ने स्नातक विधान परिषद चुनाव के लिए बूथ मतदाता सम्मेलन शांति देवी इंटर कॉलेज पहाड़ी में जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में किया। शनिवार को मतदाता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि एमएलसी चुनाव में मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। पूरे जोश के साथ संपर्क संवाद और समन्वय के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने को तैयार है। केंद्र और प्रदेश सरकार सभी वर्ग के लिए कार्य कर रही है। समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए समाज को भी आगे आना होगा। उन्होंने मतदाताओं से एमएलसी चुनाव मतदान करने की अपील की है। भाजपा कार्यकर्ता डॉक्टर के यज्ञदत्त शर्मा को भारी मतों के साथ विजय बनाएं। चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि विधान परिषद का चुनाव जीतने वाले पार्टी प्रत्याशियों के किए गए वादे को पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं रखेंगे। प्रदेश में ऐसे समय में शिक्षक स्नातक का एमएलसी का चुनाव होने जा रहा है। लोगों में उत्साह का माहौल है। ऐसे में लोगों के मन में भरोसा है कि इस चुनाव में भी भाजपा की जीत होगी।

इस मौके पर हरिओम करवरिया, पंकज अग्रवाल, डॉ रणवीर सिंह चौहान, अर्पित जायसवाल, विनोद पांडे, सुशील द्विवेदी, लाल बहादुर सिंह, राजीव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### बूथों पर मतदाता सूची का करायें अवलोकनः डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2021 का विभिन्न बूथों में निरीक्षण किया। शनिवार को जिलाधिकारी ने चित्रकूट विधानसभा के इंग्लिश मीडिएम विद्यालय खुटहा के बूथ संख्या 363, पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवरामपुर के बूथ संख्या 358, 359, प्राथमिक विद्यालय शिवरामपुर के बूथ संख्या 360 व 361 में बूथ लेबिल आफीसरों से मतदाता सूची की उपलब्धता, मौजूदगी, पोलिंग स्टेशन पर फार्म छह, फार्म छह ए, फार्म सात-आठ तथा आठ ए की उपलब्धता व प्राप्ति के जमा किये फार्मों की जांच की। उन्होंने कहा कि 18 से 19 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके आयु के नये मतदाताओं के पंजीकरण की कार्यवाही, दिव्यांग मतदाताओं का पंजीकरण व चिन्हांकन की जानकारी किया। जिलाधिकारी ने बूथ लेबिल आफीसरों को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र के गांवों का भ्रमण मतदाताओं को बतायें कि वह बूथ पर आकर निर्वाचक नामावली में अपना नाम देख लें।

## झांसी लोकपाल मनरेगा ने गांवों में पहुंच किया स्थलीय निरीक्षण



**कदौरा ( जालौन )।** ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो व मनरेगा की स्थिति परखने के लिए शुक्रवार को लोकपाल मनरेगा झांसी की टीम ने ब्लॉक क्षेत्र के गांवों का निरीक्षण किया टीम के अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही वह अपनी रिपोर्ट शासन को भेजेंगे।

शुक्रवार को झांसी से आई दो सदस्यीय टीम के लोकपाल मनरेगा चन्द्रकांत रावत ने ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बागी में पहुंचकर सबसे पहले मनरेगा के अंतर्गत कराए गए कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया व जॉब कार्ड धारकों से बात की साथ ही मिलने वाली मजदूरी के बारे में पूछा। वही 2016 से अब तक कराए गए मनरेगा के कार्यो की पत्रावली देखी व कैटल सेट चेक कर लाभार्थियों से बात की। टीम ने बैठक कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जिसमे राष्ट्रीय आजीविका मिशन,स्वच्छ भारत मिशन,प्रधानमंत्री गारंटी योजना,साथ ही गांव में कराए गए कार्यो के बारे में पूछा। वही जॉबकार्ड धारकों मनोज, सुभाष, अनीस, सुनीता, ब्रजरानी ने टीम से मांग की, कि मनरेगा की मजदूरी 201 से बड़ा कर 300 सौ की जाए। लोकपाल मनरेगा चन्द्रकांत रावत ने कहा कि इसकी रिपोर्ट शासन को भेजेंगे और मजदूरी बढ़ाने के लिए कहा जाएगा। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी असित रंजन व अवर अभियंता मनरेगा अमित मिश्रा ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के सभी सचिव रोजगार सेवक व तकनीकी सहायक रोस्टर के हिसाब से गांव में बैठक करते हैं मनरेगा में कार्य करने के इच्छुक श्रमिको के लिए ब्लॉक कार्यालय में हेल्पलाइन नम्बर की स्थापना है। बागी के बाद टीम ने ग्राम पंचायत सोंधी व मवई अहीर का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी जगत नारायण, प्रधान प्रतिनिधि बागी विजयकांत तिवारी, इरशाद शेख, अनवार खान, रोजगार सेवक रहमत खान, अनुरुद्ध सिंह यादव, धर्मेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### डीएम-एसपी ने बूथों पर की चौकस व्यवस्था

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने एक दिसम्बर को विधान परिषद मतदान को लेकर विकासखण्ड कर्वी के मतदान केन्द्र चित्रकूट इंटर कालेज का निरीक्षण कर बूथों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शनिवार को डीएम-एसपी ने बूथों पर प्रकाश व्यवस्था, मतदान कर्मियों के ठहरने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि की जानकारी कर बीडीओ राजेश नायक तथा कालेज के शिक्षकों को निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थायें दुरुस्त रहें, ताकि मतदान के दिन कोई समस्या उत्पन्न न हों। इस मौके पर तहसीलदार संजय अग्रहरि, बीडीओ राजेश नायक, कोतवाल अरुण पाठक आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### असंतुलित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलटी, चार घायल

**राठ (हमीरपुर)।** नवीन गल्ला मंडी राठ में गेहूं बेंचने आ रहे किसान की ट्रैक्टर ट्राली असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में चालक सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। शनिवार को सुबह करीब 11 बजे जलालपुर थाना क्षेत्र के रहंटिया गांव निवासी सत्तीदीन पुत्र श्यामलिया ट्रैक्टर ट्राली में गेहूं भरकर राठ गल्ला मंडी में बेंचने आ रहा था। साथ में गांव के भूपसिंह, राकेश ट्रैक्टर में बैठकर राठ आ रहे थे। तभी गांव से कुछ दूरी पर ममना मोड़ के पास ट्रैक्टर असंतुलित होकर सड़क किनारे ट्राली समेत पलट गया। जिससे ट्रैक्टर पर बैठे चारों को गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। दो लोगों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उरई रिफर कर दिया।

### डेंगू पीड़ित अधेड़ ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**राठ (हमीरपुर)।** डेंगू की बीमारी से पीड़ित पिता की मौत हो जाने पर 1 दिसंबर को होने वाली पुत्र की शादी की खुशियां मातम में बदल गई है। जिस पर अब परिजन शादी को टालने का मन बना रहे हैं। कस्बे के मोहल्ला चौबट्टा निवासी बब्बे सोनी ने बताया के उसके बड़े भाई शिवकुमार (45) पुत्र रामचरण सोनी को कई दिनों से बुखार आ रहा था। जिसका इलाज वह झांसी में करा रहे थे। जहां पर उन्हें डेंगू की बीमारी से ग्रसित पाया गया। बताया कि आज इलाज के दौरान उन्होने दम तोड़ दिया। बताया 1 दिसंबर को उनके पुत्र राहुल की शादी थी। पिता की मौत से अब शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं और परिजन अब शादी को टालने का मन बना रहे।

### एंटी रोमियो टीमों ने छात्राओं में बढ़ाया आत्मविश्वास

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर नारी सुरक्षा को महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम थाना मऊ ने आनन्दी माता मन्दिर व बस स्टैण्ड में तथा एंटी रोमियो टीम थाना पहाड़ी में नांदी हनुमान मन्दिर में और एंटी रोमियो टीम महिला थाना कर्वी में सीआईसी रोड़ व पुरानी बाजार में महिलाओं को जागरूक किया। शनिवार को एंटी रोमियो टीमों ने कर्वी कोतवाली के शंकर बाजार, चकरेही चौराहा, कसहाई रोड, कोठी तालाब, बस स्टैण्ड में छात्रों व महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने थानों के सीयूजी नम्बर देकर जागरूक किया। कोरोना के नियमों का पालन करने को चेताया। एंटी रोमियो टीम के सदस्यों ने छात्राओं-बालिकाओं से उनके साथ घटित किसी प्रकार की समस्या के बारे में पूंछा। आवश्यकता पडने पर संबंधित थाना/एंटी रोमियो टीम व पुलिस से संचालित महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं को उक्त नम्बरों पर कॉल करने को कहा। टीमों ने छात्राओं में आत्मविश्वास बढाया।

### चर्चित मोबाइल विक्रेताओं से सीबीआई कर रही पूछताछ

**चित्रकूट।** सिंचाई विभाग में कार्यरत अवर अभियंता रामभवन के बच्चों के यौन शोषण और पोर्न फिल्मों के आरोप में सीबीआई के हिरासत में लिए गये अवर अभियंता की करतूतों की जांच को सीबीआई टीम लगातार जुटी है। शनिवार को सीबीआई टीम रामभवन को लेकर उसके घर पहुंची। वहां से कई बोरियों में समान जब्त किया। सीबीआई की जांच साइबर क्राइम और साइबर एक्सपर्ट की ओर घूम गई है। सीबीआई टीम ने शहर के बहुचर्चित मोबाइल विक्रेताओं को पूंछताछ को बुलाया है। मोबाइल विक्रेताओं ने सीबीआई को बताया कि उन्हें जेई रामभवन के बारे में कोई जानकारी नहीं है। सीबीआई टीम गहनता से मोबाइल विक्रेताओं की जांच करती है तो आगामी कालखण्ड में मोबाइल विक्रेताओं की पोल खुलना सम्भव है।

### शक्ति चैम्पियनों को किया सम्मानित

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति के तहत युवा कल्याण विभाग के साथ महिला कल्याण विभाग, महिला शक्ति टीम व जिला प्रोवेशन अधिकारी ने संयुक्त रुप से टाउन हाल में दीप जलाकर शुभारम्भ किया। शनिवार को संयुक्त टीमों ने महिलाओं को जूडो-कराटे, संगीत, नृत्य प्रतियोगिता, वाद-विवाद, एकांकी नाटक आदि आयोजित किये। जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा ने महिला शक्ति टीम की बालिकाओं व पुरुष जो महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सम्मान स्वावलम्बन की दिशा में अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्हें शक्ति चैम्पियन घोषित कर सम्मानित किया। महिला कल्याण अधिकारी रिया माथुर ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन को महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया। इस मौके पर महिला समन्वयक मीनू सिंह, संध्या गुप्ता, यूनीसेफ ममता समन्वयक, राजेश रंजन, सेवा योजन अधिकारी पीपी शर्मा, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, युवा कल्याण विभाग के कर्मचारी, निर्णायक मंडल और महिला शक्ति टीम के महेन्द्र सिंह समेत सभी ब्लाकों के स्टूडेंट स्वयंसेवक व शक्ति चैम्पियन स्टूडेंट स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन की शपथ ग्रहण समारोह कल

**कोंच (जालौन)।** बार एसोसिएशन कोंच की बर्ष 2020-2021 की गठित नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 30 नवम्बर को अपरान्ह 2 बजे स्थानीय मथुरा प्रसाद महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया जायेगा। समारोह में जिला जज अशोक कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव तिवारी एड ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

### चोरी की बाइक सहित चोर गिरफ्तार

**कोंच (जालौन)।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक सहित चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हॉंसिल की। मंडी चौकी प्रभारी अशोक कुमार सिंह व दरोगा धर्मेन्द्र ने शुक्रवार को सुबह करीब 7 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल के साथ मिलकर एट तिराहे पर घेराबंदी कर अकबर कुरैशी पुत्र अयूब कुरैशी निवासी सदनपुरी उरई हाल निवासी आराजी लेन कोंच को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका साथी अइया पुत्र सलीम निवासी आराजी लेन कोंच मौके से भागने में कामयाब हो गया।अकबर के पास से पुलिस ने एक बगैर नम्बर की बाइक व छुरी बरामद की है।पुलिस के मुताबिक उक्त बाइक झाँसी से चोरी की गयी थी। पुलिस ने अकबर व अइया के खिलाफदफा 411, 420 सहित आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अकबर को जेल भेज दिया है जबकि अइया की तलाश तेज कर दी है।

### नाली बंद कर अतिक्रमण करने का लगाया आरोप

**कोंच (जालौन)।** नदीगांव विकास खंड के ग्राम धन्जा में दवंगों पर नाली बंद कर उसके ऊपर अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम से कार्यवाही करने की मांग की है। ग्राम धन्जा निवासी मुकेश, अतर सिंह, संतोष, इन्द्रजीत, चंद्रशेखर आदि ने शुक्रवार को एसडीएम अशोक कुमार को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव के कुछ दबंगों ने नाली बंद कर उसके ऊपर अतिक्रमण कर लिया है जिसके चलते तालाब में पानी नहीं पहुंच पा रहा है और सिंचाई कार्य में भी परेशानी उठानी पड़ रही है। उक्त ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले को लेकर कार्यवाही करने की मांग की है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

**कोंच (जालौन)।** शादी का झांसा देकर लगातार 3 माह तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।नगर के मुहल्ला गांधीनगर निवासी एक महिला ने शुक्रवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह शादी समारोहों में पूड़ी आदि बेलने का काम करती है और उसके साथ ही माधोगढ़ का ही रहने वाला एक युवक भी उक्त काम करता था। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह घर में अकेली रहती थी और उक्त युवक भी अविवाहित था तो युवक ने उससे शादी करने का आश्वासन दिया और फिर वह युवक उसके साथ ही उसके घर में रहने लगा जिसके बाद उक्त युवक ने करीब 3 माह तक उसके साथ शारीरिक संबंध रखे।पीड़िता ने प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते गुरुवार को उसने शादी करने के लिये उक्त युवक से कहा तो वह गाली गलौज कर मारपीट करने लगा और शादी ना करने की बात कहने लगा साथ ही जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।पीड़िता ने उक्त मामले को लेकर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में संलग्न है।

### तीन लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा.(हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा निवासी महिला ने तीन लोगों के खिलाफदरवाजे में आकर गाली गलौज करने व मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।महिला फूला देवी पत्नी राजाराम ने पुलिस को बताया कि 25 नवम्बर को मै अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी। तभी मेरे परिवार के संजय, राजेश, अशोक पुत्र गण हीरालाल जो कि हमसे रंजिश मानते हैं। वहां पर आए तथा अकारण गाली गलौज करने लगे जब मैने उनको मना किया तो तीनों ने मिलकर मारापीटा जब मैने शोर मचाया तो वह धमकी देकर भाग गए। इसके बाद रास्ते मे मेरा पुत्र मंगल घर की ओर आ रहा था तो उसको भी मारा पीटा जिससे मेरे व पुत्र के चोट आई है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 29 नवंबर 2020



# समाधान दिवस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियाद

● हेल्प डेस्क पर तैनात कांस्टेबल श्वेता और शशि उत्कृष्ट कार्य के लिए हुईं सम्मानित

संवाददाता। सुलतानपुर


महिला कांस्टेबल को सम्मानित करते डीएम व एसपी

**जिलाधिकारी रवीश** गुप्ता व पुलिस अधीक्षक शिव हरी मीना ने शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर थाना धम्मौर में सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन कराते हुए जन सामान्य की शिकायतों को सुना। अफसरों ने शिकायतकर्ता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण का आदेश दिया।

डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से समाधान दिवस पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी तथा पुलिस के अधिकारी व कर्मचारीगण क्षेत्र की आने वाली जनता की समस्याओं को निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही साथ मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर स्थापित हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर अभिलेखों को चेक किया। डीएम व एसपी ने निरीक्षण में पाया कि थाने पर आने वाली पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया, जिस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने हेल्प डेस्क पर तैनात कांस्टेबल श्वेता दीक्षित एवं महिला कांस्टेबल शशि देवी को उनका उत्कृष्ट कार्य के जिउ 500 रूपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**मतदान बूथों का अधिकारियों ने लिया जायजा:** उ0प्र0 विधान परिषद से गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन 2020 के लिए एक दिसम्बर को होने वाले मतदान बूथों का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित कार्मिकों को देते हुए कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मतदान से पूर्व सुनिश्चित कर ली जायें। उन्होंने राजकीय इण्टर कॉलेज सहित कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर विभिन्न बिन्दुओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सम्बन्धित विद्यालय के स्टाफ एवं अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ के मामले को लेकर युवक की हैंडपम्प के हत्थे से पिटाई, इलाज के दौरान मौत

संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक लड़की से छेड़छाड़ के मामले को लेकर एक युवक की हैंडपम्प के हत्थे से कुछ लोगो ने बुरी तरह से पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही डीएम और एसपी ने मृतक के गांव पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया।

मामला श्रावस्ती जिले के भिनगा कोतवाली क्षेत्र के मछरिहवा गांव का है। बताया जाता है कि मछरिहवा गांव निवासी जगतराम ;25 वर्षद्ध नाम के युवक की एक लड़की से छेड़छाड़ के मामले को लेकर कुछ लोगो ने हैंडपम्प के हत्थे से पिटाई शुरू कर दी। बुरी तरह पिटाई के कारण जगतराम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इलाज के दौरान कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी टीके0 शिबु और पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य सहित काफी संख्या में भिनगा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं डीएम और एसपी ने पीड़ित के गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और मामला दर्जकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।वहीं इस संबंध में भिनगा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

## क्विक न्यूज

### प्रशांत सिंह के परिजनों ने जताई बड़े घटनाक्रम की आशंका



**रायबरेली।** ऊंचाहार से गिरफ्तार किए गए प्रशांत सिंह के परिजनों ने बड़े घटनाक्रम की आशंका जाहिर की है। प्रशांत सिंह के पिता रामकरण सिंह पुत्र चंद्रचूड़ सिंह निवासी नेवाजगंज थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली ने मीडिया से कहा उनके पुत्र प्रशांत सिंह जिनकी कुछ दिन पहले ऊंचाहार से उस समय गिरफ्तारी हुई जब वह माननीय कोर्ट में सरेंडर करने जा रहे थे। उनके व उनके पुत्र के खिलाफ दर्ज मामले राजनीतिक षड्यंत्र व पुरानी दुश्मनी के चलते दर्ज कराए गए हैं। जनपद के एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह व उनका परिवार जिनसे वर्षों पुरानी दुश्मनी चली आ रही है अपनी राजनीतिक पकड़ व पहुंच का दुरुपयोग करते हुए उन्होंने उनके बेगुनाह बेटे को फर्जी मामले में फंसा दिया है। साथ ही पूरे परिवार को भी झूठे मामलों में फंसाने व जान माल का नुकसान पहुंचाने की साजिश रची जा रही है। प्रशांत सिंह के पिता रामकरण सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया कि प्रार्थी की उच्च स्तरीय जांच करवाकर उचित न्याय दिलाया जाए ताकि पुन उनके परिवार के साथ अन्याय ना कर सके।

### सपा कार्यकर्ताओं ने शिक्षकों से किया जनसंपर्क

**बछरावां रायबरेली।** एक दिसंबर को होने वाले लखनऊ खण्ड शिक्षक निर्वाचन में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार चौधरी उमाशंकर पटेल को जिताने के लिए बछरावां क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा शिक्षकों से चौधरी उमाशंकर पटेल को जिताने के लिए अपील की गई। समाजवादी पार्टी के प्रान्तीय नेता राजेश चन्द्रा, डॉ0अभय सिंह जिला महासचिव समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा, एडवोकेट प्रमोद चौधरी, हेमंत कुशवाहा, संजय चौधरी, आफताब आलम ने दयानंद बछरावां पी जी कालेज, श्री गांधी विद्यालय इण्टर कालेज, जी पी सी एल इण्टर कालेज, रामदुलारी तालुकेदारिया इण्टर कालेज, सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय सेहगो तमनपुर, समता इण्टर कालेज, विवेकानंद इण्टर कालेज, यशोदा देवी इण्टर कालेज, आदि विद्यालयों में जन संपर्क किया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोरी घायल, रेफर

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पांडेय का पुरवा मजरे खरौली गांव निवासिनी किशोरी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गई। इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।क्षेत्र के गांव निवासिनी रोशनी 15 पुत्री प्रेमलाल शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे साइकिल से जमुनापुर जा रही थी। तभी खरौली जमुनापुर मार्ग पर पानी टंकी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गिरकर घायल हो गई। राहगीरों और परिजनों की मदद से घायल किशोरी को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आरबी यादव ने बताया कि किशोरी की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

### दो किसानों को पराली जलाना पड़ा महंगा

**लालगंज रायबरेली।** साशन के निर्देशो के बावजूद दो किसानो को पराली जलाना महंगा पड गया। एसडीएम के आदेश पर एक किसान को नोटिस देने के साथ दूसरे किसान पर जुर्माना ठोंका गया गया है। सरकार की इस कार्रवाई से किसानो में हडकम्प मचा हुआ है। उपजिलाधिकारी जीतलाल सैनी ने बताया कि उन्हे सूचना मिली थी कि शोभवापुर निवासी किसान देवेंद्र सिंह ने अपने खेतो में साशन के सख्त निर्देशो के बावजूद धान की पराली जलाई थी। जिसके चलते उन पर पांच हजार का जुर्माना वसूला गया है। वही तहसीलदार ऋचा सिंह ने बताया कि मेरूई गाव निवासी किसान रामशंकर ने भी अपने खेतो की पराली जलाई थी जिसके चलते उसे नोटिस जारी कर दिया गया है। अधिकारी द्वय ने किसानो से अपील की है कि वे खेतो में पराली न जलाये इससे प्रदूषण के साथ अन्य दिक्कतें हो रही है।

### कोचिंग जा रही छात्रा को ट्रक ने रौंदा, मौत

**सुलतानपुर।** विकासखंड धनपतगंज स्थित हरौरा बाजार में चकिया मोड़ पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। ट्रक ने कोचिंग जा रही एक छात्रा को बुरी तरह रौंद दिया। जिससे छात्रा की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार छात्रा अनामिका सिंह पुत्री अशोक कुमार सिंह निवासी ग्राम हेम सिंह का पुरवा पीपर गांव रोज की तरह ही हरौरा बाजार की तरफसे धनपतगंज की ओर कोचिंग पढ़ने के लिए साइकिल से जा रही थी। उसी दौरान शनिवार की सुबह करीब सात बजे हरौरा बाजार से धनपतगंज की ओर से आ रही बेकाबू ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी आसपास जंगल की आग की तरह फैली तो ग्रामीणों ने हलियापुर कूरेभार सड़क को हरौरा बाजार के पास जाम कर दिया। जिससे करीब 9:30 बजे तक हरौरा बाजार से धनपतगंज के बीच आवागमन बाधित रहा। सड़क से जाने वालों को वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलने के बाद कूरेभार पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया।

### प्रशस्ति पत्र से नवाजे गए अधिकारी-कर्मचारी

**सुलतानपुर।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार सुलतानपुर में शनिवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक सहयोग थीम का सफलता पूर्वक समापन किया गया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक सहयोग करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों आदि को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। माह नवम्बर में मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक सहयोग विषय पर जनपद में विशेषज्ञ परामर्शदाताओं एवं अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा वृहद रूप से कार्यक्रम संचालित किये गये विशेषज्ञ परामर्शदाताओं द्वारा लक्षित समूह के लाभार्थियों को काउंसलिंग के द्वारा मनोसामाजिक सहयोग दिया गया। उनके उत्कृष्ठ कार्य हेतु जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम को संम्बोधित करते हुये कहा गया कि मिशन शक्ति कार्यक्रम का प्रचार प्रसार मीडिया के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा कराया जाये। पुलिस विभाग से सहयोग लेकर कानून की जानकारी के सम्बंध में एक बुकलेट व्हाट्सअप के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं को उपलब्ध कराया जाये, जिससे बालिकाओं को कानून की जानकारी सरलता से प्राप्त हो जाये। जिलाधिकारी द्वारा जिला विकास अधिकारी डा0 डी0आर0 विश्वकर्मा, खण्ड विकास अधिकारी सुश्री अंजली सरोज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक साधना सिंह, स्वच्छ भारत मिशन आदि विशेषज्ञों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित व सम्मानित किया गया।

### गोष्ठी में भाजपाइयों ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने 71 संविधान दिवस के उपलक्ष्य में पयागीपुर स्थिति बीजेपी कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित हुई। पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष करूणा शंकर द्विवेदी ने गोष्ठी में संविधान के महत्व और प्रस्तावना पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पूर्व भाजपा नेताओं ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह ने 26 नवम्बर संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष होने के नाते डॉ भीमराव अम्बेडकर ने भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ लिखित संविधान दिया। इस मौके पर क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी, क्षेत्रीय मंत्री बबिता तिवारी, रामभवन मिश्रा, विजय त्रिपाठी, कृष्ण कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मतदान सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**सुलतानपुर।** गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन-2020 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में विकास भवन के प्रेरणा सभागार में नियुक्त मतदान कार्मिकों तथा जोनल मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुप्ता ने सभी मतदान कार्मिकों, जोनल मजिस्ट्रेटों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, माइक्रो आब्जर्वर को निर्देशित किया कि गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन-2020 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु शनिवार को द्वितीय प्रशिक्षण आप लोगों को दिया जा रहा है। उन्होंने समस्त नियुक्त मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि स्वतंत्र, शांतिपूर्ण व पारदर्शिता के साथ सम्पन्न करायें एवं निष्पक्षतापूर्ण मतदान प्रक्रिया को संचालित कराया जाय। मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पाण्डेय ने मतदान अधिकारियों के कार्य और दायित्व के विषय में विस्तार से चर्चा की।

### दो दिवसीय आरपीएल प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**श्रावस्ती।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत आरपीएल का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सीएससी अकैडमी पटना मल्हीपुर ब्लॉक जमुनहा जनपद श्रावस्ती में किया गया शिविर में प्रशिक्षुओं को डाटा संग्रहण की जानकारी दी गई सीएससी संचालक वीर बहादुर पाठक ने बताया कि यह योजना युवाओं को रोजगार देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा की गई है प्रशिक्षण में युवाओं को किस प्रकार डेटाफील्ड और चुनाव में ओपन पोल में डेटा संग्रह किस प्रकार किया जाता है बताया गया इसमें जनगणना और समाज का डाटा इकट्ठा करने का गुरु सिखाया गया प्रशिक्षण में जिला प्रबंधक सीएससी जिला प्रबंधक जितेंद्र गुप्ता व प्रमोद कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

# कृषि-कानून के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, ज्ञापन दिया



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कृषि-कानून के विरोध में किसानों प्रदर्शन करने के उपरांत माननीय राष्ट्रपति भारत सरकार द्वारा जिलाधिकारी रायबरेली को ज्ञापन दिया। कांग्रेस कमेटी रायबरेली के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी एडवोकेट ने कहा कि अभी हाल में केन्द्र सरकार द्वारा तीन किसान विरोधी कानून बनाए गए हैं, जिससे किसान हताश और परेशान है। केन्द्र सरकार द्वारा पारित तीनों कृषिक-कानून के विरोध में किसानों ने जब अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आन्दोलन करने के लिए निकले तो भाजपा सरकार द्वारा किसानों के खिलाफ गैर कानूनी तरीके से बल प्रयोग किया गया, जो पूरी तरह अलोकतांत्रिक व असंवैधानिक है, इस अवसर पर विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, सईदुल हसन, अजीत सिंह, नौशाद खतीब, सूर्य कुमार बाजपेई, राजकुमार दीक्षित, राकेश सिंह राना, आर.के.सिंह, घनश्याम शुक्ला, सुमित्रा रावत, आलोक विक्रम यादव, संजीव शुक्ला, श्रीमती शैलजा सिंह, आयुष द्विवेदी, राघवेन्द्र सिंह, पंकज सोनकर, आशीष द्विवेदी, प्रमोद पाण्डेय, मो.अशरफ बाबूराम यादव, यशपाल भारती, दिलीप तिवारी, राजेश पासी, विजय लोधी, राशिद अंसारी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, मीशम नकवी, रूपेश कुमार सहित सैकड़ो कांग्रेसी जन मौजूद रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर पाबंदी लेकिन दीपदान का आयोजन

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**तीस नवंबर** को डलमऊ कस्बे के गंगा तट के किनारे लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को जहां एक और शासन द्वारा मेला स्थगित करने की घोषणा की गई वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय प्रशासन के आला अधिकारियों द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के लिए बैठकों के आयोजन से असमंजस की स्थिति उत्पन्न है। प्रभारी उपजिलाधिकारी डलमऊ जीत लाल सैनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को डलमऊ तहसील सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें स्नान पर्व पर विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए हफ्तों का काम 2 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं जहां एक और प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के लगभग 1 सप्ताह पूर्व से ही नगर पंचायत द्वारा बैरिकेडिंग साफ सफाई फागिंग आदि कराने के साथ स्वास्थ्य विभाग वन विभाग सिंचाई विभाग विद्युत विभाग परिवहन विभाग के साथ पुलिस व्यवस्था आदि की व्यवस्था कराई जाती थी वही अब गंगा स्नान पर्व के मात्र 2 दिन पहले बैठक में अधिकारियों को अपने विभाग द्वारा कराए जाने वाले कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे विभागीय अधिकारी असमंजस में पड़े हुए हैं। प्रभारी उपजिलाधिकारी डलमऊ जीत लाल सैनी के साथ क्षेत्राधिकारी डलमऊ ने कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के अवसर पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं के साथ क्षेत्रीय श्रद्धालुओं एवं जनपद एवं गैर जनपद के श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कार्तिक पूर्णिमा का पर्व अपने-अपने घरों में रहकर मनाने की अपील की गई है वही क्षेत्राधिकारी डलमऊ अशोक कुमार सिंह ने अपील करते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर सामूहिक रूप से स्नान करने पर पूर्णत: पाबंदी रहेगी।

**नगर पंचायत अध्यक्ष की बैठक मे नगर स्वच्छता के निर्देश:** प्रत्येक वर्ष होने वाले कार्तिक पूर्णिमा स्नान को कोरोना महामारी के द्रष्टिगत भले ही स्थगित कर दिया गया हो लेकिन शासन द्वारा निर्देशित दीपदान कार्यक्रम की तैयारियों के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष ने शनिवार को सभी सफाई कर्मियों के साथ नगर की स्वच्छता संबंधी बैठक की जिसमे घाटों के साथ नगर की साफ सफाई के निर्देश दिए गए नगर की स्वच्छता पर कोई लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की जाएगी इस अवसर पर शुभम् गौर, लिपिक सोहराब अली, आशीष श्रीवास्तव, सतीश जायसवाल, पुकून पंडा, दिलीप बाजपेई, दीपू यादव उपस्थिति रहे।

# भिनगा बहराइच हाइवे को जाम कर किया विरोध प्रदर्शन

● पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक किया सड़क मार्च

संवाददाता। श्रावस्ती(भिनगा)



**केंद्र** सरकार द्वारा तीन किसान बिल पास किए जाने के विरोध में शनिवार को कांग्रेशियो ने जिलाध्यक्ष श्रावस्ती मोहम्मद नसीम चौधरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक सड़क पर मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेशी कार्यकर्ता ईदगाह चौराहा होते हुए कलक्ट्रेट परिसर पहुचे। कलक्ट्रेट परिसर में केंद्र व प्रदेश सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस जिलाधिकारी द्वारा अधिकृत किए गए एसडीएम जब ज्ञापन लेने पहुचे तो कांग्रेशियो ने उन्हें ज्ञापन देने से इंकार कर दिया। कांग्रेसियों की जिद थी कि ज्ञापन जिलाधिकारी को हीं सौंपेंगे। काफी देर तक कांग्रेशी विरोध प्रदर्शन करते रहे मगर जिलाधिकारी ज्ञापन लेने नहीं आए। जिसपर आक्रोशित कांग्रेशियो ने भिनगा बहराइच हाइवे को जाम कर दिया। हालांकि इस सन्दर्भ में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों का कहना था कि जिलाधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में थे इस लिए ज्ञापन लेने नहीं आ सके थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष नसीम चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो तीन बिल किसानों के लिए पास किया है वह किसान विरोधी है। किसान अपने उपज की सही कीमत नही पा रहे हैं। जिसकी वजह से किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। नगर अध्यक्ष आफताब अहमद ने कहा कि यह कानून किसानों को बर्बाद कर देगा। किसान की समस्या कहीं नही सुनी जा रही है, जो निंदनीय है। इस मौके पर चंद्रपाल सरोज पाठक मोहम्मद असलम अमन पांडेय वीरेंद्र कुमार पप्पू यादव राजेन्द्र तिवारी सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## लंबित विवेचनाओं का शीघ्र करें निस्तारणः पुलिस अधीक्षक

**करनैलगंज (गोंडा)।** पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली करनैलगंज के अर्दली रूम में बैठक कर लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार देर शाम को थाना कोतवाली करनैलगंज के अर्दली कक्ष में थाना कटरा बाजार व कोतवाली करनैलगंज की लंबित विवेचनाओ की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की तथा काफी समय से लंबित विवेचनाओं के लिए संबंधित विवेचको को फटकार भी लगाई। लंबित विवेचना के निस्तारण में ढिलाई पर कई उपनिरीक्षको से जवाब तलब कर विवेचनाओ के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। एनसीआर, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, गैर जमानती वारंट, लंबित शिकायती आइजीआरएस प्रार्थना पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण के लिए प्रभारी निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया। इस मौके पर सीओ मुन्ना उपाध्याय, कोतवाल मनीष जाट, इंस्पेक्टर कटरा बाजार, इंस्पेक्टर विनय यादव, रणजीत यादव, प्रदीप गंगवार सहित सभी चौकी प्रभारी व उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

# श्रावस्ती को नगर पंचायत का दर्जा दिया जाएः इंद्रदेव गुप्ता



**श्रावस्ती।** इकौना तहसील के कटरा बाजार को श्रावस्ती के नाम से नगर पंचायत बनाने की मांग को लेकर बाजारवासियों ने शनिवार को स्थानीय विधायक राम फेरन पांडेय को ज्ञापन सौंपा। विधायक को दिये गये मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कस्बे का रुप ले चुके बाज़ार को नगर का स्वरुप देने की मांग की गयी। जिसका नेतृत्व कर रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता एवं श्रावस्ती नगर पंचायत बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष इंद्र देव गुप्ता ने कहा कि श्रावस्ती अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के मानचित्र पर विश्व भर में अपनी अलग पहचान बनाायी है उसके बाद भी श्रावस्ती लगातार असुविधाओं की मार झेल रहा है। यहां गांव पंचायत की भी सुविधा नहीं उपलब्ध है बाजार में आसपास के पांच दर्जन गांवों के लोगों का रोज आना.जाना होता है लेकिन यहां शौचालय तक नहीं है। इन सब समस्याओं का निदान ग्राम पंचायत स्तर से होता नहीं दिख रहा। ज्ञापन देने वालों में समिति के सचिव कृष्णा निवास पटेल मनोज दुबे रीखम चौधरी पिंटू पटेल सुशील साहू सुनील पटेल राजन कैरती विजय प्रताप सोनी रियाज अहमद एकांश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## बांदा बहराइच मार्ग ओवरब्रिज की हालत बद से बदतर

**बछरावां रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद बड़े बड़े वादे बड़े-बड़े दावे किए गए थे लेकिन धरातल पर सारे वादे खोखले नजर आ रहे हैं मामला बता दें कि बांदा बहराइच मार्ग पर बने बछरावां में ओवरब्रिज की हालत तो यह है कि बड़े-बड़े गड्ढे हो गए लोहे की सरिया दिखने लगी हैं सेतु निगम द्वारा बनाए गए ओवरब्रिज में लाखों रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ था और कुछ सालों में ही हालत यह है कि आने जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और कभी-कभी तो कई लोग दुर्घटना के शिकार भी हो जाते हैं लेकिन शायद सेतु निगम को इस ओवरब्रिज की सुध लेने की फुर्सत नहीं है और शायद किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में सेतु निगम बैठा इंतजार कर रहा है सरकार के लोग सोशल मीडिया पर वाहवाही लूटने में मस्त नजर आते हैं अब देखना यह होगा कि इस ओवर ब्रिज के तरफ से अधिकारी शासन प्रशासन के लोग कब नजर डालते हैं।

# पंचायतीराज विभाग की संचालित योजनाओं में लाएं प्रगतिः आयुक्त

● खातों में धनराशि हस्तान्तरित न होने पर जताई नाराजगी

संवाददाता। गोंडा


कैम्प कार्यालय में बैठक करते आयुक्त एसवीएस रंगाराव

**आयुक्त देवीपाटन** मण्डल एसवीएस रंगाराव ने पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की मण्डलीय समीक्षा बैठक में शौचालय निर्माण की अवशेष द्वितीय किश्त का जनपद व ग्राम पंचायत स्तर पर धनराशि हस्तान्तरण की स्थिति की समीक्षा के दौरान मण्डल के सभी जिला पंचायतराज अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सम्बन्धित ग्राम प्रधानों से स्पष्टीकरण प्राप्त करें कि ग्राम पंचायत स्तर से लाभार्थियों के खाते में धनराशि हस्तान्तरण क्यों अवशेष है। मण्डल में ग्राम पंचायत स्तर पर 2689.34 लाख की धनराशि तथा जिला स्तर पर 2178.67 लाख की धनराशि कुल 4868.01 लाख की धनराशि का हस्तान्तरण शेष है।

आयुक्त ने मण्डल के जनपदों की ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं रख रखाव की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि मण्डल में अनारम्भ 148 सामुदायिक शौचालयों जो जमीन की अनुउपलब्धता एवं अन्य विवाद के कारण अनारम्भ हैं, इस सम्बन्ध में सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों से यह विवरण प्राप्त कर लिया जाय कि सम्बन्धित राजस्व ग्राम के क्या किसी मजरे में जमीन की उपलब्धता नहीं है। उन्होंने सामुदायिक शौचालयों तथा पंचायत भवनों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कराए जाने का निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा स्वयं निरीक्षण कर भी निर्माण में मानक के अनुरूप गुणवत्ता परखी जाएगी। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के अन्तर्गत मण्डल के जनपदों में प्रारम्भ बेस लाइन सर्वे के कार्य हेतु सर्वेक्षण टीमों के लिए जारी कलेन्डर के अनुसार आवंटित गांवों का सर्वे 15 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने जनपद के ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों के निर्माण की स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि उन्हें शीघ्र निर्माण स्थिति के अनुसार स्तरवार विवरण उपलब्ध कराया जाय तथा शिलान्यास सम्बन्धित शिलापट भी दो सप्ताह के भीतर लगवा दिए जायं। उन्होंने आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कराए जाने वाले कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान एएनएम सेन्टर के भी अनुशरण कराए जाने के निर्देश दिए तथा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत यदि कोई गांव छूटा हो तो छूटने पर उसकी जांच कराकर चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त ने कहा कि हैण्डपम्पों का रिबोर कार्य व मरम्मत कार्य इस प्रकार सुनिश्चित किया जाय, कोई भी हैण्डपम्प चबूतरा व सोकपिट बनने से वंचित न रहे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हैण्डपम्प चालू दशा में रहे तथा कोई भी हैण्डपम्प शो पीस के रूप में न रहे। बैठक में सफाईकर्मियों का ड्रेस कोड निर्धारित करने पर भी विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक पंचायत एस0एन0 सिंह सहित जनपदों के जिला पंचायतराज अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्वतंत्र व सकुशल मतदान को लेकर तैयारियां पूरी

संवाददाता। सोनभद्र



**उत्तर प्रदेश** विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन, 2020 वाराणसी खण्ड स्नातक की तैयारियों के सिलसिले में जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने जानकारी देते हुए बताया कि सोनभद्र जिले में वाराणसी खण्ड स्नातक व शिक्षक स्नातक के चुनाव की तैयारियां कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि 30 नवम्बर, 2020 को प्रात: 08.00 बजे से सोनभद्र जिले के मतदान केन्द्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना की जायेगी। उन्होंने बताया कि 01 दिसम्बर, 2020 को सुबह 08.00 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान होगा। मतगणना वाराणसी में 03 दिसम्बर, 2020 को होगी। उन्होंने बताया कि वाराणसी खण्ड स्नातक के लिए सोनभद्र जिले में कुल 16 हजार 432 मतदाता हैं, जिनमें 11 हजार 291 पुरूष और 5 हजार 141 महिला मतदाता हैं। जिले में 25 मतदान स्थलों के लिए 12 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इसी प्रकार से वाराणसी खण्ड शिक्षक चुनाव के लिए सोनभद्र जिले में कुल 1 हजार 193 मतदाता हैं, जिसमें 947 पुरूष व 246 महिला शिक्षक मतदाता हैं। जिनका चुनाव 9 मतदान स्थलों के लिए 9 मतदान केन्द्रों पर होगा। मतदान कार्य के लिए कुल 38 पीठासीन अधिकारियों और 114 मतदान अधिकारियों की व्यवस्था की गयी है। मतदान के दिन वीडियोग्राफी वेबकास्टिंग की व्यवस्था कर ली गयी है।

## विधान परिषद चुनाव को लेकर प्रेक्षक ने किया जिले का भ्रमण

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन, 2020 वाराणसी खण्ड स्नातक की प्रेक्षक धनलक्ष्मी के0 ने सोनभद्र जिले का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन 2020 वाराणसी खण्ड स्नातक की तैयारियों की समीक्षा की। प्रेक्षक को जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह ने विधान परिषद निर्वाचन,2020, वाराणसी खण्ड स्नातक खण्ड शिक्षक निर्वाचन 2020 की तैयारियों की बिन्दुवार जानकारी दी। जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने मतदाताओं की संख्या पोलिंग स्टेशनों की तैयारी मतदान कार्मिकों की नियुक्ति प्रशिक्षण पार्टी रवानगी रूट मतदान के दिन वीडियोग्राफी वीडियोग्राफी वेबकास्टिंग व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था सामग्रियों की व्यवस्था उड़नदस्ता निगरानी टीम पार्टी रवानगी व्यवस्था मतदान के बाद मतपेटिकाओं को वाराणसी ले जाकर जमा कराने की व्यवस्था की विस्तार से जानकारी दी।

# कोल इंडिया चेयरमैन ने दी प्रबंधन विकास संस्थान की सौगात

### ● एनसीएल के 36वें स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम हुए आयोजित

संवाददाता। सोनभद्र



**नॉर्दर्न** कोलफील्ड्स लिमिटेड की होलि्डग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक प्रमोद अग्रवाल ने एनसीएल के 36 वें स्थापना दिवस पर सभी एनसीएल कर्मियों एवं हितग्राहियों को शुभकामनायें दीं। श्री अग्रवाल कंपनी के 36वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनसीएल दौरे पर हैं। शनिवार को आगमन के उपरांत अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, कोल इंडिया प्रमोद अग्रवाल ने सर्वप्रथम एनसीएल मुख्यालय, सिंगरौली में नवनिर्मित शहीद स्मारक सिल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर श्री अग्रवाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सीएमडी एनसीएल, कार्यकारी निदेशक मण्डल एवं अन्य एनसीएल पदाधिकारी इस दौरान मौजूद थे। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सीएमडी कोल इंडिया प्रमोद अग्रवाल ने एनसीएल आला अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की तथा उत्पादन उत्पादकता प्रेषण परिवहन एवं कंपनी में लागू नए तकनीकी बदलावों का जायजा लिया एवं उम्मीद जताई कि एनसीएल सभी मानकों पर खरा उतरते हुए लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन करेगी। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, कोल इंडिया ने एनसीएल के मुख्यालय में नवनिर्मित प्रबंधन विकास संस्थान भवन का उद्घाटन किया। यहाँ पर देश के शीर्षस्थ संस्थानों के सहयोग से एनसीएल अधिकारियों को प्रबंधन के गुर सिखाए जाएँगे। इसके पूर्व शनिवार को सुबह एनसीएल के सीएमडी प्रभात कुमार सिन्हा ने ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ किया स्थापना दिवस के अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री सिन्हा ने कहा कि आज का दिन एनसीएल कर्मियों के लिये एक विशेष दिन है तथा हमें गर्व है कि लगभग 11 मिलियन टन कोयला उत्पादन से शुरू कर कंपनी ने कुछ ही दशकों में 900 प्रतिशत की छलांग के साथ वर्ष 2019-20 में 108.05 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। श्री सिन्हा ने विश्वास जताया कि एनसीएल वर्ष 2020-21 में 113.25 मिलियन टन से भी अधिक उत्पादन करेगी साथ ही उन्होंने कंपनी की श्रमशक्ति एवं कल्याण सुविधाओं को बढ़ाने और स्थानीय लोगों के समग्र विकास के प्रति एनसीएल प्रबंधन कि प्रतिबद्धता भी दोहराई। ध्वजारोहण के दौरान एनसीएल के निदेशक बिमलेन्दु कुमार, डॉ अनिंद्य सिन्हा, आर एन दुबे, निदेशक एस ?एस ? सिन्हा, जेसीसी सदस्य मुन्नीलाल यादव बीएमएस अशोक दुबे सीएमएस एवं सीएमओएआई से महासचिव सर्वेश सिंह, कृति महिला मंडल की अध्यक्षा संगीता सिन्हा तथा उपाध्यक्षा डॉ सुनीता कुमारी सुचन्द्रा सिन्हा मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अब तहसीलदार और नायब तहसीलदार से मिला छुटकारा

### ● दाखिल खारिज की प्रक्रिया राजस्व परिषद की पहल से हुई आसान

संवाददाता। बस्ती

**राजस्व** परिषद की ओर से उन लोगों को बड़ी राहत दी गई है, जो जमीन या मकान का बैनामा कराने के बाद दाखिल खारिज के लिए तहसीलों का चक्कर लगाते रहते थे, जिसके चलता उनका समय तो बर्बाद होता ही था, साथ ही आर्थिक पोषण भी होता था। नई व्यवस्था के तहत अब बैनामा कराते ही दाखिल खारिज के लिए विभाग आरसीसीएमएस प्रक्रिया के तहत त्वरित आनलाइन आवेदन कर देगा, बस इसके लिए खरीददार को विभाग को एक प्रार्थना-पत्र के साथ षपथ-पत्र देना होगा। इसके बाद स्वत: निर्धारित मियाद 35 से 45 दिन में दाखिल खारिज होजाएगा। डीएम आषुतोष निरंजन का कहना है कि राजस्व परिषद ने नामान्तरण/दाखिल प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया है। आवेदनकर्त्ता द्वारा नामान्तरण/दाखिल खारिज आनलाइन आवेदन करने के साथ ही स्वत: दायर हो जाएगा। घर बैठे ही दाखिल खारिज हो जाएगा। कहीं आने-जाने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। दाखिल खारिज प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचिता बनाने के लिए यह व्यवस्था की गई है। राजस्व परिषद अपनी योजनाओं को आनलाइन करने की दशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, ताकि एक आम आदमी को कम से कम परेषान होना पड़े, और उसका काम निर्धारित समय पर हो सके। वरासत और राजस्व वादों को आनलाइन करने के बाद राजस्व परिषद ने अब सबसे कठिन प्रक्रिया दाखिल खारिज को आसान और सुलभ बनाने का निर्णय लिया है। पहले इसी प्रक्रिया को निभाने के लिए आवेदनकर्त्ता को तहसीलदार और नायब तहसीलदार न्यायालयों का चक्कर लगाना पड़ता था। तारीख पर तारीख का सामना करना पड़ता था। अब उसे कहीं जाने की आवष्यकता नहीं होगी, उसका नामान्तरण/दाखिज खारिज घर बैठे हो जाएगा। दाखिल खारिज में अब किसी प्रकार की मूल दस्तावेज की आवष्यकता नहीं पड़ेगी।

## श्रमिकों की लड़कियां भी बन सकेंगी इंजीनियर और डॉक्टर

**बस्ती।** उप श्रम आयुक्त डा. दिव्य प्रताप सिंह ने बताया कि उ.प्र. भवन एवं अन्य सान्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से संचालित संत रविदास षिक्षा सहायता योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्र एवं पुत्रियों को षासकीय/मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के अध्ययनरत होने पर प्रति माह छात्रवृत्ति की सुविधा दी जाएगी। यह सुविधा अधिकतम दो संतानों को कक्षा एक से पांच 150 रुपया प्रतिमाह, कक्षा छह से 10 तक के को दौ सौ रुपया, कक्षा 11 से 12 तक को प्रतिमाह 250 और स्नातक वाले बच्चों को प्रति माह दो हजार रुपया एवं इंजीनियरिंग/मेडिकल के स्नाकोत्तर के लिए आठ हजार प्रति माह मिलेगा। इतना ही नहीं अगर कोई बच्चा किसी भी विषय में रिसर्च करना चाह रहा है तो प्रतिमाह 12 हजार अधिकतम आयुसीमा 35 वर्ष तक मिलेगा। बताया कि विभाग उन श्रमिकों के कक्षा दस और 12 के उत्तीर्ण लड़कें और लड़कियों को विद्यालय जाने के लिए साइकिल भी देगी। यह सुविधा केवल एक बार मिलेगी।

## पीएम आवास धन के गबन में महिला प्रधान, सेक्रेटरी, एडीओ पर मुकदमा

संवाददाता। बस्ती

**विकास** खण्ड कुदरहा के सेल्हरा ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के धन का गबन करने के मामले में लालगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। लाभार्थी के आवास के नाम पर तीन किस्तों में धनराषि निकाल ली गई, लेकिन आवास का निर्माण नहीं कराया गया। बिना आवास निर्माण कार्य पूरा हुए ग्राम विकास अधिकारी ने कार्य का जीओ टैग भी कर दिया। मामला उजागर होने के बाद पीडी आरपी सिंह ने आरोपितों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए बीडीओ को निर्देषित किया। इसके बाद बीडीओ कुदरहा संजय कुमार नायक ने लालगंज थाने पर मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर बिना आवास निर्माण कराए सरकारी धन का गबन करने के मामले में आरोपित ग्राम प्रधान सेल्हरा, ग्राम पंचायत सचिव, सेक्टर प्रभारी सहायक विकास अधिकारी, सम्बन्धित बैंक सेन्ट्रल बैंक कुदरहा के विरूद्ध लालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सेल्हरा गांव निवासी माना देवी का प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लिए चयन किया गया। आवास के नाम पर खाते से तीन किस्त में धनराषि निकाल ली गई। प्रथम किस्त सेन्ट्रल बैंक कुदरहा और द्वितीय, तृतीय किस्त जन सुविधा केन्द्र से निकालने के बाद भी आवास का निर्माण नहीं कराया गया। बिना आवास बने कार्य पूर्ण दिखाकर ग्राम विकास अधिकारी अखिलेष चौधरी ने कार्य का जीओ टैग भी कर दिया। धन निकालने के बाद भी आवास का निर्माण न होने का मामला जांच में सामने आया। इसके बाद बीडीओ कुदरहा द्वारा आरोपितों के विरूद्ध धन के गबन का मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की गई। प्राथमिकी दर्ज कराने में भी आरोपितों का नाम का उल्लेख नहीं किया गया बल्कि उनके पद नाम से ही मुकदमा दर्ज कराया गया है। दर्ज कराई गई तहरीर में नाम अज्ञात दर्षाया गया है। आवास के गबन के आरोप में कुदरहा के बीडीओ की ओर से लालगंज थाने में तहरीर दी गई, उसमें प्रधान और एडीओ आइएसबी का नाम और पता ही नहीं लिखा। एसओ ने बताया कि उन्हें जो तहरीर मिली उसी के अनुसार एफआईआर दर्ज हो गया।

## मतदान स्थल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, दिया निर्देश



**सेमरियावां ( संतकबीरनगर )।** खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचक विधान परिषद सदस्य के एक दिसम्बर को होने वाले मतदान की तैयारी को लेकर शनिवार को एडीएम संजय कुमार पांडेय तथा अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने मतदान स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर खंड विकास अधिकारी विजय कुमार पांडेय को आवश्यक निर्देश दिए। एडीएम संजय कुमार पांडेय ने बीडीओ विजय कुमार पांडेय से कहा कि सभागार मे मतदान स्थल पर कोविड नियम का पालन करते हुए मतदाओ के लिए दो मीटर की दूरी पर गोला बना दे साथ ही स्थल पर मास्क स्नेटाइजर तथा थर्मल स्क्रीनिंग मशीन की व्यवस्था करा ले साथ ही यदि कोई मतदाता कोरोना पीड़ित है तो उसका मतदान किट पहनाकर सबसे अंत में मतदान कराए स, कहा कि इस मतदान केंद्र पर कुल मतदाताओं की संख्या 89 है जो जनपद के अन्य ब्लाक क्षेत्रों से यहाँ मतदाता कम है। इस मौके पर एडीओं पंचायत शशिभूषण पांडेय, थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव, एपीओ सूर्य प्रकाश चौधरी, एकाउटेंट प्रवीण कुमार यादव मौजूद रहे।

# सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता। संतकबीरनगर



**कांग्रेस** जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पाण्डेय ने कहा कि केन्द्र सरकार ने तानाशाही हुकूमत अपना लिया है। किसानो पर हो रहे उत्पीड़न का करारा जवाब देश प्रदेश की जनता आगामी चुनाव में देगी। किसान विरोधी बिल के खिलाफपूरे देश में किसान संगठनों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन एवं दिल्ली कुच के दौरान किसानों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेसियों राज्यपाल को संबोधित जिलाधिकारी को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा मीडिया को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के किसान खेत और खलिहान के खिलाफ एक घिनौना साजिश किया है। केंद्रीय भाजपा सरकार तीन काले कानूनों के माध्यम से देश की हरित क्रांति को हराने की साजिश कर रही है। देश के अन्नदाता और भाग्यविधाता किसान तथा खेत मजदूर की मेहनत को चंद पुजीपतियो के हाथो गिरवी रखने का साजिश किया जा रहा है। आज देश भर में 62 करोड़ किसान मजदूर व 250 से अधिक किसान संगठन इस काले कानूनों के खिलाफआवाज उठा रहे हैं पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सरकार सब ऐतराज दरकिनार कर देश को बरगला रहे हैं अन्नदाता किसान की बात सुनना तो दूर संसद में उनके नुमाइंदों की आवाज को दबाया जा रहा है और सड़कों पर किसान मजदूरों को लाठियों से पिटवाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसान की लड़ाई हमेशा लड़ती रही और किसानों की इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत से उनके साथ खड़ी रहेगी। ज्ञापन के दौरान मुख्य रूप से शांति देवी, विजय कुमार शुक्ला, दिलशाद अफसर, अजय सिंह, सुनील कुमार पांडेय, मीनू सिंह, सुग्रीव पासवान, अहमद जमाल, मोइन अंसारी, आसिम खान, संजय चौरसिया, बिट्टू सिंह, ज्ञानू सिंह, दुर्गेश सिंह, दुर्गेश पाठक, दीपक सिंह, अमित सहित कांग्रेसी शामिल रहे।

## कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम का ज्ञापन डीएम को दिया

संवाददाता। मिर्जापुर

**प्रदेश** अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के अजय कुमार लल्लू के आह्वान पर किसानों के समर्थन में राज्यपाल को ज्ञापन दिया गया हैं नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी दीपचंद जैन ने मांग करते हुए कहा की केंद्र सरकार द्वारा जो 3 किसान विरोधी बिल पास किए गया है यह काला कानून हैं इस बिल को वापस लेने की मांग करते है

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक ने कहां की केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसान विरोधी सरकार है इस बिल से किसान कमजोर होगा उद्योगपतियों को बढ़ावा मिलेगा इस बिल को वापस लेने के लिए जाए बेरोजगार युवाओं को रोजगार मोरिया कराया जाए। जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता मिन्हाज अहमद उर्फ छोटे खान मैं भी केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसान को हित को देखते हुए नए किसान अध्यादेश कानून को वापस लिया जाए इस अध्यादेश से किसान कमजोर होगा उद्योगपतियों को बढ़ावा मिलेगा। केंद्र एवं प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि बढ़ती हुई महंगाई पर रोक लगाई जाए आए दिन पेट्रोल और डीजल का रेट बढ़ता है उस पर भी जीएसटी लगाया जाए जिसे की जनता को राहत मिल सके।

ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस नेता राजधर धर दुबेए आईसीसी के सदस्य सुधाकर चमारए संतोष दुबे शबनम अंसारी शाश्वत पांडे अर्चना चौबे अशोक गुप्ता एनएसयूआई अध्यक्ष शिवराज शर्मा संदीप श्रीवास्तव विवेक सिंह अंकित अग्रहरि आलोक कुमार पाठक छोटू चौबे विजय दुबे नवीन मिश्रा संदीप मिश्रा मनीष कुमार पांडे राकेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 111 कन्याओं के पीले हुए हाथ

### ● 8 मुस्लिम जोड़ो का निकाह पढ़ाया गया

संवाददाता। संतकबीरनगर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन शनिवार को जनपद के तीनो तहसीलो में सम्पन्न हुआ। खलीलाबाद तहसील अन्तर्गत शगुन मैरेज हाल, धनघटा व मेंहदावल में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद इं0 प्रवीण निषाद, विशिष्ट अतिथि खलीलाबाद सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे सहित जनपद स्तरीय अधिकारियो ने नवदम्पत्तियों को आर्शिवाद दिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह धनघटा तहसील के नवदम्पत्तियो को माला पहनाते हुए उनको आर्शिवाद दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि शासन के आदेश के अनुसार जनपद मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न कराया गया। सभी अधिकारियों के सहयोग से यह आयोजन भव्यता के साथ पूर्ण किया गया। उन्होने नवदम्पत्तियों को आर्शिवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दहेज प्रथा को समाप्त करने का भी संदेश है। नवदम्पत्ती खुशहाली के साथ जीवनयापन करें। जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि जनपद में कुल 111 जोड़ो का विवाह कराया गया। 103 हिन्दू जोड़े एवं 8 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे।

# महिला कर्मचारियों के साथ बैठक हुयी सम्पन्न



संवाददाता। सोनभद्र

**एनटीपीसी** विंध्याचल में वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा महिला कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। यह बैठक प्रशासनिक भवन के ओपेन टेरेस पर की गई, जिसकी सभी नें बहुत सराहना की। साथ ही नगर प्रशासन विभाग द्वारा मीटिंग के लिए तैयार की गई वेन्यू की भी प्रशंसा की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी महिला कर्मचारियों से चर्चा करना एवं उनकी चुनौतियों व सुझावों पर मंथन करना था। इस बैठक में सभी महिला कर्मचारियों नें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और सभी महिला कर्मचारियों नें अपने अपने विचारों को वरिष्ठ प्रबंधन के समक्ष चर्चा हेतु प्रस्तुत किया। बैठक में विभिन्न मुद्दों जैसे घर से काम करना, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और कनेक्टिविटी में सुधार आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक मुनीश जौहरी, पुष्पेंद्र कुमार, राजीव सूबेदार, सांतनु कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, अपर महाप्रबंधक निखिलेश अवस्थी, जे. के. सेन गुप्ता, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन रोहित कुमार, एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## विश्वनाथ प्रताप सिंह पिछड़ों के मसीहा थे: अनुप्रिया पटेल

संवाददाता। मिर्ज़ापुर



**वंचितों,** पिछड़ों के मसीहा एवं मंडल कमिशन की सिफारिशों को लागू करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय वीपी सिंह जी की पुण्यतिथि को अपना दल ;एसद्ध ने पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री वीपी सिंह जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वंचितोंए पिछड़ों के सही मायने में पूर्व प्रधानमंत्री श्री वीपी सिंह मसीहा थें। उन्होंने मंडल कमीशन की सिफारिशों को लागू करके पिछड़ों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य श्री आशीष पटेलए प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक डॉण्जमुना प्रसाद सरोज ने स्वर्गीय वीपी सिंह जी की पुण्यतिथि को लखनऊ स्थित कैम्प कार्यालय 1ए मॉल एवेन्यू में सादगी पूर्वक मनाया। इस अवसर पर श्री आशीष पटेल ने कहा कि वीपी सिंह पिछड़ोंए वंचितों व किसानों के विकास के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया। वंचित समाज उन्हें सदियों तक याद रखेगा। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री वीपी सिंह जी की पुण्यतिथि लखनऊ के अलावा वाराणसी, मिर्जापुर, मऊ, आजमगढ़, प्रयागराज सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मनायी गई।

## आंगनबाड़ी व समूह की महिलाओं ने की बैठक

**सेमरियावां ( संतकबीरनगर )।** शनिवार को ब्लॉक सभागार में ब्लॉक निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न हुई इस दौरान आगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्वंय सहायता समूह की महिलाओ के साथ खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने बैठक कर बाल विकास परियोजना के तहत लाभार्थियों को मिलने वाले ड्राई राशन वितरण के सम्बंध में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाल विकास परियोजना में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति में सूखे राशन को राज्य आजीविका के माध्यम से संचालित एवं स्वयं सहायता समूहो से वितरण कराने के आदेश निर्गत किये गये हैं। उन्होंने कहा कि कोटेदार को एफसीआई से राशन मिलने के बाद स्वयं सहायता समूह के लोग कोटेदार से राशन उठायेंगे और स्वयं सहायता समूह के लोग आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ड्राई राशन देगे उसके बाद आंगनबाड़ी केंद्रों ध् मिनीआंगनबाड़ी केन्द्रों से सूखे राशन के रुप में चावल, गेहूँ , देशी घी, स्किम्ड मिल्क लाभार्थियों में वितरित किये जायेंगे।

# गड्ढामुक्त तीन सौ मीटर और भुगतान एक हजार का!

संवाददाता। बस्ती

### ● सात सौ मीटर के तारकोल और गिट्टी का हुआ बंदरबांट, अधिकारी खामोश, सीएम से की गई शिकायत

**पीडब्लूडी** ठेकेदार संघ के अध्यक्ष अमर सिंह और पूर्वाचल आदर्श ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह का दावा है कि अगर अधिकारी चोरी करना बंद कर दें, तो सड़कों पर कभी गडढ़ा होगा ही नहीं, और सड़कें अपने मानेक को पूरा करते हुए पांच साल तक चलेगी। इन दोनों संघों के अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री सहित विभाग के आला अधिकारियों से गडढ़ामुक्त योजना को ही समाप्त करने की मांग की हैं, और कहा कि जब तक जेई से लेकर बड़े साहब अनैतिक कमीषन लेना बंद नहीं करेंगे, तब तक सड़के चंद महिनों में टूटती रहेगी। कहते हैं कि कोई भी ठेकेदार नहीं चाहता कि सड़कों का निर्माण गुणवत्ताविहीन हो, मगर उसे मजबूरी में गुणवत्ता के साथ समझौता करना पड़ता है। कोई ठेकेदार घर से पूंजी लगाकर सड़क का निर्माण नहीं करेगा। नुकसान और सजा का हकदार तो हर हाल में ठेकेदारों के हिस्से में आता है। अधिकारी तो मलाई काट रहें हैं। एक हजार मी. के स्थान पर मात्र तीन सौ मी. गडढ़ामुक्त हो रही है। सात सौ मीटर के अंतर के तारकोल और गिटटी के धन का बंदरबांट होता है।

जिले में पीडब्लूडी के पास कुल 1946 सडकों का स्वामित्व है। इसकी कुल लंबाई 3507 किमी. है। इनमें 812 किमी. की सड़कें ऐसी है, जो चलने योग्य नहीं है। तारकोल कम और गडढ़े अधिक दिखाई देते हैं। 282 किमी. की सड़क नवीनीकरण योग्य है। जबकि इन सभी सड़कों पर मानक के अनुसार पांच वर्ष तक कोई भी गडढ़ा नहीं होना चाहिए। गुणवत्ता की हालत यह है कि सड़क बनते ही टूटने लगती है। कोई देखने वाला नहीं कि सड़के क्यों समय से पहले खराब होती जा रही है। जबकि इस काम के लिए बड़ी संख्या में जेई, एई और दो एक्सइएन लगाए गए। एक ठेकेदार के दावे को अगर सच माना जाए तो इनमें कई ऐसी सड़कें है, जिनका नाम साहबों को मालूत ही नहीं। लागबुक में दर्जनों सड़कों का निरीक्षण हो जाता है। अब जरा इस साल गडढ़ामुक्त सड़कों की स्थित जान लीजिए। स्टेट हाईवे, प्रमुख जिला मार्ग, अन्य जिला मार्ग और ग्रामीण के 812 किमी, सड़कों को गडढ़ामुक्त के लिए धन आवंटित हुआ, धन कितना आंवटित हुआ और कितना खर्च हुआ, कितनी सड़कें गडढ़ामुक्त हो चुकी है, इसकी जानकारी मांगने के बाद भी अधिकारी मीडिया को नहीं देते।

## मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण

**देवरिया।** टाउन हॉल ऑडिटोरियम में आज गोरखपुर फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन हेतु 1 दिसंबर को होने वाले मतदान को सकुशल संपन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ध्ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुमित यादव ने मतदान कार्मिकों को अपने दायित्वों को पूरी निष्पक्षता निर्भीकता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा है कि प्रशिक्षण में दिए गए जानकारियों के अनुरूप मतदान कार्य को संपन्न कराए। प्रशिक्षण के दौरान डीडीओ श्री कृष्ण पांडेयए उपनिदेशक बचत विजय नाथ मिश्रा प्रशिक्षण कर्त्ता निशेष कुमार व अन्य अधिकारियों द्वारा मतदान की बारीकियों से अवगत कराया गया।

## रोजगार मेले का आयोजन

**देवरिया।** जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में आयोजित रोजगार मेले में 75 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किये जिसमें से 49 का प्रारंभिक चयन किया गया। निजी क्षेत्र की कंपनी शिवशक्ति बायोटेकए स्फाकिया एग्रोटेकएएक्जेंट एक्राए द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में केंपस सिलेक्शन किया गया। इसके अलावा प्राविधिक क्षेत्र की कंपनी एक्सपोर्ट मैनेजमेंट सर्विस एवं लायम ग्रुप चेन्नई हेतु रजिस्ट्रेशन किया गया।

## खण्ड शिक्षक निर्वाचन 1 को

**मऊ।** गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन 2020 का मतदान 1 दिसम्बर को प्रातः 08:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक सम्पन्न होगा। जनपद मऊ में कुल 10 मतदेय स्थल बनाए गये हैं। 09 मतदेय स्थल जनपद मऊ के 09 क्षेत्र पंचायत विकास खण्ड, के कार्यालय परिसर में एवं 1 स्थल नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन में बनाया गया है। उक्त आशय की जानकारी अपर जिलाधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी मऊ द्वारा दी गयी।

## प्रतियोगिता का आयोजन

**मऊ।** प्राविद विभाग मऊ के तत्वाधान में एक दिवसीय जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता,कार्यक्रम का आयोजन राजीव गॉधी महिला पीजी कालेज परदहॉ,मऊ में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विजय शंकर रायए जिला विकास अधिकारी एवं समापन तथा पुरस्कार वितरण राम सिंह वर्माए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता,कार्यक्रम में लोकगीत, एकान्की, लोकनृत्य, कत्थक, तबला वादन, हारमोनियम लाइट, तथा एकल आदि विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी। जिसमें लोकगीत एवं एकांकी में विकास खण्ड रानीपुर की टीम, कत्थक में दूधनाथ पाल, तबला वादन में अखण्ड प्रताप एवं हारमोनियम लाइट में श्रृष्टि सिंह विकास खण्ड रतनपुरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उक्त टीमों का चयन मण्डल स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता,कार्यक्रम में 29 नवम्बर को प्रतिभाग करेगें। कार्यक्रम सम्पन्नोंपरान्त कृष्ण मोहन पाठक, जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष को पितृ शोक

**डुमरियागंज।** बांसी तहसील क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया पथरा निवासी इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष के पी सिंह के पिता रामराज सिंह का शनिवार सुबह लंबी बीमारी के कारण देहांत हो गया। क्षेत्र में खबर फैलते ही शोक संवेदना जताने वालों का उनके आवास पर आवागमन शुरू हो गया। शनिवार को बांसी तहसील क्षेत्र के कम्हरिया पथरा स्थित बघनी घाट पर अंतिम संस्कार में भाजपा सांसद जगदंबिका पाल व स्वास्थयमंत्री राजा जय प्रताप सिंह भी शामिल होकर मृतक परिवार को शोक संवेदना जताते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए कामना की।

## कांग्रेसियों ने 3 सूत्रीय मांगों को डीएम को सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार के निर्देश पर जिला एवं शहर कांग्रेस सहित कांग्रेस के संगठन के पदाधिकारियों द्वारा देश में चल रहे किसान आंदोलन को समर्थन देते हुए जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज ने कहा कि कि देश के अन्नदाता आज सड़कों में ठंड के मौसम पर अपनी मांग के लिए दिल्ली कूच कर रहे हैं लेकिन केंद्र की तानाशाह सरकार उन पर इस तरीके से उनके आंदोलन का दमन करने हेतु वाटर कैनन व बैरी कटिंग करके उनको रोकने का प्रयास कर रही है। जैसे कि वह देश के अन्नदाता नहींए बल्कि कोई दुश्मन है। हम कांग्रेसी मांग करते हैं कि केंद्र की सरकार 3 काला कानून जो लाई हैए वह किसान विरोधी है। इस कानून को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाय। इसी मांग को लेकर के कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर इंद्रमणि दुबे,पंकज सोनकर, आजम जैदी,राकेश सिंह, शिखर द्विवेदी, राजकुमार गुप्ता, तौकीर खानए सुरेश गौड़,यशस्वी सिंह, इकबाल हुसैन, अशरफ अलीए इश्तियाक आदि मौजूद रहे।

# स्वयं समूहों को शौचालयों के संचालन की जिम्मेदारी



### 62 समूहो को मिलेंगे नौ हजार प्रतिमाह, परियोजना निदेशक ने वितरित किये अनुबंध पत्र

**संवाददाता।** सिकरारा, जौनपुर

**स्थानीय** विकास खंड के गांवों में बने सामुदायिक शौचालयों के संचालन एवं रख रखाव की जिम्मेदारी गांव के स्वयं सहायता समूहों की होगी। शनिवार को स्थानीय ब्लाक के सभागार में स्वयं सहायता समूहों से उनके सम्बंधित गांवों के सामुदायिक शौचालयों के संचालन व देख.रेख हेतु अनुबंध पत्र भरवाकर उनके हस्ताक्षर लेने के बाद परियोजना निदेशक अरविंद सिंह द्वारा समूहों को वितरित किया गया। इसके एवज में केयर टेकर को साफसफाई के लिए 6 हजार प्रतिमाह व सफाई सामग्री मरम्मत आदि के लिए 3 हजार प्रतिमाहए कुल मिलाकर समूहों को शौचालयों के संचालन व रखरखाव के लिए प्रत्येक महीने 9 हजार रूपये उनके खाते में पहुँच जाएंगे। अनुबंध पत्र वितरित करते हुए परियोजना निदेशक ने कहा कि आपको एक बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है कि नियमित रूप से शौचालयों की सफाई जरूरी है। इससे ग्रामीणों को सहूलियत के साथ लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा है।

कार्यक्रम में 62 गांवों के सामुदायिक शौचालयों के संचालन हेतु समूहों को अनुबंध पत्र बांटे गए। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी डाण् छोटे लाल तिवारीए एडीओ पंचायत राधेश्याम यादवए खण्ड सूर्य प्रताप सिंहए सचिव देवेंद्र सिंहए अमित सिंहए सुरेन्द्र यादवए अखिलेश सरोजए अर्पिता चौरसियाए कृतिका मिश्राए प्रदीप शंकर श्रीवास्तव आदि रहे। संचालन एडीओ आइएसबी अरुण पाण्डेय ने किया।

## ड्राई राशन एक दिवसीय प्रशिक्षण

**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील के ब्लॉक संसाधन केंद्र में ड्राई राशन का प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में डुमरिया गंज विकासखंड के समूह के पदाधिकारी समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री और कोटेदार उपस्थित रहे प्रशिक्षण में प्रभारी खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर ने बताया की यह ड्राई राशन का एक प्रशिक्षण है इसमें समूह के महिलाएं कोटेदार से राशन लेकर उसको पैक करके आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से गर्भवती धात्री और छोटे.छोटे बच्चों को वितरण किया जाएगा प्रशिक्षण दिन में दो पाली में किया गया है प्रशिक्षण में मुख्य रूप से डुमरिया गंज विकास खंड के प्रभारी मुख्य सेविका महिला एडीओ एब्लॉक मिशन प्रबंधक मनीष चंद्र पांडे, विजय कुमार यादव डुमरिया गंज के पूर्ति निरीक्षक सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री कोटेदार और समूह की तमाम महिलाएं उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पन्ना लाल की मनायी गयी पुण्यतिथि



**सिद्दीकपुर, जौनपुर।** पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पास जासोपुर क्षेत्र में स्थित कैम्प कार्यालय पर पन्ना लाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जन कल्याण समिति द्वारा सेनानी पन्ना लाल की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर संस्थापकध्अध्यक्ष शिवा वर्मा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुये दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात् स्व लाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उपस्थित लोगों में मिठाई बांटी गयी। इसके साथ ही समाज में सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को अंगवस्त्रम् देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किये गये लोगों में राधे, देवन्दन, संग्राम, रामनाथ, धामू, बुद्धू रहे। इस अवसर पर राम सकल यादवए अशोक कुमारए विकासए राजेश सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। अन्त में शिवा वर्मा ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक बढ़नी स्टेशन का किया निरीक्षण

**बढ़नी,सिद्धार्थनगर।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी सहित अन्य उच्चाधिकारियों के द्वारा बढ़नी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गयाए साथ ही बढनी, गोरखपुर रेलखंड के मध्य स्टेशनों के भवन, समपार फाटकों, पुलों, स्टेशन यार्ड इत्यादि का भी निरीक्षण किया गया। शनिवार दोपहर पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा मुख्य निर्माण इंजीनियर गोरखपुर कैलाश नारायण एवं लखनऊ मण्डल के उच्चाधिकारी स्पेशल ट्रेन से बढ़नी स्टेशन पहुंचे जहाँ पर उनके द्वारा स्टेशन अधीक्षक कार्यालयए यात्री विश्रामालयए स्टेशन प्लेटफ र्म,प्लेटफ र्म शेड्स, स्टेशन परिसर, पैदल ऊपरी पुल, पेयजल व जल, निकासी, स्टेशन की साफसफ ाई तथा रेलवे कालोनी का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन के पश्चिमी तरफ बने श्मल्टी फंक्शनल कॉम्पलेक्स का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को साफ-सफाई एवं विपणन गतिविधियां बढ़ाने तथा यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बढ़नी स्टेशन पर निर्माणाधीन प्रशासनिक भवनए कोचिंग काम्पलेक्स एवं पिट लाइन का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के अन्त में महाप्रबंधक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संरक्षित व सुरक्षित रेल संचलन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करने का एवं संरक्षा के मापदंड को उच्चस्तर का बनाये रखने निर्देश दिया। इस दौरान पर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक अम्बर प्रताप सिंह, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर सामान्य धनन्जय मिश्रा, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय सुमित वत्स, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर प्रथम विनीत कुमार, उप मुख्य इन्जीनियर निर्माण अरूण कुमार, मण्डल इंजीनियर सामान्य साहब सिंह, शिवशंकर कुमार आदि उपस्थित रहे।

# राफेल सौदे का विरोध करके कांग्रेस ने देश को धोखा दिया : पवन कुमार

**संवाददाता।** देवरिया



भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित मण्डल प्रशिक्षण वर्ग को सरकार की उपलब्धियों पर बोलते हुए सांसद बांसगांव कमलेश पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार अपनी योजनाओं के द्वारा गांव, गरीब, किसान और युवाओ के विकास के लिए समर्पित है। मण्डल प्रशिक्षण वर्ग के बरहज नगर और बरहज देहात मण्डल में ष्आत्मनिर्भरता के साथ राष्ट्रीय सुरक्षाष् विषय पर बोलते हुए मुख्य वक्ता जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्र ने कहा कि जनसंघ काल की स्थापना से ही हम स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर बल दे रहे हैए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर होने की दिशा में बढ़ रहा हैए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेड बाई इंडिया पर जोर दिया है। हमारी सेनाएं स्वदेशी हथियारों का प्रयोग कर सीमाओं की सुरक्षा कर रही हैए हमारी सेनाओं ने चीन और पाकिस्तान के सैनिकों को सिमा सुरक्षा के मुद्दे पर करारा जबाव दिया हैए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'राफेल विमान के आने से वायुसेना की क्षमता कई गुना बढ़ गयी है'ए राफेल सौदे का विरोध करके कांग्रेस ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर देश को धोखा देने का काम किया हैए देश के सीमावर्ती क्षेत्र अत्याधुनिक लड़ाकू विमान और अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों से सुसज्जित हो रहे हैए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का प्रत्येक नागरिक स्वरोजगार के जरिये आत्मनिर्भर होकर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। भाजपा सरकार में देश आत्मनिर्भर होने के साथ.साथ राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत हो रहा है।प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षक के रूप में रजनीश उपाध्यायए प्रमोद मिश्रए छ्ठेलाल निगम उपस्थित रहे। मण्डल अध्यक्ष अभयानंद तिवारी और राम जोखन निषाद ने ने उपस्थित वक्ताओं के प्रति आभार जतायाए संचालन अमर सिंह और अखण्ड प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर बरहज नगर और बरहज देहात मण्डल के रामनिवास उपाध्याय, अंकित शाही, विवेक कुमार गुप्त मौजूद रहे।

## प्रशासन की चेतावनी के बाद भी खेतों में जल रहा पराली

**सकलडीहा,चन्दौली।** कोरोना काल में पराली जलाने पर सख्त रोक लगाया गया है। इसके बाद भी क्षेत्र के बरठी नरैना सहित कई गांव में शुक्रवार की देर शाम चोरी से किसान पराली जला रहे है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी सिर्फ कोरम पूर्ति कर रहे है। जबकि पराली से होने वाली नुकसान के बारे में कृषि विभाग सहित अन्य अधिकारी किसानों को डोर टू डोर जागरूक कर रहे है। खेतों में पराली जलाना एक अभिशाप है। पराली जलाने से जहां खेत की मिट्टी का जीवाश्म बर्बाद हो रहा है। वही दूसरी ओर पराली जलाने से कोरोना काल में काफी दिक्कत हो रही है। शासन के निर्देश पर पराली जलाने के लिये जिले स्तर पर टीम गठित किया गया है। जो गांव गांव में किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दे रहे है। इसके बाद भी किसान निर्देशों का अनदेखी करके खुलेआम पराली जला रहे है। शुक्रवार की देर शाम बरठी नरैना सहित आसपास के सिवान में कुछ लोगों द्वारा चोरी से पराली जला देने से खलबली मच गया। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर जांच करना तो दूर चेतावनी भी देना मुनासिब नही समझा। इस बाबत एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि पराली जलाने पर जांच कराकर सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई किया जायेगा।

# डा. काशी प्रसाद पहले राष्ट्रवादी इतिहासकार थे: सर्वेश जायसवाल



### जायसवाल समाज ने मनायी अन्तर्राष्ट्रीय विद्वान की 139वीं जयंती

**संवाददाता।** जौनपुर

प्रसिद्व इतिहासकार व अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विद्वान डाण् काशी प्रसाद जायसवाल की 139वीं जयन्ती पर जायसवाल समाज सेवा समिति जौनपुर के तत्वावधान में जिला एवं नगर कार्यकारिणी की सभा हुई। नगर के गूलरघाट पर आयोजित सभा में डाण् जायसवाल जी के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए देश के प्रति उनके विशिष्ट योगदान को साझा किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष सर्वेश जायसवाल ने कहा कि डाण् जायसवाल पहले राष्ट्रवादी इतिहासकार थे। उनकी विद्वता से प्रभावित हो कर वर्ष 1936 में पटना विश्वविद्यालय ने उन्हें पीएचडी की मानक उपाधि प्रदान की थी। उन्होंने प्राचीन भारत के इतिहास हिन्दी भाषा व साहित्य पर सैकड़ों मौलिक लेख लिखे। बिहार सरकार ने 1950 में उनके नाम पर डाण् काशी प्रसाद शोध संस्थान की स्थापना भी की। इसी क्रम में नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल ने कहा कि डाण् जायसवाल का जन्म 27 नवम्बर 1881 को मिर्जापुर में जमींदार जायसवाल परिवार में हुआ था। उन्होंने आक्सफोर्ड यूनीवर्सिटी से उच्च शिक्षा प्राप्त की। वे काशी नगरी प्रचारिणी सभा के उप मन्त्री भी थे। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त कियेे। सभा का संचालन जिला महामन्त्री चन्द्रशेखर जायसवाल ने किया। इस अवसर पर अशर्फी लाल जायसवालए अनिल हरिओम जायसवालए ध्रुव जायसवालए अखिलेश जायसवालए सुग्रीव जायसवालए संजय जायसवाल सहित तमाम स्वजातीय बन्धु उपस्थित रहे। अन्त में नगर महामंत्री सत्य प्रकाश जायसवाल ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## उर्वशी सिंह बनीं हिन्दू भगवा वाहिनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष



**जौनपुर।** हिन्दू भगवा वाहिनी संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शर्मा ने उर्वशी सिंह को हिन्दू भगवा वाहिनी राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन रक्षा महिला प्रकोष्ठ मनोनीत किया। साथ ही उन्होंने कहा कि उर्वशी जी के मनोनयन से पूरे भारत में संगठन को निरंतर मजबूती मिलती रहेगी। आशा ही नहींए बल्कि पूर्ण विश्वास है कि संगठन के हित के लिए वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगी और हिन्दू भगवा वाहिनी का विस्तार करेंगी। वहीं दूसरी ओर यह जानकारी होने पर संगठन से जुड़े लोगों सहित तमाम शुभचिंतकों ने उर्वशी को बधाई देते हुये संगठन के इस निर्णय की सराहना किया।

## रामराज सिंह के निधन से अपूरणीय क्षति हैं : श्रीवास्तव

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** मित्रसंघ के संस्थापक सदस्य व षिवाजी इण्टर कालेज बरगदवा के प्रबंधक रामराज सिंह बहुत नेक व मिलनसार व्यक्ति थे। उनके निधन से मित्रसंघ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में गहरा दु:ख पहुंचा है। हमारे मार्गदर्शक हर संघर्षों में सदैव मेरा उत्साहवर्धन करने का काम करते थे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न अनुषांगिक संगठनों में लंबे समय तक विभिन्न पदों का दायित्व निभाने का कार्य किए हैं। उक्त बातें शनिवार को मित्रसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री राजू श्रीवास्तव ने स्वण् रामराज सिंह के निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि रामराज सिंह के निधन से मित्रसंघ का अपूर्णनीय क्षति हुई है। समाज सेवा के सभी क्षेत्रों में सदैव उनका अनुकरणीय योगदान रहा है। साथ ही शिक्षा जगत से लेकर किसानोंए नौजवानोंए गरीबोंए समाज के सभी वर्गों के हितों को लेकर सदैव उन्होंने संघर्ष किया। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतृप्त परिवार तथा शुभचिंतकों को इस महान दुख को सहन करने की शक्ति दे।

## जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है तब तब भगवान लेते हैं अवतार कथा व्यास राहुल



**देवरिया।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा ब्यास श्री राहुल त्रिपाठी जी ने कहा कि जब जब धरती पर पाप बढ़ जाता है तथा अत्याचारियों का प्रभाव बढ़ जाता है तब तब भगवान इस धरती पर अवतार लेकर उनका विनाश करते है श्री त्रिपाठी ने कथा के दौरान हिरणकस्यपु की कथा पर प्रकाश डालते हुवे कहा कि प्रह्लाद की रच्छा केलिए अवतार लिए तथा उसका बढ़ किया श्री त्रिपाठी ने अजामिल के उद्धर की कथा तथा कृण्ण जन्म की कथा सुनाया कृष्णजन्मोत्सव की झांकी निकालि कार्यक्रम में उनके साथ सहयोगी श्री विनोद शुक्ल अवधकिशोर पांडेय राधेश्याम उपद्ययय अखिलेश मिस्त्र संतोष पांडेय चंद्रेश जी बाध्य यंत्र के साथ सहयोग एवम संगीत मयि कथा प्रस्तुत कर रहे है कार्यकम में आयोजक मुख्य यजमान त्रिपुरेश धर द्विवेदी दिनेश धर द्विवेदी मालती देवी गीता देवी इंद्रजीत दुबे घरभरण गुप्ता उत्तिम सिंह योगेंद्र दुबे शशिकांत पांडेय इंद्रदेव भारती माधुरी द्विवेदी राजेन्द्र प्रसाद रामसुमेर रामकृपाल श्रीकांत बलेस्वर स्वारथ गुप्ता राजेन्द्र गुप्ता अमीन सिंह राजनारायण रॉव एचंद्रिका गुप्त रामायण सिंह संजीत धर द्विवेदी अरुणेश द्विवेदी दीपचंद यादव अनुराग अनुपम आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्टेशन से दो गिरफ्तार, नशीला पदार्थ व नकदी बरामद

**मुगलसराय।** जीआरपी ने शनिवार की रात्रि में चेकिंग के दौरान स्थानीय जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या सात व आठ के पश्चिमी छोर के लोकेशन बॉक्स के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया।

पकड़े गए लोगों की तलाशी लेने पर उनके पास से 122 ग्राम नशीला पाउडर एएक मोबाइल व नकदी बरामद हुआ। पुलिस ने उनके खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की।

स्थानीय जंक्शन पर अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के के लिए अधिकारियों के दिए निर्देश के बाद जीआरपी जांच अभियान चला रही है। शनिवार की रात्रि में जीआरपी प्लेटफार्म पर जांच कर रही थी।जांच करते हुए टीम प्लेटफार्म संख्या साथ आठ के पश्चिमी छोर के लोकेशन बॉक्स के पास पहुंची।देखा कि दो व्यक्ति संदिग्ध हाल में खड़े है।पुलिस को देख दोनों खिसकने लगे।शक होने पर उन्हें रोककर पूछताछ की गई तो संतोषजनक जबाव नहीं दे सके। जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 122 ग्राम नशीला पाउडरएएक मोबाइल व नकदी बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों में रतन डोम निवासी राम मंदिर डोम खाना व मृत्युंजय कुमार सिंह भोजपुर बिहार है।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



### सिपाही घायल

**सवांददाता।** देवरिया

शनिवार की शामदेवरिया के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के सिरजम में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। इसमें 25 हजार के इनामिया बदमाश एकलाख वारसी को गोली लगी है जबकि एसओजी का एक सिपाही भी घायल हो गया। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश पुलिस को झांसा देकर फरार हो गए। गौरीबाजार के सिरजम चौराहे के पास बदमाशों के होने की सूचना पर गौरीबाजार पुलिस और एसओजी टीम ने शनिवार की शाम करीब चार बजे घेराबंदी की थी। इसी दौरान बाइक से जा रहे संदिग्धों को पुलिस ने रोकना चाहा तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाशों पर फायरिंग कर पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाश बाइक से सिरजम.पथरहट मार्ग की तरफ भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया। भागते समय पुलिस फायरिंग में एक बदमाश को बाएं पैर में गोली लग गई। वह बाइक से गिर गयाए जबकि दो बदमाश फरार हो गए। इस दौरान एसओजी में तैनात सिपाही धनंजय श्रीवास्तव भी घायल हो गए। पुलिस ने बाइक से गिरे बदमाश एकलाख को दबोच लिया। घायल बदमाश और सिपाही धनंजय को लेकर पुलिस जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंची। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉण् श्रीपति मिश्र भी वहां पहुंच गए। एसपी ने बताया कि दबोचा गया बदमाश एकलाख वारसी पुत्र हसमुद्दीन शेख निवासी भरवलिया बरपार थाना रामपुर कारखाना का रहने वाला है।

वह सीएसपी संचालक सर्वेश्वर पटेल हत्याकांड वाह 540000 की लूट का मास्टर माइंड है। उसे पैर में गोली लगी है जबकि एसओजी के सिपाही धनंजय भी घायल हैं। एसपी ने बताया कि दबोचा गया बदमाश 18 नवंबर को सीएसपी संचालक की हत्या और 5ण्40 लाख रुपए की लूट की घटना में शामिल था। उस पर पुलिस ने 26 नवंबर को 25 हजार का इनाम घोषित किया था। इस मामले में पांच अन्य बदमाश पहले ही गिरफ्तार कर लिए गए थे। उन्हें 23 नवम्?बर को जेल भेज दिया गया था।वहीं देर शाम को बदमाश का एक्सरे करा कर उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजने की तैयारी चल रही है जहां से भाई धनंजय का भी इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिष्य पाल सहित कई थानों की पुलिस फोर्स मौजूद थे।

## अखिल बने सल्तनत बहादुर पीजी कालेज के टापर

**बदलापुर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के पट्टी दयाल गांव निवासी अखिल सिंह ने बीण्काम में पहला स्थान प्राप्त करके सल्तनत बहादुर पीजी कालेज बदलापुर में टाप किया। इसकी जानकारी होने पर विद्यालयए परिवार सहित उनके शुभचिंतकों में खुशी जताते हुये बधाई दिया। मालूम हो कि अखिल के पिता विजय प्रताप सिंह अध्यापक हैं एवं दादा मंशा प्रसाद सिंह सल्तनत बहादुर इंटर कालेज में अंग्रेजी के प्रवक्ताध्अध्यक्ष रहे। अखिल सिंह के दादा ठाण्मंशा प्रसाद सिंह अंग्रेजी ग्रामर के प्रकांड विद्वान रहें। वहीं अरुण सिंह डायरेक्टर स्वीस बैंकए जगदीश नारायण राय पूर्व कैबिनेट मंत्रीए विनोद सिंह प्रबंधक पीजी कालेज बदलापुरए इंदू सिंह जिलाध्यक्ष व्यापार मंडलए कैप्टन सूर्य नारायण शर्माए मिथिलेश सिंहए अशोक सिंह प्रधानाचार्यए तेज प्रताप सिंह प्रवक्ता, चन्द्र प्रताप सिंह, संजय प्रताप सिंह अध्यापक सहित तमाम लोगों ने अखिल को बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।



## सरकारी मिशिनरी का दुरूपयोग कर रही है भाजपा: शालिनी

**सकलडीहा,चन्दौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशन में सपाई चुनाव की तैयारी में जुट गये है। शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर के नेतृत्व में वाराणसी की सपा नेत्री शालिनी यादव ने क्षेत्र में भ्रमण कर सपा सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। कार्यकर्ता और गांव के मतदाताओं को चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आवाहन किया। इस दौरान केन्द्र और प्रदेश सरकार पर जमकर भड़ास निकाला।सपा नेत्री व वाराणसी लोकसभा की प्रत्याशी रही शालिनी यादव ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार चुनाव में सरकारी मिशिनरी का खुलकर दुरूपयोग कर रही है। बिहार के बाद पश्चिम बंगाल में बबाल कराकर चुनाव जीतना चाह रही है। कई विभागों में दो हजार तीन हजार का सालान मानदेय देकर लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का दावा कर रहे है। किसान और युवाओं पर लोकतंत्र का आवाज उठाने पर फर्जी मुकदमा करा रही है। एमएलसी स्नातक और शिक्षक की चुनाव में भारी धांधली करने का आशंका जताया। इस लिये कार्यकर्ताओं को अभी से सर्तक होकर चुनावी समर में चल पड़ने का आवाहन किया। इसके पूर्व चतुर्भुजपुरए बरठीए नईबाजारए दिघवटए बहरवानी आदि गांवों में भ्रमण कर कार्यकर्ताओं को स्नातक चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आवाहन किया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, चन्द्रभानू,प्रदेश सचिव मनीष यादव, जमुना विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# लापता युवती का बोरे में मिला शव

● परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

● हत्या की जानकारी होने पर सांसद भी पहुंचे घटना स्थल पर, पुलिस से लिया अपडेट



संवाददाता। रामनगर बाराबंकी

**थाना** रामनगर के अन्तर्गत ग्राम गौरा चक के निकट सडक मार्ग के किनारे मीरपुर निवासी युवती का बोरे मे शव पाया गया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने आवश्यक लिखा पढी के बाद शव को पी एम के लिये जिला चिकित्सालय भेजकर गहनता से जाच पडताल मे जुट गयी है।प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम मीरपुर निवासी शिवकुमार प्रजापति की करीब 18 वर्षीय पुत्री अमिता विगत शुक्रवार को दोपहर से अचानक घर से गायब हो गयी।परिजनो ने काफी खोजबीन के बाद स्थानीय थाने पर जाकर लिखित तहरीर देकर बताया कि मोबाईल फोन पर गांव के ही मोहम्मद अतीक की मिसकाले पडी हुई है।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये धारा 366 के तहत मामला पंजीकृत कर लिया।आज शनिवार को दोपहर के करीब गौरा चक गांव के मधपुरा तालाब के पास सडक मार्ग के किनारे बोरे मे पडे शव को कुत्ते नोच रहे थे।जिससे युवती का हाथ बाहर निकल आया जिसे देखकर कुछ ग्रामीणो ने ग्राम प्रधान को दी।उनके द्वारा दी गई सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचे सी ओ दिनेश कुमार दुबे कोतवाल राम चन्द्र सरोज ने बोरे से शव को निकलवाया तो मालूम हुआ कि यह गायब युवती अमिता का ही है।मृतका के गले पर पीछे धारदार हथियार जैसा निशान बना हुआ था।युवती का शव मिलने की खबर से आस पास के क्षेत्र मे सनसनी फैल गयी जिससे मौके पर भारी जन समुदाय इक्ठा हो गया।क्षेत्र मे मौजूद सांसद उपेन्द्र रावत ने भी घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुच गये। इस समबंध मे पुलिस क्षेत्राधिकारी के अनुसार यह हत्या का मामला लगता है।आगे की जाच पडताल से सच्चाई जल्द ही सबके सामने होगी।

# कलियुगी बेटे और बहू को किया गिरफ्तार

## संपत्ति के लालच में की पिता की हत्या



● पुलिस ने बरामद किया हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार

संवाददाता। बाराबंकी

**सम्पत्ति** के लालच हुए विवाद के बाद मे पिता का हत्यारा बन बैठा कलयुगी बेटा व बहुदो दिन पहले 26 नवंबर को फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र ग्राम फतहापुर निवासी 55 वर्षीय श्रीराम गौतम की चाकू से गर्दन रेतकर हत्या करने वाले कलयुगी बेटे मनोज कुमार को फतेहपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के ही जरखा पुल से शनिवार की सुबह गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है उसकी पत्नी अमिता उर्फ किरण को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की विवेचना में पुत्र मनोज कुमार व उसकी पत्नी अमिता उर्फ किरण को आलाकत्ल लाठी व चाकू के साथ फतेहपुर क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक योगेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य, महिला कांस्टेबलनीतू यादव,रिंकू,संदीप कुमार की टीम ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।पुलिस विवेचना में पता चला कि मृतक श्रीराम के पास कुल 18 बीघे जमीन थी जिसमे मृतक ने कुछ जमीन पहले ही बेच दी थी और कुछ जमीन पर कर्ज ले रखा था उसी में आरोपी मनोज जो कि श्रीरामका इकलौता पुत्र था और उसी से वो नाराज रहता था 26 नवंबर को सुबह श्रीराम और मनोज के मध्य सुबह पहर मे विवाद हुआ थाजिसके बाद श्रीरामकोघर से कुछ दूरी पर एक पेड़ में बांधकर पीटा और धारदार चाकू से गर्दन रेतकर मौके से फरार हो गया था और ग्राम चौकीदार की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुची थी और पूरे मामले जांच पड़ताल शुरू की थी उसी दिन ये साफ हो गया था कि श्रीराम का हत्यारा उसका इकलौता बेटा मनोज व उसकी पत्नी है जिसे पुलिस ने आला कत्ल के साथ शनिवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मृत मिली विधवा

**बाराबंकी।** नगर कोतवाली की सिटी चौकी क्षेत्र के लैया मंडी में स्थित मकान के ऊपरी तल मे 58 वर्षीय विधवा महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना पर पहुची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है। प्राप्त विवरण के अनुसार शाहीन पत्नी स्वर्गीय अहमद अली का शव उसके मकान के कमरे से बरामद हुआ पुलिस के अनुसार शाहीन की मौत 3 से 4 दिन पहले होने की आशंका जता रही है वहीं मृतका अस्थमा जैसी गम्भीर बीमारी से काफी समय से पीड़ित थी उसके पति की मौत होने के बाद वो अकेली रहती थी और घर के नीचे के कमरे मे देवर इरशाद भी रहता था।पुलिस सभी प्रमुख बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# डीएम ने किया बूथों का निरीक्षण

संवाददाता। अमेठी



**भारत** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर मतदाता सूची ठीक करने के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत आज शनिवार को समस्त तहसीलों के सभी बूथों पर विशेष दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरुण कुमार ने आज प्राथमिक विद्यालय बरनाटीकर स्थित बूथ संख्या 328ए 329 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद बीएलओ से फार्म 6ए 6;कद्धए 7ए 8ए 8;कद्ध की जानकारी लीए जिस पर बीएलओ द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गयाए जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में सभी बीएलओध्सुपरवाइजर की ट्रेनिंग कराए जाने के निर्देश दिए गए थेए परंतु मौके के निरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए तहसीलदार गौरीगंज घनश्याम भारती को चेतावनी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण का कार्य विशेष प्राथमिकता पर किया जाए साथ ही बीएलओ व सुपरवाइजर को ट्रेनिंग दी जाए। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2021 को जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाएए इसके साथ ही जो लोग मृतक हो गए हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता पुनरीक्षण विशेष अभियान दिवस पर सभी बूथ खुले रहने चाहिए और मतदाता पुनरीक्षण कार्य को निष्पक्ष एवं सुचारू ढंग से संपन्न कराया जाएए जिससे 18 वर्ष या उससे ऊपर के कोई भी मतदाता का नाम सूची में छूटने ना पाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तवए उपजिलाधिकारी गौरीगंज संजीव मौर्या आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए मतदाता सम्मेलन

**बाराबंकी।** एमएलसी चुनाव के लिए रविवार शाम को चुनाव प्रचार थमने से एक दिन पूर्व भाजपा ने चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है।शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी इंजीनियर अवनीश सिंह पटेल के समर्थन में कोऑपरेटिव बैंक सभागार में मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया।कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन धीरेंद्र कुमार वर्मा के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि समर्पित कार्यकर्ताओं ने स्नातक मतदाताओं के घर घर सम्पर्क करके चुनाव भाजपा के पक्ष में कर दिया है।कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व में युवाओं के स्वाभिमान के साथ ही भारत की साख विश्व स्तर पर बढ़ी है।धीरेंद्र वर्मा ने कहा कि शिक्षक और स्नातक दोनो सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है।सन्चालन जिला महामंत्री सन्दीप गुप्ता ने किया।

# डीएम ने एमआई के खिलाफ दिए कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता। प्रतापगढ़

**धान** क्रय केन्द्र संग्रामगढ़ पर जब किसान अपने धान को लेकर पूर्वान्ह 11 बजे पहुॅचे तो धान क्रय केन्द्र बन्द पाया गया और बताया गया कि एमआई के आने पर ही धान क्रय किया जायेगा तो किसानों द्वारा इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गयी। जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने इस शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये संग्रामगढ़ क्रय केन्द्र की एमआई ज्योत्सना सिंह के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने एवं निलम्बन के प्रस्ताव डिप्टी आरएमओ को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि यदि किसी भी क्रय केन्द्र पर केन्द्र प्रभारी समय से उपलब्ध नही होते है तो उनके विरूद्ध निलम्बन का प्रस्ताव शासन को भेजा जाये। जिलाधिकारी ने जनपद में 27 नवम्बर तक धान क्रय केन्द्रों पर की गयी खरीद के सम्बन्ध में समीक्षा की तो पाया गया कि निर्धारित लक्ष्य 60000 मीट्रिक टन के सापेक्ष 15333.189 मीट्रिक टन की खरीद हुई जो 25.56 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने धान खरीद की धीमी प्रगति पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी को सचेत करते हुये निर्देशित किया है कि निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही कदापि न बरती जाये और प्रतिदिन धान क्रय की समीक्षा की जाये। उन्होने जनपद के केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि धान क्रय में यदि तेजी नही लायी जायेगी तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी इसलिये समय रहते किसानों से सम्पर्क स्थापित करके केन्द्रों पर धान के खरीद में तेजी लाये।

# दबंगों ने समारोह में की मारपीट और फायरिंग

संवाददाता। बाराबंकी

**नगर** कोतवाली इलाके में दबंगों के हौसले बुलंद हैं बीती रात स्कार्पियो सवार कुछ युवकों ने एक समारोह में पहुंच कर न केवल उत्पात मचाया बल्कि हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी जिससे वहां अफरा.तफरी का माहौल व्याप्त हो गया पीड़ित की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया है जहां पुलिस ने शांतिभंग की धाराओ मे कार्यवाई कर इतिश्री कर ली है।पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है घटना बड़ी लाइन अभय नगर मोहल्ले की है यहां के निवासी सुभाष गुप्ता के पुत्र अन्नू गुप्ता का बीती रात बड़ी लाइन रेलवे के निकट वैवाहिक समारोह चल रहा था बताया जाता है कि इस बीच चंदन व सूरज सिंह एवं फुरकान व आकाश के मध्य किसी बात को लेकर धक्का.मुक्की होने लगी इस पर बीच बचाव कर लोगों ने उस समय तो मामला शांत करा दिया किंतु कुछ देर पश्चात चंदन अपने आधा दर्जन साथियों सहित स्कॉर्पियो लेकर आ धमका और अभद्रता करते हुए समारोह में फायरिंग कर दहशत फैला दी इससे वहां अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया इसी दरमियान किसी ने पीआरवी पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंच गई और बवाल कर रहे आरोपी युवकों को हिरासत में ले लिया और उन्हें कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया है जहां पुलिस अपने तरीके से कार्यवाही कर रही है वही पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा सहित आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की है नगर कोतवाली क्षेत्र में फायरिंग कर दहशत फैलाने की यह घटना कोई नई नहीं है इससे पूर्व कालिका हवेली में भी दबंग युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने का काम किया था यह घटना बीते अभी कुछ दिन की हुए थे कि फिर इस तरह की घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।

## पढ़े - लिखे नौजवानों को निःशुल्क रोजगार परक काउंसिलिंग प्राथमिकताः बीके शुक्ला

**प्रतापगढ़।** स्नातक विधान परिषद चुनाव के तहत शनिवार को प्रत्याशी बी के शुक्ल ने जिले की कुंडा व रानीगंज तथा पट्टी तहसील मुख्यालयों में अधिवक्ताओं व प्रबुद्धजनों से संपर्क कर समर्थन माँगा। लखनऊ खंड स्नातक से प्रत्याशी बी के शुक्ल के साथ ऑल इंडिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने भी साथी अधिवक्ताओं से मिलकर स्नातक बेरोजगारों को हक दिलाने के लिए बी के शुक्ल के समर्थन पर जोर दिया । वहीं बी के शुक्ल ने कहा कि वह जिले के एकमात्र प्रत्याशी है तथा सदैव शिक्षकों व अधिवक्ताओं के मुद्दे पर संघर्ष करते रहे है। उन्होंने कहा कि चुनाव में सफलता मिली तो पढ़े - लिखे नौजवानों को निःशुल्क रोजगार परक काउंसिलिंग तथा मान - सम्मान प्राथमिकता होगी । रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि सरकार मनरेगा , सूचना आदि क्षेत्र में गारंटी कानून लागू कर चुकी है पर स्नातक रोजगार गारंटी विधेयक नही ला रही है। जनसम्पर्क के दौरान मनीष पांडेय,बालेन्द्र पांडेय,हनुमान प्रसाद पांडेय, शीतला प्रसाद केसरवानी,अंजनी सिंह,अशोक पांडेय,विजय कुमार तिवारी,सुनील त्रिपाठी,महेश शुक्ल,राजन पांडेय,योगेश पांडेय,संजय पांडेय, ,शीतला प्रसाद पांडेय,अरविंद मिश्र आदि रहे।

# किसानों की फरियाद सुनने नहीं आए अधिकारी

संवाददाता। बाराबंकी




**भारतीय** किसान यूनियन धर्मेंद्र गुट शाखा बाराबंकी द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापन के अनुसार अट्ठारह नवंबर से किसान लगातार इस भयानक ठंड में गन्ना संस्थान बाराबंकी में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त कोई भी अधिकारी व कर्मचारी किसानों की सुध लेने नहीं पहुंचा आज 11 दिन भी किसी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा किसी भी समस्या का समाधान ना कराए जाने से क्षुब्ध होकर निर्णय लिया गया की आज से बाराबंकी जिला अध्यक्ष मायाराम यादव व जिला प्रभारी अजय सिंह द्वारा भूख हड़ताल प्रारंभ कर दिया गया है पूर्व प्रेषित ज्ञापन किसानों की समस्याएं, ग्राम पंचायत दरावा विकासखंड निन्दूरा तहसील फतेहपुर में आवास शौचालय आदि अन्य विकास कार्यों में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा धांधली का सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है जांच कराकर कार्यवाही कराई जाए, इसी धांधली की शिकायत दरावा निवासी अजय सिंह पुत्र कालका सिंह द्वारा वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर की गई थी जिसकी जांच जिला उद्यान अधिकारी को मिली जिला उद्यान अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान से अनुचित लाभ लेकर बिना जांच किए ही शिकायतकर्ता की शिकायत को झूठा बताकर निस्तारण कर दिया उसी शिकायत की रंजिश में पंचायत सेक्रेटरी व ग्राम प्रधान द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देशन में शिकायतकर्ता पर ही मुकदमा पंजीकृत करा दिया जिसकी जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराएं, ग्राम पंचायत सैंदर विकासखंड निन्दूरा मैं ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान की मिलीभगत से दूसरों के आवास दूसरों की आईडी लगाकर एससी की आवास सामान्य लोगों व आ पात्रों को दे दिए गए हैं जिसकी जांच भी हो चुकी है जांच आख्या के आधार पर दोषियों दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही कराई जाए, ग्राम पंचायत सैदर तहसील फतेहपुर में जनमत के बाद भी चकबंदी के कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों द्वारा ग्राम पंचायत में मैं लूट करने की नियत से चकबंदी करना चाहते हैं जो सरासर गलत है।

# थाने में धरने पर बैठा पीड़ित परिवार



संवाददाता। अमेठी

**जिले** के गौरीगंज थाने के सामने धरने पर बैठे परिवार को 08 घंटे बाद भी इंसाफन मिलने की दशा में गौरीगंज के सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह भी पीड़ित को इंसाफदिलाने के लिए धरने पर शाम 04 बजे पीड़ित परिवार के साथ धरने पर बैठूंगा।

इस ऐलान की सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गयाएऔर चार बजे से पहले ही पुलिस ने दबंगों द्वारा जमीन से अवैध कब्जा हटवा दिया। मिली जानकारी के मुताबिक

पुलिस की मिलीभगत से इंद्रजीत नाई की ज़मीन पर दबंगों ने अवैध कब्ज़ा किया है।बताते चलें कि गौरीगंज तहसील क्षेत्र के गांव पूरे बाबू जी का पुरवा मजरे मऊ निवासी इंद्रजीत नाई अपनी जमीन गाटा संख्या 667ध0 ण0510 हे0 पर दबंगो द्धारा अवैध कब्जे को लेकर आज यानि 28 नवंबर की सुबह 8रू00 बजे से गौरीगंज थाने के गेट पर धरने पर पत्नी व बच्चो के साथ बैठ गए। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा था। परंतु प्रशासन ने कोई भी कार्यवाही नही की जिसके विरोध में इंद्रजीत सपरिवार कोतवाली गौरीगंज के सामने धरने पर बैठे गए। जब इसकी सूचना स्थानीय सपा विधायक राकेश प्रताप को हुई तो उन्होंने ऐलान किया।कि अगर इनकी समस्या का निदान नही हुआ तो 04 बजे से मैं भी पीड़ित परिवार के साथ समस्या के निस्तारण तक अनिश्चितकालीन धरने पर रहूँगा। फिलहाल स्थानीय प्रशासन पर इसका असर हुआ और अवैध कब्जा हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया।

## क्विक न्यूज

### डीसीएम चालक व क्लीनर की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** शुक्रवार की भोर में कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत हाईवे पर सुल्तानपुर की तरफजा रही डीसीएम को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे डीसीएम के चालक व खलासी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शवो को बाहर निकलवाकर परिजनों को सूचना दी। शुक्रवार की रात करीब तीन बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत धरौली गांव के पास सुल्तानपुर की तरफ जा रही डीसीएम को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे चालक अकील अहमद उम्र 35 वर्ष पुत्र जहीर अहमद व खलासी अमन यादव उम्र 22 वर्ष पुत्र राजेश यादव निवासीगण राम पुरम मोहल्ला श्यामनगर थाना चकेरी जिला कानपुर नगर की डीसीएम में दबकर दर्दनाक मौत हो गई ।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक परशु राम ओझा मय हमराही सिपाही घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों के शवों को कड़ी मशक्कत के बाद डीसीएम से बाहर निकलवाकर परिजनों को सूचना दी ।प्रभारी निरीक्षक परशु राम ओझा ने बताया कि शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है ।

### युवक की मौत का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

**जगदीशपुर, अमेठी ।** पांच दिनों पूर्व कमरे में नव युवक की खून से सनी लाश मिलने के बाद पूछताछ करने में उलझी पुलिस मौत के कारणों का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है । जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के रानीगंज कस्बा निवासी बत्तीस वर्षीय अजय कुमार अग्रहरी अपने कमरे में सो रहा था कि सुबह जब परिजनों ने देखा तो बिस्तर पर खून से सनी लाश संदिग्ध परिस्थितियों पाई गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ करने के बाद लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जिसकी पीएम रिपोर्ट आ गई परन्तु पुलिस केवल पूछताछ करने के लिए गाँव के कई लोगों को लाने के बाद किसी नतीजे पर समाचार लिखे जाने तक नहीं पहुंच पाई जिससे मृतक के परिजनों में दहशत का माहौल बना हुआ है ।इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी मुसाफिर खाना मनोज कुमार यादव ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है जल्द ही घटना खुलासा कर दिया जाएगा

### क्षत विक्षत मिला युवक का शव

**जगदीशपुर अमेठी ।** संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे टैक पर क्षत विक्षत मिला युवक का शव राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने में जुटी । जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के चौकी वारिसगंज अंतर्गत लखनऊ.वाराणसी रेलवे रूट स्थित कादूनाला रेलवे क्रॉसिंग ;अढनपुर रोडद्ध के पास सुबह अज्ञात युवक का शव क्षत विक्षत हालत में पड़ा देखकर राहगीरों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस जीआरपी को दी सूचना मिलते ही पुलिस व जीआरपी मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की कोशिश की लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो सकी ।इस सम्बन्ध में वारिसगंज चौकी इंचार्ज उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है लेकिन अभी युवक की पहचान नहीं हो सकी ।

### गरीब कल्याण योजना की तिथि बढ़ाई गई

**ललितपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि अपर आयुक्त खाद्य तथा रसद विभागए उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 5445 आव्पूराकोरोना.विविध निर्देश 2020 दिनॉक 27 नवम्बर 2020 के द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत होने वाले वितरण ;द्वितीय वितरण चकद्ध की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर 2020 थी जिसे बढ़ाकर 07 दिसम्बर 2020 कर दिया गया है। यहाँ उल्लेखनीय है कि इस व्यवस्था के अन्तर्गत ई.पॉस मशीनों की तकनीकी तैयारियों के दृष्टिगत वितरण नहीं किया जा सकेगा। अतः आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से वितरण किया जाएगा एवं मोबाइल ओण्टीण्पीण् वैरीफिक्रेशन की तिथि वितरण की अन्तिम तिथि सात दिसंबर होगी। अतः जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित उचित दर विक्रेता द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से वितरणकिया जाएगा एवं मोबाइल ओण्टीण्पीण् वैरीफिक्रेशन की तिथि वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात् होगी। समस्त कार्डधारक उपरोक्त तिथि तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत होनेवाले वितरण ;द्वितीय वितरण चकद्ध के अंतर्गत प्रति यूनिट 05 कि0ग्रा0 गेहूँ एवं प्रतिकार्ड 01 कि0ग्रा0 चना निःशुल्क प्राप्त कर लें। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत होने वाले वितरण ;द्वितीय वितरण चकद्ध अंतिम चक्र होने के कारण इस वितरण चक में पोर्टबिलटी सुविधा अनुमन्य नहीं होगी।

### पत्रकार की मां के निधन पर शोक

**प्रतापगढ़।** कोतवाली के बरीबोझ राजा का पुरवा निवासी शिवकरन चतुर्वेदी एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता है। शनिवार की सुबह उनकी माँ रजपती देवी (78) का आकस्मिक निधन हो गया। पत्रकार की माँ के निधन की जानकारी पर पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने गहरी संवेदना प्रकट की है।उधर लालगंज में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रांतीय महामंत्री ज्ञान प्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता शोक सभा का आयोजन किया गया।जिसमें संघ के अध्यक्ष सुरेश मिश्रमदन, महामंत्री विनोद सिंह, दीपेंद्र तिवारी, प्रमोद सिंह, जगत वर्मा, बाबा नरेंद्र ओझा, साकेत मिश्र, चंद्रशेखर तिवारी, उमेश तिवारी, रामू मिश्र आदि ने साथी की माँ के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है।

### वाहन की टक्कर से शिक्षक की मौत

**लालगंज प्रतापगढ़।** तीव्र गति से आ रहे ट्रेलर वाहन ने शिक्षक को कुचलकर मार डाला, शनिवार को नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रद्योगिकी महाविद्यालय के भूगोल संकाय प्रवक्ता सुधीर पाण्डेय (45) बाइक से प्रतापगढ़ की तरफजा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-वाराणसी की लालगंज कोतवाली के सगरा सुन्दर पुर के समीप पीछे आ रहे ट्रेलर वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में ट्रेलर के कुचलने से शिक्षक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक सुधीर पाण्डेय कंधई थाना के दिलीपपुर निवासी थे । दुर्घटना में शिक्षक के साथ बाइक पर सवार अंकित दुबे को भी गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। दुर्घटना में शिक्षक की मौत की जानकारी होते ही घटना स्थल पर भारी तादाद में शिक्षकों का जमावड़ा भी दिखा।

### ईंट भट्ठा धारक चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करें-डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने जनपद के ईट भट्ठा धारकों को सूचित किया है कि 30 नवम्बर तक देय राजस्व जमा किये जाने के चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करें, यदि देय राजस्व न जमा किया गया हो तो निर्धारित लेखा शीर्षक के अन्तर्गत मय ब्याज सहित जमा कर चालान की प्रति प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि के उपरान्त नियमानुसार/शासनादेशानुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट अथवा सक्षम न्यायालय में परिवाद दाखिल करने की कार्यवाही की जायेगी जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित ईट भट्ठा स्वामी का होगा।

### दिल्ली जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। केंद्रीय** नेतृत्व के आह्वाहन पर केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गए किसान विरोधी कानून के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने दिल्ली जा रहे सैकड़ों किसानों को कोतवाली बदोसराय पुलिस ने हिरासत में ले कर छोडा।शनिवार की सुबह करीब 11 बजे राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव शिवम तिवारी उर्फमुन्ना के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकडो किसान दिल्ली जाने के लिए ट्रैक्टर ट्रॉलियो से निकल पड़े। इस बात की खबर लगते ही बदोसराय प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुचे और कस्बा बदोसरांय के जैन पेट्रोल पम्प के पास दिल्ली जा रहे किसानों को रोक कर शिवम तिवारी कमलेश शर्मा लवकुश विश्राम गुफरान बदलू मुकेश कुमार कनौजिया रामतीरथ संतराम वीरेन्द्र फिद्दा हुसैन राम प्रसाद आदि किसानों को हिरासत मे लेकर कोतवाली ले आये ।

पायनियर
रविवार, 29 नवंबर, 2020

# एजेण्डा



इस दुनिया में हर कोई आपके बारे में सबकुछ जानना चाहता है और आपको यह मजेदार लगता है
- लीटन मीस्टर

जैसा कि हमने चौतरफा कोविड-19 के साथ रहना सीखा है, चीजें बदल गयी हैं, खास तौर पर उन बच्चों के लिए जो खुद को उलझा हुआ पा रहे हैं और सामान्य स्थिति में लौटने के लिए संघर्षरत हैं। हमारे बच्चे स्वस्थ कैसे रहें और ज्यादा मजबूत होकर इस संकट से बाहर निकलें, इसे सुनिश्चित करने के उपाय प्रस्तावित करती हुई **कार्तिक गुप्ता** की रिपोर्ट



## बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य

# नया संकट

अभी तक, हम इतना तो कह सकते हैं कि साल 2020 एक कठिन साल रहा है। कोविड -19 महामारी ने हमारे आसपास की हर चीज को बदल दिया है। हम कैसे दूसरों से मिले जुलें, किस प्रकार के के कपड़े हम पहनें, हम कैसे खड़े हों और यहां तक सार्वजनिक स्थानों पर कैसे बैठें, हम कब बाहर जाएं... बुनियादी रूप से हर चीज बदल गयी है। अनिश्चितता, तालाबंदी के महीने, चौतरफा मीडिया में महामारी के कारण उथलपुथल की खबरें, पाबंदीयुक्त आवागमन एवं जबरन एकांतवास ने बड़ी संख्या में लोगों के भावनात्मक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाला है।

हालिया रिपोर्टों के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में मनोवैज्ञानिक सहायता मांगने वाले लोगों की संख्या उल्लेखनीय स्तर पर बढ़ी है। बेचैनी, अवसाद, घरेलू हिंसा की बढ़ती घटनाएं, संपत्ति दुरूपयोग, नौकरी खोने और आर्थिक संकट के कारण तनाव, आत्महत्याओं की घटनाओं में आई तेजी कुछ ऐसे भयानक मुद्दे हैं जिनके लिए लोगों ने मनोवैज्ञानिक सहायता मांगी। सभी आयु के लोग बदलती विश्व व्यवस्था के कारण बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

जैसा कि देश वर्तमान में तालाबंदी खत्म करने के क्रमिक दौर में है, अधिकांश श्रमशक्ति व अर्थव्यवस्था खुल गयी है। लोगों ने अलग अलग कार्यदिवसों व पालियों के साथ काम करना शुरू किया है। हालांकि बच्चे अभी भी घरों में बंद हैं। वे अपने अपने स्कूलों व कालेजों में नहीं जा पा रहे हैं क्योंकि कोविड मामले निरंतर बढ़ रहे हैं और इस कारण सुरक्षा उपाय के चलते शैक्षणिक संस्थानों को अभी भी पूर्णतया कार्य संचालन के लिए खोला नहीं गया है। छात्र, विभिन्न शैक्षणिक स्तरों पर, आनलाइन कक्षाओं के साथ पढ़ना जारी रखने के लिए मजबूर हैं। कुछ छात्रों ने आनलाइन परीक्षाओं में हिस्सा भी लिया है, जबकि कुछ अन्य तकनीकी अड़चनों के कारण परीक्षा हेतु चयनित होने के लिए प्रतीक्षारत हैं। ये एक चुनौतीपूर्ण दौर बन गया है खासतौर पर उन बच्चों के लिए क्यों कि उन्हें न केवल शिक्षण के एक अत्यंत भिन्न तरीके में ढलना पड़ा बल्कि वे उन मस्ती के क्षणों से भी वंचित हो गए हैं जिन्हें वे स्कूल व कालेजों में अपने दोस्तों के साथ साझा करते थे।

निम्न सामाजिक- आर्थिक तबकों से जुड़े छात्रों को स्मार्टफोन, लेपटॉप न होने और कम स्पीड वाले इंटरनेट कनेक्शन के कारण पढ़ाई जारी रखने में कहीं ज्यादा कठिनाई का सामना करना पड़ा है।

महामारी के कारण बच्चों ने जिन समस्याओं का सामना किया, उनमें शामिल हैं:

- **आनलाइन पढ़ाई:** तकनीकी उन्नति ने छात्रों के लिए अपने घरों के सुरक्षित व सुविधाजनक वातावरण में अपनी पढ़ाई जारी रखना संभव बनाया है। आनलाइन कक्षाएं, ई-लैक्चर्स, वेबिनारों ने नियमित कक्षाओं व व्याख्यान कक्षों की जगह ले ली है। हालांकि इससे अल्प एकाग्रता अवधि, वर्चुअल अनुपस्थिति के दुष्प्रभाव भी सामने आए हैं क्योंकि छात्र क्लास के लिए लॉगइन कर लेते लेकिन अपने शिक्षकों को सुनने के बजाय कुछ और खेलने या देखने में लगे रहते हैं। खराब इंटरनेट संपर्क, भाई बहनों की साथ में चलने वाली आनलाइन कक्षाएं, स्मार्टफोन न होने ने भी बच्चों की योग्यता को प्रभावित किया है कि वे ई-स्कूलों/कालेजों में भाग लेते। इसके अलावा, समयबद्ध असायनमेंट प्रस्तावनाओं और परीक्षाओं ने बच्चे की बेचैनी को बढ़ा दिया है यदि वह बच्चा/ बच्ची अपनी समझ से परे किसी कारणवश दस्तावेज को अपलोड नहीं कर पाता है। एक के बाद एक कक्षाओं ने जो पढ़ाया जा रहा है उस पर ध्यान लगाने की बच्चों की योग्यता को प्रभावित किया है।
- **बाहरी गतिविधियों पर पाबंदी:** बचपन वो समयावधि है जहां व्यक्ति न सिर्फ स्कूल में चीजें सीखते हुए बड़ा होता है, बल्कि वह अपने सहपाठियों के साथ तमाम खेल गतिविधियों में भी भाग लेता है। यह दिन का अनमोल समय है और लगभग सभी बच्चे बाहर निकलने और अपने दोस्तों के साथ मिलकर खेलने का इंतजार करते हैं। लेकिन महामारी ने उन्हें घर के अंदर रहने के लिए मजबूर कर दिया और जिससे दोस्तों व भाई-बहनों के साथ खेलने के अवसर पर भी पाबंदी लग गयी। पिछले कुछ महीनों के दौरान बच्चों में मनोवैज्ञानिक एवं आचरणगत समस्याएं बढ़ना सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक बन गया है। नियमित व्यायाम व खेल गतिविधियां इंडोर्फिन्स का स्राव व उनका ज्यादा बनना और हार्मोन की वृद्धि सुनिश्चित करती हैं जो बच्चे के समग्र स्वास्थ्य व क्षमता के लिए बहुत जरूरी हैं।
- **निजता की कमी:** हर व्यक्ति के लगभग पूरे दिन भर घर पर होने से, व्यक्ति का वैयक्तिक दायरा भी एक खास स्तर पर नजरंदाज हुआ है। यह किशोरों के लिए खासतौर पर सच है क्योंकि ज्यादा पारिवारिक समय होना, दोस्तों के साथ समय न बीतना कुछ किशोरों के लिए कठिन साबित हुआ है। हालांकि, अनेक लोगों ने इस समय का अपने परिजनों के साथ रिश्ता प्रगाढ़ करने हेतु इस्तेमाल किया है, मगर कुछ ने इसे कठिन पाया है जो अक्सर घर पर टकराव बढ़ने व गर्मागर्म बहसों में फूट पड़ता है।
- **टीवी देखने के समय में वृद्धि:** किसी भी किशोर के माता पिता या फिर बच्चे से भी पूछिए तो वे आपको बताएंगे कि वे अपने बच्चे के अत्यधिक फोन या लेपटॉप में लगे होने से कितने तंग आ गये हैं। सोशल मीडिया, ओटीटी मंचों, संदेशकारी एप्स, आनलाइन गेम्स, यह काकटेल किसी भी अभिभावक का सबसे बुरा दुश्मन है और विडंबनापूर्ण ढंग से उनका बच्चा उस ओर चला जाता है। अत्यधिक टीवी देखना अब बहुत ज्यादा लंबी बीमारी बन गया है, लेकिन महामारी के कारण जब पढ़ाई भी आनलाइन पद्धति से होने लगी है तो यह बच्चों व किशोरों के लिए खराब से और बदतर हो जाना है।

हालिया पूर्व-कोविड अध्ययन के मुताबिक, एक किशोर औसतन लगभग 6-7 घंटे फोन/लेपटॉ देखने या उसका इस्तेमाल करने में बिताता है जो स्वस्थ उपयोग से कहीं ज्यादा अवधि है। बच्चे व किशोर स्क्रीन से पूरी तरह चिपक गए हैं जिसने उनके मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाला है।

- **पाबंदी युक्त सामाजीकरण:** महामारी के कारण, हमारी सामाजिक अंतर्क्रिया एवं मिलना जुलना बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इंसान सामाजिक प्राणी है और हमें अधिक सुरक्षित व रक्षित महसूस करने के लिए सामाजिक होने की जरूरत है। किशोर व युवा वयस्क, खासतौर पर वे बच्चे जो कालेज या स्कूल जाने के अंतिम दौर में हैं, सशंकित हैं कि क्या वे अपने दोस्तों व शिक्षकों से अंतिम बार मिलने में सक्षम होंगे जब वे शैक्षणिक संस्थानों से पास होकर निकलेंगे। बच्चों ने पिछले कुछ महीनों के दौरान अकेला व अलग थलग महसूस करने की बात बताई है क्यों कि वे बाहर नहीं निकल पाएं और अपने दोस्तों से नहीं मिल पाए हैं।
- **बाल उत्पीड़न का जोखिम बढ़ा:** महामारी ने पारिवारिक तनाव के अनेक सामान्य स्रोतों के प्रचलन को बढ़ाया है, बच्चों को उत्पीड़न व नजरंदाज के जोखिम पर पहुंचाया है। हालिया खबरों के मुताबिक, घरेलू हिंसा तथा उत्पीड़न की खबरें तालाबंदी अवधि के दौरान उल्लेखनीय ढंग से बढ़ी हैं जिन्होंने बच्चों को ज्यादा जोखिमपूर्ण स्थिति में रख दिया है जो उनके कोमल मनों पर विपरीत प्रभाव डाला है। एक बच्चा, जो शिकार हुआ है या जो घर पर उत्पीड़न का गवाह बना है, विभिन्न प्रकार की मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक समस्याएं अनुभव कर सकता है, दोनों स्तर पर - बच्चे के रूप में तथा बाद में वयस्क होने पर भी। बच्चे को बड़े होने के लिए एक सुरक्षित व पोषणकारी घरेलू वातावरण प्रदान करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है और हमें उसे सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने की जरूरत है। उत्पीड़न की हर घटना की पुलिस तथा बाल कल्याण कमेटी में सूचना देने की जरूरत है ताकि बच्चे को तत्काल बचाया जा सके और अपराधियों को सजा मिल सके।



जिस तरह नए मामलों की संख्या में पिछले कुछ सप्ताहों में कमी आई है और हम सबने कोविड-19 के साथ रहना सीखा है, चीजें धीरे धीरे सामान्य स्थिति - एक नयी सहजता की ओर लौट रही हैं। जैसा कि बच्चा/किशोर उपरोक्त उल्लिखित किसी भी समस्या से गुजर रहे हैं तो आप यह सुनिश्चित करने के लिए - कि आप स्वस्थ रहें और ज्यादा मजबूती के साथ इस संकट से उबर सकें - निम्न उपायों को अपना सकते हैं:

- **संवाद:** अपने माता पिता, भाई-बहनों या मित्रों से बात करें कि आप मौजूदा स्थिति को लेकर कैसा महसूस कर रहे हैं। किसी भरोसेमंद को अपना साझीदार बनाएं। उससे वो सब साझा करें जो आप महसूस कर रहे हैं या जो सोच रहे हैं। चाहे वो उनको कितनी भी मामूली सी बात लगती हो। बतौर माता पिता, धैर्यवान हों, और अपने बच्चे/किशोर के लिए अच्छे श्रोता बनें। उनकी बात सुनें और समझने का प्रयास करें कि वह किस स्थिति से गुजर रहा है। उन्हें अपनी भावनाओं, अपने विचारों, प्रत्येक आशंकाओं या हर उस चीज पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करें, जिन्हें लेकर वह चिंतित हैं। उन्हें समझने के लिए सुनें, न कि जवाब देने के लिए। उनके लिए घर पर एक देखभालपूर्ण, सहयोगी तथा पूर्वाग्रहरहित परिवेश प्रदान करें ताकि वे घर पर संरक्षित व सुरक्षित महसूस करें। उनके भय व विचारों को अतार्किक कहकर खारिज न करें, भले ही वे आपको वैसे नजर आते हों।
- **घर के कामों में भाग लें:** वर्तमान स्थिति का अपने लाभ में उपयोग करें और घर के कुछ कार्यों में शामिल होने का प्रयास करें। नयी योग्यताएं सीखें, नयी जिम्मेदारियां लें और घर में जिस भी ढंग से आप मदद कर सकते हैं, वो करें।
- **टीवी या स्क्रीन समयावधि घटाएं:** आनलाइन कक्षाओं के मामले में यह कठिन हो सकता है लेकिन अपने टीवी देखने की समयावधि को यथासंभव अधिक से अधिक घटा लें। बजाय इसके कि अनेक काम एक साथ करें या अपने टीचर को मूर्ख बनाएं, गंभीरता से कक्षाओं में भाग लें क्योंकि आप ही है जो इसके कारण पीड़ित होंगे। कक्षाओं के बीच अल्पकालिक अवकाश लें। हमेशा कुर्सी या फर्श पर बैठें और अपना काम करें, अपने बिस्तर का उपयोग सिर्फ सोने के लिए करें। अपनी मुद्रा के प्रति समझदार हों, क्योंकि फोन/लैपटाप का लंबा उपयोग सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस जैसी समस्याओं की ओर ले जा सकता है।
- **किताबें पढ़ें:** अपनी पढ़ाई को केवल फोन/लैपटॉप तक सीमित न रखें। अतिरिक्त प्रयास करें और किताबों के जरिए भी तैयार हों, गहन अध्ययन करने से अवधारणागत स्पष्टता में सहायता मिलती है और इससे परीक्षाओं के दौरान बेहतर दोहराया जा सकता है।
- **दिनचर्या कायम करें:** पूर्वनिर्धारित दिन होने से आपको महसूस होने वाली बेचैनी या बोरियत कम हो जाएगी। रोजाना निर्धारित समय पर सोएं और तय समय पर जाग जाएं। थोड़ा शारीरिक व्यायाम करें, कम से कम रोजाना आधा घंटा, घर में पका हुआ स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन खाएं। अपनी पढ़ाई का समय सुनिश्चित करें और नियमित रूप से अपने शौक या पसंदीदा कार्यों में हिस्सेदारी करें।
- **सामाजिक मगर जिम्मेदार हों:** देश की क्रमिक तालाबंदी खत्म होने लगी है और इससे अपने दोस्तों से मिलना आसान हो गया है। कभी कभार आप बाहर जा सकते हैं और अपने दोस्तों से लंच या डिनर के लिए मिल सकते हैं बशर्ते कि आप सरकार द्वारा कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम हेतु बताए गए सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन कर रहे हैं। यह आपके लिए अच्छा बदलाव होगा और आप कई महीनों के बाद अपने दोस्तों से सीधे मिल सकते हैं। अगर ऐसा नहीं है तो आपके पास हमेशा वीडियो कॉल या सामान्य फोन कॉल्स पर उनके साथ संपर्क में रहने का विकल्प है। महत्वपूर्ण बात यह है कि आप अपने प्रियजनों के संपर्क में हैं और अलगाव या अपने में सिमटे हुए नहीं हैं।
- **नशे से बचें:** किशोरावस्था वो समय है जब व्यक्ति जीवन में विभिन्न चीजों को जानना व महसूस करना चाहता है। आत्मनिर्भरता की नयी प्राप्त समझ तथा हार्मोनल बदलाव से संचालित भावनात्मक उत्प्रेरणा व्यक्ति को अपने खुद के स्वास्थ्य की कीमत पर भी रोमांच तलाशने के लिए ललचा सकती है। तत्व या नशे का उपयोग, जो तेजी से उत्पीड़न में तब्दील हो सकता है, एक प्रमुख मसला है जो हमारे बच्चों व किशोरों को अपना शिकार बना रहा है। लोकप्रिय गानों व फिल्मों में ऐसी गतिविधियों के महिमामंडन से, यह एक बड़ा खतरा प्रस्तुत करता है क्योंकि ऐसी चीजों में लिप्तता को गलत ढंग से शांत होने के बतौर समझा जाता है और युवाओं को समूह का हिस्सा मानकर परोसा जाता है। कृपया ऐसे पदार्थ से दूर रहने का प्रयास करें और समझदारी से अपनी बुद्धि और स्मार्टनेस का उपयोग करें।
- **पेशेवर सहायता लें:** यदि आप अपने बच्चे के व्यवहार में कोई ऐसा महत्वपूर्ण बदलाव पाते हैं जो उसके व्यक्तिगत, सामाजिक, अकादमिक, व्यावसायिक कार्यकलाप को प्रभावित कर रहा है तो कृपया अपने नजदीकी चिकित्सीय मनोवैज्ञानिक, बाल मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता या सलाहकार जैसे मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से सलाह लें।

जब जीवन कठिन हो जाता है तो कठिनाई जीवन हो जाती है! आइए अपनी समूची कोशिश करें ताकि सुनिश्चित हो कि हम सभी इस महामारी से और ज्यादा समझदार व ज्यादा मजबूत बनकर उभरेंगे।

- लेखक पीतमपुरा और सत्या निकेतन में एकेजी ओविहाम्स मेडिकल सेंटर्स में सलाहकार चिकित्सीय मनोवैज्ञानिक हैं। वह मनोचिकित्सा, कौंसिलिंग, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन, तथा सभी उम्र के लोगों को नशामुक्त कौंसिलिंग प्रदान करते हैं।

> ऑनलाइन कक्षाओं के मामले में यह कठिन हो सकता है लेकिन अपने टीवी देखने की समयावधि को यथासंभव अधिक से अधिक घटा लें। बजाय इसके कि अनेक काम एक साथ करें या अपने टीचर को मूर्ख बनाएं, गंभीरता से कक्षाओं में भाग लें क्योंकि आप ही है जो इसके कारण पीड़ित होंगे। कक्षाओं के बीच अल्पकालिक अवकाश लें। हमेशा कुर्सी या फर्श पर बैठें और अपना काम करें, अपने बिस्तर का उपयोग सिर्फसोने के लिए करें। अपनी मुद्रा के प्रति समझदार हों, क्योंकि फोन/लैपटाप का लंबा उपयोग सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस जैसी समस्याओं की ओर ले जा सकता है।



दूसरों की नाखुशी पर अपनी ख़ुशी निर्मित करना असंभव है
- दायसाकू इकेडा



# अपनी अहमियत को जानें



जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

एक लड़की इंजीनियरिंग कोर्स की तैयारी कर रही थी। हालांकि, वह इंटर परीक्षा के बीच अपने पहले प्रयास में कामयाब नहीं हो पाई थी। अपने दूसरे प्रयास में, उसने अच्छे अंक अर्जित किए लेकिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में सफल नहीं हो पाई। निराश होकर, वह अपने पिता के साथ मेरे पास आई और पूछा: '' महोदय, मैं इंजीनियरिंग करना चाहती हूं। कृपया कोई पूजा बताएं जो मुझे अगले साल प्रवेश परीक्षा सफलता दिलाने में सहायता कर सके।''

मैंने पूछा, ''इंजीनियरिक में जाने के लिए एक और अवसर की प्रतीक्षा में एक पूरा साल बर्बाद करने के बजाय, तुम कोई दूसरा वैकल्पिक विकल्प क्यों नहीं तलाशती हो? '' उसने उत्तर दिया, ''सर, मैं गणित व विज्ञान विषयों में अच्छी हूं। इसलिए मैं इस क्षेत्र में अच्छा कर सकती हूं। '' मैंने पूछा, '' यदि मैं तुम्हारा पिछला इतिहास देखता हूं तो गणित में खराब अंक आने के कारण तुम अपनी 12वीं की परीक्षा में फेल हुई थी। निश्चित रूप से, अपने अगले प्रयास में तुम्हारे अंकों में सुधार हुआ। लेकिन क्या तुमने आंकलन किया है कि तुम अपने पहले प्रयास में विफल क्यों हुई ? '' इस पर उसका उत्तर था कि शायद मेरा समय खराब था।

खैर, तुम अपनी विफलता के लिए सीधे समय या भाग्य संकेतकों को दोष नहीं दे सकती हो। बेहतर अपनी कमजोरी को तलाशो। तुम्हारी कुंडली की पड़ताल बताती है कि तुम्हारी विफलता का बुनियादी कारण एकाग्रता का कमी बनी है। तुम्हारा बंदर सा खिलंदड़ मन विभिन्न खयालों में भटकता रहता है, जो लगातार तुम्हें भटकाए रखता है। उन विचारों में, जो ज्यादातर बेतुके होते हैं, गहरी डूबी होने के कारण, तुम्हारा मन तुम्हें अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान केन्द्रित करने का समुचित अवसर नहीं प्रदान करता है। परिणामस्वरूप, जो तुमने पढ़ा होता है उसे आत्मसात नहीं कर पाती हो और फिर उसका खामियाजा सामने आता है। यह अनुवांशिक स्वभाव प्रवृत्ति भविष्य में भी तुम्हारा पीछा करेगी, तुम्हें अपनी पढ़ाई के साथ न्याय करने के लिए आवश्यक समय व अवसर नहीं प्रदान करेगी, जब तक कि तुम सचेत रूप से इस समस्या का समाधान नहीं करती हो।

यहां यह उल्लेख करना अनुपयुक्त नहीं होगा कि निरंतरता विज्ञान की प्रत्येक विधा में सफलता की कुंजी है। बीच का कोई भी एक सिरा खो जाने से आप भटक जाते हैं। लेकिन ऐसे विषय होते हैं जिन्हें कम ध्यान देने से भी आप बेहतर समझ सकते हैं। बेहतर है अन्य विकल्पों की ओर देखो जिनमें तुम आगे बढ़ सको। इन दिनों समस्या यह है कि अक्सर बच्चे, यहां तक कि उनके माता पिता भी, मौजूदा रूझानों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। अगर इंजीनियरिंग के बाद प्रबंधन का चलन मौजूद है तो माता पिता उस कोर्स में अपने बच्चों को प्रेरित करने में लग जाते हैं। वे बिरले ही बच्चे की अपनी



क्षमता को पहचानने की परवाह करते हैं। अक्सर इच्छा प्रवृत्ति का अंतर्निहित क्षमता के साथ टकराव होता है। परिणामस्वरूप, बच्चा अपना सर्वोत्कृष्ट को प्रस्तुत करने में विफल होता है और जब वे इच्छित गंतव्य को हासिल करने में विफल होते हैं, तो वे निराश हो जाते हैं।

लड़की ने कहा, ''मानती हूं सर, कि मुझमें एकाग्रता की कमी है। लेकिन क्या कोई पूजा नहीं होती जो इस कमजोरी पर काबू पाने में सहायता कर सके? ''

'' वैसे समस्या तुम्हारी मानसिक प्रवृत्ति के साथ है। इसलिए, इसे केवल मानसिक प्रक्रिया के जरिए ही ठीक किया जा सकता है। और आदतें मुश्किल से बदलती हैं। इसलिए, आपको लगातार अपनी मानसिक कमजोरियों पर काम करने की जरूरत है। यह स्वीकार करना कठिन है कि आवश्यक बदलाव के लिए, कोई पंडित किसी पूजा के जरिए आपके मानसिक जगत में प्रवेश कर सकता है। आप स्वयं इसे बेहतर ढंग से कर सकते हैं यदि मेरे द्वारा बताए गए तरीके का इस्तेमाल करते हैं। जो भी विधा आप चुनें, एकाग्र ध्यान हमेशा आपकी सहायता करेगा। लेकिन साथ ही साथ, आपको अपनी खुद की अहमियत को भी परखना चाहिए। लड़की के पिता ने पूछा, '' कुंडली क्या कहती है? ''

लग्नस्वामी मंगल स्वयं लग्न में है जो आपको एक जिद्दी व अड़ियल लड़की बनाता है। संयोगवश, मंगल तीसरा नक्षत्र उपस्वामी भी माना जाता है, जो स्वाभाविक प्रवृत्ति का परिचायक है। मंगल बुध के नक्षत्र पर काबिज है जो सातवें घर में मौजूद है। मंगल का बुध के साथ संबंध दिखाता है कि इंजीनियरिंग के प्रति झुकाव रखेगी। लेकिन मंगल का बुध के विपरीत होने का अर्थ होता है कि वह अधीर स्वभाव की है। वह एकाग्रता की कमी से पीड़ित है।

बुध की उपस्थिति नटखट वरूण के भी विपरीत है, जो उसकी मूर्खतापूर्ण तार्किकता व निर्णयन के लिए जिम्मेदार है। मन संकेतक चन्द्रमा प्रचंड राशि कन्या में स्थित है और राहु के विपरीत मुद्रा में है। इसलिए, वह हालांकि तेज दिमाग की है जो लगातार खयालों में डूबा रहती है, लेकिन अनावश्यक उलझी रहेगी और उनमें मगन रहेगी। इस मन: स्थिति से, आप इंजीनियरिंग या किसी विज्ञान वर्ग की आवश्यकताओं के साथ न्याय नहीं कर सकते।

अपनी अनुवांशिक अहमियत से मिलते जुलते कोर्स का पता लगाने के लिए, चौथा संक्रांति संयोजन प्रकाश डालेगा। चौथा स्वामी शनि वीनस की राषि वृष में है। नक्षत्र स्वामी बृहस्पति बुध की राषि मिथुन में है। चौथा उपस्वामी पुन: वीनस है। शनि, बृहस्पति, वीनस और बुध का एक साथ दिखना कामर्स, बीमा, मनोविज्ञान, दर्शन व कार्यालय प्रबंधन की ओर संकेत करता है।

# शांतिपूर्ण संदेश को मानें संघर्ष

**डॉ. अंजू शर्मा का कहना है कि यदि हम उचित ढंग से अपने असंतोषों से निपटते हैं, तो हम वापसी करने में अपनी मदद कर सकते हैं व ज्यादा मजबूत जुड़ाव के साथ उभर सकते हैं**

सहमतियां प्रत्येक संबंधों में उभर सकती हैं। ऐसी असहमतियों का खामियाजा कभी कभी उन बहसों की ओर ले जाता है, जो बदतर क्षणों का सामना करा देती हैं। लेकिन यदि हम ठीक ढंग से ऐसी स्थितियों से निपट लेते हैं तो हम ज्यादा मजबूत जुड़ाव के साथ वापसी करने में अपनी सहायता कर सकते हैं। यहां तक टिप्स हैं जो अपने प्रियजनों के साथ बहसों के उपरांत बेचैनी से निपटने में सहायता कर सकते हैं:



## थोड़ा समय व अवसर दें

बहस के बाद, आपको एक दूसरे को थोड़ा समय व अवसर देना चाहिए। विवाद सुलझाने के लिए यह महत्वपूर्ण है। और ज्यादा गर्मागर्म टिप्पणियों से बचने के लिए, प्राणायाम या पानी के गिलास के लिए बाहर निकल जाएं ताकि थोड़ा तनावमुक्त हो सकें। इससे भावनात्मक रूप से आक्रोशित व्यक्तियों को शांत होने का समय मिलेगा।

## बेचैनी का मूल कारक पता लगाएं

जब आप अपने प्रियजन को शांत होने का समय प्रदान करने के लिए उससे दूर होते हैं, तो दूसरे व्यक्ति के आचरण के पीछे का कारण समझने का प्रयास करें। यदि वे बेचैन हो रहे हैं तो समझें कि किस कारण से उनका बेचैनी स्तर बढ़ा और स्थिति को शांत करने के लिए आप क्या कर सकते हैं।

## बताएं, बहस न करें

जब समय सही होता है, तो शांति का प्रस्ताव दें। एक दूसरे से शांतिपूर्वक बात करें और एक दूसरे के नजरिए पर विचार करें। चर्चा करना और एक दूसरे से क्षमा मांगने का अर्थ होता है कि आप मानते हैं कि आप दोनों दुखी हुए हैं और रिश्ते को सुधारना चाहते हैं।

## अच्छा श्रोता बनें

बहस के दौरान, दोनों व्यक्ति अपने अपने नजरिए को समझाने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं और यह स्थिति को बदतर बना देता है। बहस का समाधान करने के लिए, अपने प्रियजनों की सोच को सुनने का प्रयास करें। यदि आप फिर भी दूसरे व्यक्ति के नजरिए से असहमत हैं तो, आप भावनात्मक कष्ट को स्वीकार कर सकते हैं और '' मैं माफी चाहता हूं मैंने अपनी बात से आपको दुखी किया, '' जैसे वाक्यों से विवाद को शांत करने का प्रयास करें । सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह कि, रक्षात्मक मुद्रा में नहीं आए जब दूसरा व्यक्ति बहस में आपकी भूमिका के बारे में बता रहा हो।

## गले लगाएं व भाव बदलें

सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक है, बहस के पहले या दौरान, व्यक्ति को गले लगाएं और उसकी रीढ़ सहलाएं। रीढ़ को सहलाने से शरीर में कोशिकाएं शांत होंगी और हार्मोनल प्रवाह में सहायता मिलेगी। इससे तनावग्रस्त मांसपेशियों को आराम मिलता है और व्यक्ति बेहतर संवाद के लिए राजी हो जाएगा।

- लेखक प्रसिद्ध मनो सुधारक, साउंड एंड एनर्जी मास्टर, वेलनेस-होलिस्टिक कोच एवं म्युजिकल हीलिंग बैंड, साऊंड आफ इनफिनिटी की संस्थापक है।

# खुद से पूछे जाने वाले दस प्रश्न

**अजित कुमार बिश्नोई आंतरिक मंथन का प्रोत्साहन करते हुए कहते हैं कि अच्छे जीवन के लिए हमें ईश्वर के आशीर्वाद की जरूरत होती है, बेहतर ढंग से जीने का कोई दूसरा तरीका नहीं है**

कुछ प्रश्न हैं जिनका हममें से प्रत्येक को अपने खुद के स्वास्थ्य के लिए उत्तर देना चाहिए। पहला प्रश्न है: ''क्या आप मानते हैं कि आप मामूली हैं?'' यदि नहीं मानते हैं तो आप वास्तविकता से बहुत दूर हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप खुद को बहुत बड़ा या महत्वपूर्ण समझते हैं और आप संक्रामक रोग के संपर्क में आ जाते हैं। बस अपने करीबी जनों पर नजर डालिए। वे निश्चित रूप से मदद करने की कोशिश करेंगे लेकिन सिर्फ सुनिश्चित करने के बाद कि वे सुरक्षित हैं। समझदार लोग सर्वशक्तिमान ईश्वर की शरण लेते हैं। मैं खुद लेता हूं क्योंकि मैंने महसूस किया है कि बिना ईश्वर से जुड़े, मैं असहाय हूं।



अगला प्रश्न है: क्या आप सृष्टा या एक स्वतंत्र शक्ति का हिस्सा हैं? भगवतगीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि हम सभी ईश्वर का अंग हैं। (15.7) वह जानते हैं क्योंकि वह सृष्टा है। जब आप यह बात मान लेते हैं, तो, दूसरों आपके लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बन जाते हैं। आपको उनके साथ सहयोग करना चाहिए। केवल तभी आप उनसे मदद पाएंगे। तीसरा प्रश्न है: अगर नहीं हैं तो क्या आप अपने दम पर जीवन जी सकते हैं?

मेरा अनुभव मुझे बताता है कि मैं यह नहीं कर सकता। अनुमानित है कि इंसानों को रोजमर्रा स्तर पर बेहतर ढंग से जीने के लिए बीस लोगों की सहायता की आवश्यकता होती है। चौथा प्रश्न है: क्या आप वो सबकुछ जानते हैं जो आपको जानना चाहिए?

केवल एक मूर्ख व्यक्ति ही इसका सकारात्मक रूप में उत्तर देगा, क्योंकि ज्ञान अपार होता है। इसीलिए, समझदार लोग परमज्ञानी ईश्वर की शरण लेते हैं जो सहजबोध आदि के जरिए आवश्यकत जानकारी प्रदान करता है या इंसानों, माध्यम आदि जैसे कुछ अन्य स्रोतों के जरिए उपाय प्रदान करता है।

पांचवां प्रश्न है: क्या आप जो कुछ भी चाहते हैं, वो कर सकते हैं? मेरा उत्तर सीधा है, नहीं। मैं अपने स्तर पर हासिल करने के स्तर पर, बहुत सीमित हूं। इसीलिए, मैंने ईश्वर की शरण लेने का फैसला किया है और मैं अक्सर उससे सहायता मांगता हूं। ईश्वर मार्ग दिखाता है और सहायता करता है क्योंकि वही ऐसा कर सकता है। मान लीजिए मुझे किसी व्यक्ति के समर्थन की जरूरत है और वह सहायता करने के लिए तैयार नहीं है। ईश्वर उस व्यक्ति का मन बदल सकता है, और वह बदलता है यदि ईश्वर को लगता है कि यह आम भलाई के लिए है, सिर्फ मेरे निजी कारणों के वश नहीं है। छठा प्रश्न है: क्या आप परिणामों पर नियंत्रण कर सकते हैं? दुर्भाग्यवश, उत्तर अधिकांशतया हां में होने के बजाय ना में होगा, ऐसा है इस बदलती दुनिया का स्वभाव। इसीलिए, भगवान कृष्ण ने हमें आदेश दिया है कि पूर्वनिर्धारित परिणाम की कोशिश न करें। (2.47) लेकिन एक चीज तय है और वह है कि व्यक्ति ईश्वर की दया से सभी बाधाओं को लांघ सकता है, जिन्हें ईश्वरीय चेतना विकसित करके हासिल किया जा सकता है।(18.58) अनेक तरीके होते हैं जिनसे वो हासिल किया जा सकता है।


सातवां प्रश्न है: शरण लेने का आपके लिए क्या अर्थ होता है? मेरे लिए, इसका अर्थ है ईश्वर की ओर देखना और जो भी मुझे परेशान कर रहा है उसके लिए मार्गदर्शन तथा सहायता करने के लिए प्रार्थना करना। ईश्वर बहुत कृपालु है। वह रास्ता दिखाता है और सहायता करता है। आठवां प्रश्न है: '' आप जीवन में सचमुच क्या चाहते हैं? '' व्यक्ति ईश्वर की कृपा चाहता है ताकि उसका परिवार स्वस्थ, शांतिपूर्ण व खुशहाल रहे। नौवां प्रश्न है: '' आपके लिए सुरक्षा शब्द का क्या अर्थ होता है? '' हमें हर उस चीज से सुरक्षित होने की जरूरत है जो हमें परेशान कर सकती है, जिस पर हमारा कोई बस नहीं चलता है। उदाहरण के लिए, हमें भरोसा चाहिए होता है कि कोई हमें शारीरिक रूप में नुकसान न पहुंचा सके। जो हमें अंतिम प्रश्न की ओर ले जाता है: '' क्या आप वो सबकुछ अपनी इच्छा से पा जाएंगे जो बेहतर जीवन जीने के संसाधन -स्रोत के जरिए चाहिए?'' उत्तर पक्के तौर पर ना में है, क्योंकि हम अपना जीवन जीने के लिए अनेक प्रकार के संसाधनों की आवश्यकता होती है। हालांकि, ईश्वर ने उस संदर्भ में अपने परम भक्तों के लिए गीता में वचन दिया है।

इन प्रश्नों के उत्तर देते हुए आपने क्या सीखा? मेरा अनुभव मुझे बताता है कि जीवन की उच्च गुणवत्ता के लिए, मुझे ईश्वर की शरण चाहिए। मुझे बेहतर जीवन जीने का कोई अन्य तरीका नहीं मिला है। ईश्वर मार्गदर्शन करेगा और हर बार वह मेरी सहायता करता है। मेरे लिए, यह एक परम आवश्यकता है।

# इस सप्ताह आपका भविष्य

**मधु कोटिया**


### मेष ( मार्च 21-20 अप्रैल )



इस सप्ताह आपकी राशि सुधार एवं तरोताजगी का अनुमान करती है। जो लोग चोट या किन्हीं अन्य शारीरिक रोगों से पीड़ित हैं वे तेजी से ठीक होंगे। हमारे जीवन में ऐसा दौर है जब हमें बदलाव स्वीकार करने होंगे ओर चीजों को उनकी स्वाभाविक परिणति तक आने देना होगा। प्रत्येक नकारात्मक बात का अपना सकारात्मक छोर भी होता है। करियर मोर्चे पर, आपके पुराने व भरोसेमंद कर्मचारी की वापसी के आसार हैं जो आपके पेशे में रीढ़ बनकर रहता था। वीनस उन लोगों के लिए खुलेगा जो अपने बिजनेस को फैलाना या नया काम करना चाहते हैं।

**शुभ अंक:** 19 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** शुक्रवार


### वृष ( अप्रैल 21-21 मई )



इस सप्ताह आपके आंतरिक व बाह्य टकराव आपकी स्वास्थ्य जीवनशैली व दिनचर्या पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। करियर मोर्चे पर चुनौती के आसार हैं। संशय दूर करने का यह उत्तम समय है। अपने लक्ष्यों व साध्यों को निर्धारित करने तथा एक व्यवस्था में उस दिशा में काम करने का यह अच्छा समय है। संघर्ष के बाद जीत हासिल होगी। आपक परम दूरदर्शिता आपके पक्ष में काम कर सकती है। ऐतिहासिक सफलता मिलने के आसार हैं। संबंधों के मोर्चे पर आप अपने दिल के बजाय परंपरा का पालन करेंगे। आध्यात्मिक रूझान होगा।

**शुभ अंक:** 10 **शुभ रंग:** कत्थई **शुभ दिन:** मंगलवार


### मिथुन ( मई 22-21 जून )



इस सप्ताह आप अपने लिए एक ताजा जीवनशैली गढ़ने की ऊर्जा व शक्ति धारण करेंगे। आपको अपनी उन इच्छाओं व लालसाओं पर नियंत्रण लाना होगा जो आपके स्वास्थ्य को हानि पहुंचा सकती हैं। आप अपने जीवन में संतुलनकारी कारक की महत्वपूर्ण समझते हैं और आपका शरीर प्रकृति के पांच तत्वों से लयबद्ध है। करियर मोर्चे पर, आपने शायद झटके अनुभव किए हैं जो आपको दूसरों के प्रति शंकालु बनाते हैं। ऐतिहासिक मोड़ आएगा जब आप अतीत को पीछे छोड़ पाते हैं और भविष्य के बारे में अधिक खुला मन विकसित करते हैं।

**शुभ अंक:** 6 **शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ दिन:** शुक्रवार


### कर्क ( जून 22-22 जुलाई )



इस सप्ताह आप जीवन का संतुलित नजरिया अपनाएंगे और अपने वायदों के प्रति सच्चे होंगे। आप समझ गए हैं कि आपको आदत तथा देखभाल दिनचर्या की जरूरत है यदि आप अपने लक्ष्य पाना चाहते हैं। यह अनिवार्यतया बहुत मजेदार या रोमांचक समय नहीं है। आप जिम, ध्यान में पैसा खर्च करने तथा अच्छी फिटनेस व स्वास्थ्य में बने रहने के लिए पौष्टिक आहार लेने में संकोच नहीं करते हैं। इन प्रयासों से आपको लाभ होगा। कार्य मोर्चे पर, आप अपने पेशे में स्थिरता महसूस करेंगे। अपने इच्छित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनुभव व योग्यताओं का उपयोग करेंगे।

**शुभ अंक:** 21 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** बुधवार


### सिंह ( जुलाई 23-23 अगस्त )



जिनका वनज बढ़ रहा है वो अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता में रखें। आप अंतत: पैस और अच्छे स्वास्थ्य की कीमत समझेंगे और अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए प्रकृति के साथ सद्भव बनाने की योजना लागू करेंगे। टहलने, प्राणायाम करने तथा मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करने पर ध्यान दें। करियर मोर्चे पर, बेतुके मसले दिमाग में सवार रहेंगे। आपके पास या तो कम समय है या आप काम को लेकर आलस महसूस कर रहे हैं। बीते सप्ताह में की गयी कड़ी मेहनत और कोशिशें बहुत फलदायी नहीं हैं। यह एक अस्थायी दौर है।

**शुभ अंक:** 13 **शुभ रंग:** नीला **शुभ दिन:** गुरूवार


### कन्या ( अगस्त 24-23 सितम्बर )



इस सप्ताह तन, मन व आत्मा के बीच संतुलन है। आप ऊर्जावान, उत्साही व जीवन से भरे होंगे। आपकी दूरदर्शिता के आपको अत्यंत लाभ मिलेंगे। यह अच्छे भोजन का सुख लेने व शारीरिक व मानसिक दोनों रूप में स्वस्थ जीवन जीने का समय है। करियर मोर्चे पर, नयी रोजगार प्रस्ताव व व्यवसाय के अवसर आपकी सोच को व्यापक करने में सहायता करेंगे। अगर बिजनेस में विस्तार की योजना है तो यह एक उचित समय है। आगे बढ़ें। अच्छे वित्त, आय और पुरखों की संपत्ति में प्राप्तियों के संकेत हैं। जीवन साथी तलाशने का अनुकूल समय है।

**शुभ अंक:** 3 **शुभ रंग:** बादामी **शुभ दिन:** बुधवार


### तुला ( सितम्बर 24-23 अक्टूबर )



इस सप्ताह राशियां अत्यधिक भय, आतंक, व चिता का संकेत करती हैं। मानसिक तनाव बना रहेगा और यह आपके स्वास्थ्य से नजर आ सकता है। सिरदर्द, अनिद्रा, मिचली के कारण बेचैनी हो सकती है। ठंड, खांसी, व मौसमी बिमारियों से भी सावधान रहें। यह ध्यान करने, योग का हिस्सा बनने व थकाऊ दिनचर्या से अवकाश लेने का समय है। करियर मोर्चे पर, मामूली विवाद आपकी प्रतिष्ठा को दागदार बना सकता है इसलिए सावधान रहें। कार्य क्षेत्र में, आपको नजरंदाज किया जा सकता है। इससे तनाव हो सकता है और आपकी प्रगति बाधित हो सकती है।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** सुनहरा **शुभ दिन:** रविवार


### वृश्चिक ( अक्टूबर 24-22 नवम्बर )



मौजूदा उत्सववादी भावना के साथ चलते हुए, आप सक्रिय व उत्साहित रहेंगे। आत्मज्ञान व विशेषज्ञता सफलता की कुंजी हैं। आप अंतरज्ञान व सजगता रखते हैं तथा अतीत का अनुभव तथा सच्ची आस्था आपको आत्मनिर्भर बनने में सहायता करेंगे। ध्यान के जरिए आप आध्यात्मिक संतुष्टि पाने और अपने ज्ञान को दूसरों से साझा करने के मार्ग पर हैं। पेशेवर मोर्चे पर, आपका ज्ञान व नेतृत्व स्वयं को उत्तम स्थापित करने में आपकी सहायता करेंगे। निजी जीवन में, आप अपने रिश्तों को प्रगति करता व संतोषजनक स्तर पर पहुंचता पाएंगे।

**शुभ अंक:** 2 **शुभ रंग:** इंडिगो **शुभ दिन:** मंगलवार


### धनु ( नवम्बर 23-23 दिसम्बर )



आप स्वस्थ व मुक्त महसूस करेंगे और सोच में बदलाव अनुभव कर सकते हैं। निराशा आशा में बदलती है। नयी संभावनाओं का अनुमान है। आप तार्किक एवं गहन चिंतन द्वारा अपनी समस्याओं को हल करने की महत्ता सीखेंगे। यह अपनी रचनात्मक क्षमताओं को उपयोग करने का समय भी है। पेशेवर स्तर पर, पदोन्नति के आसार है जो आपको आत्मविश्वासी व सुरक्षित बनाएगी। आप आत्मानुशासित व ऊर्जावान हैं। जो लोग व्यापार में हैं, आपके विचारों व नजरियों का सम्मान व अनुपालन हो रहा है। व्यक्तिगत मोर्चे पर आपके संबंध उन्नत होंगे।

**शुभ अंक:** 9 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** शुक्रवार


### मकर ( दिसम्बर 24-20 जनवरी )



इस सप्ताह आप ईश्वर के आर्शीवाद तथा प्रकृति की उदारता का सुख ले सकते हैं। बहुत पुरानी व लंबी बिमारी के उपचार की संभावना है। जो लोग स्वस्थ व अर्थपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा व उत्साह की जरूरत महसूस करते हैं, उन्हें मार्गदर्शक मिलेगा। आप नयी यात्रा पर चलने के लिए उत्साहित व सशक्त महसूस करते हैं जो प्रगतिशील है और आपको सहज महसूस कराती है। कार्य मोर्चे पर, यह कृतज्ञताओं को गिनते रहने का समय है। आप घर या आफिस में शुभ उत्सव कराने में व्यस्त हो सकते हैं। करियर में उछाल होगा और आप भी सक्रिय रहेंगे।

**शुभ अंक:** 4 **शुभ रंग:** लाल **शुभ दिन:** बुधवार


### कुम्भ ( जनवरी 21-19 फरवरी )



इस सप्ताह आपका संतोष व संतुष्टि आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आप दुनियावी सुखों व आराम का सुख लेंगे। '' सब ठीक है '' की भावना आपको शांत मन, संतुष्टि, सकारात्मक भाव तथा चेहरे पर चमक प्रदान करती है। कार्य मोर्चे पर, आपके स्वभाव में उदारता तथा अपने संवाद में दूसरों को मना लेने की योग्यता है। आप दूसरों की भावनाओं की परवाह करते हैं और अपने सहकर्मियों व कनिष्ठों का सम्मान करते हैं। वे आपको मानते हैं, तारीफ करते हैं, और आपको सम्मान देते हैं। संबंध में प्रेम, मस्ती व मनोरंजन हैं।

**शुभ अंक:** 18 **शुभ रंग:** नारंगी **शुभ दिन:** शनिवार

### मीन ( फरवरी 20-20 मार्च )



इस सप्ताह थकान भारी पड़ सकती है- घरेलू या पेशेवर मसले आपको परेशान कर देंगे। बेचैनी या ब्लड प्रेशर संबंधी समस्या परेशान कर सकती है। डाक्टर से सलाह लें। आपको शायद उचित नींद व प्रियजनों के साथ की आवश्यकता है। सकारात्मक नजरिया आपमें जीवंतता संचारित करने में सहायता करेगा। करियर मोर्चे पर, कुछ नया नहीं होने जा रहा है। चीजें साधारण सी चल रही हैं। ठहरा हुआ करियर या पेशा आपको परेशान कर सकता है। यह एक अस्थायी दौर है। जैसे सप्ताह बीतेगा आप सकारात्मक नतीजे हासिल करने लगेंगे।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** सोमवार



शरीर को गति से लाभ मिलता है और मन को स्थिरता से
- सैक्योंग मिफाम



# कर्म का लेखा

**संत राजिंदर सिंह का कहना है कि कर्म का सिद्धांत एक न्याय व्यवस्था प्रदान करता है जिसमें व्यक्ति को सदकर्म के लिए पुरस्कृत एवं बुरे कर्म के लिए दंडित किया जाता है**



कर्म बैंक खाता खोलने की तरह है। हमारे पास विकल्प होते हैं कि हम अपनी बचत में वृद्धि करने के लिए इसमें कितना ज्यादा धन रखना चाहते हैं या हम कितना धन इसमें से निकालना चाहते हैं। हम विभिन्न निवेशों में रखने का फैसला कर सकते हैं जिसके कि हमें अपने खाते में उपलब्ध धन पर मिलने वाले ब्याज में वृद्धि हो। हम क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने का फैसला भी कर सकते हैं जिसमें हम जो व्यय करते हैं, उस पर ब्याज अदा करते हैं। इसका चुनाव करना हमारे हाथ में है।

इसी प्रकार, हमारे पास एक कार्मिक खाता होता है। हर दिन हम चुन सकते हैं कि क्या हम उन विचारों, शब्दों, व कर्मों में लिप्त रहना चाहते हैं जो उस भलाई में परिवर्तित होने जा रहे हैं जो हम तक वापस लौटती है। इसी प्रकार, हम उन विचारों, शब्दों व कर्मों में भी लिप्त हो सकते हैं जिनके लिए खामियाजे भुगतने पड़ेंगे। अच्छे या बुरे कर्म खाते बनाने से परे, हम वो काम करने का फैसला भी कर सकते हैं जो शून्य का संतुलन बनाते हैं ताकि हमारे पास इस दुनिया को लौटाने के लिए कुछ न हो, चाहे वो लाभ प्राप्त करना हो या खामियाजे भुगतना हो।

क्या हम अपना कर्म घटा सकते हैं? नेह-कर्म क्या हैं ?

हम कार्मिक विधि को समझदारीपूर्वक जीकर अपने कर्मों को घटा सकते हैं। इसका अर्थ वो काम करना है जो अच्छे या बुरे कर्म नहीं कहलाते हैं। हालांकि, यदि हम फिर भी नेह-कर्म कर्म-हीन ढंग में जीवन नहीं जी रहे हैं, तो यह बेहतर है कि बुरे कर्म की जगह अच्छे कर्म करें। ऐसे लोगों के अनेक उदाहरण हैं जो उन फायदों को सीधे देख सकते हैं जो एक सदकर्म करने से उन तक वापस पहुंचते हैं। अनेक बार, हम, जो हमने किया है और जवाब में जो हमने पाया है, के बीच को सह-संबंध को समझ नहीं पाते हैं। कभी-कभी असर विभिन्न जीवनावधियों तक फैलता है। कई बार, जो हमारे साथ होता है, वो किसी ऐसी चीज का प्रतिफल होता है जो हमने कई साल पहले की होती है।

हर चीज जो हम करते हैं, वो कर्म खाते में दर्ज हो जाती है। हमारे प्रत्येक विचार, शब्द व कर्म का एक सख्त लेखा जोखा होता है। यह सुनिश्चित करना समझदारी है कि हम कोई ऐसे काम, विचार व वचन न बोलें जो खामियाजों के साथ हमें वापस प्राप्त हों। बल्कि हमारे ऐसे विचार, कर्म व वचन होने चाहिए जो अच्छे हों ताकि अच्छा हमें वापस प्राप्त हो सके।

क्या हम ईश्वर तक लौटने की अपनी यात्रा गति तीव्र करने के लिए बेहतर चुनाव कर सकते हैं?

फिर भी, यदि हम आध्यात्मिक मार्ग पर हैं तो हम अपने किए का प्रतिफल पाने के लिए इस दुनिया में लौटना नहीं चाहते हैं। एक बेहतर योजना है। हम अच्छा कर सकते हैं लेकिन हम इसे वापसी में इसका प्रतिफल पाने की कामना के बिना करते हैं। समाधान है ईश्वर के नाम पर अच्छा काम करें, अपने लिए बिना किसी पुरस्कार की कामना के। इसका अर्थ है कि हम दुनिया में अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन श्रेय ईश्वर को दिया जा रहा है। हम जो करते हैं उसके लिए भौतिक प्रतिफल नहीं चाहते हैं। हम केवल आध्यात्मिक लाभ तथा ईश्वर की संतुष्टि व प्रेम पाना चाहते हैं। ये ऐसे कर्म हैं जिन्हें नेह-कर्म या मुक्त -कर्म कहा जाता है।

यह कैसे किया जा सकता है? हमारे पास जीवन में सदकर्म, सदविचार व सदवचन हो सकते हैं लेकिन हम इसका श्रेय ईश्वर को दे देते हैं। हम अच्छे कर्म करते हैं क्योंकि यह करने का सही काम है, अपने लिए नाम कमाना या पैसा कमाना नहीं है। हम दूसरों को सतवचन कहते हैं क्योंकि यह करने का उदार व प्रिय कार्य है, सिर्फ हमारे हृदय की भलाई से उपजा, जवाब में बिना कोई अपेक्षा पाले हुए। हम आध्यात्मिक प्रेम की अभिव्यक्ति के रूप में दूसरों के बारे में अच्छी बातें सोचते हैं उसे विकसित कर रहे हैं जिसमें कि हम सभी लोगों को ईश्वर के परिवार के सदस्य के रूप में पहचानते हैं।

> यदि हम आध्यात्मिक प्रगति करना चाहते हैं तो उसका रास्ता हमारे लिए बना हुआ है और यह हमारा चयन है कि हम अपनी कार को आगे बढ़ाने के लिए चलाते हैं, या उसे न्यूट्रल में रखते हैं और मूर्त बने रहते हैं या उल्टी दिशा में ले जाते हैं। हमारी स्वेच्छा का अर्थ है इसका फैसला करना हमारा चुनाव है।

हम अभी भी भला करते हैं लेकिन हमारे कर्म निस्वार्थ हैं जिसमें किसी भी भौतिक प्रोत्साहन की कोई चाह नहीं होती है। हमें फायदे प्राप्त होते हैं, लेकिन वे आत्मा के लिए होते हैं। ये फायदें आध्यात्मिक प्रगति, ईश्वर के प्रेम, ईश्वर की खुशी की कमाई तथा किसी नए को गढ़े बिना अपने कर्मों के ताप के रूप में आते हैं।

एक और गतिविधि जिसमें हम ज्यादा कर्म किए बिना अपना समय बिता सकते हैं, वो है ध्यान। जब हम स्थिर मन के साथ बैठते हैं, हम ज्यादा कर्म नहीं कर रहे हैं। ध्यान में बैठना मगर दूसरों के नाजुक व हानिकारक विचारों के बारे में सोचना कर्महीन ध्यान नहीं है। यह बैठना और उन विचारों पर सोचना है जो ज्यादा कर्म रचते हैं। इसीलिए सिमरन या ईश्वर के नाम का जाप ध्यान में कर्म की रोकथाम में एक महत्वपूर्ण मददगार कारक है।

यदि हम ईश्वर का नाम जपते हैं तो हमारा मन एकाग्र होता है और उसके पास किसी के खिलाफ नकारात्मक चिंतन करके कर्म रचने की कोई संभावना नहीं होती है। सिमरन अतीत के दुखों या भविष्य की चिंताओं को भूलने में हमारी सहायता करता है, वर्तमान क्षण में रहकर एकाग्र होने में हमारी सहायता करता है जिसमें हम ईश्वर के पास जाने की आध्यात्मिक यात्रा पर आगे बढ़ने के लिए ध्यानरत होते हैं। यह एक तरह से लाल बत्ती पर अपनी कार को न्यूट्रल गियर में रखने जैसा है। हम अपनी गैस का उपयोग नहीं कर रहे हैं लेकिन हम किसी दिशा में बढ़ भी नहीं रहे हैं।

कर्म सिद्धांत और हमारी आत्मा की यात्रा

आत्मा ईश्वर से अलग से अलग होते ही सृष्टि के विभिन्न रूपों के जरिए लंबी यात्रा से गुजरती है जब तक कि वह ईश्वर के पास लौट नहीं जाती है। इस यात्रा में आत्मा का स्थान परिवर्तन शामिल होता है जिसमें यह कर्म एकत्रित करती जाती है, अपने सभी विचारों, शब्दों व कर्मों का खाता, संग्रहित कर्म अच्छे या बुरे हो सकते हैं: अच्छे विचार, वचन व कर्म, या बुरे विचार, वचन व कर्म। कर्म का सिद्धांत या क्रिया व प्रतिक्रिया का नियम, एक न्याय व्यवस्था प्रदान करता है जिसमें व्यक्ति को अच्छे कर्मों के लिए पुरस्कृत और बुरे कर्मों के लिए दंडित किया जाता है। आत्मा को ईश्वर तक लौटने के लिए अपने सभी कर्मों का हिसाब देना पड़ता है।

कार्मिक विधि की सच्चाइयों को हमारे भीतर समाहित होना चाहिए ताकि हम अपने विचारों, वचनों व कर्मों में बेहतर चुनाव करें। यदि हम आध्यात्मिक प्रगति करना चाहते हैं तो उसका रास्ता हमारे लिए बना हुआ है और यह हमारा चयन है कि हम अपनी कार को अ आगे बढ़ाने के लिए चलाते हैं, या उसे न्यूट्रल में रखते हैं और मूर्त बने रहते हैं या उल्टी दिशा में ले जाते हैं। हमारी स्वेच्छा का अर्थ है इसका फैसला करना हमारा चुनाव है।

याद रखें कि जो कुछ भी हम करेंगे वो वापस हमारे पास लौटकर आएगा, चाहे वो अच्छा हो या बुरा। हम यह भी जान लें कि दूसरे, खासतौर पर हमारे बच्चे, हमें देख रहे हैं और वे कैसा आचरण करेंगे, वो हम पर निर्भर करता है। अपने विचारों, वचनों व कर्मों के प्रभाव को जाना जाए और सुनिश्चित हों कि हम कुछ भी ऐसा नहीं करते हैं जो भविष्य में कार्मिक ऋण के रूप में हमारे पास वापस लौटेगा। बेहतर है यदि हम बिना किसी भौतिक पुरस्कार की कामना के ईश्वर के नाम पर सबकुछ अच्छा करें। इस तरह से, हम कर्म सृजन नहीं कर रहे होंगे और हम पाएंगे कि हम अपने कर्मों को समेटेंगे, और ईश्वर से पुन: मिल जाएंगे व परम शांति व सुख का आनंद लेंगे।

**- लेखक आध्यात्मिक गुरु हैं।**



अंतर्दृष्टि
प्रमोद पाठक

## स्मरण-योग्य राम की शिक्षाएं



किंवदंती है कि भगवान राम रावण का वध करने के बाद जब अयोध्या लौटते हैं तो उस उपलक्ष्य में दिवाली का उत्सव मनाया जाता है। हम सदियों से दिवाली पर्व मनाते आए हैं। लेकिन यह याद करना महत्वपूर्ण है कि राम की विजय से ज्यादा - वो मूल्य हैं जिनके साथ वे खड़े रहे, जिन्हें हमेशा अपनाया व पोषित किया जाना चाहिए। भगवान राम न केवल भगवान के अवतार के रूप में रहते हैं बल्कि उन्होंने उस काल में जगत में बुराई का नाश करने के लिए जन्म लिया था। भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में रहते हैं, इंसानों में सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति जो न केवल विशेष मूल्यों व सिद्धांतों के साथ खड़े रहे, बल्कि उसकी मिसाल बने। आइए इस दिवाली पर उन मूल्यों को याद करें और शायद स्वयं को उनका आचरण करने की योग्यता व इच्छा प्रदान करें। राम और रामायण को हमारे लिए उचित आचरण करने की शक्ति व स्थायित्व का स्रोत होना चाहिए। उन सिद्धांतों के बारे में सोचना, जिनके साथ राम खड़े रहे, फिर हमारे लिए सामयिक चेतावनी बन सकता है जिससे कि हमें अपना परिष्कार करने में सहायता मिले। राम के चरित्र का मूल इस एक कहानी में मौजूद है जिसे बार बार सुनाया व समझाया गया है। कहानी यह है कि जब राम शक्तिशाली असुर राज, जो कि उन दिनों संसार में सबसे शक्तिशाली राजा हुआ करता था, का वध करने के बाद अयोध्या लौट कर आए तो लोग निराश थे। इसलिए अयोध्या के नागरिकों ने संदेह के साथ पूछा कि राम कैसे रावण जैसे अपराजेय व्यक्ति को मार सकते हैं। राम ने इसका जो उत्तर दिया, उस पर विचार करना अर्थपूर्ण है। राम ने बहुत उदारतापूर्वक कहा कि मैंने रावण को नहीं मारा। यह उसका मैं था जिसने रावण को मार डाला। मैं, का भयंकर अहंकार घमंड में बदल गया। यह रावण का अहंकार था जो उसके लिए गलत साबित हुआ। असलियत में, राम और रावण के बीच का एक बड़ा अंतर था, और वो था उदारता। राम नम्र अवतार थे जबकि रावण घमंड व अभिमान से भरा था। वर्तमान दौर में, जो हम अपने चारों ओर देख रहे हैं वो यह कि मूल्य के रूप में उदारता लगभग विलुप्त हो गयी है और अहंकार व घमंड मानव स्वभाव को संचालित कर रहा है। कोरोना असर भी मानव अहंकार को चूर करने में ज्यादा कुछ नहीं कर पाया है, हालांकि इसने इंसान को उसकी हैसियत दिखा दी। राम के सिद्धांत नैतिकता पर आधारित थे। हालांकि इसे उनके सभी पुरखों द्वारा दिखाया गया था, लेकिन राम हमेशा उसकी प्रतिमूर्ति रहे। उन्होंने न केवल अपने पिता के वचन का पालन करने का फैसला किया हालांकि वह उससे इंकार कर सकते थे, क्योंकि तत्कालीन वैचारिक वातावरण उनके पक्ष में था। देखिए लोग आज सत्ता में बने रहने के लिए कैसा आचरण करते हैं। अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव में जो हुआ वो एक संकेतक है। समझदारी और नैतिक ज्ञान दो बिलकुल भिन्न चीजें होती हैं। समझदारी यह जानना है कि रोटी का कौन सा हिस्सा मलाईदार है जबकि नैतिक ज्ञान यह जानना है कि मलाईदार पक्ष को कब मना करना है। जब राम वनवास में भी थे, तो उनके भाई, भरत और अयोध्या के लोगों ने उनसे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की विनती की थी। लेकिन इससे वो अपने सैद्धांतिक फैसले से डिगे नहीं। अपने पिता की मृत्यु के बाद भी उनके वचन का पालन करने की राम की प्रतिबद्धता एक मूल्यगत शिक्षा है। धर्म का पालन करना राम के लिए सर्वोच्च था। और समूची रामायण इसे प्रदर्शित करती है। राम धर्म का मर्म जानते थे और उनमें उसका पालन करने की इच्छा भी थी। वह उस व्यक्ति का आदर्श प्रतिनिधित्व थे जो मूल्यों, सद्गुणों व दूरदर्शिता का मेल था। रावण पर राम की विजय का निश्चित रूप से उत्सव मनाया जाए। लेकिन उनका सैद्धांतिक आचरण अधिक मूल्यवान शिक्षाएं प्रदान करता है।

# हवा में सपने न पालें

> इच्छाएं समुद्री लहरों की तरह होती हैं। जिस तरह एक लहर के पीछे तमाम दूसरी लहरें नजर आती हैं। उनमें परस्पर निरंतर प्रतिस्पर्धा होती है। कुछ लहरें दूसरी मजबूत लहरों के आवेग में बिखर जाती हैं और कुछ होती हैं जो किनारे तक पहुंचते-पहुंचते अपने आवेग को बनाए रखती है, वही समुद्री किनारे पर अपने निशान छोड़ जाती है। इच्छाएं जीवन भर अनवरत क्रम के रूप में हमारे साथ चलती हैं, वो इसलिए कि सपनों की शुरुआत इच्छाओं से होती हैं।

**महेन्द्र पाल**

दोस्तों, जीवन की शुरुआत से , हम सभी सपनों के रथ पर सवार हो जाते हैं। जैसे जैसे हम खुद को अभिव्यक्त करने की उम्र में आते हैं, सपनों का भी निरंतर विस्तार होता जाता है। हालांकि जीवन की शुरुआती उम्र में सपने अक्सर चाहत या इच्छा का रूप धर कर आते हैं और रोज ब रोज बदलते रहते हैं। उस उम्र में तात्कालिक क्षण में जो भी अच्छा या आकर्षक लगा, वही बनने का सपना मन देखने लगता है। और जैसे ही दृश्य बदलता है और कुछ नया आकर्षक उपस्थित होता है, वैसे ही सपने की शक्ल भी बदल जाती है। पुराने की जगह नया सपना उपस्थित हो जाता है। क्योंकि सपने इच्छाओं की शक्ल लेकर आते हैं।

इच्छाएं समुद्री लहरों की तरह होती हैं। जिस तरह एक लहर के पीछे तमाम दूसरी लहरें नजर आती हैं। उनमें परस्पर निरंतर प्रतिस्पर्धा होती है। कुछ लहरें दूसरी मजबूत लहरों के आवेग में बिखर जाती हैं और कुछ होती हैं जो किनारे तक पहुंचते पहुंचते अपने आवेग को बनाए रखती है, वही समुद्री किनारे पर अपने निशान छोड़ जाती है। इच्छाएं जीवन भर अनवरत क्रम के रूप में हमारे साथ चलती हैं, वो इसलिए कि सपनों की शुरुआत इच्छाओं से होती हैं।

लेकिन जैसे जैसे उम्र और अनुभव बढ़ता जाता है, इंसान की रुचियां-अरुचियां स्पष्ट होने लगती हैं, वैसे वैसे इच्छाओं व सपनों, दोनों की शक्लें अधिक स्पष्ट, तार्किक और विवेकसम्मत होती जाती है। फिर सपनों का इच्छाओं से तार्किक समन्वय स्थापित होता है। इच्छाओं के बीच चुनाव का विकल्प विकसित हो जाता है।



नतीजा, सपने अधिक स्पष्ट व गहन दूरगामी इच्छा बन जाते हैं। जिनके लिए, फिर व्यक्ति हर तरह की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हो जाता है। उस मुकाम पर पहुंचते पहुंचते दिलो दिमाग में स्पष्ट हो जाता है कि इच्छाएं अपार होती हैं, जबकि सपने गिने चुने। इच्छाएं तात्कालिक होती हैं, जबकि सपने दूरगामी।

इस आधार पर कह सकते हैं कि सपने इंसान का स्वाभाविक गुण होते हैं। लेकिन फिर सवाल उठता है कि फिर क्यों ज्यादातर लक्ष्य या सपने के बारे में पूछने पर संशयग्रस्त या आत्मविश्वास से वंचित नजर आते हैं?

यह आत्मविश्वास है क्या, कहां से आता है आत्मविश्वास? और कैसे प्राप्त होता है? इससे इंसान में क्या बदलाव होता है? दरअसल, आत्मविश्वास इंसान का कोई स्थायी भाव नहीं है। यह इंसान के भीतर कार्य विशेष से जुड़ी मन:स्थिति है।

इंसान का प्रत्येक कार्य में एक जैसा आत्मविश्वास नहीं होता। उदाहरण के लिए अगर कोई खिलाड़ी है तो उसका आत्म-विश्वास खेल के प्रति अधिक दृढ़ होगा। लेकिन यह कतई आवश्यक नहीं कि उसका कला या चित्रकारी में भी वैसा ही आत्मविश्वास हो। या कोई संगीत का शौकीन है तो संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ने का वही सहज आत्मविश्वास उसमें खेलने के प्रति भी होगा। हालांकि कहा जाता है कि इंसान की वास्तविक क्षमता का अभी सिर्फ सात से अधिकतम दस फीसदी ही उपयोग करना संभव हो पाया है, इसलिए भविष्य में इंसानी क्षमता कौन कौन से मुकाम छूने वाली है, इसका आज अंतिम आंकलन करना कठिन है।

हम सभी जानते हैं कि इंसान में क्षमताएं अपार हैं, वह चाहे, तो दो-तीन क्षेत्रों में उत्कृष्टता पाने की क्षमता रखता है। उदाहरणार्थ, लियानार्डो द विंची विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी थे, और चित्रकार भी थे। ऐसे उदाहरण और भी दिए जा सकते हैं। लेकिन इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि आज ऐसे लोग अपवाद स्वरूप हैं। जबकि यहां उल्लेख साधारण व आम लोगों के बारे में है।

सक्षमता का भाव व्यक्ति के मन में आत्मविश्वास बनकर प्रवाहित होता है। जहां आत्मविश्वास नहीं है, वहां संदेह और अविश्वास होता है जो इंसान में कार्य विशेष के प्रति अरुचि या उदासीनता का संचार करता है। और अगर किसी काम में व्यक्ति की रुचि न हो, या वह उसके प्रति उदासीन हो, तो उस काम में सफलता पाना तो दूर की कौड़ी होता है।

सफलता के संदर्भ में, व्यक्ति के पास आत्मविश्वास हासिल करने के लिए अपनी दृष्टि होना अत्यंत जरूरी है। यही दृष्टि या नजर उसे अपने व्यक्तित्व के अनुकूल जीवन राह चुनने में मार्गदर्शन करती है। यह दृष्टि व्यक्ति की रुचियों-अरुचियों को निर्धारित करती है और फिर उन्हीं के जरिए उसका व्यक्तित्व निर्मित होता है। उसे मालूम होता है कि वह किस काम को करके या किस लक्ष्य को चुनकर अपने जीवन को प्रसन्न व संतुष्ट बना सकता है।



मेरी फिल्मों ने हमेशा लोगों को हंसाया और रुलाया है, लेकिन अब समय आ गया था कि लोगों को डराया जाए और साथ ही उन्हें एक रोमांचक अनुभव दिया जाए।
- भूमि पेडेनेकर

# 'तीन शब्दों में इस सीरीज़ का वर्णन होगा-इसे अवश्य देखिए'

**अभिनेत्री नताशा लिटिल सीरीज़ 'एबसेंशिया' का हिस्सा बनकर स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हैं। उनका कहना है कि किसी अच्छी परियोजना से निरंतर जुड़े रहना किसी भी कलाकार के लिए बहुत बड़ी बात होती है। टीम पायनियर की रिपोर्ट...**

द एबसेंशिया, एफबीआई के विशेष एजेंट एमिली बर्न की कहानी प्रस्तुत करती है जो बॉस्टन के कुख्यात सीरियल किलर्स का पीछा करते हुए अचानक से विलुप्त हो जाती है और उसे न मिलने के कारण मृत घोषित कर दिया जाता है। छः साल बात वो जंगलों के बीच एक केबिन में पाई जाती है और तब तक उनकी स्मरणशक्ति का लोप हो चुका होता है। उन्हें अपने गायब होने से लेकर तब तक का कुछ भी स्मरण नहीं होता। वो तब घर लौटती है लेकिन उसे पता चलता है कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है और उसके बेटे को उसकी दूसरी पत्नी द्वारा पाला-पोसा जा रहा होता है। इसके बाद उसे हत्याओं की एक श्रंखला का आरोप भी झेलना पड़ता है। प्रस्तुत है नताशा लिटिल से बातचीत के मुख्य अंश-

**जूलियन के रूप में वापसी करना कैसा लगता है?**

एबसेंशिया के तीसरे सीज़न में वापसी करना अच्छा लग रहा है क्योंकि इससे आपको कहानी और चरित्र के और भीतर जाने का अवसर मिलता है जो पहले से ही अर्थात दूसरे सीज़न में स्थापित हो चुका होता है। इस सीज़न में जूलियन अपने बॉस्टन कार्यालय में नई थी लेकिन अब वो स्थापित है। वो वापस आकर बॉस्टन के कार्यालय की प्रमुख बन जाती है। यहां उसका कुछ रहस्यमयी परिस्थितियों से सामना होता है। वो कार्यालय की प्रमुख तो है लेकिन उसे कुछ संबंधों को तो निभाना ही पड़ता है। पिछले सीज़न के अंत में वो एलिस की हत्या की जिम्मेदार होती है। लेकिन अब उस प्रकरण का समाधान निकाल लिया जाता है लेकिन फिर भी कार्यालय की परिस्थितियां आसान नहीं होतीं। एक अस्थिर सी शांति थी जिसे तोड़ा जाना आवश्यक हो जाता है।

**क्या हम जूलियन पर विश्वास कर सकते हैं?**

क्या जूलियन विश्वासयोग्य है? मैं इतना बता सकती हूं कि वो अपने काम की विशेषज्ञ है वो एफबीआई के मानकों के अनुसार एक कुशल कर्मी होती है। मैं उसी का चरित्र कर रही हूं अत: हां, मुझे उसपर विश्वास है।

**क्या आप जूलियन के रहस्य के बारे में कुछ बता सकती हैं?**

मैं जूलियन के बारे में कुछ ऐसा ही बता सकती हूं जो मुझे पता हो, लेकिन इसके लिए मुझे आपकी हत्या करनी होगी।

**क्या जूलियन एमिली से ईर्ष्या करती है?**

मुझे लगता है कि वो एमिली की बड़ी प्रशंसक है। जूलियन सुयोग्य है और उसे लोगों की समझ है। अत: मेरा मानना है कि वो एमिली में कई ऐसे गुण भी देखती होगी जो उसे प्रिय हों लेकिन हो सकता है कि उसे कुछ सीमा तक ईर्ष्या भी हो। जूलियन हर बात नियमों के अनुरूप ही करती है। वो किसी प्रकार का जोखिम मोल नहीं लेती। एमिली की अंतप्रेरणा अद्भुत है और वो परिणामों की परवाह किये बिना उनका अनुसरण करती है। जूलियन हालांकि स्मार्ट और हर बात का उचित विश्लेषण करने वाली महिला है। ऐसे में उसके अंतप्रेरणा पर चलने की बात समझ से परे लगती है। लेकिन एमिली में वो ये सब देखती है और वो उसकी प्रशंसा करती है और वो भी बिना किसी ईर्ष्या के।



**आप निक डूरंड के बारे में केवल एक शब्द का प्रयोग करके वर्णन कीजिये...**

यदि मुझे उसके बारे में बताने के लिए एक शब्द का प्रयोग करना पड़े तो वो शब्द होगा 'विश्वासयोग्य'।

**इस सीज़न का वर्णन तीन शब्दों यदि करना हो तो आप क्या कहेंगी?**

ये तीन शब्द होंगे-इसे अवश्य देखिये, ही मेरे तीन शब्द होंगे जिनसे मैं इसके तीसरे सीज़न का वर्णन करना चाहूंगी। मेरे अनुसार इसका दूसरा सीज़न तो अच्छा था ही लेकिन तीसरा सीज़न तो उससे भी अच्छा होगा।

**एमिली की अंतप्रेरणा अद्भुत है और वो परिणामों की परवाह किये बिना उनका अनुसरण करती है। जूलियन हालांकि स्मार्ट और हर बात का उचित विश्लेषण करने वाली महिला है। ऐसे में उसके अंतप्रेरणा पर चलने की बात समझ से परे लगती है। लेकिन एमिली में वो ये सब देखती है और वो उसकी प्रशंसा करती है और वो भी बिना किसी ईर्ष्या के।**

**इस शो पर दूसरी बार वापसी करना कैसा प्रतीत होता है?**

मेरे अनुसार इस शो पर वापस आकर निरंतर इसके तीसरे सीज़न में काम करना अद्भुत अनुभव है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि आपको पता होना चाहिये कि लोग आपको पसंद कर रहे हैं और आगे भी आपको देखने को तत्पर भी हैं। इसके तीसरे सीज़न में काम करने से मुझे अपने चरित्र में



और गहरे उतरने का अवसर होगा जो नई परिस्थितियों में काम करने से ही संभव है। अत: किसी अच्छी कहानी से निरंतर जुड़े रहना अच्छा अनुभव तो होता ही है।

**इस सीरीज़ के दूसरे कलाकारों के साथ आपका तालमेल कैसा रहा?**

मैं इसके तीसरे सीज़न में इससे जुड़ी थी तो मेरे से पहले के सीजन में सभी कलाकार एक दूसरे से परिचित थे। इससे जुड़ने से पूर्व मैं थोड़ा घबराती थी लेकिन जब पहले दिन सभी ने मेरा स्वागत किया तो मुझे लगा ही नहीं कि मैं इसमें नई हूं। मेरे साथ ही इसमें मैट भी दूसरे ही सीज़न में आया था। तीसरे सीज़न में अब सबकुछ मेरे नियंत्रण में होगा। ऐसा नहीं होगा कि मुझे किसी अपरिचित के साथ तालमेल बैठाना हो जो अक्सर कठिन और असहज होता है। जब आप पहले से ही किसी परियोजना में काम करते हैं तो आपको कुछ पता ही होता है कि कैसे क्या होगा। वैसे तो हम सभी इसे सर्वश्रेष्ठ बनाना ही चाहते हैं और हम सभी के लिए शूटिंग प्रारंभ करना आनंददायक होने वाला है।

**आपके लिए शूटिंग का सबसे कठिन दृश्य कौन सा था?**

मैं आपको अधिक नहीं बता सकती। इसमें वैसे एक दृश्य है जिसमें जूलिया एक दूसरे चरित्र से मुंह पर घूंसा खाती है। इसकी शूटिंग करना मजेदार था क्योंकि ये थोड़ा तकनीकी प्रकरण बन गया था।

**जूलियन के चरित्र को क्या आप एक शब्द में वर्णन कर सकती हैं?**

यदि एक ही शब्द में वर्णन करना हो तो मैं कहूंगी कि वो 'महत्वाकांक्षी' थी।

**क्या आप इस सीरीज़ में अपने किसी प्रिय कलाकार को जोड़ना चाहती हैं यदि हां तो वो कौन होगा?**

यदि इसके अगले सीज़न में मैं किसी अभिनेता को जोड़ सकती तो मैं अपने पति बो पोराज को इसमें जोड़ती। लेकिन ये तो धोखा करने जैसा होता क्योंकि तब हम अवकाश में सोफिया को मस्ती करा सकते थे।

**क्या आप एबसेंशिया की फिल्म में काम करने को तत्पर हैं?**

मेरे विचार से ये अद्भुत विचार है।

**इस सीरीज़ में जूलियन के लिए सीरीज़ का सबसे अच्छा अंत किस प्रकार हो सकता है?**

इसका अच्छा अंत उसके आगे के लिए प्रमोशन से ही हो सकेगा। उसे बॉस्टन ऑफिस ही नहीं बल्कि उसे तो एफबीआई के कार्यालय में और आगे जाना चाहिये। आगे चलकर हो सकता है कि वो राष्ट्रपति की भी उम्मीदवार बने। मेरा आशय है कि उसके आगे जाने की कोई सीमा नहीं निर्धारित की जा सकती।

(एबसेंशिया सीज़न 3 को आप सोम से शुक्र कलर्स इनफिनिटी पर रात 10 बचे देख सकते हैं)

## रणदीप हुड्डा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बनेंगे पुलिस अधिकारी



**बॉलिवुड** अभिनेता रणदीप हुड्डा अब एक सीरीज़ 'इंस्पेक्टर अविनाश' के रूप में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पदार्पण करने की तैयारी कर रहे हैं। ये सीरीज़ एक थ्रिलर सीरीज़ है जो पुलिस अधिकारी अविनाश मिश्रा के वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित होगी।

नीरज पाठक निर्देशित तथा पाठक एवं कृष्ण चौधरी निर्मित ये शो उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

रणदीप बताते हैं, 'मैं अपने निभाए हर चरित्र के माध्यम से और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभाने की आशा करता हूं और इंस्पेक्टर अविनाश मुझे ऐसा एक असाधारण अवसर उपलब्ध कराता है। ये बहुत ही रोचक और प्रेरक भूमिका है जो वास्तविक घटनाओं पर आधारित है।'

उन्होंने आगे बताया कि उन्हें शो की परिकल्पना पर पूरा विश्वास है और इस थ्रिलर शो की शूटिंग का अब मुझे और प्रतीक्षा करते नहीं बनता।

उत्तर प्रदेश राज्य में इंस्पेक्टर अविनाश द्वारा किये गए साहसिक कार्यों को परदे पर प्रस्तुत करने का अवसर रणदीप को मिलने वाला है। इस सीरीज़ के शूंटिंग चरण तक आने में दिसंबर तक का समय लग सकता है। इसे जो स्टूडियोज़ तथा गोल्डमाउंटेन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है।

सीरीज़ के निर्देशक पाठक का कहना है कि रणदीप इस सुपरकॉप के लिए आदर्श है जिसके कारण ये चरित्र और भी उभर कर सामने आएगा, 'हम उनके द्वारा इस चरित्र को निभाए जाते देखने के लिए व्यग्र हैं। हमारी शूटिंग दिसंबर में प्रारंभ हो जाएगी।'

## प्रियांशु पेनयुली और अभिनेत्री वंदना जोशी ने रचाई शादी



**मुंबई।** मिर्जापुर 2 अभिनेता प्रियांशु पेनयुली और अभिनेत्री वंदना जोशी परिवार के करीबी सदस्यों और दोस्तों की मौजूदगी में देहरादून में शादी के पवित्र बंधन में बंध गए। पेनयुली ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी ने दुनियाभर में शादी समारोहों को रोकने का काम किया लेकिन उन्होंने और जोशी ने करीबी लोगों की मौजदूगी में बृहस्पतिवार को शादी करने का निर्णय लिया था। अभिनेता विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्म भावेश जोशी सुपरहीरो और मिर्जापुर 2 में अपनी भूमिका को चर्चा में आए थे। वह रश्मि रॉकेट में तापसी पन्नू के साथ नजर आएंगे। वहीं जोशी टीवी शो दिल से दिया वचन में नजर आई थीं।



## अक्षय कुमार के साथ बच्चन पांडेय में नजर आएंगे अरशद वारसी

**मुंबई।** अभिनेता अरशद वारसी अक्षय कुमार के साथ फिल्म बच्चन पांडेय में नजर आएंगे। फिल्म के निर्माताओं ने शनिवार को यह घोषणा की। एक्शन कॉमेडी इस फिल्म में अक्षय कुमार एक गैंगस्टर की भूमिका में हैं जो अभिनेता बनना चाहता है। फिल्म में कृति सैनन एक पत्रकार की भूमिका में हैं और वह निर्देशक बनना चाहती हैं। फिल्म निर्माताओं ने बयान जारी कर कहा, निर्माता किसी ऐसे को ढूंढ रहे थे जो अक्षय की कॉमिक टाइमिंग को मैच कर सके और हमारी खोज अरशद पर जाकर खत्म हुई। उन्होंने इतने सालों में कॉमेडी में अपनी अलग पहचान बनाई है। निर्माताओं के मुताबिक अक्षय और अरशद पहली बार एक साथ आ रहे हैं। फरहाद सामजी इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं।

## सौमित्र चटर्जी को श्रद्धांजलि के तौर पर अपुर संसार पार्क बनाएगी बंगाल सरकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने दिवंगत अभिनेता सौमित्र चटर्जी की पहली फिल्म अपुर संसार के नाम पर कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में पार्क बनाने का निर्णय किया है। यह जानकारी शनिवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। पश्चिम बंगाल आवास आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (एचआईडीसीओ) ने बोली लगाने वालों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की है ताकि निर्णय किया जा सके कि फिल्म पर आधारित थीम को कैसे क्रियान्वित किया जाए। यह जानकारी इसके अध्यक्ष देबाशीष सेन ने दी।



चटर्जी ने 1959 में आई फिल्म में अपु का किरदार निभाया था, जो फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की अपु ट्रायोलॉजी का हिस्सा है। सेन ने पीटीआई-भाषा से कहा, बोली लगाने वालों से कहा गया है कि थीम को प्रोजेक्ट करने के तरीकों पर निर्णय करें -- कि क्या थ्री डी लगाए जाएंगे या अन्य चीजें। जब वे विस्तार से विचार सौंपेंगे तब हमारा पैनल निर्णय करेगा कि किस अवधारणा को लिया जाए और फिर परियोजना पर काम शुरू होगा। प्रस्तावित पार्क न्यू टाउन में स्नेहोदिया हाउसिंग के पास बनाया जाएगा।